पुस्तकालय

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग संख्या.........   आगत संख्या 120250

पुस्तक-विवरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित ३०वें दिन तक यह पुस्तक पुस्तकालय में वापिस आ जानी चाहिए अन्यथा ५० पैसे प्रति दिन के हिसाब से विलम्ब दण्ड लगेगा।

वैदिक चिन्तन

राष्ट्रियता एवं अस्त्र-शस्त्र विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में

सम्पादक :
स्वामी विवेकानन्द

स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान
मेरठ

प्रकाशक :
स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान
गुरुकुल प्रभात आश्रम (टीकरी)
भोला (जानी)
मेरठ–२५०५०१

प्रथम आवृत्ति–१९९५

मुख्य वितरक
ज्ञान भारती पब्लिकेशन्स
२९/५ शक्ति नगर
दिल्ली–११०००७

मूल्य : १५०·००

आचार्य वाचस्पति द्वारा स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान,
मेरठ के लिए प्रकाशित तथा सुधाकर मुद्रणालय,
३३९, स्वामी पाड़ा, मेरठ से मुद्रित।

प्रयोजन

ईसाइयत के ही चतुर्दिक् संसार-चक्र को चलाने का स्वप्न देखने वाले श्वेताङ्ग महाप्रभुओं की कुचाल एवं कुटिल वृत्ति को नष्ट कर भारत ही नहीं अपितु विश्व के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक वृत्त को अवदात (विशुद्ध) रूप में प्रस्तुत करने का ही सङ्कल्प है, जिस **समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान** का, वह अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये वर्ष में दो बार **प्रभात आश्रम** एवं **वर्णाश्रम संघ** के संस्थापक **पूज्य स्वामी समर्पणानन्द जी** के आविर्भाव एवं तिरोभाव दिवस पर शोध गोष्ठियों का आयोजन करता आ रहा है। जिसमें विभिन्न विषयों पर देश के जाने-माने तत्तत् विषयों के विशेषज्ञ विद्वान् सम्मिलित होकर अपने पाण्डित्यपूर्ण लेखबद्ध विचार प्रस्तुत करते हैं। उन लेखों को शोध संस्थान की ही पत्रिका **पावमानी में** यथासमय प्रकाशित किया जाता रहा है। यह अमूल्य सामग्री चिरस्थायी हो सके इसलिये स्वामी समर्पणानन्द जन्मशती समारोह के उपलक्ष्य में उसे पृथक् प्रकाशित कर पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हुये संस्थान एवं जन्मशती के आयोजकों को अपार हर्ष हो रहा है।

आशा है जिज्ञासुजन अपनी ज्ञान पिपासा को तृप्त कर अन्यों को भी इस ज्ञान गंगा से तृप्त करायेंगे।

—**प्रकाशक**

टिप्पणी—व्याकरण शास्त्र के अनुसार 'राष्ट्रियता' शब्द ही शुद्ध है। पुनरपि लोक प्रचलित शब्द—'राष्ट्रीयता' का अनेकशः प्रयोग हो गया है। वैयाकरण-विद्वानों से एतदर्थ क्षमाप्रार्थी है।

स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान

द्वारा प्रकाशित वैदिक शोध साहित्य

श्रद्धेय स्वामी समर्पणानन्द सरस्वती द्वारा प्रणीत

	पृष्ठ संख्या	मूल्य
वैदिक आलोक (सामर्पण समुच्चय—भाग १)	(३१३)	२५०.००
प्रथम रश्मि : पञ्चयज्ञ प्रकाश		
द्वितीय रश्मि : दाम्पत्य सूक्त		
तृतीय रश्मि : शतपथ में एक पथ		
चतुर्थ रश्मि : कायाकल्प		
वैदिक आलोक (भाग दो)	(२४५)	१८०.००
प्रथम रश्मि : वेदों के सम्बन्ध में क्या जानों क्या भूलों		
द्वितीय रश्मि : स्वर्ग		
तृतीय रश्मि : मरुत् सूक्त		
चतुर्थ रश्मि : सप्त सिन्धु		
पञ्चम रश्मि : दर्श और पौर्णमास		
षष्ठ रश्मि : सोम		

श्रद्धेय स्वामी विवेकानन्द सरस्वती जी द्वारा सम्पादित

आधुनिक पर्यावरण समस्या वैदिक समाधान	(१५२)	१२५.००
वैदिक शासन व्यवस्था	(१६२)	१२५.००
परिशिष्ट : प्राचीन भारतीय राजनीति		
वैदिक शोध रत्नावली	(२३२)	२००.००
प्रथम रत्न : वैदिक संहिताओं में गौ		
द्वितीय रत्न : वैदिक कृषि		
तृतीय रत्न : वैदिक अर्थव्यवस्था		
वैदिक चिन्तन	(१६८)	१५०.००
राष्ट्रियता एवं अस्त्र-शस्त्र विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में		

आकार : सभी पुस्तकें डिमाई सजिल्द ८½ × ४½

प्राप्ति स्थान :

गुरुकुल प्रभात आश्रम

पत्रालय-भोला (जानी), मेरठ-२५०५०१ (उ० प्र०)

विषय-क्रम

प्रथम स्तबक

द्वितीय स्तबक

वैदिक संहिताओं में अस्त्र-शस्त्र विज्ञान

द्वितीय स्तबक

वैदिक संहिताओं में अस्त्र-शस्त्र विज्ञान

सामसु राष्ट्रियता

त्रिपाठी डॉ० सुधाकराचार्यः

उपाचार्यः संस्कृतस्य, मेरठविश्वविद्यालये, मेरठनगरे (उ० प्र०)

साभापत्यविराजमान चरणाञ्छोधोत्सव प्रेक्षणान्,
प्राभातीं च सभां प्रभात विभवामाभाव्य सम्बोधये।
राष्ट्रं राज्यमितीव राजृ[1]कलितं दीप्तिप्रथाराजितं,
साम्नो[2] राष्ट्रियता च सैन्यवि[3]पुला प्रातिस्विकी राजते ॥ १ ॥

केयं राष्ट्रियता स्वराष्ट्रविटपा[4] पक्षिक्षपाक्षेपणी,
सङ्ग्रामे[5]ष्वथ वा विशालजनताभक्ति प्रथोद्दीपनी।
अस्माकं[6] नु जिजीविषाविदलिता सर्वस्वसामूहिकी,
साम्नो वा स्वरसा स्वराज्यविभवा प्रातिस्विकी शान्तिदा ॥ २ ॥
देवस्तोत्रमिषेण राष्ट्रपतिषु प्रार्थ्यान् गुणान् बोधते,
संसत्[7]स्वामिवरो बली[8] हितकरो[9] राजा जनानां[10] प्रियः[11]।
कश्चिद्यं ह्यतिरिच्यते[12] न मनसा वाचाऽथवा कर्मणा,
तस्येन्द्रस्य विशांपतेः[13] समरणे[14] राजन्वतां[15] पक्षता ॥ ३ ॥

---

1. राजृ दीप्तौ (1.553) + ष्ट्रन्
2. षो अन्तकर्मणि (6.40) + मनिन्
3. सामवेदे 2.9.3.4.2.
4. A nation is a community which considers itself one in territory, Language, culture etc. (western concept). Dr. Sudipto Kaviraj.
5. Ibid.
6. सामवेदे 2.9.1.14.1.
7. सामवेदे 2.1.4.1.2.
8. ,, 1.3.2.5.1.
9. ,, 1.1.1 1.2.
10. ,, 2.6.1.3.3.
11. ,, 1.4.1.2.8.
12. ,, 1.3.1.1.4.
13. ,, 2.8.1.13.1.
14. ,, 1.5.15.6.
15. राजन्वान् सौराज्ये। माधवीया धातुवृत्तिः (1.553)

वैप्रं[16] वार्यधृतं[17] स्वराज्यमथवा[18] त्रैविध्यमाविष्कृतं,
राष्ट्रे यद्विपुलं प्रजाचरितजं तेनैव नाम्ना कृतम् ।
वैप्रे व्यापनशीलकर्मरुचिरा[19] सिद्धान्तवाचंयमा,
कौलीन्येन[20] समर्यराज्यजनता[21] नृम्णा[52] स्वराज्याश्रिता[23] ॥ ४ ॥

राजाऽसौ वृजिनस्य[24] चर्षणिचरः[25] सम्राड् विशां[26] वापति[27] ।
वैंचक्षण्ययुतः[28] स्वराट्[29] प्रतिनिधिः संसत्पती[30] राष्ट्रियः ।
मध्येलोकमथापि[31] राष्ट्रिकवरो[32] विश्वात्मकश्चर्षणि[33] ।
श्चैते वै दश भूभृतो निगदिताः स्तोत्री[34] प्रजा सर्वथा[35] ॥ ५ ॥

इत्थं स्तोत्रवती[36] सदासमरणा[37] दूरे च दासप्रथां[38],
वीरव्रातचरी[39] सुशान्तपथगा[40] शत्रुञ्जया[41] योधिनी[42] ।
ख्याता राष्ट्रियता समूहसरणी[43] प्रातिस्विकीविग्रहा[44],
नीता नेतृभिरार्यभावभरितैः[45] रक्षाप्रियैः[46] शाश्वती ॥ ६ ॥

॥ इतिशम् ॥

16. सामवेदे 2.7.3.18.2.
17. ,, 1.5.1.5.6.
18. ,, 1,5 1.3.1.
19. निरुक्ते 14.13
20. ,, 13.5
21. ,, 13.5
22. ,, 11.6
23. ,, 14.11
24. ,, 10.26, सामवेदे 1.6.1.5.8
25. सामवेदे 1.6.3.1.2
26. ,, 1.1 2.3.6.
27. ,, 1.1.1.3.6
28. ,, 2.2.2.9.3.
29. ,, 2.5.1.14.2.
30. ,, 2 1.2,4.2
31. ,, 1.6.3.1.2.
32. सामवेदे 2,6.1.3.3.
33. ,, 2.2 1.1.2.
34. ,, 1.5.1.3.10
35. ,, 1.4.2.1.8. (गावो वत्सं न धेनवः)
36. ,, 1.5.1 3.10.
37. ,, 1.5.1.5.6.
38. ,, 2.9.3.7.2.
39. ,, 2.9.3.4.2.
40. ,, 2.9.3.9.3.
41. ,, 2.9.3 7.1.
42. ,, 2.9.3.1.2.
43. ,, 2.9.3.2.1.
44 ,, 2.9.3.9.2.
45. ,, 1.5.1.3.1.
46. ,, 2.9.3.2.1.

२

अथर्ववेदे राष्ट्रियता

डॉ० अवनीन्द्रः कुमारः

राष्ट्रसम्बन्धिनो भावा विचारा वा प्रायेण सर्वेष्वेव वेदेषु प्राप्यन्ते। लेखेस्मिन्नथर्ववेदमधिकृत्य राष्ट्रियविचाराः प्रस्तूयन्ते । अथर्ववेदे राष्ट्रस्योत्पत्तिविषये कथितमस्ति यद्राष्ट्रस्योत्पत्ती रोहितात् परमात्मनो वा जाता। स एव सर्वतऽप्रथमं राष्ट्रियभावनां ददौ। आगतायामेव राष्ट्रियभावनायां शत्रूणान्नाशो विहितः राष्ट्रे च निर्भयताया भाव उदभूत्। द्युलोकं पृथिवीं च स्वशक्त्योपयोगिनौ विधाय धनधान्यस्य समृद्धेऽप्रयत्नो विहितः।

आ ते राष्ट्रमिह रोहितोऽहार्षीद् व्याऽस्थन्मृधो अभयं ते अभूत्।
तस्मै ते द्यावापृथिवी रेवतीभिः कामं दुहातामिह शक्वरीभिः॥

अथर्व. १३.१.५

राष्ट्रस्य स्थितिः कथं दृढीक्रियेतेत्यपि विचारोऽथर्ववेदे प्राप्यते। एतदर्थं केचन नियमाः व्यवस्थिताः। एषां पालनेन कोऽपि देशः उन्नतो भवितुं शक्नोति। ते च नियमाः १–**सत्यं बृहत्** अर्थात् महतः सत्यस्य पालनम् । सत्यभाषणं, सत्यव्यवहार आचारविचारयोश्च सत्यस्यैव प्रामुख्यम्। २-**ऋतमुग्रम्** अर्थात् पदार्थानां यथार्थं ज्ञानम्प्राकृतिकनियमानाञ्च समुचितपालनम्। ३–**दीक्षा** अर्थात् कर्मठता निर्धारितकार्यक्रमस्य पूर्त्यै च बद्धकटिना भाव्यम्। ४–**तपः** अर्थात् जीवनेन तपोमयेन भाव्यम् ' ५–**ब्रह्म** जीवन आस्तिकताभावो ब्रह्मणश्च सत्तायां विश्वासभावना । ६–**यज्ञः** अर्थात् विश्वव्यापिनं यज्ञं पश्यन् स्वजीवनमपि यज्ञियं विधेयम्; जीवनञ्च राष्ट्रस्य सम्पन्नमन्यमानः कार्यं कुर्यात्।

स्वराष्ट्रेण सर्वोत्तमेन भाव्यम्। एतत्कृते चावश्यकसाधनमस्तिराष्ट्रे तेजसो बलस्य च सत्ता। राष्ट्रं सर्वोत्तमं तदैव भविता, यदा तत्र जनता तेजस्विनी बलवती च स्यात्—

यार्णवेधि सलिलमग्र आसीत् यां मायाभिरन्वचरन् मनीषिणः।
यस्या हृदयं परमे व्योमन्त्सत्येनावृतममृतं पृथिव्याः।
सा नो भूमिस्त्विर्षि बलं राष्ट्रे दधातूत्तमे ॥ अथर्व० १२.१.८

राष्ट्रे सुखस्य समृद्धेश्चाधिपक्यं समुन्नतराष्ट्रस्यावश्यकता

परि त्वा धात् सविता देवो अग्निर्वर्चसा मित्रावरुणावभि त्वा।
सर्वा अरातीरवक्रामन्नेदीदं राष्ट्रमकरः सूनृतावत् ॥
अथर्व० १३.१.२०

राष्ट्रे घृतपयसादीनां समृद्धिः स्यात्—

वि रोहितो अमृशद् विश्वरूपं समाकुर्वाणः प्ररुहो रुहश्च।
दिवं रूढ्वा महता महिम्ना सं ते राष्ट्रमनक्तु पयसा घृतेन ॥

तत्कालीने राष्ट्रे पञ्चविधप्रजा आसन्—ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यशूद्र-निषादाः। निषादा अतिशूद्रा अपि उच्यन्ते स्म। एते सर्वेऽपि भूमिपुत्राः, सर्वेऽपि समानाधिकारभाजो भवेयुरिति वैदिकी प्ररोचना। राष्ट्रे उच्चकोटि-निम्नकोटि उभयविधा अपि जना भवन्ति, तयोर्न केनापि भेदेन भाव्यम् मित्रताया एकतायाश्च भावो भवेत्। सर्वेऽपि समानाधिकारभाजो भवेयुः सर्वे च देशरक्षायामभिरताः स्युः —

नि वद् दधिषो वरे परे च यस्मिन्नाविथावसा दुरोणे।
आ स्थापयत मातरं जिगत्नुमत इन्वत कर्वराणि भूरि ॥ अथर्व. ५.२.६

प्रत्येकस्मिन् राष्ट्रे सर्वविधा जना भवन्ति। पृथिवी तान् सर्वानपि धारयति। एवमेव राष्ट्रेऽपि समेषामेव साध्वसाधुजनानां रक्षा कार्या[1]।
१२.१.१५

राष्ट्रस्य निवासिभिः तेजोयुक्तैः सत्यव्यवहारशीलैश्च भाव्यम्। मनुष्याणां जीवनं स्वधयाऽर्थात्स्वावलम्बनेन युक्तं स्यात्। तेऽन्नम्प्राप्य स्वजीवनयापनं कुर्युः।[2] राष्ट्रे प्रजाजना वीराः स्युः। तेषां शस्त्रास्त्राणि उत्तमानि स्युः। तेष्वक्षयं क्षात्रबलं स्यात्ते च सात्त्विकभावैर्युक्ता भवेयुः।[3]

---

१. अथर्व० १२।१।१५
२. अथर्व० १२।१।२२
३. अथर्व० ३।१६।५

अथर्ववेदे संवेश्यराष्ट्रस्यापि स्वरूपं दर्शितम् । संवेश्यराष्ट्रन्तदस्ति यत्र सज्जनाः सच्चरित्राः धर्मात्मान आदर्शाश्च जना वसन्ति । तेषान्निवासेन तद्राष्ट्रं प्रवेशयोग्यनिवासयोग्यञ्च भवति । अन्येऽपि जनास्तत्रागत्य वसितुमुचितम्मन्यन्ते । एतादृशैर्जनैस्तद्राष्ट्रं विशालं विपुलकीर्त्तिमच्च भवति—

आ यातु मित्र ऋतुभिः कल्पमानः संवेशयन्पृथिवीमुस्रियाभिः ।
अथास्मभ्यं वरुणो वायुरग्निर्बृहद्राष्ट्रं संवेश्यं दधातु ॥ अथर्व. ३.८.१

यत्र राष्ट्रे प्रजाया उन्नतिर्भवति, तद्राष्ट्रम्प्रतिदिनमुन्नतिपथं याति, अत एव राष्ट्रियोन्नत्यै प्रजाया उन्नतिरावश्यकी--

उत्तरं राष्ट्रं प्रजयोत्तरावद् दशामुदीचौ कृणवन्तो अग्रम् ।
पाङ्क्तं छन्दः पुरुषो बभूव विश्वैर्विश्वाङ्गैः सह सं भवेम ॥

अथर्व० १२.३.१०

जनेषु परस्परं वैरन्न भवेत् ।[1] इमं विषयमधिकृत्याथर्ववेदे संगठनस्य सामञ्जस्य च विस्तरेण व्याख्या कृताऽस्ति । सर्वे मिलित्वा विचारविमर्शं कुर्युः, परस्परं सम्मिलनं कुर्युस्सर्वेषाञ्च मनांसि समानानि भवेयः —

सं जानीध्वं सं पृच्यध्वं सं वो मनांसि जानताम् । अथर्व० ६.६४.१

मन्त्रणाः, सभाः, कर्माणि, चेतांसि च सर्वेषां समानानि स्युः, सर्वे समानविचाराः सन्तः कार्याणि कुर्युः । सर्वेषां संकल्पाः विचारा हृदयानि मनांसि च समानानि स्युः । यथादेवा अतिसावधान तयाऽस्याः पृथिव्या रक्षां कुर्वन्ति । तथैव जनताया अपि कर्त्तव्योऽस्ति यत्सा स्वराष्ट्रस्यातीवसावधानतया रक्षां कुर्यात् ।[2]

राष्ट्रिया एकताऽग्निवदस्ति; सदैवैषा प्रज्वलिता स्यात् । राष्ट्रियाय ऐक्याय आवश्यकमिदं यत्परस्परं विरोधजनकाः वार्त्ताः न कथयेयुर्जनाः । इममग्निं सद्भावैः प्रज्वलितं कुर्युः —

हुवे सोमं सवितारं नमोभिर्विश्वानादित्याँ अहमुत्तरत्वे ।
अयमग्निर्दीदायद्दीर्घमेव सजातैरिद्धोऽप्रतिब्रुवद्भिः ॥

---

१. अथर्व० १।२०।१
२. अथर्व० १२।१।७

सर्वेषां मनांसि, कर्माणि विचाराश्च समाना भवेयुः । ये चासन्तुष्टा विरोधिनो वा, ते प्रेम्णा सन्मार्गमानेयाः । परस्परं प्रेम्णा वसेयुः विवाहादिना परस्परं सम्बद्धा भवेयुः —

इहेदसाथ न परो गमाथर्यो गोपाः पुष्यपतिर्व आजत् ।

अस्मै कामायोप कामिनीर्विश्वे वो देवा उपसंयन्तु ॥ अथर्व० ३.८.३

अन्नोत्पादकाः कृषका गवादिपशुनाम्पालकाश्च राष्ट्रपोषकाः सर्वेऽपि ते माननीयाः सुरक्षणीयाः ।[2]

राष्ट्रियोन्नत्यै अत्यावश्यकमिदं यच्छत्रवः स्वे परे वा, देशिनो विदेशिनो वा, सर्वेऽपि नाशयितव्याः —

सबन्धुश्चासबन्धुश्च यो अस्माँ अभिदासति ।
सर्वं तं रन्धयासि मे यजमानाय सुन्वते ॥

एवं समासतोऽत्राथर्ववेदे उपलभ्यमाना विचारा उपस्थापिताः सुधियां समक्षे ।

आचार्य
संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

---

१. अथर्व० ३।८।५
२. अथर्व० ३।८।४

३

वेदेषु राष्ट्रियता

डा० सोमदेव शतांशु

दीप्त्यर्थकाद् 'राजृ' धातोष्ट्रन् प्रत्यययोगेन निष्पन्नः राष्ट्रशब्दः जनपद[1] विषयजातिलोकप्रजावर्णजनतादेश[2] राष्ट्रवासिनश्चार्थापयतीति कोशकृतां मतम्। ब्राह्मणेषु राष्ट्रशब्दस्य आदित्यो, वैश्वानरः विशः, श्रीरित्यादयो अर्थाः विहिताः।[3]

वाचस्पत्यम् शब्दकल्पद्रुमानुमन्तु राष्ट्रशब्दो विशिष्टं भूभागं बोधयति यद्देशीयाः प्रजाः कयाचित् विशिष्टशासनसरण्याशास्यन्ते।

राजनीतिविद्याविशारदैस्तु राष्ट्रशब्दो बहुधा परिभाषितः। तद्यथा—

A Nation is a partion of mancind united by—common sympatihes with each other rather than other people with a desire to be under the same Government.[4]

अस्यायमाशयः –समानशासनानुशिष्टैः मिथः सहानुभूतिसंजुष्टैर्नरैरध्युषितभूभागो राष्ट्रपदभाग इति।

अस्यैव राष्ट्रशब्दस्य भाववाचको राष्ट्रियता शब्दः स्वलोकाभिमानं

१–(क) वाचस्पत्यम् भा० ६ पृ० ४८०७
(ख) शब्दकल्पद्रुम भा० ३ पृ० १५८
२– इंगिलश संस्कृत डिक्शनरी पृ० ५२६
३–(क) असौ वा आदित्यो राष्ट्रम् काठक ब्राह्मण ३७।११
(ख) राष्ट्रं वै वैश्वानरः तै० संहिता ५।४।७।७
(ग) राष्ट्राणि वै विशः ऐतरेय ब्राह्मण ८।२६
(घ) श्रीर्वै राष्ट्रम् राष्ट्रपतिः तैत्तिरीय ब्राह्मण २।५।७।४
4. J. S. Mill-Representative Government. Chap. 16.

स्वराष्ट्राभिमानं राष्ट्रप्रेमनागरिकतादेशभक्तिञ्च गमयति ।[1]

राजनीति निष्णातास्तु निबोधयन्ति--राष्ट्रियता जनसमुदाय की सामूहिक चेतना Group consciousness का वाचक है । इसमें अनेक तत्त्व सम्मिलित हैं एक जनसमूह का होना, भौगोलिक एकता, सामूहिक सुरक्षा की भावना तथा विचार साम्य होना ।[2]

श्री पुखरराज जैन महाभागो ब्रूते--राष्ट्र एक राजनीतिक विचार है किन्तु राष्ट्रियता अपने मूल में एक आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक विचार है ।[3]

संक्षेपतस्तु कस्यापि जनसमूहस्य स्वसांस्कृतिकचेतनासामाजिकी व्यवस्था भौगोलिकोपलब्धि ऐतिह्यघटनाचक्र धार्मिकास्था दार्शनिक सिद्धान्तेषु एकतायाः आत्मीयतायाश्च या संवेदनशीलता राष्ट्रस्य भूमिसीमा प्राकृतिकसंपत्ति-संस्कृति-सभ्यता-भाषासाहित्येषु श्रद्धा राष्ट्रकल्याण कामना राष्ट्रहिताय या आत्मसिसृक्षा सा राष्ट्रियतेति उच्यते ।

परमातम निःश्वसितभूतेषु वेदेषु उक्तस्वरूपा राष्ट्रियता राराज्यते प्रतिपदमिति विदितमेव वेदविदाम् । तत्र जन्मभूमौ तदीयवननद्यादिप्राकृतिक-सम्पत्तौ भाषा साहित्य-दर्शनधर्मेषु च अत्यादरो दर्शितः, निर्दिष्टाश्च तन्नागरिकाः तत्समुन्नति साधनाय कल्याण कल्पनाय च । वेदेषु राष्ट्रपरिकल्पना **राष्ट्ररक्षणं** ऐक्यसंस्थापनं संगठनं स्वराज्यस्थापनं विविधराष्ट्र समृद्धिसाधकाः योजनाश्च वर्णिताः । अत्र समासेन किञ्चित् विचार्यते विषयेषु एषु ।

जन्मभूमौ मातृत्वभावना--सर्वादौ भगवती श्रुतिरेव राष्ट्रं जन्मभुवं वा गरीयसामातृपदेन समलंकृतवती ।[4] महति मातृत्वभावना भूते हस्तिपदे-

१-(क) इंग्लिश संस्कृत डिक्शनरी पृ० ५२६
(ख) बृहत् हिन्दी कोश पृ० ११५२
२-डा० जी० डी० तिवारी : आधुनिक राजनीतिक विचारधारायें पृ० २४५
३-राजनीति विज्ञान के सिद्धान्त पृ० ३३
४-(क) तन्नो वातो मयोभुवातो भेषजं तन्माता पृथिवी तत्पिता द्यौः । ऋ० १।८९।४
(ख) बन्धुर्मे माता पृथिवी महीयम् । वही १।१६४।३३
(ग) मा नो माता पृथिवी दुर्मतौ धात् । वही. ५।४२।१६
(घ) उपहूता पृथिवी मातोप माँ पृथिवी माता हूयताम् । यजु० २।१०
(ङ) भूमे मातर्निधेहि मा भद्रया सुप्रतिष्ठितम् । अथर्व० १२।१।६३
(च) सा नो भूमिर्विसृजतां माता पुत्राय मे पयः । वही. १२।१।१०

ऽस्मिन्न नूनं निमग्ना: नि:शेषा राष्ट्रियता भावपदा इति राष्ट्रं विवेकीनाम् यदि नाम कश्चित् जन्मभुवं मातृत्वेन उररीकरोति तर्हि सकलान्यपि मातृ सेवाकर्त्तव्याणि कर्त्तव्याणि इत्यलम् राष्ट्ररक्षोपदेशाय। जन्मभुवि जननी भावापन्ना: भ्रातृस्नेह संवलिताश्च वयं विस्मृत समस्त प्रान्तीय क्षेत्रीय जातिवर्णगत (ब्राह्मण, जाट, वैश्य, यादव शूद्रत्व) ज्येष्ठकनिष्ठत्वोत्तमाधम-त्वादिभावा: राष्ट्र भूत्यर्थं भवेम तत्परा इति। तथा च आम्नातम् ऋग्वेदे--

ते अज्येष्ठासो अकनिष्ठासो एते सं भ्रातरो वावृधुः सौभगाय।
५।६०।५

यदि नाम अस्मद्राष्ट्रोन्नेतारो नेतारो निदध्यु: हृदि हृद्यम्भावमिमं तर्हि: नास्ति मनागपि आशंका राष्ट्रोत्थाने।

मातृभूमे: वैशिष्टयं वर्णयन्ती अथर्वणि प्राह श्रुति: --

शान्ति वा सुरभिः स्योना कीलालोध्नी पयस्वती।
भूमिरधि ब्रवीतु मे पृथिवी पयसा सह ॥[1]

एतद्देशीय सर:सागर पयांसि वनानि अन्नानि लोहहेमादिकानि च अयस्कानि बहुधा संशितानि[2] श्रुतिषु। स्वराष्ट्रियवनवनस्पत्योषधिषु खगमृगेषु—ऋतूनां रम्यतासु च महान् श्रद्धादरो दृश्यते वेदेषु।[3]

राष्ट्रपरिकल्पनम्--वेदेषु अनेकेषु मन्त्रेषु राष्ट्र-प्राप्ति कामना: दरीदृश्यन्ते तद्यथा यजुषि--

वृष्ण उर्मिरसि राष्ट्रदा राष्ट्रं मे देहि स्वाहा।[4]

अन्यच्च--

अर्थेत स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा...
...ओजस्वती स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा।[5]

१–अथर्व० १२।१।५९

२–अथर्व० १२।१।३, ४, ४२, ७

३–(क) यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति पादपा:।अथर्व० १२।१।२७

(ख) यां द्विपाद: पक्षिण. संपतन्ति हंसा सुपर्णा: शकुना वयांसि।
वही० १२।१।५१

(ग) ग्रीष्मस्ते भूमे वर्षाणि शरद्हेमन्त: शिशिरो वसन्त:।
ऋतवस्ते विहिता हायनीरहोरात्रे पृथिवी नो दुहाताम्॥
वही० १२।१।३६

४–यजुर्वेद १०।२

५–वही–१०।१४

वेदेषु न केवलं राष्ट्रपरिकल्पनमाकांक्षितमपितुतदाधारभूततत्व मुपयोगित्वं महत्वं तद्वास्तव्यानां कर्त्तव्यजातञ्च सम्यक् प्रतिपादितम्। स्वीयं राष्ट्रमुत्तमम् अन्येभ्यो राष्ट्रेभ्योऽभ्युन्नतेश्चरमशिखरमारोपयितुं तेजो–वलान्वयनप्रार्थना विहिता।[1] स्वराष्ट्रस्य उत्तमत्व साधनाय साधनानि निर्दिशन् दिशति श्रुतिः ––

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति ।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं पृथिवी नः कृणोतु ।।[2]

वयं बृहत्सत्येन निश्चितनियमेन दुर्धर्षशक्त्या, दीक्षा-दक्षतानुशासनेन तपस्या कठोर श्रमेण ज्ञानेन यज्ञादिपवित्रकर्मभिश्च राष्ट्रमुन्नयेम रक्षणे वा प्रभवामः। अस्मिन् मन्त्रे राष्ट्ररक्षणोन्नयनमन्त्रणाः अशेषतः सूत्रिताः।

राष्ट्रैक्यं संगठनञ्च––

राष्ट्रैकतां विना न सम्भाव्यते समुन्नतिः कस्यात्ति राष्ट्रस्य। राष्ट्रैक्य संस्थापनाय राष्ट्रनायकः पाञ्चजन्यः-पञ्चजननां ना-ब्राह्मण क्षत्रिय,वैश्य शूद्र निषादानां हितसाधयिता स्यादिति वेदादेशः।[3] राष्ट्रनायकस्यायमपि कर्त्तव्यः यत् समेषां सद्म समेत्य सुखदुःखसौविध्यासौविध्यं परिपृच्छेत्।[4] प्रजाश्च परस्परं वाणीबुद्धिज्ञानानां सामञ्जस्येन एकतां संरक्षेयुः।[5] वेदे जन्मगतभेद भावान् व्यपनेतुं सर्वेषां समुत्पत्तिः विराट्पुरुषात् समजनीति[6] समाम्नाता सर्वजनहितसाधकराष्ट्रनिर्माणायप्रजाः परित्यजेयुः मनोविचारकर्मणां भेदान् इत्याह श्रुतिः ––

[7]सं वो मनांसि सं व्रता समाकूतिर्नमामसि ।
अमी ये विव्रतास्थन तान्वः सं नमयामसि ।।

ऋग्वेदीये संगठन सूक्ते सर्वेषां सौमनस्यसमाञ्जस्यैक्यसंस्थापनाय

१–यस्या हृदयं परमे व्योमन्त्सत्येनावृत ।
सा नो भूमिस्त्विषिं बलं राष्ट्रे दधातूत्तमे । अथर्व० १२।१।८

२–वही–१२।१।१

३–अथर्व० ८।२३।१ ऋग्वेद–१।१००।१२

४–ऋ० ७।१५।२

५–ऋ० १।१७।४

६–ऋ० १०।९०।२

७–अथर्व० ३।८।५

यद् उपदेशामृतं प्रदत्तं परमात्मना तद्राष्ट्रैक्य संगठनाय चालम्[1]।

भवेन्नाम कश्चित् ब्राह्मणो राजन्य आर्यो दस्युः यवनो विविधधर्ममतालम्बी वा स्वतन्त्रोसौ स्वधर्माचरणे परं राष्ट्ररक्षणोत्थान धर्मे विगत वैयक्तिकभाषाधर्मादिभावाः गृहोन्नयने पारिवारिका इव सन्नद्धाः स्युरिति तदैव राष्ट्राभ्युन्नतिः संभाव्यते तथा च श्रुतिः —

जनं बिभ्रति बहुधा विवाचसं नानाधर्माणं पृथिवीं यथौकसम्।
सहस्रं धारा द्रविणस्य मे दुहां ध्रुवेव धेनुरनपस्फुरन्ती ॥

अथर्व० १२।१।४५

अयञ्चाथर्वणो मन्त्रः कियच्चारूतया प्रजानां सौहार्दम् मातृभूमिभक्तिञ्चाविर्भावयति श्रुतिः—

त्वज्जातास्त्वयि चरन्ति मर्त्यास्त्वं बिभर्षि द्विपदस्त्वं चतुष्पदः।
तवेमे पृथिवी पञ्चमानवा येभ्यो ज्योतिरमृतं मर्त्येभ्य उद्यत्सूर्यो ॥
रश्मिभिरातनोति (अथर्व० १२।१।१५)

सर्वजननी पालयितृ गुणविशिष्टायामस्यां भूमौ वसन्तो विगत विद्वेषाः वयं राष्ट्रहित साधने प्रभविष्यामः।[2]

एवं वेदेषु स्वदेशीनगरनदीकाननादीनां कल्याणकरत्वं पावित्र्यञ्च प्रतिपाद्य तेषु प्रीत्यतिशयः प्रकटितः।[3]

राष्ट्ररक्षातदुपायाश्च—स्वराज्य संरक्षणाय भूयिष्ठाः भावाः संदृश्यन्ते वेदे। राष्ट्ररक्षाभारधृतव्रताः राष्ट्रनायकाः न कदाचित् राष्ट्र

१—संगच्छध्व संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना: उपासते।
समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।
समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु नो मनो यथा वः सुसहासति ॥ ऋ० १०।१६१।२-४

२—मा नो द्विक्षत कश्चन। अथर्व० १२।१।१८

३—(अ) यस्याः पुरो देवकृतः। अथर्व० १२।१।४४
(ब) ऋ० ३।७।२, ३।३३, यजु० २६।१५
(स) ऋ० ८।३१।१० अथर्व० १२।१।११

द्रोहिण उपेक्षेरन्[1] राष्ट्रघातकान् निहंन्यु:[2] शत्रून् निषूद्य च स्वशक्ति संवर्द्धन तत्परा: स्युरिति[3]। राष्ट्ररक्षाकामेन च राज्ञा प्रजानां रक्षाकर्मणि नियुक्त राजपुरुषाणाम् सुखसौविध्यम् चिन्तनीयम् अनुदिनम्[4]। राष्ट्रहितैषिणो मनस्विनश्च सम्मावितपदेषु संस्थाप्य सभाजनीया: सदा[5]।

रक्षासाधनास्त्रशस्त्रादिविषियकं वैदिकं विज्ञानञ्च नूनमाश्चर्यकरम्। विषयेऽस्मिन् विगत लेखेषु विवेचितं बहुरिति विरम्यतेऽत्र[6]।

मातृसंस्कृतिभाषाम्प्रतिसमादर: —

वेदेषु स्वमातृभूमिं (इलां) मातृसंस्कृतिं (सरस्वतीं) स्वभारतीं-मातृभाषाम्प्रति श्रद्धा समादरो संदर्शित:। एता: देवीरूपेण प्राथिता: सम्मानिता:[7] सुखकारिण्य: शाश्वतसमृद्धिदात्र्य: इति शंसिता:।

इला सरस्वती मही तिस्रो देवीर्मयोभुव, र्बाह सीदन्त्वस्रिध: ।[8]

एवं वेदेषु मातृभूमौ तदीयप्राकृतिकसम्पत्तौ सभ्यतासंस्कृतिभाषाषु महती श्रद्धा समादरश्च संलक्ष्यते। तद्रक्षार्थम् उन्नतये च राष्ट्रं आत्मन: परिवारबुद्धया मातृत्वभावनया च विस्मृत्य द्वेषदौर्मनस्यादि भावान् सततं वयं सन्नद्धा: स्याम तदीयं अन्नाद्यम् भाषा संस्कृतिधर्माञ्चोररीकृत्य शाश्वतसुखसमृद्धि शान्तिञ्च लभेमहि इति।

प्रवाचक

संस्कृत विभाग

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

१-ऋ० १।५१।६

२-वही० १।६१।१०

३-वही० १।८० सूक्त

४-वही० ५।३७।४

५-वही० ४।५०।८

६-वैदिक शस्त्रास्त्र विज्ञान-पावमानी : स्वा० सं० शो० सं० प्रभात आश्रम

७-(अ) तिस्रोदेवीर्बर्हिरेदं सदन्त्विडा सरस्वती मही भारती गृणाना।

अथर्व० ५।२७।६

(ब) ऋ० १।१८८।८

८-ऋ० १।१३।६

वैदिक संहिताओं में राष्ट्रियता

डा० धर्मपाल

वेद ज्ञान का आदि स्रोत है। वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है। परमपिता परमात्मा ने मनुष्य जाति के कल्याणार्थ. सृष्टि के आदि में वेदों का प्रकाश किया था। आधुनिक ज्ञान विज्ञान ने अनेक नवीन आविष्कार संसार के सम्मुख प्रस्तुत किये हैं, परन्तु इन सभी के मूल वेद में पहले से ही विद्यमान हैं। भारत के प्राचीन चिन्तन की उत्कृष्टता का मूल भी वेद ही है। विचार साहित्य का आधार तो वेद है ही, भारतीयों का जीवन व्यापार भी पूर्णतः वेदाधृत है। भारतीयों के पूजा-पाठ, यज्ञ-उत्सव, विभिन्न संस्कार—सभी तो वेदाधृत हैं। भारतीय संस्कृति पूर्णतः अध्यात्मवादी संस्कृति है। उसमें तप, त्याग, सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, संयम, ईश्वर विश्वास, अपरिग्रह, विश्वभ्रातृत्व, निर्भयता, दया, आदि तत्त्वों पर बल दिया जाता है, और इन सभी तत्त्वों का विवेचन वेद में है। वेद मानव मात्र के पथ प्रदर्शक ग्रंथ हैं। उनमें भौगोलिक सीमाओं के आधार पर कोई भेद नहीं हैं, वे यूरोपियों, अमेरीकियों, अफ्रीकियों, ऐशियाइयों आदि सभी के लिए एक समान रूप से कल्याणकारी हैं। वेद देश-विशेष अथवा जाति विशेष के लिए नहीं हैं।

वेद में मानवीय संस्कृति अनुस्यूत है, अतः उसका अन्वेषण, अनुशीलन और विशिष्ट अध्ययन अपेक्षित है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान, गुरुकुल प्रभात आश्रम, भोला झाल मेरठ में प्रतिवर्ष वैदिक विषयों पर शोध गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, इसके लिए स्वामी विवेकानन्द सरस्वती महाराज और डॉ० निरूपण विद्यालंकार साधुवाद के पात्र हैं।

इस बार शोध गोष्ठी का विषय है—'वैदिक संहिताओं में राष्ट्रियता'। 'राष्ट्रियता' एक ऐसा विषय है जिसका प्रतिपादन वेदों में

सर्वत्र हुआ है, चारों वेदों में हुआ है, परन्तु अथर्ववेद के बारहवें काण्ड का पहला सूक्त 'भूमि सूक्त' तो राष्ट्रियता के भावों से ओतप्रोत है। इस सूक्त का वर्णनीय विषय भूमि है। इस सूक्त के मंत्रों को मातृभूमि के उपासक एक राष्ट्रभक्त ने गाया है। वह राष्ट्रभक्त, इन मंत्रों में अपनी मातृभूमि की महिमा का गान कर रहा है। उसके इसी गायन में राष्ट्र के विभिन्न तत्त्वों--भूभाग, जन और संस्कृति आदि का विवेचन अनायास ही होता चला गया है। आधुनिक राजनीति शास्त्र के विज्ञान भी राष्ट्र, राष्ट्रियता और राष्ट्र संचालन की अवधारणाओं को इन वैदिक विचारणाओं के आधार पर ही प्रस्तुत करते हैं।

राष्ट्र की सुख-समृद्धि के लिए व्यवसाय और उद्योगधंधों को चलाया जाना आवश्यक है, राष्ट्र के पर्वतों और जंगलों में उगने वाली औषधियों और बूटियों को उपयोगी बनाकर औषध-निर्माण का कार्य करना आवश्यक है, राष्ट्र के पर्वतों और भूमि के अन्दर प्राप्य मूल्यवान पत्थरों, मणियों, सोना-चाँदी का व्यवसाय आवश्यक है, खेती आदि व्यवसाय आवश्यक है; परन्तु इन सबसे भी ज्यादा आवश्यक और महत्त्वपूर्ण है—राष्ट्र संचालन, राज्य संचालन, राज्य शासन। इन सबका भी विवेचन इस सूक्त में प्राप्य है। यज्ञ, कृषि, गोपालन, व्यापार व्यवसाय, आरोग्य सभी आवश्यक हैं। परन्तु जीवन में ऐश्वर्य योग, त्याग, तप तथा इन्द्रियसंयम का पूर्ण समन्वय रहना चाहिये। राष्ट्र में भौतिक और आत्मिक विद्या-विज्ञानों का सम्यक् विकास किया जाना चाहिए। जिन राष्ट्रवासियों को ऊँचे दर्जे की चारित्रिक शिक्षा नहीं दी जाती, वहाँ पर कितने ही व्यवसाय-व्यापार क्यों न हों, एक न एक दिन स्वत्त्व समाप्ति की स्थिति अवश्यमेव आ जाती है। अतः राष्ट्र की राज्य व्यवस्था को समय-समय पर ऐसा प्रयत्न अवश्य करते रहना चाहिए कि भाँति-भाँति के विद्याविज्ञानों और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाले सत्यों का निःस्वार्थ भाव से अन्वेषण और प्रचार होता रहे।

सभी राष्ट्रवासियों को अपने राष्ट्र की भूमि को अपनी माता समझना चाहिए। अपने राष्ट्र की स्थिरता और सामूहिक उन्नति के लिए, सभी को राज्य नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए; नियमन

और व्यवस्थापन के लिए अपनी आय का एक निश्चित भाग राज्य को कर रूप में नि:संकोच भाव से देना चाहिए। राष्ट्रवासियों के जीवन में यज्ञ की भावना सदा रहनी चाहिए। यही भाव है जो उनके जीवन को आलोकित और उनके उन्नति पथ को प्रशस्त कर सकता है।

यह तो ठीक है कि राज्य शासन का कर्त्तव्य है कि वह अपने राष्ट्र में, राष्ट्रवासियों के कल्याणार्थ, विभिन्न प्रकार की व्यवस्थायें करें, परन्तु वे सब प्रजातन्त्रीय राज्य प्रणाली के द्वारा ही सम्भव हैं। इसके लिए राष्ट्र की शासन व्यवस्था प्रजातन्त्रीय होनी चाहिए। इस सूक्त में तथा अन्यत्र भी राष्ट्र की राज्य व्यवस्था का सुन्दर चित्र वेद में प्राप्त है। राष्ट्र धर्म से ही धारित रहा करते हैं। अतः यहाँ पर **'धर्मणाधृता'** राष्ट्रभूमि का वर्णन किया गया है। सत्य, न्याय, दया, तपस्या, संयम आदि धर्म के अंग राष्ट्रोन्नति के अपरिहार्य तत्त्व हैं। धर्म का प्रधान अंग उसी का विस्तार है। अतः राष्ट्रवासियों में इन अंगों का अंगीकार आवश्यक है। सत्य और धर्म का मूल स्रोत परमात्मा है। राष्ट्र का सारा रहन-सहन इसी परमात्मा के स्मरण से अनुशासित होना चाहिए। राष्ट्र का जीवन, धर्म का जीवन और राज्य धर्मराज्य होना चाहिए।

वेदों में प्राप्त राष्ट्रवाद आज के राष्ट्रवाद से थोड़ा भिन्न है। वेदों में किसी भी प्रकार की भौगोलिक सीमायें नहीं हैं, उसमें वर्णित राष्ट्रवाद, एक प्रकार का भूमिवाद है क्योंकि सृष्टि के आदि में एक राष्ट्र की परिकल्पना, अवधारणा रही होगी। आज इस विषय में अनेक राष्ट्र हो गये हैं। अतः सभी राष्ट्रों के लिए वेद में वर्णित राष्ट्रियता से सम्बन्धित विचार व्यवहार्य है।

राष्ट्रोन्नति के सात मूल तत्त्वों का सुन्दर विवेचन अथर्ववेद के भूमिसूक्त में प्राप्त है—सत्यम्, ऋतम्, उग्रम्, दीक्षा, तपः, ब्रह्म, यज्ञ।[1] इन सात महाशक्तियों के आधार पर ही कोई राष्ट्र, राष्ट्र कहला सकता है। वेद में यह विचार किया गया है कि जो सदा जागरुक रहते हैं, वे ही राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। जिस विस्तार और ख्याति देने वाली मातृभूमि की

१. सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।
अथर्व० १२।१।१

सदा जागरुक रहने वाले विविध व्यवहारों में कुशल विद्वान् प्रजाजन प्रमाद रहित होकर रक्षा करते हैं, वह हमारी मातृभूमि हमारे लिये प्रिय मधु को दुहा करे और हमें तेज से वृद्धि प्रदान करे।[1]

माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।[2] वेद में माता को भूमि और राष्ट्र-भक्त को उसका पुत्र माना गया है। माता सदा ही रक्षणीय और पोषणीय है। इसी सूक्त के एक मन्त्र में मातृभूमि से याचना की गई है कि जो हमसे द्वेष करे, जो हमारे ऊपर सैनिक आक्रमण करे, जो मन से शस्त्र से हमें दास बनाना चाहे, उसको हमारे मनोरथों को पूरा करने वाली मातृभूमि नष्ट कर दे।

यो नो द्वेषत्पृथिवि यः पृतन्याद्योऽभिदासान्मनसा यो वधेन। तं नो भूमे रन्धय पूर्व कृत्वरी॥[3] यहाँ पर यही भाव है कि हम इतने शक्तिशाली बनें कि कोई हमें दास न बना सके।

मातृभूमि से यह भी प्रार्थना की गई है कि हमारे राष्ट्र का राज्य प्रबन्ध ऐसा उत्तम हो और उस पर भगवान की ऐसी कृपा हो कि हमारे राष्ट्र के सब ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र तथा इतर लोग मिलकर राष्ट्र को सब भांति सुखमय तथा मंगलमय बना सकें—

ता नः प्रजाः सं दुह्रतां समग्राः।
वाचो मधु पृथिवी धेहि मह्यम्॥[4]

धर्म का शासन हमारी मातृभूमि पर हो, ऐसी कामना की गई है। सही भी है। राष्ट्र को स्थिर, मजबूत, दृढ़ और शक्तिशाली बनाने के लिए सभी प्रजा जनों का आचरण धर्म से अनुप्राणित रहना चाहिए—

विश्वस्वं मातरमोषधीनां ध्रुवां भूमिं पृथिवीं धर्मणा धृताम्।
शिवां स्योनामनुचरेम विश्वहा॥[5]

मातृभूमि के मनोहर रूप का वर्णन इस प्रकार किया गया है—

---

१. यां रक्षन्त्यस्वप्ना विश्वदानीं देवा भूमिं पृथिवीमप्रमादम्।
अथर्व० १२।१।७

२. अथर्व० १२।१।१२

३, अथर्व० १२।१।१४

४. अथर्व० १२।१।१६

५. अथर्व० १२।१।१७

यस्यां वृक्षा वानस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्वहा ।
पृथिवीं विश्वधायसं धृतामच्छा वदामसि ।।[1]

मातृभूमि के इस वर्णन द्वारा यह आदेश दिया गया है कि राष्ट्र में वृक्षों, वनस्पतियों, जंगलों की सदा प्रयत्नपूर्वक रक्षा और वृद्धि करनी चाहिए। आज के पर्यावरण रक्षा के सम्बन्ध में भी इस अंश का विशेष महत्व है।

राष्ट्र की सुव्यवस्था के लिए अनिवार्य है कि उसकी सभी दिशायें सुरक्षित हों और किसी भी ओर से शत्रु उस पर आक्रमण न कर सके—

मा नः पश्चान्मा पुरस्तान्नुदिष्ठा मोत्तरादधरा दुत ।
स्वस्ति भूमे नो भव मा विदन्परिपन्थिनो वरीयो यावया वधम् ।।[2]

वेद में चक्षु-स्वास्थ्य का महत्त्व भी रेखांकित किया गया है। और यह कामना की गई कि राष्ट्र का राज्य प्रबन्ध ऐसा हो कि प्रजा जनों की दृष्टि सदा ठीक रहे। इसकी चिकित्सा आदि की सुव्यवस्था राज्य की ओर से हो—

यावत्तेऽभि विपश्यामि भूमे सूर्येण मेदिना ।
तावन्मे चक्षुर्मा मेष्टोत्तरामुत्तरां समाम् ।।[3]

राष्ट्र की उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि सभी राष्ट्रवासी प्रसन्न हों, उन्हें किसी प्रकार का कष्ट न हो। वेद में इसका सुन्दर चित्र प्राप्त है—

यस्यां गायन्ति, नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्या व्यैलबाः ।[4]

वेद ने उपदेश दिया है कि राज्य प्रबन्ध ऐसा उत्तम होना चाहिए कि यहाँ के वासी-अधिकारी और प्रजाजन सभी नाचते गाते रहें, परन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि वे आलसी प्रमादी और कर्तव्यच्युत हो जायें।

वेद में विभिन्न भाषाओं और नाना धर्म वाले राष्ट्रवासियों की स्थिति का चित्र भी प्रस्तुत किया गया है—

---

१. अथर्व० १२।१।२७
२. अथर्व० १२।१।३२
३. अथर्व० १२।१।३३
४. अथर्व० १२।१।४२

जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसं, नानाधर्माणं पृथिवीं यथौकसम्।
सहस्रं धारा द्रविणस्य मे दुहां ध्रुवेव धेनुरनपस्फुरन्ती ।।[1]

हिंस्र आदि पशुओं से विमुक्त राष्ट्र की अवधारणा भी द्रष्टव्य है।[2]

वेद में यह उपदेश दिया गया है कि हमारे राष्ट्रवासी निर्धन न रहें और वे विलासी न बनें—

ये गन्धर्वा अप्सरसो ये चारायाः किमीदिनः ।
पिशाचान्त्सर्वा रक्षांसि तानस्मद् भूमे यावयः ।।[3]

इस सूक्त में राष्ट्रवासियों के पाँच गुण बताए गए हैं—

यद्वदामि मधुमत्तद्वदामि यदीक्षे तद्वनन्ति मा ।
त्विषीमानस्मि जूतिमान वान्यान्हन्मि दोधतः ।।[4]

जो कुछ मैं बोलता हूँ, वह मधु से भरा हुआ बोलता हूँ, जो देखता हूँ, मैं उससे लाभ उठाता हूँ, मैं तेजस्वो हूँ, मैं गतिमान अर्थात् आगे बढ़ने वाला हूँ, मैं क्रोध करने वाले शत्रुओं को मार गिराता हूँ ।

इसका तात्पर्य यही है कि राष्ट्रवासियों की शिक्षा-दीक्षा इस प्रकार हो कि वे इन पाँच गुणों से युक्त हों ।

राष्ट्र के लिए राज्य व्यवस्था और राजा की चयन प्रक्रिया तथा उसके कर्त्तव्यों का वेद में अनेक स्थानों पर चित्रण हुआ है । राज्य को राष्ट्रवासी कर प्रसन्नतापूर्वक देते रहें, इसका विधान भी वेद में प्राप्त है। यह कामना भी की गई है कि राष्ट्रवासी ज्ञान के प्रकाश में रहने वाले बनें।

इस पत्र को अथर्ववेद के भूमि सूक्त तक ही सीमित रखा गया है, परन्तु राष्ट्रियता का चिन्तन अन्य अनेक स्थानों पर प्राप्त है ।

कुलपति

गुरुकुल कांगड़ी वि० वि०, हरिद्वार

---

१. अथर्व० १२।१।४५
२. अथर्व० १२।१।४६
३. अथर्व० १२।१।५०
४. अथर्व० १२।१।५८

यजुर्वेद में राष्ट्रियता

डा० कृष्ण लाल

वेदों में वर्णित राष्ट्रियता किसी एक विशिष्ट राष्ट्र को लक्षित नहीं करती क्योंकि वेदों की सार्वभौमिकता और सार्वकालिकता सुप्रसिद्ध है। यह राष्ट्रियता एक ऐसा गुण है जो किसी भी राष्ट्र या देश के लिये अपेक्षित है।

कर्मकाण्ड के अनुसार शुक्ल यजुर्वेद के बाइसवें अध्याय में अश्वमेध यज्ञ के मन्त्र संकलित हैं। परन्तु अश्वमेध क्या है? इस विषय में श० ब्रा० १३७।१।६।३ का वचन स्मरणीय है जहाँ राष्ट्र को ही अश्वमेध बताया गया है।[1] यह भी कहा गया है कि जहाँ इस यज्ञ से यजन करते हैं वहाँ प्रजा का योगक्षेम सम्पन्न होता है।[2]

राष्ट्रीय भावों से परिपूर्ण यजुर्वेद के मन्त्र 'आ ब्रह्मन्' इत्यादि मन्त्र (२२।२२) से हम सुपरिचित हैं। इसमें राष्ट्र की सर्वविध समृद्धि की कामना की गई है। कुछ विद्वानों का यह कहना है कि राष्ट्रियता की भावना भारत में उन्नीसवीं शताब्दी ईस्वी से पूर्व नहीं थी। वेद में 'राष्ट्र' शब्द आने से राष्ट्रियता सिद्ध नहीं हो जाती। राष्ट्र का अर्थ राज्य लिया जाये तो भी भावना में अन्तर नहीं पड़ता क्योंकि यहाँ जो प्रार्थना है वह राज्य के प्रत्येक अंग अर्थात् राष्ट्र की समृद्धि के लिए है। वेद की व्यापक दृष्टि में कोई एक निश्चित सीमित संकुचित प्रदेश या जाति ही राष्ट्र नहीं है, अपितु राष्ट्र संसार का कोई भी प्रदेश या जाति या मानवसमूह हो सकता है।

---

१. राष्ट्रं वा अश्वमेधः।

०. अत्रैतेन यज्ञेन यजन्ते क्लृप्तः प्रजानां योगक्षेमो भवति।

श० ब्रा० १३।१।६।१०

'आ ब्रह्मन्' इत्यादि के जाप से आगे कात्यायन श्रौत सूत्र में वर्णित विधि के अनुसार अश्वमेध के अश्व को छोड़ने से पहले सारी रात बारी-बारी आज्य, सतू, धान और खीलों की आहुतियाँ सम्पूर्ण अवशिष्ट बाइसवें अध्याय की कण्डिकाओं के स्वाहान्त मन्त्रों से अर्पित की जाती हैं।[1] इन मन्त्रों के सूक्ष्मावलोकन से इनमें भी राष्ट्रियता की भावना स्पष्ट दिखाई देती है क्योंकि राष्ट्र के सभी जनों के, दिशाओं, जल के विविध रूपों, वायु, वर्षा आदि के नक्षत्रों, वनस्पतियों आदि, सम्पूर्ण पृथ्वी, अन्तरिक्ष, चन्द्रमा, सूर्य आदि के सभी पक्षों की समृद्धि तथा सुख के लिये यज्ञरूप उत्तम क्रिया के अनुष्ठान का संकल्प अभिव्यक्त किया गया है।[2] इन मन्त्रों में सम्पूर्ण राष्ट्र से सभी स्थानों, प्राणियों, औषधियों, वनस्पतियों, फूलों फलों सब प्रकार के जल, सम्पूर्ण वायुमण्डल, पूर्ण पर्यावरण, वृष्टि, अन्तरिक्ष, सूर्य, विभिन्न ऋतुओं तथा उनके फलों आदि की पूर्णता, शक्ति तथा समृद्धि के लिए यज्ञादि सत्कार्यों का संकल्प है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए ये आवश्यक तत्त्व हैं। उनकी समृद्धि ही अश्वमेध का उद्देश्य है।

इसीलिए जनसमूह की शोभा के लिए, जनसमूह के पालनकर्ता के

---

१. आज्यसक्तुधानालाजानामेकैनं जुहोति प्राणाय स्वाहेति प्रतिमन्त्रं सर्वरात्रमावर्तम्। (का० श्रौ० २०।४।३१)

२. प्राणाय स्वाहापानाय स्वाहा व्यानाय स्वाहा चक्षुषे स्वाहा श्रोत्राय स्वाहा वाचे स्वाहा मनसे स्वाहा॥ वा० सं० २२।२३
प्राच्यै दिशे स्वाहार्वाच्यै दिशेस्वाहा दक्षिणायै दिशे स्वाहार्वाच्यै ··· ॥ वही, २४
अद्भ्यः स्वाहा वार्भ्यः स्वाहोदकाय स्वाहा तिष्ठन्तीभ्यः स्वाहा स्रवन्तीभ्यः स्वाहा स्यन्दमानाभ्यः स्वाहा कुप्याभ्यः स्वाहा सूद्याभ्य स्वाहा धार्वाभ्य स्वाहार्णवाय स्वाहा समुद्राय स्वाहा सरिराय स्वाहा॥ वही, २५
वाताय स्वाहा धूमाय स्वाहाभ्राय स्वाहा मेघाय स्वाहा विद्योतमानाय स्वाहा स्वाहा स्तनयते स्वाहा वस्फूर्जते स्वाहा वर्षते स्वाहा ··· नीतराय स्वाहा॥ वही, २६
अग्नये स्वाहा सोमाय स्वाहा ··· पृथिव्यै स्वाहान्तरिक्षाय स्वाहा ···॥ वही, २७
नक्षत्रेभ्यः स्वाहा ··· ऋतुभ्य स्वाहा ·· मूलेभ्यः स्वाहा शाखाभ्यः स्वाहा वनस्पतिभ्यः स्वाहा पुष्पेभ्यः स्वाहा, फलेभ्यः स्वाहौषधीभ्यः स्वाहा॥ वही, २८
पृथिव्यै स्वाहान्तरिक्षाय स्वाहा दिवे स्वाहा परिप्लभ्यः स्वाहा... ॥ वही, २९

लिए, सबको अभिभूत करने वाले शासक के लिए, सेना के लिए, सुविधा-पूर्वक कहीं भी पहुँचने वाले सैन्य बल के लिये, सुवर्ण के लिए, प्रदीप्ति के लिए, चोर (को प्रकाश के द्वारा ठीक मार्ग दिखाने) के लिए अर्थात् उसे चोरी से रोकने के लिए या शत्रुओं में चोरी से प्रवेश कर भेदन करने वाले के लिए तथा दिनपति सूर्य के लिए यज्ञ रूप उत्तम कर्म का संकल्प दोहराया गया है।[1]

राष्ट्रियता की भावना आगे भी प्रकट होती है जहाँ राष्ट्र की सर्वविध समृद्धि के लिए सब मनुष्यों को प्रेरणा दी गई है कि तुम्हारा सारा जीवन सत्क्रिया से विद्वानों के सत्कार, उनकी संगति और अनेक प्रकार के दान से समर्पित हो, तुम्हारे प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान—पांचों प्राण इसी प्रकार समर्पित हों, मन सहित सभी ज्ञानेन्द्रियाँ और आत्मा तथा बृहत् ज्ञान भी समर्पित हों और अन्ततः स्वयं यज्ञ-कर्म तथा यज्ञ-भावना सत्कार, संगति और दान से समर्पित हों।[2] यह समर्पण की भावना राष्ट्र के लिए त्याग की भावना राष्ट्रियता का मूल सूत्र है। जहाँ प्रबल राष्ट्रियता है, वहाँ पूर्ण समर्पण की भावना सर्वत्र दृष्टिगत होती है।

राष्ट्रियता इस बात में भी है कि एक राष्ट्र के शासक और प्रजाजन दोनों धर्मार्थ काम मोक्ष रूपी चारों पदों अर्थात् प्राप्तव्य लक्ष्यों के लिए प्रयत्नशील हों और उनका विस्तार करें जिससे कि सब सुखमय स्थान में पहुँचे। तदर्थ बलशाली, अन्य शत्रुओं का दमन करने वाला विज्ञान-पराक्रम से युक्त शासक सब प्रजाओं के प्रति स्नेह, आसक्ति और पराक्रम की स्थापना करें और प्रजा भी उसके प्रति वैसा ही व्यवहार करें।[3]

राष्ट्रियता का यह आग्रह है कि समाज में जो माँस-भक्षण करने वाले व्यक्ति स्त्रियों के व्यभिचारी हों उन्हें उल्टा लटकाकर (जिसमें जाँधें ऊपर हों) शासन ताडित करे और अपनी शिष्ट प्रजा के प्रति आनन्द,

१. ···गणश्रिये स्वाहा गणपतये स्वाभिभुवे स्वाहाधिपतये स्वाहा शूषाय स्वाहा संसर्पाय स्वाहा चन्द्राय स्वाहा ज्योतिषे स्वाहा मलिम्लुचाय स्वाहा दिवापतये स्वाहा। वा० सं० २२।३० (द० भा०)

२. आयुर्यज्ञेन कल्पतां स्वाहा प्राणो यज्ञेन · चक्षुर्यज्ञेन आत्मा यज्ञेन·· ब्रह्मा यज्ञेन···यज्ञो यज्ञेन कल्पतां स्वाहा॥ वा० सं २२।३३

३. ता उभौ चतुरः पदः सम्प्रसारदाव स्वर्गे लोके प्रोर्णुवाथां वृषा वाजी रेतोधा रेतो दधातु॥ वा० सं० २३।२० उवट महीधर ने अश्लील अर्थ दिया है।

क्रीडादि का आधान करे तथा इस प्रकार सुव्यक्त न्याय का सञ्चार करे ।[1]

राष्ट्र के लिए इस बात की आवश्यकता बताई गई है कि जैसे वर्ष की ऋतुयें क्रम से आती है और अपना-अपना प्रभाव छोड़ती तथा योग्य शक्ति-फल आदि उपलब्ध कराती हैं, उसी प्रकार सब लोग क्रमशः चारों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास आश्रमों का तथा अपनी-अपनी योग्यतानुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र वर्णों में रहते हुए अपने कर्त्तव्यों का पालन करे और समस्त राष्ट्र को सुखी करें ।[2] अपने राष्ट्र की उन्नति और समृद्धि के लिए परस्पर कलह छोड़कर इस प्रकार सबके द्वारा अपना कर्त्तव्य-पालन अत्यन्त आवश्यक है ।

पशु राष्ट्र का आवश्यक अंग है । आज पर्यावरण के प्रसंग में वन्य और पालतू, सभी प्रकार के पशुओं के महत्त्व को स्वीकार किया जा रहा है । वेद की व्यापक दृष्टि में सभी पशु-पक्षी राष्ट्र की अमूल्य निधि हैं और उनको रक्षा तथा पालन-पोषण राष्ट्र का कर्त्तव्य है । इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर यजुर्वेद में पशु-पक्षियों के विविध वर्ण और रूप बताते हुए उनकी एक लम्बी सूची दी गई है । उनके गुण और विशेषतायें बताने के लिए उनसे विभिन्न देवों को सम्बद्ध किया गया गया है ।[3] उदाहरणार्थ एक मन्त्र में कहा गया है कि हे मनुष्यों, यदि तुम सोम के लिये अथवा आनन्द या शान्ति के लिये कुलुङ्ग नामक पशु, जंगली बकरे, नेवले, और अन्य शक्ति-युक्त पशु को पोषण के निमित्त तथा सर्वसमर्थ बिलाव, दीप्तिगुणयक्त शब्द करने वाले पशु के (अधीन) गौरमृग, पिद्व नामक विशेष पशु, न्यङ्कु, कक्कट

---

१. उत्सक्थ्या अत गुद धेहि समञ्जि चारया वृलण् ।
य स्त्रीणां जीवभोजनः ।।

वा० सं० २३।२१ [उव्वट महीधर ने अश्लील अर्थ दिया है ।]

२. ऋतवस्त ऋतुथा पर्व शमितारो विशासतु ।
संवत्सराय तेजसा शमीभिः शम्यन्तु त्वा ।।

वा० सं० २३।४० इस पर स्वा० द०

भावार्थ—यथा ऋतवः पर्यायेण स्वानि स्वानि लिङ्गान्यभिपद्यन्ते तथैव स्त्री-पुरुषाः पर्यायेण ब्रह्मचर्यगृहस्थवानप्रस्थसंन्यासाश्रमान् कृत्वा ब्रह्मणा ब्राह्मण्यश्चाध्यापयेयुः क्षत्रियाः प्रजा रक्षन्तु वैश्याः कृष्यादिकमुन्नयन्तु शूद्राश्चैतान् सेवन्ताम् ।

३. वा० सं० २४।१–४०

नामक विशेष पशु अपनी अनुमति और वचन के लिये चकवे को वश में करके प्रयोग करते हो तो उनसे अनेक कार्य सिद्ध होते हैं।[1] ऐसा प्रतीत होता है कि अश्वमेध नामक यज्ञ में राष्ट्र स्थित अनेक प्रकार के पशु-पक्षियों की प्रदर्शनी लगाकर उनकी उपयोगिता पर बल दिया जाता है जिससे सब जनता के मन में उनकी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष उपयोगिता अंकित हो।

राष्ट्र की अखण्डता उसके सभी लोगों की एकता और सुरक्षा में निहित है—यह बात सभी पाँचों दिशाओं के लोगों को अदिति बताकर स्पष्ट की गई है।[2] इस अखण्डता का मूलाधार सबके प्रति समान व्यवहार है। वेद में तो समानता और समान व्यवहार की भावना सर्वत्र व्याप्त है। एक मन्त्र में तो ईश्वर की ओर से स्पष्ट घोषणा की गई है कि मैं सब मनुष्यों की कल्याणकारिणी वेदवाणी को समान रूप से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र—इन चारों वर्णों के प्रति कहता हूँ—अपने और पराये सबको इसका उपदेश देता हूँ।[3] इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि एक राष्ट्र में अध्ययन-अध्यापन में जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिये। वस्तुतः राष्ट्र की दृढ़ता के लिये किसी प्रकार भी जातिगत भेदभाव वाञ्छित नहीं है।

राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति को अग्नि के समान तेजस्वी, विद्या से प्रकाशित होकर नेतृत्व करने वाला, सबके साथ मित्रता का व्यवहार करने वाला, मध्यस्थ अर्थात् पक्षपातरहित व्यवहार वाला और शासकों के मध्य निर्भीक होकर न्याय की बात कहने वाला और इस प्रकार सबके द्वारा स्तुति योग्य होना चाहिये।[4]

आचार्य, संस्कृत विभाग,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

---

१. सोमाय कुलुङ्ग आरण्योऽजो नकुलः शका ते पौष्णाः क्रोष्टा मायोरिन्द्रस्य गौरमृगः पिद्वो न्यंकुः कक्कटस्तेऽनुमत्यै प्रतिश्रुत्कायै चक्रवाकः ॥ वा० सं० २४।३२ स्वा० द० भावार्थ—य आरण्येभ्यः पश्वादिभ्योऽप्युपकारं कर्तुं जानीयुस्ते सिद्धकार्या जायन्ते ॥

२. पंचजना अदितिः । वा० सं० २५।२३

३. यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः ।
ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाहा चारणाय ॥ वा० सं० २६।२

४. क्षत्रेणाग्ने स्वायुः संरभस्व मित्रेणाग्ने मित्रधेये यतस्व ।
सजातानां मध्यमस्था एधि राज्ञमग्ने विहव्यो दीदिहीह ॥ वा० सं० २७।५

वैदिक संहिताओं में राष्ट्र की उत्पत्ति

डॉ० भारतभूषण विद्यालंकार

प्रो० मैक्समूलर का वेद के सम्बन्ध में यह कथन सर्वथा मिथ्या है कि 'भारतीय कभी भी राष्ट्रियता की भावना से परिचित नहीं थे। भारतीय मस्तिष्क को कार्य करने, रचना करने एवं पूजा करने की स्वतन्त्रता केवल धार्मिक एवं दार्शनिक क्षेत्र में मिली थी। भारत दार्शनिकों का राष्ट्र था। कुल मिलाकर विश्व इतिहास में कोई ऐसा दूसरा उदाहरण प्राप्त नहीं होता, जहाँ समस्त लोगों के जीवन के पहलुओं को आत्मा सम्बन्धी जीवन ने इतना आच्छादित कर लिया हो। असल में वे सभी विशेषताएँ नष्ट हो गई जिनसे कि एक राष्ट्र इतिहास में अपना स्थान बनाता है।"

ऐसी स्थिति में प्रत्येक भारतीय, जो इस प्रकार के मिथ्या दोषारोपण को दूर करने में समर्थ हैं उसका कर्त्तव्य हो जाता है कि वह अपने प्राचीन गौरवमय इतिहास को जाने और उपरोक्त दोषों का निराकरण करे। डॉ० भाण्डारकर का यह कथन सर्वथा उचित है कि किसी भी भारतीय को तब तक शिक्षित नहीं करा जा सकता जब तक कि वह अपने देश के इतिहास से परिचित न हो और उसे अपनी बौद्धिक एवं आध्यात्मिक प्राचीनता का ज्ञान न हो।

वैदिक संहिताओं में निहित ज्ञान विज्ञान के समय की सीमाएँ निर्धारण करना असम्भव नहीं है। ये संहिताएँ अति प्राचीन काल से भारतीय धर्म, संस्कृति, सभ्यता एवं अन्य विचारधाराओं का प्रेरणास्रोत रही है। वर्तमान समय में भी इनका उपयोग इस युग की समस्याओं के समाधान के लिये उपयोगी है।

वैदिक संहिताओं में राष्ट्र, राष्ट्रियता के सम्बन्ध में भी उदात्त वर्णन प्राप्त होता है। इस लेख में राष्ट्रोत्पत्ति के सम्बन्ध में विवेचन किया गया है।

प्रारम्भ में जब मनुष्य सृष्टि का निर्माण हुआ तो धन-धान्य पृथिवी आदि सभी पदार्थ सभी को सुलभ थे। प्राकृतिक भयों से भयभीत होकर सभी परस्पर एक दूसरे की सहायता करते थे। वे परस्पर एक दूसरे के कल्याण की भावना से किये जाने वाले ..र्म धर्म के नाम से कहे जाने लगे। धर्म का अर्थ ही धारण करने वाला। महर्षि व्यास महाभारत में कहते हैं कि

नैव राज्यं च राजाऽऽसीन्न च दण्डो न दण्डिकः।
धर्मेणैव प्रजाः सर्वा रक्षन्ति स्म परस्परम्।। शान्ति० ५९।१४ ।।

अर्थात् पहले न राजा था न राज्य न दण्ड, न दण्ड देने वाला। सारी प्रजाएँ धर्म के आधार पर ही एक दूसरे की रक्षा करती थी। परन्तु धीरे-धीरे वस्तुओं की कमी से लोभ, मोह उत्पन्न हो गया जिससे धर्म के आधार पर कार्य से बाधा पड़ने लगी और अव्यवस्था उत्पन्न हो गई।

विलुप्ते नर लोकेऽस्मिन् ततो ब्रह्म ननाश ह।
नाशाच्च ब्रह्मणो राजन्धर्मो नाशमथागमत्।
नष्टे ब्रह्मणि धर्मे च देवास्त्रासमथागमन्।
ते त्रस्ता नर शार्दूल ब्रह्माणं शरणं ययुः।। महा० शान्ति० ५८।२१

तब ब्रह्मा ने यज्ञ नीति का उपदेश दिया तदनुसार राजा व राज्य आदि की उत्पत्ति हुई और राजा पृथु पहला राजा बना।

रामायण अयोध्या काण्ड में प्रजा द्वारा मनु को राजा चुनने एवं समय अर्थात् शर्तें तय करने का वर्णन प्राप्त होता है (अयोध्या काण्ड अध्याय ४३, मनुस्मृति ७।३ में भी कहा गया है कि—

"अराजके हि लोकेस्मिन् सर्वतो विद्रुते भयात्।
रक्षार्थमस्य सर्वस्य राजानमसृजत् प्रभुः"।।

राज्य बनने से पूर्व **"जले मत्स्यानिवाभक्षान् दुर्बलान् बलत्तराः"** यही बात कौटिल्य भी कहते हैं कि **"मात्स्यन्यायाभिभूताः प्रजाः मनुं वैवस्वतं राजानं चक्रिरे"** (कौटिल्य अर्थशास्त्र १।९)। जिस धर्म द्वारा रक्षा की स्थिति के उपरान्त, अराजक स्थिति उत्पन्न हुई थी उस धर्म पर आधारित राज्य की प्राप्ति के लिए भारतीय मानस सदा उत्सुक रहा है। क्योंकि वही लोक कल्याणकारी मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

अथर्ववेद के विराट् सूक्त (८।१०) में भी हमें राष्ट्र बनने से पूर्व की स्थिति प्राप्त होती है। प्रारम्भ में सम्पूर्ण संसार में घोर अव्यवस्था की

स्थिति थी जिससे सभी के मन में भय का संचार हुआ। (**विराड् वा इदमग्र आसीत्तस्या जातायाः सर्वमबिभेदियमेवेदं भविष्यतीति**) । आगे चलकर मानव की सामाजिक भावना प्रबल हुई और तब एकाकी जीवन त्यागकर अन्य के साथ मिलकर गृहस्थ की भूमिका बनी (**सोदक्रामत्सा गार्हपत्ये न्यक्रामत्**)। जो इस रहस्य को जानता है जिसने इसका चिन्तन एवं मनन किया है वही मानव की सामाजिकता की प्रगति के प्रथम चरण को समझाने में समर्थ हो सकता है (**गृहमेधी गृहपतिर्भवति य एवं वेद**) इस गृहस्थ को जानने वाला ही वस्तुतः गृहस्थ होता है। ऐतरेय ब्राह्मण "**जाया गार्हपत्यः**" कहकर पत्नी को परिवार का मूल बताता है तो शतपथ उससे भी एक कदम आगे बढ़कर कहता है "**अयं वै भूलोको गार्हपत्यः**" इस कथन में सम्पूर्ण भूमडण्ल की एकता का सूत्र निहित है जो कि राज्य या राष्ट्र के निर्माण का पग है। यह कथन तब और भी स्पष्ट हो जाता है जब हम "**माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। पर्जन्यः पिता स उ नः पिपर्तु**"। पर दृष्टिपात करते हैं। क्योंकि यहां भूमि को माता कहा गया है जो पत्नीत्व का ही उत्तर रूप है। इस प्रकार परिवार विश्व के विकास का प्रथम सोपान बना। जब परिवार बढ़ने लगा तो उसकी परिधि भी बढ़ती गयी।

गार्हपत्य के बाद हमें "जन" का संगठन प्राप्त होता है। एक जन के सभी व्यक्ति सजात, सनाभि व एक वंश के समझे जाते थे, यह स्थिति एक बड़े कुटुम्ब की थी। सजात की व्याख्या करते हुए आचार्य सायण कहते हैं—**सजातानां समानजन्मनां पुरुषाणाँ** इसी प्रकार सनाभि की व्याख्या करते हुए वे कहते हैं—**समानो नाभिः गर्भाशयो यस्याऽसौ सनाभिः ज्ञातिः** इसलिये हम कह सकते हैं कि सजात, सनाभि या बन्धु पर्यायवाची हैं। क्योंकि "विशः" के सभी व्यक्तियों को सबन्धु कहा गया है। जन और विशः भी परस्पर पर्याय से ही हैं। "**विशां च वै स सबन्धूनां चान्नस्य चान्नाद्यस्य च प्रियं धाम भवति य एवं वेद**" विश का स्वामी या मुखिया विशपति कहलाता था।

उन जनों के सामूहिक निवास ग्राम कहलाने लगे और उनका मुखिया ग्रामणी। अनेक ग्राम या जनों के समूह को जनपद कहा जाने लगा। जनपद के शासक को राजा कहा जाता था। डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार के अनुसार

"राजनीतिक रूप से संगठित जन या विशः की राष्ट्र संज्ञा थी" (प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था और राजशास्त्र–पृ० ३५)। परन्तु यह कथन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युक्ति युक्त प्रतीत नहीं होता, क्योंकि वैदिक संहिताओं में जहाँ राष्ट्र शब्द का प्रयोग हुआ है वहाँ कहीं भी राजनीति का संकेत भी नहीं है। राजनीति से राजा राज्य का तो निर्माण कर सकता है पर राष्ट्र का नहीं। इतना स्वीकार किया जा सकता है कि राज्य से आगे की स्थिति राष्ट्र की है।

राष्ट्र का आधार धर्म है और धर्म का अर्थ है कर्त्तव्य। महाभारत शान्तिपर्व ५९।१२० में कहा गया है—परमैश्वर्यवान् धर्मात्मा राजा हमें सुख प्रदान करता है इसलिए पाप हमारे पीछे नहीं लाता और कल्याण हमारे सम्मुख रहता है। मनुस्मृति साक्षी है कि "जिस राजा के राज्य में चोर, व्यभिचारी दुष्ट वाक्य बोलने वाले, डाकू दण्ड को न मानने वाला नहीं है वही राजा इन्द्र के समान राज्य करता है

यस्य स्तेनः पुरे नास्ति नान्यस्त्रीगो न दुष्ट वाक्।
न साहसिकदण्डघ्नौ स राजा शक्र लोकभाक्॥

यह कथन कल्पनामात्र इसलिए प्रतीत नहीं होता क्योंकि छान्दोग्यउपनिषद् का अश्वपति इसे सगर्व कहने का साहस करता है। यजुर्वेद (२०।२५) कहता है

यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यंञ्चौ चरतः सह।
तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना।

जहाँ ब्रह्म और क्षत्र मिलकर चलते हैं तथा नित्य अग्निहोत्र होते हैं वह देश पुण्यलोक कहलाता है। हमारे ऋषियों का राष्ट्र यही पुण्य लोक है। श्रीमद् भगवद् गीता (१८।७८) के इस ब्रह्म और क्षत्र का वर्णन इन शब्दों में किया है—

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्री विजयो भूति ध्रुवा नीति र्मतिर्मम॥

अथर्ववेद (१२।५ (२) ८) में इस बात इन शब्दों में कहा है -
ब्रह्म च क्षत्रं च राष्ट्रं च विशश्च त्विषिश्च यशवश्च वर्चश्च द्रविणं च॥

शतपथ ब्राह्मण की भावनाओं के अनुरूप राष्ट्र की कल्पना बहुत विशाल है **राष्ट्रं वै अश्वमेधः तस्माद्राष्ट्री अश्वमेधेन यजेत, अश्वमेधयाजी सर्वदिशोऽभिजयति।** राष्ट्र को स्पष्ट करते हुए कहा है **अश्वं वै राष्ट्रम्।** अशूङ् व्याप्तौ धातु से बना अश्व शब्द राष्ट्र का प्रतीक है अर्थात् राष्ट्र की सीमाएँ व्यापक होनी चाहिये। ये विस्तृत सीमाएँ व्यर्थ हैं यदि इनमें मनुष्य

निवास नहीं करते। जहाँ मनुष्य निवास करते हैं वहीं राष्ट्र की भावना उत्पन्न हो सकती है। आचार्य चाणक्य कहते हैं **"पुरुष वृद्धि राज्यम्" "अपुरुषागौर्वन्ध्येतर्तिक दुहीत"** राष्ट्र का मूलाधार पुरुषों पर है पुरुषहीन भूमि बन्ध्या गौ की भाँति कुछ भी फल देने में असमर्थ है। **जनपदः सर्व कर्मणां योनिः** (कौ० अर्थ ७।१४।३२) राष्ट्रों में भी श्रेष्ठ राष्ट्र वह है जहाँ प्रजा सुखी एवं सम्पन्न है इस बात को अथर्ववेद के शब्दो में हम इस प्रकार कह सकते हैं **उत्तरं राष्ट्रं प्रजया उत्तरा वद्** ॥१२।३।१०

अथर्ववेद कहता है कि ऋत, सत्य, तप, श्रम, धर्म, कर्म, भूत, भविष्य, समृद्धि, ओज, संकल्प, क्षत्र और छहों दिशायें ये सभी राष्ट्र को राष्ट्र बनाने का कारण बनती हैं। अतः हम जहाँ कहीं भी रहें चाहे ग्राम हो या वन, मनुष्योंकी चिन्तनमयी सभाएँ हों या संग्राम भूमि सर्वदा ही राष्ट्र के लिए हम उत्तम शब्दों का प्रयोग करें, कभी अपशब्द न कहें, न ही दुर्भावना को पनपने दें। (**तेषु चारु वदेम ते,** अथर्व० १२।१।५६)। राष्ट्र में रहने वाले, अनेक प्रकार के कामों को करने वाले, भिन्न-भिन्न भाषाओं को बोलने वाले मनुष्य इस राष्ट्र में वैसे ही प्रेमपूर्वक निवास करें जैसे एक घर में रहने वाले सभी सदस्य विभिन्न कर्म करते हुए रहते हैं (**विवाचसं नाना धर्माणम् पृथिवीं यथौकसम्**। अथर्व० १२।१।४५)। जब नागरिक अपनी राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत होते हैं तो उनके संकल्प के सम्मुख विश्व की कोई भी बाधा टिक नहीं पाती है। विश्व युद्ध के दौरान रीढ़ टूट जाने पर भी जो जापान आज विश्व पर हावी है यह इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। वेद कहता है कि **अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्** राष्ट्र की विभिन्न शक्तियाँ हमें धन-धान्य से समृद्ध करने वाली हों। न केवल धन-धान्य अपितु यह राष्ट्र अपने नागरिकों को अक्षय बल, तेज एवं तीक्ष्णता भी प्रदान कर देता है **त्विषि बलं राष्ट्रं दधातूत्तमे**। (अथर्व० १२।१।८) और इससे स्वयं वर्चस्वी तेजस्वी हो जाता है।

राष्ट्र को राष्ट्र बनाये रखना या उसे आगे बढ़ाना सरल कार्य नहीं है। उसके लिए निरालस होकर सदा जागरुक रहना होता है, खुली आँखों से ही सोना होता है। किसी ने कहा है 'उस देश की सीमाओं को कोई छू नहीं सकता, जिस देश की सीमाओं की निगहवान हैं (आँखें)। इसी बात को वेद कहता है **वयं राष्ट्रे जागृयामः पुरोहिताः** यह राष्ट्र की मार्गदर्शक

पंक्ति जाग रही है। एक स्थान पर विश्वामित्र ऋषि कहते हैं। हे ! भारती प्रजा तू निश्चिन्त रह तेरी रक्षा के लिए यह विश्वामित्र जाग रहा है। (?)

ऋषि ब्रह्मा कहते हैं—कल्याण की कामना करने वाले, सुख के रहस्य को जानने वाले ऋषियों ने तप और दीक्षापूर्वक व्रत ग्रहण किया तब जाकर यह राष्ट्र अपने बल और ओज के साथ प्रादुर्भूत हुआ है इसलिए इस राष्ट्र के प्रति सभी देवों को भी नमन करना चाहिये इसकी वन्दना करनी चाहिये।

भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदस्तपो दीक्षामुपनिषेदुरग्रे।
ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातं तदस्मै देवा उपसंनमन्तु ॥

अथर्व० १९।४१।१

अथर्ववेद का १२वें काण्ड का प्रथम सूक्त तो वस्तुतः ऐसा राष्ट्र गीत है जिसे विश्व का प्रत्येक नागरिक अपने राष्ट्र के लिए गा सकता है। वह काल, दिशा और स्थान के बचन से बहुत ऊपर है। विश्व के सम्पूर्ण मानव उसे अपना सकते हैं। यदि इतना विस्तृत गीत हमें पसन्द न हो तो यजुर्वेद २२।२२ की राष्ट्रीय प्रार्थना "**आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्म वर्चसी जायतामाराष्ट्रे राजन्यः शूरइशव्योऽति व्याधी**..." तो पढ़ा जा सकता है।

इस सम्पूर्ण लेख में राष्ट्र की उत्पत्ति के प्रारम्भिक बिन्दु से लेकर उसके उदात्त स्वरूप का दर्शन, संहिताओं के परिप्रेक्ष्य में कराने का प्रयास किया गया है अतः वेद के सिद्धान्तों में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति राष्ट्र या मातृभूमि के लिये डायन जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं कर सकता। अतः राष्ट्र की स्थिरता के लिए वैदिक सिद्धान्तों का ज्ञान एवं इसकी प्रतिष्ठा आवश्यक है। तभी हम उन पाश्चात्त्य विद्वानों को भी निरुत्तर कर सकेंगे।

प्रोफेसर—वेद विभाग,
गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वेदों में मातृभूमि की कल्पना

डॉ० श्री कृष्ण कुमार

वेदों में सभी सत्य विद्यायें निहित हैं। उनमें आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक विद्यायें हैं। इसीलिये वैदिक मन्त्रों के तीन प्रकार के अर्थ– आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक कहे जाते हैं। इन मन्त्रों के अर्थों के द्वारा मनष्य सभी प्रकार के पदार्थों को जान सकता है।

अन्य अर्थों के साथ वेदों में राष्ट्र की कल्पना भी की गई है। जिस भूमि पर जो मनुष्य या जाति निवास करती है, और जहाँ उन मनुष्यों ने जन्म लिया है, वह उनकी मातृभूमि है। वह उनका राष्ट्र है। उस भूमि-खण्ड की रक्षा करना, उसको सब प्रकार से समुन्नत और समृद्ध करना, वहाँ सुशासन की स्थापना करना उस भूमि के निवासियों का परम कर्त्तव्य है। उस राष्ट्रीय भावना के विकास ने ही मनुष्यों में देश-भक्ति और देश-प्रेम की भावना को जन्म दिया। उनके हृदयों में मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राणों का भी उत्सर्ग करने की भावना प्रज्वलित की।

अपनी जन्मभूमि में मातृत्व की कल्पना ऋग्वेद तथा अन्य वेदों में की गई है। उत्तरवर्ती काल में जननी और जन्मभूमि में एकत्व की भावना का औैर उसके प्रति आदरणीय भावना का विकास कवियों ने उज्ज्वल रूप से प्रकट किया था। इसी भावना के वशीभूत होकर आदि कवि वाल्मीकि ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के मुख से कहलवाया—

हे लक्ष्मण! लंका स्वर्णमयी है, परन्तु मुझको उतनी अच्छी नहीं लगती। अपनी माता और जन्मभूमि स्वर्ग से भी अधिक गौरव को धारण करती है।[1]

वेदों में मातृभूमि की कल्पना अति विकसित रूप में दृष्टिगोचर होती है। अथर्ववेद में कहा गया है—

यह भूमि मेरी माता है और मैं पृथिवी का पुत्र हूँ।[2]

पूर्ण विकसित राज्य वह है, जिसमें शिष्ट, बुद्धिमान् और परस्पर

संगठित जन-समुदाय निवास करता है और उसकी अपनी कोई स्थिर भूमि होती है। जब तक किसी का कोई अपना देश न हो और उसको वह अपनी मातृभूमि न समझता हो, तब तक वह उसकी उन्नति और रक्षा के लिये कोई प्रयत्न करना आवश्यक नहीं समझता। उस भूमि को मातृभूमि समझने का अभिप्राय है कि वह अपनी जन्मदात्री भूमि की रक्षा के लिए उसी प्रकार तत्पर और सचेष्ट रहता है, जिस प्रकार अपनी जन्मदात्री माता की रक्षा के लिए रहता है। जिस प्रकार अपनी माता को प्रत्येक गुण-दोष के साथ अपना समझता है, उसी प्रकार मातृभूमि को अपना मानता है। वह अपने समस्त देशवासियों के प्रति भ्रातृ-भाव को धारण करता हुआ उनके साथ एकमन होता है।

यह तथ्य सत्य और निर्भ्रान्त है कि जब तक कोई व्यक्ति किसी देश के साथ, मातृभूमि के साथ, राष्ट्र के साथ आत्मीयता की भावना का अनुभव नहीं करता, तब तक उस देश के प्रति उसकी निष्ठा नहीं होगी और उस भूमि की रक्षा के लिए वह प्राणों का उत्सर्ग नहीं कर सकता। अथर्ववेद के अनेक मन्त्रों में भूमि को माता तथा अपने को उस भूमि की सन्तान समझने की भावना परिपुष्ट हुई है। यथा—

वह मातृभूमि मुझ पुत्र के लिए दूध आदि पुष्टिकर पदार्थों को उत्पन्न करे।[3]

इस लोक में योग्य सामग्रियाँ और रक्षा के साधन गुहाओं में छिपे रहते हैं। उनके लिये प्रकट होते हैं तथा उपलब्ध होते हैं, जो भूमि को अपनी माता समझते हैं।[4]

इस मातृभूमि पर मनुष्य उत्पन्न होते हैं और इसी पर विचरण करते हैं।[5]

हे मातृभूमि ! तुम पर जो ग्राम हैं, जो वन हैं, जो सभायें हैं, जो संग्राम हैं, जो समितियाँ हैं, हम उसके लिये उत्तम वचन बोलते हैं।[6]

वैदिक संहिताओं में भूमि को मात्र मिट्टी और पत्थर का भूखण्ड न मानकर उसमें उस माता की कल्पना है, जो अपने बालकों को तेज और बल प्रदान करती है—

वह भूमि हमारे तेज में शक्ति को और उत्तम राष्ट्र में बल को धारण करावे।[7]

वैदिक संहिताओं के अनुसार इन्द्र इस राष्ट्र का मातृभूमि का

सम्राट् है। उसने उसको शत्रुओं से रहित कर दिया है, जिससे कि सभी प्रजाजन सुखी एवं समृद्ध हों।[8]

राष्ट्र के, मातृभूमि के रक्षक सैनिकों को वेदों में मरुत् नाम दिया गया है। ये अति प्रचण्ड हैं तथा इस भूमि को अपनी माता समझते हैं। वे अपने सेनापति इन्द्र के नेतृत्व में युद्ध करके शत्रुओं का वध करते हैं।[9]

वेदों में स्थान-स्थान पर भूमि को, पृथिवी को माता की संज्ञा दी गई है। उसमें मातृभाव की कल्पना की भावना है। यजुर्वेद का कथन है— मातृभूमि को नमस्कार है, मातृभूमि के प्रति हम नमन करते हैं।[10]

यह तथ्य प्रतिपादित है कि वैदिक संहिताओं ने उस भूमि में राष्ट्रीय भावना का प्रतिपादन किया था और उसके सभी निवासियों से भ्रातृत्व की अवधारणा को पुष्ट किया था। यह विचारधारा इतनी संकीर्ण नहीं थी कि भूमि को छोटे-छोटे खण्डों में बाँट दिया जावे। वैदिक ऋषियों ने विशाल राष्ट्र की कल्पना की थी. जिसका शासन सम्राट् द्वारा किया जाता है। इसको इन ऋषियों ने इन्द्र पद से अभिहित किया था। ऋषियों ने वस्तुतः संकुचित भावना का परित्याग करके सम्पूर्ण धरित्री को ही एक राष्ट्र मानकर सम्पूर्ण पृथिवी में मातृत्व कल्पना की। यही कारण था कि उन्होंने पृथिवी के सभी निवासियों में वर्गभेद का परित्याग कर परस्पर भ्रातृभाव को सम्पादित किया था।

भूमि में मातृत्व की कल्पना ही वर्गरहित समाज की संरचना का आधार है। इस भूमि पर रहने वाले सभी मनुष्य परस्पर स्नेह से मिल-जुल कर एक परिवार के सदस्यों के समान रहते हैं।

यह ठीक है कि वैदिक समाज में आर्य और आर्येतर जातियों का उल्लेख है। उसमें वर्ण व्यवस्था का भी प्रतिपादन है। परन्तु यह जातिभेद या वर्णव्यवस्था मनुष्यों को वर्गों में विभाजित नहीं करती, जो एक-दूसरे के प्रति परायेपन का या द्वेषपूर्ण व्यवहार का या असहिष्णता का प्रतिपादन करें। यह वर्णव्यवस्था तो समाज के और राष्ट्र के कार्यों को सम्यक् रूप से संचालन के लिये संचालित की गई थी। समाज और राष्ट्र के कार्यों को चार विभागों में विभक्त किया जा सकता है—(१) बौद्धिक कार्य. (२) रक्षात्मक और प्रशासनात्मक कार्य, (३) वस्तुओं का उत्पादन और धनोपार्जन, (४) सेवा के कार्य। इन कार्यों के लिये चार वर्णों का प्रतिपादन

हुआ और ये कार्य क्रमशः ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र को दिये गये। अपने सामर्थ्य और रुचि के अनुसार कोई भी व्यक्ति किसी कार्य को चुन (वरण) सकता था। एक ही परिवार में कोई व्यक्ति ब्राह्मण, दूसरा क्षत्रिय, तीसरा वैश्य और चौथा शूद्र हो सकता था। यही कारण है कि वेदों में चारों वर्णों के लिए एक साथ समृद्धि और प्रेम के व्यवहार की कल्पना है। यजुर्वेद का कथन है—

हे परमात्मन्! आप ब्राह्मणों के प्रति प्रेम का व्यवहार कीजिये, क्षत्रियों के प्रति प्रेम का व्यवहार कीजिये, वैश्यों के प्रति प्रेम का व्यवहार कीजिये और शूद्रों के प्रति प्रेम का व्यवहार कीजिये। हमारे अन्दर उस स्नेह को धारण कराइये कि हम सभी के प्रति प्रेम का व्यवहार करें।[11]

उत्तरवर्त्ती काल में महाभारत युग तक वेदों के इस आदर्श का पालन रहा, जबकि 'भगवद्गीता' में कृष्ण उपदेश देते हैं कि चातुर्वर्ण्य की रचना गुण-कर्म के स्वभाव से हुई है।[12]

यदि राष्ट्र में इस प्रकार का व्यवहार है, तो कोई कारण नहीं है कि परस्पर वर्गगत भेदभाव या विद्वेष की भावना उत्पन्न हो। ऊपर की प्रार्थना करने पर परमेश्वर निर्देश देते हैं—

हे प्रजाजनों! मैं तुम्हारे हृदयों में परस्पर सामंजस्य की और अविद्वेष की भावना को सम्भृत करता हूँ। तुम एक दूसरे के प्रति इस प्रकार का व्यवहार करो, इस प्रकार से परस्पर प्रेम करो, जिस प्रकार गौ अपने नवजात बछड़े से करती है।[43]

वैदिक ऋषियों ने राष्ट्र की उन्नति और रक्षा के लिए वर्णों के परस्पर सहयोग की भावना पर बहुत बल दिया है। राष्ट्र की उन्नति के लिए विशेष रूप से ब्राह्म बल और क्षात्रबल के सहयोग की, समन्वय से कार्य करने की अत्यधिक आवश्यकता है। वेदों में सामान्य प्रजा के लिए विश पद का प्रयोग किया गया है। अतः सभी प्रजाजनों का सहयोग राष्ट्र के लिए होता ही है। उत्तरवर्ती कवियों ने राष्ट्र की उन्नति के लिए ब्रह्म और क्षत्र के सहयोग को अनिवार्य माना है। यजुर्वेद का कथन है—

जहाँ ब्राह्मण जन और क्षत्रिय जन उचित प्रकार का आचरण करते हुए एक साथ मिलकर चलते हैं, और जहाँ के देव विद्वज्जन अग्नि के साथ, अपने तेज के साथ विद्यमान रहते हैं, उस पवित्र देश को पुण्यशाली और ज्ञान से सम्पन्न मानना चाहिये।[14]

वैदिक संहिताओं में राष्ट्र की अभ्युन्नति के लिए भूमि में मातृ भावना को ऋषियों ने सबसे अधिक महत्त्व दिया था। मातृभूमि की भावना को और राष्ट्र के प्रति समर्पित होने को उन्होंने यज्ञ का नाम दिया। जन सामान्य का चरित्र यज्ञीय भावना से ओत-प्रोत होने पर ही राष्ट्र की और उसमें रहने वाले प्रजाजनों की उन्नति हो सकती है। जब मातृभूमि की भावना से ओत-प्रोत होकर हम भूमि की वन्दना करते हैं तो वह मातृभूमि हमको बढ़ाती है। हमारी सब प्रकार से उन्नति करती है।[15] यदि हम अपनी उन्नति चाहते हैं, तो हम इस भूमि को मातृभूमि समझें और इसके प्रति भक्ति भाव रखते हुए भूमि को माता समझते हुए सबको उसका पुत्र समझ कर भ्रातृभाव रखें।

वर्तमान समय में राष्ट्रीय भावना अति संकुचित होती जा रही है और जातिवाद ने इस देश की संस्कृति और सभ्यता को अपना शिकार बना लिया है। जाति-भेद तथा जाति-विद्वेष के साथ क्षेत्रवाद की समस्या भी भीषण है। परन्तु इसकी चिकित्सा केवल वैदिक आदर्शों का पालन करने से ही हो सकती है। यदि इस देश के सब निवासी इस राष्ट्र-भूमि को अपनी माता समझ लें और यहाँ के सम्पूर्ण निवासियों को उस मातृभूमि का पुत्र समझें तभी परस्पर भ्रातृ-भाव की और अपनत्व की भावना विकसित होकर यह देश पुनः सम्पूर्ण संसार का गौरव एवं शिरोमणि हो सके। तभी हमारा वैदिक स्वप्न सार्थक होगा—

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

हम सारे संसार को आर्य बनावें।

सन्दर्भ

१. अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥ रामायण-लंकाकाण्ड

२. माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। अथर्ववेद १२।१।१२

३. सा नो भूमिर्विसृजतां माता पुत्राय मे पयः। अथर्ववेद १२।१।१८

४. भूमे मातर्निधेहि मा भद्रया सुप्रतिष्ठितम्। अथर्ववेद १२।१।६३

५. भुजिष्यं पात्रं निहितं गुहा यदाविर्भोगे अभवन्मातृवद्भ्यः। अथर्ववेद १२।१।६

६. ये ग्रामा यदरण्यं याः सभा अधिभूम्याम्।
ये संग्रामाः समितयस्तेषु चारु वदेम ते॥ अथर्ववेद १२।१।५६

७. सा नो भूमिस्त्विषिं बलं राष्ट्रे दधातूत्तमे ।। अथर्ववेद १२।१।८

८. इन्द्रो यां चक्रे आत्मनेऽमित्रां शचीपतिः । अथर्ववेद १२।१।१०

६. यूयमुग्रा मरुतः पृश्निमातर इन्द्रेण युजा प्रमृणीत शत्रून् । अथर्ववेद ५।२१।११

१०. नमो मात्रे पृथिव्यै नमो मात्रे पृथिव्याम् । यजुर्वेद ६।२२

११. रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु नस्कृधि ।
रुचं विश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचा रुचम् ।। यजुर्वेद १८।४८

१२. चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागशः । भगवद्गीता

१३. सहृदयं सांमनस्यमविद्वेषं कृणोमि वः ।
अन्यो हृदयमभि हर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या ।। अथर्ववेद ३।३०।१

१४ यत्र ब्रह्म च क्षत्रं च सम्यञ्चौ चरतः सह ।
तं लोकं यं प्रज्ञेषं यत्र देवाः सहाग्निना ।। यजुर्वेद २०।२५

१५. सा नो भूमिर्वर्धयद् वर्धमाना । अथर्व० १२।१।१३

वैदिक संहिताओं में राष्ट्रीय भावना

डॉ० महावीर

अपनी राष्ट्र की भूमि, जनसमूह, संस्कृति, सभ्यता, इतिहास, धर्म, साहित्य, कला, राजनीति जीवन-दर्शन आदि के प्रति देशवासियों के हृदयों में नैसर्गिक स्वाभिमान राष्ट्रीय भावना कही जाती है। यही वह भावना है जिसके वशीभूत होकर लोग अपने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व हँसते-हँसते न्यौछावर कर दिया करते हैं। इस उदात्त भावना के बिना कोई राष्ट्र स्वाभिमान से जीवित नहीं रह सकता। परतन्त्र राष्ट्र को स्वतन्त्र कराने के लिए अनेक वीर इसी गरिमामयी भावना से ओतप्रोत सीने पर शत्रुओं की गोली खाते हैं और गले में फाँसी का फन्दा डाल लेते हैं। जब-जब विदेशी आक्रान्ता अपनी विशाल सेनाओं द्वारा हमारे देश की स्वाधीनता को चुनौती देते हैं, तब-तब राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण वीर राष्ट्र रक्षा के लिए अपना तन, मन, धन सब कुछ समर्पित करने को उद्यत हो जाते हैं।

आदि कवि की अमर कृति रामायण, महर्षि वेद व्यास की सहनीय कृति महाभारत, कविकुल गुरु कालिदास का काव्य संसार रघुवंश आदि सब श्रेष्ठ रचनाओं में राष्ट्रियता की यह भावना भास्वर रूप में विद्यमान है।

इन सब काव्य सरिताओं में यह जो राष्ट्रियता का पीयूष प्रवाहित हो रहा है इसकी गंगोत्री है सृष्टि के प्रारम्भ में मानवमात्र के कल्याण के लिए ऋषियों के पावन अन्तःकरणों में प्रकाशित वेद-ज्ञान।

हमें सर्वप्रथम वैदिक ऋषियों की वाणी में राष्ट्रियता का गौरव गान सुनायी देता है। विश्व को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का राजमार्ग प्रदर्शित करने वाले वेदों में यत्र तत्र सर्वत्र राष्ट्रियता का स्वर मुखरित हो रहा है। परन्तु लौकिक कविओं की कृतियों में अभिव्यञ्जित राष्ट्रियता में तथा वैदिक संहिताओं में अभिव्यक्त राष्ट्रियता में एक मौलिक अन्तर यह है कि लौकिक कवियों का राष्ट्र-प्रेम अपने-अपने राज्यों अथवा देशों

और स्वदेशीय प्रजा के कल्याण तक सीमित है, जबकि वैदिक संहिताओं का राष्ट्र-प्रेम सम्पूर्ण वसुधा को और प्राणिमात्र को अपने आँचल में समेटे हुए है। **यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्** की व्यापक दृष्टि नही वेदों में सर्वत्र परिलक्षित होती है। भारतवर्षीय महाकवियों की राष्ट्रीय चेतना केवल भारववर्ष तक जापानियों की जापान तक, अमेरिकन कवियों की अमेरिका तक सीमित है। किन्तु वेदों में निगदित राष्ट्रियता प्रत्येक देशवासी को समान रूप से प्रेरित करती है, अपनी-अपनी मातृभूमि की रक्षा में सर्वस्व समर्पण का सन्देश देती है।

वेदों में अनेक स्थानों पर अपनी मातृभूमि की मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की गई है। जिसे पढ़कर या सुनकर प्रत्येक देशवासी के हृदय में अपने देश के लिये गौरव का भाव पनपता है। वैदिक ऋषि अपनी मातृभूमि के वन-पर्वत-सरित्-सागर आदि के सौन्दर्य पर मुग्ध हैं, वहाँ निवास करने वाली प्रथाओं के साँस्कृतिक जीवन पर भी वे मुग्ध हैं। भिन्न-भिन्न भाषा-भाषी, भिन्न-भिन्न प्रकार की वेषभूषा धारण करने वाले लोगोंको देखकर उसका मनमयूर प्रसन्नता से नृत्य करने लगता है। अथर्ववेद का पृथिवी सूक्त इस दृष्टि से सम्पूर्ण विश्व साहित्य में अनुपम है। इस सूक्त में राष्ट्र-प्रेम की ऐसी धारा प्रवाहित हो रही है जिसमें अवगाहन कर रोम-रोम राष्ट्रियता में हिलोरे लेने लगता है। अथर्ववेद का ऋषि अपनी जन्मभूमि के प्रति दिव्य भावों के स्फुरण के लिए कहता है—यही वह भूमि है जिसमें हमारे पूर्वजों ने नाना प्रकार के महान् कार्य किये। यहीं पर देवों ने असुरों को पराजित किया। यहीं गौ आदि अमृत तुल्य दुग्ध प्रदान करने वाले तथा द्रुतगति से दौड़ने वाले अश्वादि पशुओं का और मुक्त गगन में उड़ने वाले पक्षियों का सुन्दर निवास है। ऐसी यह मातृभूमि हमें तेज और ऐश्वर्य से परिपूर्ण कर दे—

यस्यां पूर्वे पूर्वजना विचक्रिरे यस्याँ देवा असुरानभ्यवर्तयन्।
गवामश्वानां वयसश्च विष्ठा भगं वर्चः पृथिवी वो दधातु॥

अथर्व० १२।१।५

यह मातृभूमि कितनी श्रेष्ठ है जिसकी रक्षा देवों के समान कुशल विद्वान् राजा और प्रजा सदैव जागरुक रहकर बिना प्रमाद के करते हैं।

यां रक्षन्त्यस्वप्ना विश्वदानींदेवा भूमिं पृथिवीमप्रमादम् ।
अथर्व० १२।१।७

सम्पूर्ण विश्व में स्वर्णाक्षरों में अंकित किये जाने योग्य वह वाक्य जिसके प्रत्येक वर्ण में देश-प्रेम का ज्वालामुखी छिपा हुआ है, इसी पृथ्वी सूक्त में है—

माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः । पर्जन्य पिता स उ नः पिपर्तु ।
अथर्व० १२।१।१२

भूमि को माता कहकर पुकारना और पर्जन्य अर्थात् मेघ को पिता कहकर सम्मानित करना क्या यह नहीं दर्शाता कि देश की सम्पूर्ण समृद्धि अथवा अर्थनीति वर्षा पर अर्थात वर्षा पर आश्रित कृषि पर निर्भर नहीं है ? आज जो हमारे राष्ट्र में कृषि की महत्ता पर बड़े-बड़े सेमिनार हो रहे हैं, कृषि नीति तैयार की जा रही है उसका सूत्ररूप वेदों में विद्यमान है। यह मातृभूमि सब को उत्पन्न करने वाली सब प्रकार के अन्न औषधिओं की माता, स्थिररूपा सब को आश्रय देने वाली, धर्म से धारण की हुई, कल्याण कारिणी और सुखदात्री है, ऐसी इस मातृभूमि की सेवा हम सदा करते रहें—

विश्वस्वं मातरमोषधीनां ध्रुवां भूमिं पृथिवीं धर्मणा धृताम् ।
शिवां स्योनामनुचरेम विश्वहा ॥ अथर्व० १२।१।१७

भूमि सूक्त में भावप्रवण प्रार्थना करते हुए निवेदन किया गया है— हे मातृभूमि ! तुम से जो ग्रन्थ उत्पन्न हो रहा है, जिस गन्ध को औषधियाँ धारण करती हैं, जिसको जल धारण कर रहे हैं, जिसको सुन्दर युवक और युवतियाँ प्राप्त कर रही हैं, उस अपने गन्ध से मुझको भी सुन्दर गन्ध वाला बना दे। और कोई भी हमसे द्वेष न करे।

यस्ते गन्धः पृथिवी संबभूव यं बिभ्रत्योषधयो यमापः ।
यं गन्धर्वा अप्सरश्च भेजिरे तेन मा सुरभिं कृणु ।
मा नो द्विक्षत कश्चन ॥ अथर्व० १२।१।२३

हमारे राष्ट्र की यह भूमि स्थूल रूप से देखने पर केवल शिलाओं, पत्थरों और धूल मिट्टी का ढेर प्रतीत होती है किन्तु राष्ट्रवासियों द्वारा सम्यक् प्रकार से धारण किये जाने पर इसे प्राणों से भी प्रिय समझ लेने पर यही धरती राष्ट्रवासियों को आश्रय देने वाली मातृभूमि बन जाती है

और हम सब को धारण कर लेती है। इस माँ के वक्षःस्थल में हिरण्यादि पदार्थ छिपे हुए हैं। यह अपने भक्तों को इन सुवर्णादि से परिपूर्ण कर देती है, ऐसी मातृभूमि को हम नमन करते हैं।

शिला भूमिरश्मा पांसुः सा भूमिः सन्धृता धृता।
तस्यै हिरण्यवक्षसे पृथिव्या अकरं नमः॥ अथर्व० १२।१।२६

ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, वसन्त, हेमन्त और शिशिर में ऋतुयें इसकी शोभा बढ़ाती हैं। इसी भूमि पर यजुर्वेदी विद्वान् यज्ञीय स्तूपों का निर्माण करते हैं, ब्राह्मण ऋग्वेद के मन्त्रों एवं सामवेद के मधुर गान से परमात्मा की अर्चना करते हैं। इसी भूमि में हम मानव गाते हैं, नाचते हैं। योद्धा युद्ध करते हैं, शोर मचाते हैं, दुन्दुभि बजाते हैं, ऐसी यह पृथिवी माता हमारे शत्रुओं को मार भगावे और हमें शत्रुरहित कर देवे—

यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्या व्यैलबाः।
युध्यन्ते यस्यामाक्रन्दो यस्यां वदति दुन्दुभिः।
सा नो भूमिः प्रणुदतां सपत्नानसपत्नं मा पृथिवी कृणोतु॥

अथर्व० १२।१।४१

अथर्ववेद के अतिरिक्त ऋग्वेद, यजुर्वेद में राष्ट्रियता के दिव्य भाव हृदय आनन्द विभोर कर देते हैं।

एक देश में जन्म लेने वाले हम सब देशवासियों में एक रागात्मक सुदृढ़ बन्धुता का उदय होता है, जिससे प्रेरित होकर हम लोग छोटे-बड़े (ज्येष्ठत्व, कनिष्ठत्व) का भेदभाव भूलकर और सबको एक ही धरती माता की गोद से उत्पन्न हुआ (पृश्नि मातरः) मानकर अपनी मातृभूमि के विकास एवं रक्षा में पूर्ण शक्ति से लगने में ही गौरव अनुभव करते हैं।

अज्येष्ठासो अकनिष्ठास एते सं भ्रातरो वावृधुः सौभगाय।

ऋग्वेद० ५।६०।५

वैदिक संहिताओं में मातृभूमि की रमणीयता, सम्पन्नता तथा उपयोगिता का वर्णन करके देशवासियों की मनोभूमि में अपनी जन्मभूमि के प्रति आत्मगौरवपूर्ण ममता के बीच बोए हैं। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में मातृभूमि का स्थान बहुत ऊँचा है। वे इसे स्वर्ग और अन्तरिक्ष, माता और पिता तथा साक्षात् देवता मानते हैं उन्हें समाज के पाँचो वर्गों में इसी का रूप दृष्टिगोचर होता है। वे इसे ही अपना अतीत और अनागत समझते हैं।

वे इसके प्रति कृतज्ञ होकर इसका गुण-गान करते हैं, क्योंकि यह उनकी कल्याणकारिणी माता है, निश्चित एवं पवित्र नियमों का पालन करने वाली है, विपुलशक्तिदायिनी, नित्यनूतन विशाल, सुखद एवं योगक्षेम कारिणी है। उनका विश्वास है कि सुदृढ़ एवं सुरक्षित नौका पर चढ़कर लोग जिस प्रकार दुर्गम नदी को निर्विघ्न पार कर लेते हैं, उसी प्रकार वे भी अपनी सर्वसुख सम्पन्न मातृभूमि में रहकर अपनी जीवन सरिता को आराम से पार कर लेंगे। उन्हें विश्वास है कि उनकी मातृभूमि उनका त्रिविध कल्याण अवश्य करेगी—

अदिति द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः।
विश्वे देवा अदितिः पञ्च जना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्॥
महीमू षु मातरं सुव्रतानामृतस्य पत्नीमवसे हवामहे।
तुविक्षत्रामजरन्तीमुरूचीं सुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम्॥
सुत्रामाणं पृथिवी द्यामनेहसं सुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम्।
दैवीं नावं स्वरित्रामनागसो अस्रवन्तीमारूहेमा स्वस्तये॥
वाजस्य नु प्रसवे मातरं महीमदितिं नाम वचसा करामहे।
यस्या उपस्थ उर्वन्तरिक्षं सा नः शर्म त्रिवरूथं नियच्छात्॥

अथर्व० ७।६।१–४

कोषकारों ने अदिति शब्द का अर्थ अदिति पृथिवी भी किया हैं।[1]

अनेक पाश्चात्य चिन्तकों तथा उनके अनुगामी भारतीय राजनीति शास्त्र के लेखकों का विचार है कि राष्ट्र अथवा राष्ट्रीयता भारत को पश्चिम की देन है, किन्तु वैदिक संहिताओं का अध्ययन करने पर यह धारणा सर्वथा भ्रान्त एवं मिथ्या प्रतीत होती है। वेदों में राष्ट्र की परिकल्पना स्पष्ट रूप से उपलब्ध होती है। राष्ट्र शब्द वेद के अनेक मन्त्रों में प्राप्त होता है। राष्ट्र के सर्वविध कल्याण के लिए राष्ट्र प्राप्ति यज्ञ का वर्णन यजुर्वेद के ९, १० अध्याय में विस्तार से किया गया है।

यहाँ तक कि विवाह संस्कार के अवसर पर भी राष्ट्रभृत् यज्ञ का विधान किया गया है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के १३३वें सूक्त में ऋषियों

---

१. (क) वामन शिवराम आप्टे—संस्कृत हिन्दी कोष पृ० २२
(ख) एम० एम० विलियम, संस्कृत इंगलिश डिक्शनरी पृ० १८

द्वारा राष्ट्रनायकों से यह अपेक्षा की गई है, कि वे दृढ़ता एवं स्थिरता से अपने राष्ट्र की रक्षा करें और प्रजाजनों की श्रद्धा प्राप्त करें। राष्ट्र रक्षा के लिए राष्ट्रनायक अपने कुल पुरोहितों से प्रार्थना करते थे कि युद्धभूमि में विजयश्री प्रदान कराने वाली अभीवर्त्त नामक मणि को वे उनकी भुजा में बाँधें, ताकि उसके प्रभाव से वे अपने राष्ट्र के आक्रामक शत्रुओं को पराजित कर सकें और अपने राष्ट्र को समृद्ध कर सकें।[1]

यजुर्वेद में एक महान्, सम्पन्न आनन्द एवं ऐश्वर्य से परिपूर्ण राष्ट्र की कल्पना करते हुए प्रार्थना की गई है वह स्वर्णाक्षरों में अंकित करने योग्य है।[2] राष्ट्र की समृद्धि के लिये इससे उत्तम प्रार्थना हो ही नहीं सकती।

नव दम्पती को आशीर्वाद देते समय भी वेद उन्हें अपने राष्ट्र का स्मरण कराता है। वर-वधु को राष्ट्र की समृद्धि करते हुए अपनी समृद्धि करते रहने का आशीर्वाद दिया गया है—

अभि वर्धतां पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम् ।
रय्या सहस्रवर्चसेमौ स्तामनुपक्षितौ ।। अथर्व० ६।७८।२

ऋग्वेद में राष्ट्रनायक को पाञ्चजन्य कहा गया है। इसका भाव यह है— समाज के पाँचों प्रकार के जनों का अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद जाति के जनों का अर्थात् समाज के समस्त प्रकार के जनों का हित करने वाला। राष्ट्रनायक से यह भी आशा की गई है कि वह बिना किसी संकोच के समाज के पाँचों ही प्रकार के जनों के घरों में जाया करें।

यः पञ्चचर्षणीरभि निषसाद दमे दमे । कविर्गृहपतिर्युवा ।
ऋ० ७।१५।२

स वज्रभृद्दस्युहा भीम उग्रः सहस्र चेताः शतनीथ ऋभ्वा ।
चम्रीषो न शवसा पाञ्चजन्यो मरुत्वान्नो भवत्विन्द्र ऊती ।।
ऋ० १।१०।१२

ऋग्वेद की समाप्ति जिस संगठन सूक्त से होती है उसमें राष्ट्रवासियों को संगठित होकर राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने का उपदेश दिया गया है। हम

---

१. ऋ० १०।१७४ सूक्त
२. यजु० २२।२१

मिलकर चलें, मिलकर बोलें, मिल जुलकर ज्ञान प्राप्त करें, हम सबके हृदय समान हो···आदि आदि··· ।

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम् ।

देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते ।। ऋ० १०।१९१

हमें वैदिक ऋचाओं में राष्ट्र की सरिताओं में, पर्वतों वनों आदि के प्रति असीम प्रेम की भावना उपलब्ध होती है । पृथिवी के समान सरिताओं के प्रति भी मातृत्व की भावना वेदों में विद्यमान है ।

या दस्रा सिन्धुमातरा मनोतरा रयीणाम् । धिया देवा वसुविदा । ऋ० १।४६।२

अम्बितमे नदीतमे देवितमे सरस्वति ।

अप्रशस्ता इव स्मसि प्रशस्तिमम्ब नस्कृधि ।। ऋ० २।४१।१६

पर्वत वर्षा करते हैं, अपनी वनस्पतियों द्वारा आरोग्य प्रदान करके मनुष्यों का कल्याण करते हैं—

शृण्वन्तु नो वृषणः पर्वतासो ध्रुवक्षेमास इलयया मदन्तः ।

आदित्यैर्नो अदितिः शृणोतु यच्छन्तु नो मरुतः शर्म भद्रम् ।। ऋ० ३।५४।२०

इन सबसे बढ़कर ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के स्वराज्य सूक्त में राष्ट्रीयता और स्वराज्य प्राप्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है । १६ ऋचाओं में स्वराज्य के जो गीत गाये गये हैं उन्हें सुन कर मृतप्रायः शरीर में भी नवजीवन का संचार हो सकता है ।

राष्ट्रनायकों को देश की रक्षा किस प्रकार करनी चाहिये इस विषय को प्रतिपादित करने वाली सैकड़ों ऋचायें वेदों में विद्यमान हैं । अनेको प्रकार के अस्त्र. शस्त्रों का वर्णन राष्ट्र को सुदृढ़ता एवं अपराजेयता की ओर स्पष्ट संकेत करता है ।

वेदों की अनेक ऋचाओं में इला (मातृभूमि) सरस्वती (मातृसंस्कृति) और अपनी मही किं वा भारती (मातृभाषा) के प्रति आदर प्रकट किया गया है, जो राष्ट्र की एकता का संवाहक है—

इला सरस्वती मही तिस्रो देवीर्मयोभुवः ।

बर्हिः सीदन्त्वस्रिधः । ऋ० ५।५।८

ऋषियों ने समग्र राष्ट्र को एक राष्ट्रदेवी के रूप में परिकल्पना की है । जो अमूर्त्त राष्ट्र-शक्ति अथवा राष्ट्र-चेतना का ही मानवीकरणात्मक

मूर्त्त रूप है। ऋग्वेद के वागाम्भृणी सूक्त में और अथर्ववेद के चतुर्थ काण्ड के ३०वें सूक्त में इसका हृदयहारी वर्णन देखा जा सकता है।

राष्ट्र को समुन्नत करने के उत्तमोत्तम उपाय वेदों में बताये गये हैं। राष्ट्र मंगल कामना की प्रचुरता भी मन्त्रों में निहित है। इस ब्रह्माण्ड के समस्त देवों प्राकृतिक एवं वैकृतिक तत्त्वों से विस्तारपूर्वक राष्ट्र मंगल की प्रार्थना की गई।[1] न केवल राष्ट्र मंगल अपितु अन्तर्राष्ट्रीय मंगल की कामना भी वेदों में है, जो कि राष्ट्रियता की पोषिका है। राष्ट्र-प्रेम एवं वीरता के भावों में रंगा हुआ युवा गा उठता हैं—

प्रत्युष्टं॑ रक्षः प्रत्युष्टा अरातयः निष्टप्तं॑ रक्षो निष्टप्ता अरातयः।
उर्वन्तरिक्ष मन्वेमि ॥ यजु० १।७

राक्षसों को मैंने दग्ध कर दिया है, पूर्णतया दग्ध कर दिया है, शत्रुओं को मैंने दग्ध कर दिया है। कोई राक्षस और कोई शत्रु बाकी नहीं छोड़ा है। अब मैं स्वच्छन्द आकाश में विचरण कर रहा हूँ।

बाहू मे बलमिन्द्रियं, हस्तौ मे कर्म वीर्यम्।
आत्मा क्षत्र मुरो मम। यजु० २०।७

अर्थात् मेरी भुजाओं में इन्द्र का सा बल है, हाथों में कर्म और सामर्थ्य है। मेरी आत्मा दुःखियों के दुःख दूर करने वाली और वक्षस्थल प्रहारों को सहने वाला है।

वेद के उद्बोधनों में शत्रु सेना को पराजित कर विजय प्राप्त का सन्देश, राष्ट्रियता को मुखरित करता है।

स्थिरा वः सन्त्वायुना पराणुदे वीडू उत प्रतिष्क मे।
युष्माकमस्तु तविषी पनीयसी मा मर्त्यस्य मायिनः।
ऋ० १।३९।२

हे वीरो ! सुदृढ़ होकर अपने शत्रुओं को भगा दो तथा शत्रु के प्रहार को रोक सको तुम्हारी सेना, तुम्हारा संगठन प्रशंसा के योग्य हो।

उत्तिष्ठत संनह्य मध्वमुदाराः केतुभिः सह।
सर्पा इतरजना रक्षांस्यमित्राननु धावतः ॥ अथर्व० ११।१०।१

इस प्रकार वैदिक संहिताओं में राष्ट्रियता का शाश्वत सन्देश देशवासियों को राष्ट्र-प्रेम की प्रेरणा देता रहेगा।

संस्कृत विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

१. ऋ० ७।२५ सूक्त

वैदिक संहिताओं में राष्ट्रियता

डा० श्रीनिवास मिश्र

'राज्' धातु से **व्रश्चभ्रस्जसृजमृजयजराजभ्राजच्छशांषः** (अष्टाध्यायी ८।२।३६) से राज् के ज् को मूर्धन्य ष होकर तथा उसके आगे 'ष्ट्रन' प्रत्यय लगने पर 'राष्ट्र' शब्द बनता है। 'राष्ट्रे जातः' 'राष्ट्रे भवः' 'राष्ट्रस्यायम्' आदि अर्थों में 'घ' और 'छ' प्रत्यय लगकर 'राष्ट्रिय' तथा 'राष्ट्रीय' शब्द बनते हैं। इन्हीं में भाव अर्थ में 'तल्' प्रत्यय लगाकर 'राष्ट्रियता' शब्द बनता है—जिसका अर्थ होता है—किसी देश विशेष से भावनात्मक लगाव, उसके प्रति प्रेम की भावना, उस देश की संस्कृति, सभ्यता, धर्म, दर्शन, तीर्थ, नदियाँ, वन, पर्वत आदि के प्रति अपनत्व, ममत्व और निष्ठा। वस्तुतः देश और राष्ट्र में मौलिक रूप से कोई अन्तर नहीं है। किन्तु व्यवहार में इनका कुछ भेद देखा जाता है। समुद्र, पर्वत एवं नदियों आदि की भौतिक सीमाओं से परिवृत भूखण्ड को 'देश' कहते हैं और वही देश जब किसी प्रशासनिक इकाई से जुड़कर भावनात्मकता का प्रतीक बन जाता है, तब उसमें स्वतन्त्रता, सार्वभौमिकता और सार्वजनीनता की भावना आ जाती है तो उसे 'राष्ट्र' कहते हैं। इस प्रकार कह सकते हैं कि यद्यपि दोनों ही शब्द लगभग पर्यायवाची हैं किन्तु 'देश' शब्द यदि 'सामान्य' है तो 'राष्ट्र' शब्द 'विशेष' अर्थ वाला है। किसी देश की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक साहित्यिक, कलात्मक, धार्मिक, बौद्धिक प्रगति और समृद्धि को उस देश की 'राष्ट्रीय समृद्धि' या 'राष्ट्रीय उन्नति' कह सकते हैं। अपने देश की स्वतन्त्रता, सार्वभौमिकता, वीरता, सब प्राणियों की सुख-कल्याणपरकता तथा सामाजिकता ही राष्ट्रीय भावना है, राष्ट्रीयता है। इंग्लैण्ड १६वीं शताब्दी में अपनी भौगोलिक सीमाओं—इंग्लिश चैनल, समुद्र आदि से आबद्ध एक देश मात्र था और उस पर स्पेन, स्काटलैण्ड, आयरलैण्ड आदि देश आक्रमण करते रहते थे। किन्तु रानी एलिजाबेथ 'प्रथम' ने सभी ड्यूकों को एकत्र

कर जब आक्रान्ता स्पेन, स्काटलैण्ड आदि पर आक्रमण किया उन्हें विजित किया और पूरे देश को एकता के सूत्र में बाँधा, उसमें स्वतन्त्रता और सार्वभौमिकता की जाग्रति पैदा की तो इंग्लैण्ड एक 'राष्ट्र' हो गया, नेशन (Nation) हो गया। लगभग यही स्थिति भारतवर्ष की भी है। मुसलमानों के आक्रमण के पूर्व, यहाँ तक कि—शक और हूणों के आक्रमण के भी पहले अर्थात् वैदिक युग में भारत केवल एक देश था। उस समय विदेशी या शत्रु आक्रान्ताओं का कोई भय न होने से परतन्त्र होने की चिन्ता नहीं थी। तब न स्वतन्त्र के गीत गाये जाते थे और न ही मातृभूमि पर मर मिटने की तमन्ना थी। साहित्य, धर्म, कला, शिक्षा, राजनीति आदि की दृष्टि से देश आरम्भिक अवस्था में था। जनसंख्या बहुत कम थी। संघर्षों का प्रायः अभाव था। राजनैतिक उथल-पुथल नहीं थी और न ही राजनैतिक चेतना। इसीलिए स्वतन्त्रता की भावना, सार्वभौमिकता, जनजागृति उस स्तर की नहीं थी जैसी कि १९वीं शताब्दी में अंग्रेजों से देश को स्वतन्त्र कराने के प्रसंग में हुई और आज भी है। अतः राष्ट्रियता की भावना का वह रूप हम वैदिक युग में नहीं देखते हैं जैसा कि गत एक शताब्दी से भारत तथा विश्व के अनेक देशों में देखने को मिलता है।

एक बात और है। वैदिक युग में भारत एक राष्ट्र के रूप में विकसित हुआ भी नहीं था। भगवान बुद्ध और तीर्थङ्कर महावीर जी तथा इनसे भी बहुत पहले से यह देश अंग, बंग, कलिंग काशी, मत्स्य, कौशल, मगध आदि सोलह जनपदों में विभक्त था। 'सभा' और 'समितियों' के माध्यम से राजा प्रजातान्त्रिक ढंग से शासन करता था। ये विभिन्न जनपदों के शासक यद्यपि एक-दूसरे पर राज्य विस्तार की दृष्टि से आक्रमण करते थे किन्तु उन्हें विदेशी नहीं समझा जाता था। उनके विरुद्ध प्रजा में जनान्दोलन नहीं होते थे।

इस पृष्ठभूमि में जब हम वैदिक राष्ट्रियता पर विचार करते हैं तो वहाँ हमें आधुनिक राष्ट्रियता जैसी भावना प्रायः नहीं मिलती है। यद्यपि ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में अनेकता 'राष्ट्र' शब्द का प्रयोग मिलता है। ऋग्वेद के दशममण्डल के १२५वें 'वाक्' सूक्त में स्वयं वाक् कहती है **'अहं राष्ट्री, संगमनी वसूनाम्'**। यद्यपि 'राष्ट्री' शब्द का अर्थ सायण ने **'सर्व-**

जगतः ईश्वरी' दिया है। शतपथ ब्राह्मण में राज्याभिषेक के अवसर का एक मन्त्र है—

इयं ते राट्···यन्वरसि यमनो ध्रुवोऽसि धरुणः।

कृष्यैत्वा, क्षेमायत्वा, रय्यैत्वा, पोषायत्वा' (शत० ब्रा० ५।२।१।२५)

इस मन्त्र में राजा को राष्ट्र समर्पित करने की बात कही गई है। अथर्ववेद में पृथिवी और राष्ट्र दोनों शब्दों का एक साथ एक मन्त्र में प्रयोग मिलता है—

दिवं च रोह पृथिवीं च रोह, राष्ट्रं च रोह, द्रविणं च रोह।

अथर्व० १३।१।३४

इसी प्रकार—

(१) परा तत् सिच्यते राष्ट्रं ब्राह्मणो यत्र जीयते।

(२) ब्राह्मणा यत्र हिंसन्ति तद् राष्ट्रं हन्ति दुच्छुना।

किन्तु राष्ट्र शब्द के आदि स्थानों पर राष्ट्र शब्द में आया है। ये सभी प्रयोग प्रायः देश, पृथिवी या राज्य पर कही है। स्वतन्त्रता की भावना से ओतप्रोत मातृभूमि की भक्ति से संवलित 'राष्ट्रियता' की ध्वनि कदाचित् इनमें नहीं है।

वैदिक संहितायें जिस भावना से ओतप्रोत हैं वह है आर्यों की राष्ट्रियता से भी अधिक गौरवमयी तत्कालीन प्राकृतिक शक्तियों की उपासना। जो शक्ति हमें ऊर्जा देती है, जीवन शक्ति का संचार करती है जो हमारी रक्षक है, जिससे हमें जीवन रूप जल प्राप्त होता है, जो औषधियों की रक्षा करती है और जो प्राण शक्ति का संचार करती है—सूर्य, अग्नि, इन्द्र, पर्जन्य, चन्द्र, वायु आदि उनकी प्रार्थना करना, स्तुति द्वारा उन्हें प्रसन्न करना तथा उनकी उपासना करना वैदिक आर्य का परम धर्म था। यही उसकी उपासना थी और यही कर्त्तव्य। द्यु-अन्तरिक्ष और पृथिवी स्थानीय सभी देवताओं की भव्य स्तुतियाँ और प्रार्थनायें न केवल उनकी भक्ति भावना की प्रतीक हैं बल्कि इन शक्तियों के प्रति उनके कृतज्ञता भाव का ज्ञापन भी द्योतित होता है। चराचर के रक्षक इन्द्र की प्रार्थना में ऋषि कहता है—

इन्द्रो यातो ऽवसितस्य राजा शमस्य च शृङ्गिणो वज्रबाहुः।
सेदु राजा क्षयति चर्षणीनामरान्न नेमिः परिता बभूव।।

ऋ० १।३२।१५

अग्नि शक्ति से कल्याण की कामना करता हुआ आर्य कहता है—

सः नः पितेव सूनवे अग्ने सूपायनो भव। सचस्वा नः स्वस्तये।।

ऋ० १।१।६

मेघों से जल की कामना करते हुए कृषक कहता है—

दिवो नो वृष्टिं वृष्टि मरुतो ररीध्वम्।
प्रथिन्वत वृष्णो अश्वस्य धारा।। ऋ० ५।८३।६

इसी प्रकार सूर्य, चन्द्र, वायु आदि अनन्त प्राकृतिक शक्तियों की प्रार्थना उपासना से ऋग्वेद भरा पड़ा है। आधुनिक परिप्रेक्ष्य में भी प्राकृतिक देवताओं से उनकी शक्ति के आह्वान से बढ़कर और क्या राष्ट्रियता हो सकती है?

अथर्ववेद के भूमि सूक्त (अथर्व० सूक्त १२) में मातृभूमि की प्रार्थना वैदिक राष्ट्रीयता की भावना का सर्वोत्कृष्ट निदर्शन है। इस सूक्त में मातृ भक्त अपने को सर्वजननी, सर्वंसरा, सहिष्णुता की साक्षात् मूर्ति, रत्नगर्भा माँ पृथिवी से प्रार्थना करता है कि भूमि ही हमारी सच्ची माँ है और हम सब उसके पुत्र हैं—**माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः**। आर्त होकर भक्त कहता है कि जिस प्रकार माता हमें निःस्वार्थ भाव से पयः पान कराती है माँ भूमि, तुम भी मुझे उसी प्रकार पोषक दूध से भर दो—

सा नो भूमि र्विसृजतां माता पुत्राय मे पयः। अनन्त नदियों, पर्वतों और समुद्रों को अपने वक्ष पर धारण करने वाली यह मातृभूमि ही हमें अन्न, धन प्राप्त कराती है, हमें जीवन देती है—'**सा नो भूमिः प्राणमायुर्द धातु**' '**मणिं' हिरण्यं पृथिवीं ददातु मे**' कदाचित् वैदिक आर्य, भूत, प्रेत पिशाचों और आन्तरिक शत्रुओं से बहुत डरता था। इसीलिए उनसे अपनी रक्षा के लिए वह भूमि से बार-बार प्रार्थना करता है—'**असपत्नं मा पृथिवी कृणोतु**' '**पिशाचान् सर्वान् रक्षांसि तानस्मद् भूमे यावयः**'। इस प्रकार भूमि सूक्त में पृथ्वी माता की स्तुति-प्रार्थना करते हुए उससे देश, समाज और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई है। अथर्ववेद का यह भूमि सूक्त भारतीय राष्ट्रियता की अद्भुत धरोहर है।

पौराणिक युग में अवतारवाद के प्रसंग में भगवान् के समक्ष अपने को आर्त, दुःखी, पतित, पापी, नीच, पापपरायण, मलिन मानते हुए और ईश्वर को सर्वशक्तिमान, समस्त पापनाशक, दुःखविनाशक, मनोवाञ्छित फल देने वाला मानते हुए उनसे प्रार्थना और भक्ति की जाती रही है। आज का अस्सी प्रतिशत हमारा समाज उसी पौराणिक संस्कृति के आधार पर जीवन जी रहा है। वैदिक काल का जीवन ऐसा नहीं था। जैसा कि पीछे कहा गया है वैदिक जीवन में प्राकृतिक शक्तियों की उपासना की प्रमुखता है। यद्यपि उस समय विदेशी शत्रुओं से कोई भय नहीं था फिर भी वैदिक आर्य मे शौर्य, वीरत्व, अदीनता, निर्भयता, साहस, स्वावलम्बन आदि-आदि भाव कूट-कूट कर भरे गये हैं—**'अदीनाः स्याम शरदः शतम्' 'जीवेम शरदः शतम्'**। शत्रुओं, राक्षसों पिशाचों से रक्षा की एवं उन्हें जीतने की प्रार्थनायें बहुत हैं। अथर्ववेद के एक मन्त्र में तो स्वातन्त्र्य युग की एक झलक सी मिलती है जब वैदिक आर्य से कहा गया है कि वह कमर कसकर, झण्डे हाथों में लेकर शत्रुओं पर धावा बोल दे—**उत्तिष्ठत संनह्यध्वमुदाराः केतुभिः सह** (अथर्व० ११।१०।१) ऋग्वेद में वर्णित एक वीर महिला का साहस देखिये जिसमें वह अपने पुत्र, पुत्री पति एवं स्वयं अपना शौर्य बताती है—

मम पुत्राः शत्रुरणो ऽथो मे दुहिता विराट्।
उताहयास्मि सञ्जया, पत्यौ मे श्लोक उत्तमः ।। ऋ० १०।१५९।३

वैदिक आर्य अपने को इतना निर्भय और साहसी बना लेता है कि वह पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं दिशाओं में स्थित अपने शत्रुओं को मार भगाने का शौर्य रखता है **'पृथिव्यास्तं निर्भजामो योऽस्मान् द्वेष्टि' 'अन्तरिक्षात्तं निर्भजायो योऽस्मान् द्वेष्टि'** इस प्रकार के शौर्य साहस और निर्भयता की यह भावना वैदिक जीवन में व्याप्त शौर्य एवं देशभक्ति की द्योतक है। राष्ट्रियता की यही विचारधारा वैदिक पुरुष को सबल और सशक्त बनाये रखती है।

समाजवाद आधुनिक राष्ट्रीय जीवन का एक प्रमुख घटक है कहते हैं—डॉ० राममनोहर लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव, डॉ० सम्पूर्णानन्द,

कर्पूरी ठाकुर, जयप्रकाश नारायण आदि नेता और विचारक अनुकरणीय समाजवादी थे। समाजवादी नेता समाजवादी विचारधारा को और साम्यवादी नेता साम्यवादी विचारधारा को अपनी उपलब्धि मानते हैं--जैसे कि ये सिद्धान्त उनके ही हों, उन्होंने ही ईजाद किये हों। समाजवाद और साम्यवाद का सामान्य और सतही अर्थ है कि समाज में धन सम्पत्ति का समान वितरण होना चाहिये। ऐसा नहीं होना चाहिए कि कुछ लोग तो अतुल सम्पत्तिशाली होकर वैभव, ऐश्वर्य और विलासिता में जीवन जियें और समाज के कुछ लोग दोनों समय पेट भरने को भी मोहताज रहें। समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार, समान सम्पत्ति और समान सुविधायें होनी चाहिए। वस्तुतः ये विचार अत्यन्त प्राचीन हैं। ऋग्वेद और अथर्ववेद में समाजवाद के ये सिद्धान्त भरे पड़े हैं। ऋग्वेद का ऋषि तो कहता है कि धन का अर्जन करके उसे समाज में यथोचित वितरण करना चाहिए। जो व्यक्ति उस धन का केवल अपने लिए उपभोग करता है वह पाप का भोग करता है—

मोघमन्नं विन्दते ऽप्रचेताः सत्यं ब्रवीमि बध इत्स तस्य।

नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी।।

ऋ० १०।११७।६

भगवद्गीता में भी लगभग इसी प्रकार का विचार व्यक्त किया गया है

यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्व किल्विषैः।

भुञ्जते ते त्वघं पापाः ये पचन्त्यात्मकरणात्।। गीता ३।१३

श्रीमद्भागवद्कार तो इससे भी एक कदम और आगे बढ़कर कहते हैं

यावद्भ्रियेत जठरं तावत्स्वत्वं हि देहिनाम्।

अधिकं योऽभिमन्येत स स्त्येनो दण्डमर्हति।। भाग० ७।१४।८

इसी प्रसंग में ऐतरेयारण्यक कहता है कि मनुष्य जितने का उपभोग कर लेता है उसी का स्वामी होता है, शेष धन समाज का होता है—'**न तस्येशो यन्नाद्यात**'। अथर्ववेद कहता है कि धन का अर्जन सामर्थ्यपूर्वक करना चाहिये और उससे भी अधिक उत्साह से समाज को देना चाहिए—

'शतहस्त समाहर सहस्रहस्त संकिर' अर्थात् सौ हाथों से कमाओ और सहस्र हाथों से समाज को दे दो ।

इन विचारों से लगता है कि समाजवाद हमारे देश की प्राचीनतम संस्कृति रही है । भारतीय राष्ट्रियता विश्व को समाजवाद का सन्देश देती आई है । उसी संस्कृति का उद्घोष करता हुआ ऋषि समस्त विश्व को उस संस्कृति से ओतप्रोत कर देना चाहता है—**'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'**। वैदिक राष्ट्रियता से ये कुछ गिने-चुने निदर्शन हैं । वेद हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं और राष्ट्र की प्रत्येक समस्या का समाधान वेदों में निहित है।

पूर्व रीडर एवं अध्यक्ष संस्कृत विभाग
धर्म समाज कालेज अलीगढ़

सम्पादकीय—वेद सार्वभौम एवं शाश्वत ज्ञानराशि हैं । अतः वेद ज्ञान को किसी एक काल के साथ सम्बन्धित करना विचारणीय है ।

तैत्तिरीय संहिता में राष्ट्रियता

डा० बिजेन्द्र कुमार तोमर

यह परम सौभाग्य का विषय है कि आज दि० १३ जनवरी १९९४ को मकर संक्रान्ति के अवसर पर वैदिक विद्वानों के मध्य 'वैदिक संहिताओं में राष्ट्रियता' इस ज्वलन्त विषय को लेकर ऐसे समय शोध-संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जबकि 'राष्ट्रियता' और 'राष्ट्रवाद' को लेकर राष्ट्र, राष्ट्रिय और अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से जूझ रहा है। अन्तः और बाह्य स्तर पर उसके अस्तित्व को ललकारा जा रहा है। अतः इस विषय पर शोध-संगोष्ठी का आयोजन समीचीन है। यह एक सार्वभौम सत्य है कि सच्चे राष्ट्र का स्वरूप हमें वैदिक संहिताओं में ही मिलता है। ऋग्वेद, शुक्ल यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद पर इस सम्बन्ध में हमारे कई बन्धु सुन्दर विवेचन करेंगे ही, परन्तु मेरा प्रयास यह है कि कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय संहिता का पक्ष भी इस सम्बन्ध में प्रस्तुत किया जाये।

तैत्तिरीय संहिता में सात काण्ड हैं जिसमें मन्त्र और ब्राह्मण भाग साथ-साथ उपलब्ध हैं। यहाँ सातवलेकर जी की मूल मात्र संहिता तथा आनन्दाश्रम पूना से प्रकाशित सायण भाष्य सहित संहिता का उपयोग किया गया है।

तैत्तिरीय संहिता में 'राष्ट्र' शब्द अपने विभक्तिक, तद्धित और और सामासिक रूपों सहित कुल ६८ बार प्रयुक्त हुआ है। विभक्तिक रूपों में 'राष्ट्रम्[1] 'राष्ट्राणि', 'राष्ट्रात्', 'राष्ट्रस्य[1], 'राष्ट्रे' और 'राष्ट्रेण' रूप तथा तद्धित और सामासिकों में 'राष्ट्रकामाय', 'राष्ट्रदाः' 'राष्ट्रभृत्', 'राष्ट्रभृतः', 'राष्ट्रभृताम्', राष्ट्रभृद्भिः और 'राष्ट्रभृतत्वम्' रूप प्रयुक्त हुए हैं। इन रूपों का अध्ययन करने पर मुख्य रूप से 'राष्ट्र' शब्द 'राज्य' के वाचक अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। 'राष्ट्र' शब्द यहाँ नामपदवाची और भावपदवाची अर्थों में भी प्रयुक्त पाया गया है। केवल 'अधिकृत भूमि भाग' ही 'राष्ट्र' नहीं है अपितु प्रजा, धन, गौ, अश्व आदि पशुओं, वृक्षों, औष-

धियों, जलों आदि से समृद्ध ब्रह्मवर्चस्वी ब्राह्मणों, शूरवीर क्षत्रियों सम्पन्न वैश्यों एवं एकता की भावना से जुड़े मन वाले श्रेष्ठ मनुष्यों और देवों का सौभाग्यशाली समूह ही राष्ट्र है। इससे उदात्त 'राष्ट्रियता' की परिभाषा और क्या हो सकती है? प्रमाण के रूप में तैत्तिरीय संहिता से कुछ उदाहरण प्रस्तुत करना उपयोगी होगा।

तै० १।६।१०।३ में **"यद्वै यज्ञस्य साम्ना क्रियते राष्ट्रम्"** कहकर यज्ञ के कुछ अंश को साम मन्त्रों से सम्पन्न करके यज्ञ के फल 'राष्ट्र' की प्राप्ति राष्ट्र में सत्व की वृद्धि और प्रजा की नीरोगता का प्रतिपादन किया है। यहाँ **"क्रियते राष्ट्रम्"** पद साभिप्राय है। 'राष्ट्र' बनता नहीं, बनाया जाता है। उसमें 'राष्ट्र' बनाने की भावना होना आवश्यक है। तै० १।८।११।१ में 'राजसूय' यज्ञ में अभिषेक के लिए जल ग्रहण के प्रसंग में वायु में रहने वाले जल, भूमि पर बहने वाले जल तथा भूमि के अन्दर रहने वाले जलों को राष्ट्र का देने वाला कहा गया है। यहाँ प्रयुक्त **"राष्ट्रदाः स्थः राष्ट्रममुष्मैदत्त"** शब्द भावात्मक रूप से 'राष्ट्रियता' की ओर संकेत देते हैं। यदि कोई मरु भूमि में प्रजा बसा ले तो वह राष्ट्र नहीं हुआ क्योंकि जल के अभाव में प्रजा जीवित नहीं रह पायेगी। अतः जलयुक्त भूमि भी 'राष्ट्र' नहीं है जब तक कि उसमें ज्ञान की वृद्धि करने वाले ब्रह्मवर्चस्वी ब्राह्मण और शूरवीर राजन्य सुरक्षा न करें। अतः तै० २।२।२।६ में ब्राह्मण और राजन्य द्वारा राष्ट्र के ग्रहण और उसकी सुरक्षा की कामना की गई है। तै० २।३।३।४ में ग्राम्यवादी (ग्राम का प्रमुख) और विश् (प्रजा) द्वारा राष्ट्र की सम्पन्नता प्रदर्शित की गयी है। यहां स्पष्ट है कि ग्राम राष्ट्र की इकाई है 'विशपति' अथवा 'ग्राम्यवादी'—ग्राम का मुखिया इकाई का शासक है। अतः विश और विशपति दोनों के समृद्ध होने को कामना की गयी है।

प्रजा और राजा जब तक परस्पर मन से एकता में बँधकर हित में नहीं लगे रहते तब तक 'राष्ट्र' समृद्ध नहीं होता। स्वामी से द्रोह करने से 'राष्ट्र' नष्ट हो जाता है। अतः तै० २।५।१।१। में कहा गया है कि राष्ट्र-द्रोही को नष्ट कर देना चाहिए। राजा और प्रजा की मानसिक एकता की भावना में ही सच्ची 'राष्ट्रियता' विद्यमान है। मन से राष्ट्र की कामना

करने से ही राष्ट्र बना करते हैं और उनमें स्थिरता आती है, यथा—तै० ५।२।१।४ में कहा गया है—**"विशस्त्वा सर्वा वाञ्छन्त्वित्याह विशैवेन ँ समर्धयत्यस्मिन् राष्ट्रमधि श्रयेत्याह राष्ट्रमेवास्मिन् ध्रुवमकर्यं कामयेत राष्ट्र ँ स्यादिति तं मनसा ध्यायेद्राष्ट्रमेव भवति ।।"**

राष्ट्र की समृद्धि में 'गौ' आदि पशुओं का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। बिना 'धेनु' के 'राष्ट्र' अधूरा है। अत: तै० २।१।४७ में धेनु आदि पशुओं से राष्ट्र की समृद्धि की गई है। केवल पशुओं से सम्पन्न राष्ट्र पूर्ण राष्ट्र नहीं बनता, उसमें वृक्ष, लता औषधियाँ भी सर्वदा प्रचुर मात्रा में रहनी चाहिए। अत: तै० ३।५।७।३ में कहा गया है कि खदिर पर्ण (पलाश) सुश्रवा, अश्वत्थ और वैकङ्कती आदि वृक्ष राष्ट्र में होने चाहिए। **'राष्ट्रं वैपर्णः'** कहकर तो पर्णवृक्ष (पलाश) की उपयोगिता पर साक्षात् प्रकाश डाला है। पर्णवृक्ष की लकड़ी यज्ञ के लिए अत्यन्त उपादेय और शुभ गुणयुक्त है। अत: राष्ट्र की समृद्धि के लिए राष्ट्र में उपयोगी वृक्ष सदा लगे रहने चाहिए।

राष्ट्र की सम्पन्नता यज्ञ पर निर्भर है। आज की उपभोगितावादी सभ्यता इसकी उपयोगिता को न समझ कर सैकड़ों प्रकार के प्रदूषणों और रोगों से जर्जर हो रही है। तै० ५।४।७।७ में बताय: गया है कि 'वैश्वानर' 'अग्नि' में नित्य हवन होता रहे जो राष्ट्र में प्रजा को एकता में बाँधे रखे। तै० ५।७।४।४ में प्रार्थना की गई है कि यह **'राष्ट्रभृत् इष्टका चिति'** इस यजमान (राजा) के लिए राष्ट्र का आधिपत्य सम्पादन करे। राष्ट्र की पूर्णता के लिए ऋतुओं का ज्ञाता होना, बलवान् क्षत्रियों का होना तथा चारों ओर ओज-तेज का बढ़ना आवश्यक है। अत: कहा गया है—

धर्त्री दिशां क्षत्रमिदं दाधारोपस्थाऽऽशानां मित्रवदस्त्वोजः ।
मित्रावरुणा शरदाऽह्नां चिकित्नू अस्मै राष्ट्राय महि शर्मयच्छतम् ।।

यह सर्वविदित सत्य है कि राष्ट्र के नायक जब तक यज्ञ आदि शुभ कर्मों के प्रति जागरूक न हों तब तक राष्ट्र सुरक्षित और सम्पन्न नहीं हो सकता। अत: तै० १।७।१०।१ में कहा गया है—

वाजस्येमं प्रसवः सुषुवे अग्रे सोम ँ राजानमौषधीष्वप्सु ।
ता अस्मभ्यं मधुमतीर्भवन्तु वय ँ राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः ।।

अतः जागरूक नायक का होना राष्ट्र के लिए परमावश्यक है। तै० ७।५।१८।१ में की गई यह राष्ट्रीय प्रार्थना तो सर्वप्रसिद्ध ही है—**आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्……योगक्षेमो नः कल्पताम्।** यहाँ उदात्त राष्ट्रियता के दर्शन होते हैं। राष्ट्रियता के मूल तत्त्वों में ब्रह्मवर्चस्वी ब्राह्मण, महारथी क्षत्रिय दुधारु गौवें, आशुवाही पशु, सुभग नारियाँ, बलवान् सभ्य योद्धा, आज्ञाकारी पुत्र, कामवर्षी पर्जन्य और फलवती औषधियों को प्रमुख माना गया है। यह पूर्ण सत्य है कि जब तक बाहरी आतंक नहीं झेल सकता। इस प्रकार एक समुन्नत राष्ट्र के समग्र तत्त्व यहाँ एक साथ विद्यमान हैं।

भारत राष्ट्र में एक प्राचीन परम्परा यह भी थी कि असुरों के 'राष्ट्र' पर अधिकार करके वहाँ आर्य 'राष्ट्र' बसाये जाते थे। अतः तै० ३।४।६।२ में (ब्राह्मण भाग) में कहा गया है—**यद्राष्ट्रभृद्भी राष्ट्रमाऽददत तद्राष्ट्रभृता ँ राष्ट्रभृत्त्वं ततो देवा अभवन् पराऽसुरा यो भ्रातृव्यवान्स्यात् स एतान् जुहुयादभ्यातानै रेव भ्रातृव्यानभ्यातनुते जयैर्जयति राष्ट्रभृद्भी राष्ट्रमादत्ते भवत्यात्मना पराऽस्य भ्रातृव्यो भवति।''** अर्थात् जो 'राष्ट्रभृत्' मन्त्रों से (असुर) राष्ट्र को ग्रहण किया यही 'राष्ट्रभृत्' मन्त्रों का राष्ट्रभृत्त है। इन मन्त्रों से देवों का अधिकार हो गया, असुर पराजित हो गये। जो शत्रुओं वाला हो, वह इन मन्त्रों से हवन करे। 'अभ्यातान्' मन्त्रों से शत्रुओं पर छा जाता है। 'जयान्' मन्त्रों से जीतता है और 'राष्ट्रभृत्' मन्त्रों से राष्ट्र पर अधिकार कर लेता है। राष्ट्र अपना हो जाता है, इसका शत्रु दूर हो जाता है।

इस प्रकार शत्रु को जीतकर शुभ राष्ट्र बसाने चाहिए। इसी काण्ड से 'अभ्यातान्', 'जयान्' और 'राष्ट्रभृत्' मन्त्रों का वर्णन आया है जिनमें शत्रुओं पर आक्रमण करना, उन्हें जीतना और अधिकार करना ये तीन कर्त्तव्य कुछ विस्तार से बताये गये हैं। तै० ३।४ ८।१ में 'राष्ट्रभृत्' मन्त्रों के काम्य प्रयोग (ब्राह्मण भाग) के प्रसंग को उद्धृत करना भी उपयोगी होगा, जहाँ कहा गया है—'**राष्ट्रकामाय होतव्या राष्ट्रं वै राष्ट्रभृतो राष्ट्रेणैवास्मै राष्ट्रमवरुन्धे राष्ट्रमेव भवत्यात्मने होतव्या राष्ट्रं वै राष्ट्रभृतो राष्ट्रं प्रजा राष्ट्रं पशवो राष्ट्रं यच्छ्रेष्ठो भवति राष्ट्रेणैव राष्ट्रमवरुन्धे**

वसिष्ठः समानानां भवति ग्रामकामाय होतव्या राष्ट्रं वै राष्ट्रभृतो राष्ट्र ँ सजाता राष्ट्रेणैवास्मै राष्ट्र ँ सजातानवरुन्धे···। यहाँ ब्राह्मण भाग के अर्थवादपरक वाक्यों से राष्ट्रभृत मन्त्रों की महत्ता और राष्ट्र के आवश्यक अंगों प्रजा, पशु एवं ग्राम आदि पर प्रकाश डाला गया है। इसी प्रसंग में आगे रथों, संग्रामजयी योद्धाओं, मधुक, न्यग्रोध, उदुम्बर, प्लक्ष वृक्षों आदि को निरन्तर बनाये रखने की कामना की गई है।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि 'राष्ट्र' की परिभाषा के अन्तर्गत प्रभु सत्ता प्राप्त राज्य भू-भाग का होना तो आवश्यक ही है साथ ही वह भू-भाग आर्थिक एवं प्राकृतिक रूप से समृद्ध होना चाहिए। भूमि के प्रति प्रेम तथा उसमें रहने वाले जनसमुदाय में मानसिक रूप से एकता होना भी आवश्यक है। उसमें प्रजा, धन, गौ आदि पशुओं, वृक्षों, औषधियों, जलों की प्रचुरता और श्रेष्ठ विद्वानों, बलवान् योद्धाओं, सम्पन्न व्यापारियों, सच्चे सेवकों, सौभाग्यवती नारियों के ज्ञान, कर्म एवं उपासना में लिप्त समुदाय सतत विद्यमान रहें। वहाँ के निवासी यज्ञ एवं धर्म कार्यों में लगे रहें। न्याय एवं सत्य के मार्ग से कभी विचलित न हो। यदि धर्म युद्ध भी करना पड़े तो कदापि पीछे न हटें। राजा, मन्त्री, मित्र, कोष, सेना एवं राज्य के साथ-साथ सामूहिक एकता के स्वर में बँध कर निरन्तर उन्नति करते रहने की भावना ही सच्ची राष्ट्रीयता है। तैत्तिरीय संहिता में राष्ट्रियता का यही रूप प्राप्त होता है।

प्रवक्ता
संस्कृत-विभाग
कृषक डिग्री कालेज मबाना (मेरठ)

अथर्ववेद में राष्ट्रियता

डा० सुखनन्दन

किसी राष्ट्र का शिलान्यास राष्ट्रियता की भूमि पर होता है और उसकी आधारशिला होती है अन्तरात्मा की आवाज। यथा—

माताभूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।

अर्थात् भूमि मेरी माता तुल्य है और मैं पृथिवी का पुत्र हूँ। (अथर्व. १२।१।१२) सर्वप्रथम, भूमि, भूमि पर बसने वाला जन और जन के द्वारा पृथिवी को माता के रूप में स्वीकार कर उसकी रक्षा एवं गौरव प्रदान करने की भावना ही राष्ट्रियता है।

भूमि, जन और जन की संस्कृति तीनों मिलकर राष्ट्र का निर्माण करते हैं। **'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसि'** की उदात्त भावना ही जन की संस्कृति है।

यह भूमि 'वीरभोग्या वसुन्धरा' ही नहीं; वरन, जीवनदायिनी माता है तो पर्जन्य पिता। पृथ्वी पर जन अर्थात् प्राणियों की उत्पत्ति के सम्बन्ध में गीता का प्रस्तुत कथन चरितार्थ है—

अन्नाद्भवन्ति भूतानि, पर्जन्यादन्नसम्भवः।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो, यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥

राष्ट्र पद का अभिप्राय यह है कि जब कोई जन समूह अपनी सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक अवस्था, भौगोलिक उपलब्धियों, ऐतिहासिक घटनाओं, धार्मिक आस्था, दार्शनिक विचारधारा और साहित्यिक अभिरुचि आदि की एकता अथवा सदृशता के कारण पारस्परिक एकता तथा आत्मीयता की अनुभूति करता है और संवेदनशील भी रहता है तो समझना चाहिए कि वह जनसमूह स्वयं में एक राष्ट्रियता की भावना से ओतप्रोत है। यज्ञ भावना स्वतः सम्भूत होती है इसके लिए कोई संवैधानिक संगठन नहीं होता। इसके बिना कोई भी जनसमूह कभी न तो राष्ट्र बन सकता है और न ही सम्प्रभुता सम्पन्न राज्य।

अथर्ववेद में राज्यावबोधक राष्ट्र शब्द का प्रयोग प्रायः राष्ट्रः[1], राष्ट्रम्[2], राष्ट्राय[3], राष्ट्रस्य[4] और राष्ट्रे[5] के रूप में दृष्टिगत होता है। राष्ट्रियता अथवा राष्ट्रियता शब्द का प्रयोग इस संहिता में नही हुआ है। पुनरपि; राष्ट्रियता को मुखरित करने वाले कतिपय अंश इस प्रकार हैं—

इहैवधिम्राप च्योष्ठाः पर्वत इवाविचाचलत्।
इन्द्र इवेह ध्रुवस्तिष्ठेह राष्ट्रमुधारय।। अथर्व० ६।८७।२

अर्थात् हे राजन्! पहाड़ के समान निश्चल स्वभाव तू यहीं रह और कदापि मत गिर। सूर्य के समान यहाँ स्थिर स्वभाव होकर ठहर और यहाँ पर राज्य को अधिकार में रख क्योंकि, जितेन्द्रिता रूपी तप से राजा राज्य की अनेक प्रकार से रक्षा करता है।[6]

वैदिक कृषि कामना करता है कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, राज्य और प्रजा-जन कांति, यश, ब्रह्मवर्चस और धन की रक्षा और वृद्धि हो।[7] साथ ही, दिशाओं के बीच बायीं दिशा हमारे अधिक उत्तम राज्य को प्रजा के साथ अधिक उत्तम व्यवहार वाला और अगुआ करें,[8] जिससे मैं राज्य के मण्डल में आप ही उत्तय बना रहा हूँ।[9] ऐसा करने से क्षत्रिय का राज्य रक्षित होता है।[10]

वैश्वदेवीं वर्चस आरभध्वं शुद्धा भवन्तः शुचयः पावकाः।
अतिक्रामन्तो दुरिता पदानि शतं हिमाः सर्ववीरा मदेम।।[11]

अर्थात् हे मनुष्यों! सब विद्वानों का हित करने वाली (वेदवाणी)

---

१. अथर्व० १३।१।३५
२. अथर्व० ६।८७।२, ५।१७।१, ३।४।१, ५।१७।३, ४, ५, ६, ७, ८, ७।३५।१, १२।३।१०, १२।५।८, १३।१।५, ६।८७।२, १३।१।२०, ३४, ३५
३. वही० १।२९।१, १३।१।१
४. वही० ३।४।२, ३।५।२
५. वही० ५।१७।१२, १३–१७, ५।१९।१०, १३।१।९
६. ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रम् विरक्षति। अथर्व० ११।५।१७, ६।९।२
७. अथर्व० १२।५।८
८, वही० १२।३।१०
९. वही० ३०।५।२
१०. वही० ५।१७।३
११. १२।२।२८

को तेज पाने के लिए तुम शुद्ध, पवित्र और शुद्ध करने वाले आप आरम्भ करो, कठिन पगडंडियों को लाँघते हुए और सबको वीर बनाते हुए हम सौ शीत ऋतुओं वाली स्थितियों तक सुख भोगें।

अत: जिस धरती पर, प्रकृति की गोद में मानव जन्म लेता, फलता-फूलता और जवान होकर उसकी सुरक्षा एवं उन्नति का भार अपने विशाल कन्धों पर ढोता है, उसी सकल भू-मण्डल की रीढ़ की हड्डी है राष्ट्र। इसके दाँये-बाँये इड़ा और पिंगला नाड़ियों की भाँति राजा और राज्य हैं तथा मध्य में सुषुम्ना नाड़ी की भाँति अक्षयशक्ति वाली 'राष्ट्रियता' प्रवाहित होती है। 'राष्ट्रियता' के ही भावों को मुखरित करने वाला और जन-जन में चेतना का मन्त्र फूँकने वाला 'श्रीमद्भागवद गीता' का प्रस्तुत श्लोक हमारे द्वारा सर्वथा ग्राह्य है। क्योंकि, हमारी कर्मस्थली भारतभूमि है। तथा—

सम्प्राप्य भारते जन्म सत्कर्मसु पराङ्मुखः ।
पीयूषकलशं हित्वा विषभाण्डं स इच्छति ॥

निष्कर्ष,

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि वैदिक राष्ट्रियता में राजा और प्रजा के मनो-मष्तिष्क में जो देशभक्ति, स्वदेश-प्रेम, कर्त्तव्यपरायणता एवं एकनिष्ठा की भावना थी; आज उसका ह्रास होता दिखायी पड़ रहा है। यदि हम देश के भौगोलिक-परिवेश में छिपी खनिज सम्पदा ,पैट्रोलियम और आर्थिक-स्रोतों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बने और अपने देश की सीमाओं की सुरक्षा न कर पाये तो आज के अर्थपिपासु, छल-प्रपञ्ची, राजगद्दी के गौरव से मदमस्त राजनीतिक नेता इस देश को अज्ञानता, दासता और स्वाभिमान-विहीनता के गर्तरूपी रसातल में ढकेल कर ही छोड़ेंगे—इसमें सन्देह नहीं।

प्राध्यापक
रासना कालिज, मेरठ

यजुर्वेद में राष्ट्र की रक्षा एवं विकास

डा० अमरनाथ सिंह

जिस देश में मनुष्य जन्म लेकर अपना समुचित विकास करता है, वही उसका अपना राष्ट्र होता है। जिस प्रकार माता के दूध पर उसके पुत्र का जन्म सिद्ध अधिकार होता है, उसी प्रकार राष्ट्रीय सम्पत्ति पर राष्ट्र में जन्म लेने वाले लोगों का जन्म-सिद्ध अधिकार होता है। मनुष्य को शुद्ध जीवन बिताने के लिए, सुखपूर्वक रहने के लिए, निर्भीक बनने के लिए एवं स्वतन्त्रतापूर्वक रहने के लिए श्रेष्ठ कर्म करने की बड़ी आवश्यकता है। श्रेष्ठ कर्म करने वाला मनुष्य अपने पुरुषार्थ पूर्ण कार्यों से राष्ट्र का विकास करता है। श्रेष्ठ कर्म करने के लिए शुद्ध हृदय का होना आवश्यक है।[1] शुद्ध हृदय के लिए सदा सत्य बोलना आवश्यक है।[2] सत्य बोलने के लिए निर्भीक होना आवश्यक है।[3]

राष्ट्र हर तरह से हमारा कल्याण करता है। सभी सुख साधनों की पूर्ति करता है। हमारे उठने-बैठने के लिए तथा प्रत्येक तरह से व्यवहार करने के लिए जगह देता है। हमें राष्ट्र में हर तरह का पुरुषार्थ करने में एवं अपनी क्षमता बढ़ाने की पूर्ण स्वतन्त्रता होती है। हमें स्वतन्त्रतापूर्वक रहने का अधिकार प्राप्त होता है। इसकी धरती से हमारे भोजन के लिए विभिन्न प्रकार के अन्न प्राप्त होते हैं और भांति-भाँति के पीने योग्य रस भी मिलते हैं, इसीलिए राष्ट्र की रक्षा एवं विकास करना प्रत्येक व्यक्ति का परम कर्त्तव्य है। १।२७।[4]

राष्ट्र की रक्षा करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का धर्म है कि वह अपने धन का कुछ भाग (टैक्स) के रूप में राजा को दे, अन्यथा राज-व्यवस्था चल नहीं सकती। राज-व्यवस्था को ठीक तरह से चलाने के लिए प्रजा से कर लेना आवश्यक है (२।२,१।१)।[5] व्यक्ति को धन के प्रति लोभी नहीं होना चाहिए, अपितु जनता के हितार्थ उसे अवश्य खर्च करना चाहिए, ऐसा करने से राष्ट्र का उत्थान होता है (४०।१)।[6] जनता का हित राष्ट्र का हित है और राष्ट्र का हित जनता का हित है।

राष्ट्र की रक्षा करने के लिए पर्याप्त बल की भी आवश्यकता है। बल को अर्जित करने के लिए पर्याप्त अन्न प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, जिससे भोजन पर्याप्त मात्रा में मिलता रहे। अन्न प्राप्त करने केलिए कृषि-कर्म करने की आवश्यकता है (१।१)।[7] अन्न के बिना मानव जीवित ही नहीं रह सकता, इसलिए अन्न पाने के लिए खेती करना अत्यन्त आवश्यक है (१।१)।[8] यदि किसी व्यक्ति में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक तथा आत्मिक शक्ति अत्यन्त अल्प मात्रा में हो, तो उससे राष्ट्र की रक्षा होना सम्भव नहीं है, इसलिए मानव को चाहिए कि वह सुदृढ़ तथा बलिष्ठ बनकर जनता की सेवा एवं राष्ट्र की प्रगति तथा रक्षा करने के लिए अपनी शक्ति एवं योग्यता को बढ़ावे (१।२)।[9] मानव धैर्य की मूर्ति[10] और चैतन्य स्वरूप आत्मा है (१।२२)।[11] सैकड़ों तेजों तथा तीक्ष्ण ज्योतियों से युक्त है और स्वयं एक तेज धार वाला हथियार है, इसलिए वह अपने शत्रुओं को हर तरह से विचलित एवं विनष्ट कर सकता है (१।२४)।[12] तात्पर्य यह है कि मनुष्य में प्रचण्ड शक्ति, तेजस्विता, धैर्य, चेतना तथा तीक्ष्ण ज्योतियाँ छिपी हैं, जिन्हें प्रकट कर वह राष्ट्र की सेवा और रक्षा करने में पूर्णतः समर्थ है।

बीमार व्यक्ति अपने राष्ट्र की सेवा कुछ भी नहीं कर सकता, इसलिए अपने शरीर को सर्वदा निरोग रखना चाहिए (१।१)।[13] स्वस्थ व्यक्ति ही बलवान् बनकर राष्ट्र की रक्षा करने के लिए शूरता दिखला सकता है (१।३१)।[14] इसीलिए ज्ञान और शौर्य की वृद्धि करनी चाहिए, यह राष्ट्रीय कर्त्तव्य है (५।२७)।[15] राष्ट्र में पाये जाने वाले घातक व्यक्ति एवं हत्यारे को नष्ट कर देना चाहिए (१।८)[16] तथा जो हमारा विनाश करता है, उसका भी विनाश कर देना चाहिए (१।८)[17] शत्रुओं को साव-धानीपूर्वक जीत लेना चाहिए (१।१६)[18] राष्ट्र के शत्रुओं को जीतना अत्यन्त कठिन काम है। अतः राष्ट्र की रक्षा करने के लिए केवल शारीरिक बल ही पर्याप्त नहीं है, अपितु शारीरिक बल के अतिरिक्त सेना की भी आवश्यकता होती है, इसलिए सेना का भी गठन करना चाहिए और अपनी सेना से सुरक्षित होकर अपने राष्ट्र में स्वराष्ट्र के नियमानुसार आचरण करना चाहिए (५।२७)।[19]

प्रजायें भी राष्ट्रीय सम्पति हैं। यदि प्रजायें कम होंगी, तो राष्ट्र की सुरक्षा अधिक सुदृढ़ नहीं होगी, अतः अधिक संख्या में प्रजाओं का विस्तार करना चाहिए (१।१)।[20] राष्ट्र में प्रजायें चार वर्णों में विभक्त हैं (३०।५)[21]– ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र। चारों वर्णों के क्रमशः चार धन हैं जिन्हें राष्ट्रीय धन बतलाया गया है (३०।५)[22]--

(क) ब्राह्मणों का धन विद्या और ज्ञान है,

(ख) क्षत्रियों का धन शौर्य और राज्याधिकार है.

(ग) वैश्यों का धन व्यापार और पैसा है,

(ध) शूद्रों का धन कारीगरी और शारीरिक परिश्रम हैं।

चारों वर्णों के धन का विभाग कर देने से सभी वर्णों के मनुष्यों का पृथिवी पर निवास उत्तम ढंग से होता है, क्योंकि धन का विभाग कर देने से सभी वर्णों का परस्पर सामंजस्य सम्यक् प्रकार से बना रहता है। यह राष्ट्रीय धन आठ प्रकार का बनकर राष्ट्र में अच्छी तरह कार्य करता है (३०।५)।[23]

(क) अध्ययन द्वारा ब्राह्मण स्वयं को पूर्ण ज्ञानी बनाता है,

(ख) अध्यापन द्वारा ब्राह्मणों का ज्ञान सभी लोगों को प्राप्त होता है,

(ग) क्षत्रिय स्वयं को बलवान् बनाता है,

(घ) क्षत्रियों का शौर्य सभी लोगों को सुरक्षित रखता है,

(ङ) वैश्य धन का अर्जन करता है,

(च) वैश्यों द्वारा अर्जित धन अच्छे कार्यों में अर्पित होता है और सभी लोगों के द्वारा उपयोग में लाया जाता है,

(छ) शूद्र कुशल कारीगर बनता है,

(ज) कुशल कारीगर बनने के बाद वह अपने कारीगरी का प्रचार करके श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण में पूर्ण सहयोग देता है।

अतः हमारे राष्ट्र में चारों वर्णों के लोगों को तेजस्वी होना चाहिए (१८।४८)।[24] तेजस्वी होने के लिए श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए और अपने आन्तरिक गुणों का विकास करना चाहिए। ब्राह्मण को ज्ञान के तेज से युक्त, क्षत्रिय को शूर एवं महारथी, वैश्य को धन सम्पन्न और शूद्र को कुशल कारीगर होना चाहिए (२२।२२)।[25] राष्ट्र के विकास में स्त्रियों

की भूमिका अत्यधिक महत्त्वपूर्ण होती है, इसीलिए स्त्रियों को भी विद्वान् होना चाहिए (२२।२२)।[25] दूध देने वाली गायें, खेती करने के लिये उत्तम बैल और सेना में चंचल घोड़े होने चाहिए (२२।२२)।[26] अथर्ववेद (३।२४।३)[28] के अनुसार हमारे राष्ट्र में पाँच दिशाओं में विद्वान्, शूर, व्यापारी, कारीगर और जंगली—ये पाँच प्रकार के उद्यमशील मनुष्य रहते हैं, वे उसी प्रकार उन्नति को प्राप्त करते रहें, जिस प्रकार नदी का जल निरन्तर आगे ही बढ़ता रहता है। अथर्ववेद (१२।१।२)[29] के अनुसार राष्ट्र के सभी लोगों में एक मत होना चाहिये, परस्पर झगड़ा नहीं होना चाहिये, सब लोगों के अधिकार समान होने चाहिए, उन्नत होने के लिए सबको एक समान सुविधा मिलनी चाहिए, सबके अन्दर दूसरों के प्रति अधिक समता का भाव होना चाहिए, क्योंकि जातियों में परस्पर विषमता होने के कारण ही झगड़े होते हैं। जिस राष्ट्र में ज्ञानी व्यक्ति को कष्ट पहुँचता है, ज्ञानी का कोई व्यक्ति उपदेश नहीं सुनता, ज्ञानी के उपदेशों को दबाने का प्रयत्न किया जाता है, वह राष्ट्र अवनति को प्राप्त होता है, क्योंकि ज्ञान से ही सबकी उन्नति होती है, सबकी उन्नति के अभाव में राष्ट्र का पतन हो जाता है अतः ज्ञानी के उपदेशों को अच्छी तरह सुनना चाहिए और उनका पालन करना चाहिए (अथर्ववेद ५।१९।६)।[30] मुझे सब मनुष्य मित्र की दृष्टि से देखें - इस प्रकार की भावना होनी चाहिए (यजुर्वेद, ३६।१८)।[31] परस्पर मित्र भाव होने से सभी प्रकार के झगड़े स्वतः दूर हो जाते हैं (ऋग्वेद, ५।६१।६)।[32] राष्ट्र में ब्राह्मण और क्षत्रिय, ज्ञानी और शूर, विद्वान् और बलवान् आपस में मिल-जुल कर रहें तथा एक-दूसरे के सहयोग से अपने तेज की वृद्धि करें। जब इनमें परस्पर द्वेष होगा, तब राष्ट्र कमजोर हो जायेगा, इसीलिए ब्राह्मणों एवं क्षत्रियों के लिए उचित है कि वे कभी भी परस्पर सभी वर्णों में द्वेष न बढ़ने दें (यजुर्वेद, ३२।१६)।[33] ब्राह्मण और क्षत्रिय ऐसी शिक्षा का प्रचार करें, जिससे प्रत्येक का तेज, उत्साह, ज्ञान और बल उन्नति को प्राप्त हो। जिस राष्ट्र के लोग सभी प्रकार के धन से सम्पन्न होते हैं। वह राष्ट्र उन्नति को प्राप्त होता है और सुदृढ़शाली राष्ट्र बन जाता है। समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए व्यक्ति की उन्नति आवश्यक है और व्यक्ति की उन्नति के लिए समाज और राष्ट्र की उन्नति आवश्यक है (३२।१६)।[34]

सन्दर्भ-सूची

१–दैव्याय कर्मणे शुन्धध्वम् ।

२–इदमहमनृतात्सत्यमुपैमि ।

३–मा भेः ।

४–सुक्ष्मा चासि शिवा चासि स्योना चासि सुषदा चास्यूर्जस्वती चासि पयस्वती च ।

५–भुवपतये स्वाहा भुवनपतये स्वाहा भूतानां पतये स्वाहा । (यजु० २।२)
श्रेष्ठतमाय कर्मण आप्यायध्वमध्न्या इन्द्राय भागम् । (यजु० १।१)

६–तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम् ।

७–इषे त्वोर्जे त्वा ।

८–देवो वः सविता प्रार्पयतु श्रेष्ठतमाय कर्मणे ।

९–परमेण धाम्ना दृंहस्व ।

१०–धृष्टिः असि । (यजुर्वेद १।१७)

११–धर्मोऽसि ।

१२–सहस्रभृष्टिः शततेजा वायुरसि तिग्मतेजा द्विषतो वधः ।

१३–अनमीवा अयक्ष्माः ।

१४–तेजोऽसि शुक्रमसि ।

१५–ब्रह्म दृंह क्षत्रं दृंह आयुर्दृंहप्रजां दृहं ।

१६–धूरसि धूर्व धूर्वन्तं धूर्व तं योऽस्मान्धूर्वति तं धूर्व यं वयं धूर्वामः ।

१७–धूर्व तं योऽस्मान्धूर्वति ।

१८–त्वया वय सघात सघातं जेष्म ।

१९–घ्रुतानस्त्वा मारुतो मिनोतु मित्रावरुणौ ध्रुवेग धर्मणा ।

२०–आप्यायध्वम् स्यात बह्वीः । (यजुर्वेद १।१)
प्रजां दृंह । (यजु० ५।२७)

२१–यजुर्वेद ३०।५

२२–ब्रह्मणे ब्राह्मणं क्षत्राय राजन्यं मरुद्भ्यो वैश्यं तपसे शूद्रम् ।

२३–यजु० ३०।५

२४–रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु नस्कृधि :
रुचं विश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचा रुचम् ।।

२५–आ ब्रह्मन्ब्रब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम् ।
आ राष्ट्रे राजन्यः शूरः इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम् ।।

२६–दोग्ध्री धेनुर्वोढाऽनड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः ।
सभेयो युवाऽस्य यजमानस्य वीरो जायताम् ।

२७–वही ।

२८– इमा याः पञ्च प्रदिशो मानवीः पञ्च कष्टयः ।
वृष्टेः शापं नदीरिवेह स्फातिं समावहन् ।।

२६-असबाध मध्यतो मानवानां यस्या उद्वतः प्रवतः समं बहु ।
नानावीर्या ओषधीर्या बिभर्ति पृथिवी नः प्रथतां राध्यतां नः ।।

३०–उग्रो राजा मन्यमानो ब्राह्मणं यो जिघित्सति ।
परा तत्सिच्यते राष्ट्रं ब्राह्मणो यत्र जीयते ।।

३१–दृते दृंह मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम् ।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे ।
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ।।

३२–तवाहमग्न ऊतिभिर्मित्रस्य च प्रशस्तिभिः ।
द्वेषोयुतो न दुरिता तुर्याम मर्त्यानाम् ।।

३३–इद मे ब्रह्म च क्षत्र चोभे श्रियमश्नुताम् ।
मयि देवा दधतु श्रियमुत्तमां तस्यै ते स्वाहा ।।

३४-वही ।

वैदिक संहिताओं में राष्ट्रियता

डा० जगदीश प्रसाद

वेद में 'राष्ट्रियता' या 'राष्ट्र' शब्द अनेक स्थानों पर प्रयुक्त हुआ है। आदि सृष्टि में आविर्भूत होने के नाते, अपौरूषेय ज्ञान-वेद में कोई अनित्य इतिहास नहीं है। वेद का ज्ञान सार्वदेशिक व सार्वकालिक है। वेद के शब्द व्युत्पत्तिपरक यौगिक हैं। 'राजृ'+औणादिक प्रत्यय से राष्ट्र शब्द की व्युत्पत्ति है, जिसके अर्थ जनपद ग्राम, राज्य हैं। इसमें भूमि, जन, संस्कृति समाहित है। वेद की राष्ट्र की अवधारणा आधुनिक, पाश्चात्य या यूरोपीय अवधारणा से भिन्न है। वेद की राष्ट्र की अवधारणा की व्याख्या करने के पूर्व आधुनिक अवधारणा पर विहंगम दृष्टिपात समीचीन होगा।

राष्ट्रियता की आधुनिक परिभाषायें—'राष्ट्रीयता' शब्द अंग्रेजी के 'नेशनेलिटी' शब्द का हिन्दी रूपान्तर है, जो लेटिन के 'नेशन' शब्द से बना है, जिसका अर्थ है 'जन्म' या 'वंश'।[4] इस प्रकार व्युत्पत्ति के दृष्टिकोण से 'राष्ट्रियता' और 'राष्ट्र' एक ही तत्त्व 'जाति' की ओर संकेत करते हैं।

आज की राष्ट्रियता की परिभाषा करना कठिन है, क्योंकि इसको चर्म-चक्षुओं से नहीं देखा जा सकता। इसकी केवल अनुभूति ही की जा सकती है। लॉर्ड ब्राइस ने इसके विषय में केवल इतना ही लिखा है कि 'हम राष्ट्रियता की परिभाषा नहीं कर सकते।' राष्ट्रियता' एक भावना का नाम है और भावना को स्पष्ट शब्दों में प्रकट करना बहुत कठिन कार्य होता है। हेज़ महोदय का कथन है कि 'राष्ट्रियता शब्द अत्यन्त कठिन है।' कुछ विद्वानों ने राष्ट्रियता की परिभाषा को शब्दों में बाँधने का प्रयत्न किया है; किन्तु उनकी व्याख्या अपूर्ण ही प्रतीत होती है। यथा—

सिडनी हर्बर्ट का कथन है, 'राष्ट्रियता स्वदेश से सम्बन्ध रखने वाली मानसिक अनुभूति है।'

प्रोफेसर रोज़ लिखते हैं, 'राष्ट्रियता एक आध्यात्मिक भावना है ।'

इस प्रकार, राष्ट्रियता एक आध्यात्मिक-सांस्कृतिक भावना है, जो मनुष्यों को एकता के सूत्र में बाँधती है, जिसके कारण किसी देश के रहने वाले अपने को एक समझते हैं; इससे उनमें सहज स्नेह उत्पन्न हो जाता है।

राष्ट्रियता के प्रेरक तत्त्व—जो शक्तियाँ एक समूह में राष्ट्रियता की भावता उत्पन्न करती हैं वे अनेक व विभिन्न हैं। इनमें से अधिक महत्वपूर्ण हैं—धार्मिक एकता, जातीय एकता, भाषा की एकता, भौगोलिक एकता, सांस्कृतिक एकता, ऐतिहासिक एवं परम्परागत एकता, समान शासन, समान आर्थिक हित, संघर्ष और युद्ध के समय समान जय-पराजय की अनुभूति, इत्यादि । जिस प्रकार, वैदिक संहिताओं में ब्रह्म की व्याख्या में 'नेति-नेति' का आश्रय लिया गया है, इसी प्रकार, राष्ट्र की परिभाषा में विद्वानों ने अनेक तत्त्वों का उल्लेख करके अन्त में 'इत्यादि' शब्द प्रयुक्त किया है ।

राष्ट्रिय भावना के विकास में बाधक तत्त्व—कुछ तत्त्व राष्ट्रियता की भावना के विकास में बाधा उत्पन्न करते हैं । यथा—अशिक्षा, आवागमन के साधनों का अभाव, साम्प्रदायिकता की भावना, प्रान्तीयता या क्षेत्रीयता की भावना, जातिवाद एवं भाषावाद, देशभक्ति का अभाव तथा पराधीनता इत्यादि ।

राष्ट्रियता के लाभ—राष्ट्रियता की भावना से अनेक लाभ हैं; जैसे-इससे देश-प्रेम का विकास होता है; इससे राष्ट्र की एकता तथा शान्ति बढती है; यह देश की संस्कृति और सभ्यता की संरक्षिका है; यह एक महानतम आध्यात्मिक अनुभूति है, जो मानव को स्वार्थपरायणता के गर्त से मुक्त करके उसे समाजहित एवं विकास के लिए प्रेरित करती है; यह स्वतन्त्रता की पोषिका है; यह राजनैतिक एवं आर्थिक विकास का साधन है।

आधुनिक राजनीति-विज्ञान में राष्ट्रियता से सम्बन्धित ज्ञान की स्थिति के अवलोकन के पश्चात् अब वैदिक अवधारणा की ओर आते हैं।

राष्ट्रियता की वैदिक अवधारणा—महर्षि दयानन्द ने अपने पूना के व्याख्यानों में आठवें दिन इतिहास विषय पर प्रवचन रखा था। उसका सारांश है[4] कि "मानवसृष्टि के पश्चात् कुछ काल तक ईश्वर प्रदत्त वेद-ज्ञान का प्रसार मानव समाज में होता रहा तथा ऋषि-सान्निध्य में रहते वाले वेदानुकूल सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करते रहे कालान्तर में मानव

जनसंख्या बढ़ जाने से सुख-सामग्री की उपलब्धि में कठिनाई उपस्थित होने लगी और मनुष्य में मोह तथा काम प्रबल होने लगे। परिणामस्वरूप अव्यवस्था फैलने लगी। अतः अव्यवस्था को दूर कर, वैदिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए शुभ चिन्तक वेदज्ञों ने एक गोष्ठी की, जिसका नेता ब्रह्मा कहलाया। ब्रह्मा ने संविधान रूप में एक शास्त्र की रचना की, जिसे 'त्रिवर्ग' कहा गया। इसमें धर्म, अर्थ और काम—उन तीनों पर नियन्त्रण का उल्लेख है। इसे 'ब्रह्मा की स्तुति' कहते हैं। इसी त्रिवर्गशास्त्र की केन्द्रीय धुरी वर्णाश्रम धर्म हैं। इसी काल में समाज में गुण-कर्म-स्वभावानुसार वर्णाश्रम व्यवस्था लागू की गई। यह व्यवस्था स्वायम्भुव मनु तक पूर्णता से चली। तत्पश्चात्, सामाजिक व्यवस्था के क्षेत्र विस्तीर्ण होने से बृहद् संविधान की आवश्यकता महसूस होने लगी। तब स्वायम्भुव मनु ने एक स्मृति रचकर व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र स्तर तक का वेदानुकूल संविधान तैयार किया जो आज भी लोक प्रसिद्ध है।

सृष्टि के आदि में विराट् अवस्था थी, जिसका अभिप्राय है कि प्रारम्भ में कोई राजा नहीं था, **न दण्डो न च दाण्डिकः**' धर्म के अनुसार सब व्यवहार करते थे। अथर्ववेद[5] में कहा गया है कि इस विराट् की अवस्था से धीरे-धीरे राज्य व्यवस्था की उत्पत्ति हुई और सम्पूर्ण सृष्टि के तत्त्वों के अधिष्ठाता (स्वामी) के रूप में एकमात्र परमेश्वर ही था। अतएव प्रजापति-परमेश्वर ने स्वप्रजा के कल्याणार्थ अनेक विध पदार्थ, जैसे—सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, अग्नि, मरुत्, आपः, वृक्ष, लता, गुल्म, फल, फूल, धन, धान्य तथा अनेक ऐश्वर्यों को प्रकट किया है और वही प्रजापति अपनी न्याय व्यवस्था से ब्रह्माण्ड का शासन-प्रबन्ध कर रहा है। इसका अभिप्राय यह है कि प्रजापति ही इस चरचरात्मक जगत् का अधिपति अर्थात् स्वामी है।[6] इसीलिए प्राचीन काल में राजा को ईश्वर का प्रतिनिधि माना जाता था।

वैदिक वाङ्मय में अनेक प्रकार की शासन-पद्धतियों का उल्लेख मिलता है; जैसे—स्वराज, राज्य, साम्राज्य, स्वराज्य, वैराज्य, सर्वराज, जानराज्य, एकराट् इत्यादि। एकराट् व्यवस्था का वर्णन ऐतरेय ब्राह्मण में उपलब्ध होता है। वहाँ कहा गया है कि समुद्र पर्यन्त सम्पूर्ण पृथ्वी मण्डल का एक शासन-प्रबन्ध हो और एक ही राजा हो।[7] वर्तमान काल में जिस प्रकार संयुक्त राष्ट्र संघ की कल्पना की गई है, उससे भी उत्कृष्ट

पुराकाल में 'पृथिव्या: एकराट्' की कल्पना की पृष्ठभूमि तैयार की गई थी। पृथक्-पृथक् राजव्यवस्थायें हों और वे सब स्वतन्त्र हों तो उनमें परस्पर युद्धादि की सम्भावना बनी रहती है। युद्ध होने से मानवता का संहार होता है इससे महाविनाश से बचने हेतु ब्रह्मर्षियों ने 'पृथिव्या एकराट्' की व्यवस्था को कल्पना की।

आदर्श वैदिक राष्ट्र का स्वरूप—आदर्श राष्ट्र की स्थापना के लिए यह परमावश्यक है कि राष्ट्र के नागरिकों का चरित्र उज्ज्वल हो; अर्थात् उत्तम चरित्रवान् नागरिकों के होने से उत्तम राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इसीलिये वेद में '**कृण्वन्तो विश्वमार्यम्**' का सन्देश दिया है, जिसमें आर्य शब्द किसी नस्ल, या जाति का वाचक नहीं, वरन् (श्रेष्ठ) गुणवाचक है। वैदिक व्यवस्था में मानव को मानव बनाने की शिक्षा पर अत्यधिक बल दिया गया है। ऋग्वेद[8] के '**मनुर्भव जनमा दैव्यं जनम्**' के अनुसार, श्रेष्ठ मनुष्यों के निर्मित हो जाने पर उत्तम राष्ट्र की स्थापना स्वतः ही हो जाती है। यजुर्वेद[9] के **आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे राजन्य···योगक्षेमः नः कल्पताम्**, में राष्ट्र के आवश्यक तथ्यों की ओर संकेत किया गया है।

आज के अन्तर्राष्ट्रवाद को वेदों में राष्ट्रियता के नाम से दिया गया है। संहिताओं में पूरे भू-मण्डल को इकाई मानकर, उसके एक सम्राट्, सम्राट् के आधीन भिन्न-भिन्न क्षेत्रों या देशों के राजा की संकलपना के आधार पर विश्व का शासन-तन्त्र चलाने की बात कही गई है। आज की अन्तर्राष्ट्रियता के प्रति लोगों के मन में जो संशय-शंका उत्पन्न होती हैं, वैदिक राष्ट्र (आज की अन्तर्राष्ट्रीयता) में सम्भावना ही नहीं है।

महर्षि दयानन्द ने अपनी 'ऋग्वेदादिभाष्य-भूमिका' के ,राजप्रजा धर्म विषयः' के समापन में '**श्रीवैं राष्ट्रम्···पुष्टं पशु मन्यत इति**' में वैदिक राष्ट्र की परिभाषा देने का प्रयत्न किया है, जिसको संक्षेप में इस प्रकार कहा जा सकता है कि 'उत्तम, संरक्षित, समृद्ध शान्तिपूर्ण वह राज्य है जिसमें प्रजा समान (एक) भाव से रहती है, उसे राष्ट्र कहते हैं।

वैदिक संहिताओं में राष्ट्र शब्द अनेक स्थानों पर आया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

राष्ट्र के नागरिकों के योगक्षेम की व्यवस्था करना राष्ट्र का कर्त्तव्य

है। पाश्चात्य अर्थव्यवस्था 'जानबूझकर पैदा किया हुआ अभाव Economy of contrived scor city) की व्यवस्था है। इसके विपरीत, वेद में माना गया है कि सब के सुख के लिये उत्पादन विपुल मात्रा में होना आवश्यक है; क्योंकि वैदिक अर्थशास्त्र विपुलता का अर्थशास्त्र है।[10] इसीलिए अथर्ववेद[11] का आदेश है '**शतहस्त समाहर,सहस्रहस्त संकिर।**'

अथर्ववेद में अनेक स्थानों पर राष्ट्र शब्द आया है; यथा—अथर्व० प्रथम काण्ड, षष्ठ अनुवाक तथा ३।५।२ आदि। वेदों में अनेक स्थानों पर राष्ट्र शब्द राज्य के अर्थ में प्रयक्त हुआ है; जैसे—अथर्व० ३।४।२, १०।३।१२, १२।१।८, १३।१।३५, आदि; यजुर्वेद १०।२, ३, ४ आदि। कहीं पर राजा के अर्थ में राष्ट्र शब्द आया है; यथा—यजुर्वेद ४।२२, ३।५ आदि। शतपथ ब्राह्मण में **इयं ते राट्**··· (=तुझको यह राष्ट्र दिया जाता है) में राष्ट्र शब्द प्रयुक्त हुआ है।

मेरा विचार है कि वैदिक संहिताओं का राष्ट्र शब्द आधुनिक काल की अन्तर्राष्ट्रीयता का संशोधित समानार्थी है।

प्रवक्ता

रसायन विभाग मेरठ कालेज

सन्दर्भ

१–'आधुनिक राजनीतिक सिद्धान्त', डा० के० डी० अग्रवाल, विद्या प्रकाशन मन्दिर मेरठ, १९९१-संस्करण।

२–'राजनीति-विज्ञान के सिद्धान्त', राजकुमार एवं डा० ओ० पी० भारद्वाज, चित्रा प्रकाशन, मेरठ, १९८९-संस्करण।

३–'यजुर्वेद', ३१।१८

४–'सार्वदेशिक' (साप्ताहिक), दिल्ली, १२ दिसम्बर, १९९३, हष्ठ ७

५–'दयानन्द सन्देश' (मासिक), दिल्ली, जून, १९८४, पृष्ठ २२

६–'यजुर्वेद', ५।३१, १२।११७, १३।४, २३।३, २५।१८

६–'समुद्रपर्यन्तायाः पृथिव्याः एकराट्'—ऐतरेय ब्राह्मण।

८–'ऋग्वेद' १०।५३।६

९–'यजुर्वेद', २२।२२

१०–'अर्थ या अनर्थ', दत्तोपन्त ठेंगड़ी एवं डा० मुरली मनोहर जोशी, सुरुचि प्रकाशन, दिल्ली, १९९३-संस्करण।

११–'अथर्ववेद', ३।२४।५

वैदिक और आधुनिक सन्दर्भों में राष्ट्र एवं राष्ट्रियता

डा० अवतार कृष्ण गुर्टू एवं डा० श्रीमती मन्जु श्रीवास्तव

राष्ट्र (नेशन), राष्ट्रियता (नेशनेलिटी) और राज्य (स्टेट) मूल अर्थों में भिन्न-भिन्न होते हुए भी कुछ जटिल प्रकार से एक दूसरे का अर्थ देने लगे हैं। इसमें कुल या जाति (रेस) का भाव भी सम्मिलित है। सार्वजनिक रूप से "वन नेशन वन स्टेट" की अनुधारणा मान ली गयी है। नेशन में अब राजनैतिक सत्ता का भी समावेश है।

"Nation means Sta e plus nationality"

राष्ट्र (नेशन) से तात्पर्य है पृथक जन समूह जिनकी अपनी स्वयं की राजनैतिक सत्ता हो। राष्ट्रियता में राजनैतिक अस्तित्व आवश्यक नहीं। राष्ट्रियता से तात्पर्य है उस जन समूह का जो मूल वंश, जाति, भाषा, परम्परा, इतिहास के द्वारा आपस में जुड़े हों। ब्रिन्स (BRYNCE) के अनुसार राष्ट्रियता वह जन समूह है जो आपस में भाषा, साहित्य, विचार, रीति-रिवाज, परम्परा के द्वारा जुड़ कर इस प्रकार एक इकाई हो गया है जो इसी प्रकार जुड़े अन्य जन समूहों से पृथक् अस्तित्व रखता है। जब कि राष्ट्र (नेशन) वह राष्ट्रियता है जिसने अपने आपको राजनैतिक सत्ता के रूप में संगठित कर लिया है अथवा करना चाह रहा है।

राष्ट्रियता के निम्न मुख्य अवयव कहे जा सकते हैं—

१. कुल-वंश-जाति की एकता।

२. भाषा-परम्परा और संस्कृति की एकता।

३. धर्म की एकता।

४. भौगोलिक एकता।

५. समान ऐतिहासिक परम्परा ।
६. समान शासन व्यवस्था ।
७. समान सुविधा-हित-कल्याण ।

"श्री वैं राष्ट्रं राष्ट्रं वै अश्वमेधः" आदि वैदिक वाङ्मय के उद्धरण राष्ट्र की अवधारणा के संकेत देते हैं। यजुर्वेद के अनेक अध्यायों में राष्ट्र एवं राष्ट्रियता के उद्धरण मिलते हैं जिसमें वैदिक कालीन विचार स्पष्ट रूप से झलकते हैं। २२वें अध्याय के २२वें मन्त्र में राष्ट्र की समृद्धि के लिये ईश वन्दना की गयी है। इसमें राष्ट्र का जितना विशाल, समग्र और सम्पूर्ण चिन्तन है उतना शायद ही कहीं अन्यत्र मिले। यह परिभाषा इतनी सम्पूर्ण है कि शायद ही इसमें से कुछ घटाया या बढ़ाया जा सके— राष्ट्र चिन्ता में लीन बुद्धिजीवियों, अध्यापकों, अनुसंधानकर्त्ताओं के और अधिक मेधावी, प्रतिभाशाली एवं तेजस्वी होने की प्रार्थना की गयी जिससे वह समाज को अधिकार पूर्वक सही दिशा दे। क्षत्रिय वर्ग के अधिक बलशाली होने की कामना की गयी है जिससे वह राष्ट्र के शत्रुओं का सम्यक् रूप से विनाश कर पाये। कृषि वैज्ञानिकों को अनावृष्टि और अतिवृष्टि जसी समस्याओं को सफलता पूर्वक निपटने की सही विधि की जानकारी हो—ऐसी कामना की गयी है, जिसके फलस्वरूप पृथिवी धन-धान्य, फल-फूल एवं प्राकृतिक औषधियों से परिपूर्ण रहे। शिशुओं के लिए प्रचुर मात्रा में दूध की उपलब्धि हेतु गोवंश की और यातायात आदि के लिये अश्वादि पशुओं के कल्याण की भी कामना की गयी है। यह केवल वैदिक ऋषियों की सोच ही हो सकती थी कि उन्होंने स्पष्ट कहा कि समृद्ध राष्ट्र की आधार शिला सौभाग्यशालिनी, ममतामयी चरित्रवती नारी समाज ही हो सकता है जो इस प्रकार की उत्तम बलिष्ठ सन्तानें उत्पन्न करे जो समाज को उन्नति के नवीन शिखरों तक ले जाने में समर्थ हो और साथ ही साथ पुरानी सांस्कृतिक धरोहर को भी न छोड़े। राष्ट्र की स्वाधीनता भी स्थायी रहे। क्या आधुनिक राजनेता बिना वर्ग संघर्ष की अनावश्यक धारणा के समग्र राष्ट्र के उत्थान की कल्पना कर सकते हैं? शायद नहीं।

ऋग्वेद से अथर्ववेद तक का कालविस्तार आर्यों के स्वातन्त्र्य-प्रेम

और राष्ट्र अनुराग का प्रोज्जवल इतिहास है। अथर्ववेद का पृथिवी सूक्त जहाँ आर्यों के राष्ट्रप्रेम का द्योतक है वहाँ यजुर्वेद का **"वयं राष्ट्रे जागृयाम"** मन्त्र उनकी वैयक्तिक स्वातंत्र्य भावना की भी प्रमुख घोषणा है। अथर्ववेदानुसार प्रजा की शक्ति विश्रृङ्खल एवं अस्तव्यस्त होने के कारण प्रबुद्ध-व्यक्तियों ने ग्राम सभा का संगठन किया। आगे चलकर यह ग्राम सभा समिति हुई और अन्त में मंत्रिमंडल के रूप में प्रतिष्ठित हो गयी। वैदिक काल में जन शक्ति को विशः और जननायक को विशपति कहा गया है। यजुर्वेद के अनुसार विशपति के राज्याभिषेक की अनुमति जन शक्ति से ली जाती थी और इसको वरण उत्सव कहा जाता था। प्रजा राजा का निर्वाचन करके चुप नहीं बैठ जाती थी वरन् उसके मौलिक कर्त्तव्यों के प्रति भी उसे सदैव सचेत किया करती थी। 'शतपथ' के एक राज्यारोहण मन्त्र में कहा गया है कि यह सारा राष्ट्र तुम्हें दिया जा रहा है। आज से तुम शासक हो, राष्ट्र के सर्वेसर्वा हो। तुम धैर्यवान् हो, बलवान हो। कृषि के उत्थान के लिए कार्य करो। कृषि के उत्थान, प्रजा के अभ्युदय, सज्जन पोषण एवं सर्वभूत हित के लिये तुम्हें यह राष्ट्र दिया जा रहा है। और राजा प्रतिज्ञा करता था कि प्रजा के साथ मैं द्रोह नहीं करूँगा। और प्रजा को अधिकार देता हूँ कि द्रोह करने पर वह मुझे अपने जीवन, पुण्य-फल, संतान आदि समस्त सुखों से वंचित करे। राज-दण्ड राजा को देते समय एक हल्का आघात राजा की पीठ पर करके उसे सावधान किया जाता था कि कर्त्तव्य-च्युत होने पर राजा भी दण्ड से बच नहीं सकता। वैदिक कालीन राष्ट्रीयता एवं राज्य व्यवस्था लोकरंजन के आदर्शों को व्यापक परिधि में मूर्त करने की क्षमता रखती थी।

राजा और प्रजा अपने-अपने कर्त्तव्यों के प्रति एक मन्त्र होकर राष्ट्र के रथ को नित्य-नवीन समृद्धि के स्तर पर प्रतिष्ठित करते रहते थे पर ऐसे अनेक उदाहरण वैदिक इतिहास में मिलते हैं कि प्रजा के हित, व्यक्ति के स्वातन्त्र्य की उपेक्षा करने वाले निरंकुश राजाओं को राज्य से केवल वंचित ही नहीं किया वरन् उन्हें कठोर दण्ड भी दिया है।

इस प्रकार राष्ट्र, राष्ट्रियता, राज्य राजा आदि की धारणायें समग्र रूप में वैदिक काल में सोची समझी गयी थी। मानवीय बंलदुताओं

को ध्यान में रखते हुए उनका निराकरण भी सोच लिया गया था। केवल मनुष्य मात्र ही नहीं वरन् समग्र पशु-पक्षी वनस्पति आदि सभी भूतों के उत्थान से ही राष्ट्र की समृद्धि की संकल्पना की गयी थी। आधुनिक काल की राष्ट्र, राष्ट्रियता, राज्य राजा आदि की अवधारणायें समग्र न होकर खण्डशः (Sectarian) है जिससे अनावश्यक वर्ग संघर्ष जन्म लेता है जो समस्यायें सुलझाता कम है—नयी अधिक समस्याओं को जन्म देता है। पारस्परिक प्रेम-सद्भाव और समग्र रूप से बहुजनहिताय नहीं वरन् सर्वजनहिताय की भावना पर आधारित राष्ट्र राष्ट्रीयता, राज्य ओर राजा की वैदिक अवधारणा मानव मात्र का कल्याण कर सकती है। वर्ग संघर्ष की अवधारणा को नकारते हुए ऋग्वेद कहता है—

ओं समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति॥ ऋ० १०-१९१-४

डॉ० अवतार कृष्ण गुर्टू
प्राचार्य, सतीश चन्द्र कॉलेज, बलिया
एवं
डॉ० (श्रीमती) मन्जू श्रीवास्तव
संस्कृत विभागाध्यक्ष, गुलाब देवी डिग्री कालेज, बलिया

अथर्ववेदीय पृथिवीसूक्त में राष्ट्रियता वर्तमान परिप्रेक्ष्य में

डा० दुर्गाप्रसाद मिश्र

दीप्त्यर्थक राज् धातु से औणादिक ष्ट्रन् प्रत्यय लगाकर राष्ट्र शब्द बना जिसका अर्थ है जनपद। शब्दकल्पद्रुम में राष्ट्र का अर्थ विषय एवं वाचस्पत्यम् में जनपद है। बृहद् हिन्दी कोश में राष्ट्र का अर्थ, देश, राज्य और जाति किया गया है। 'एक ऐसे भूभाग विशेष को राष्ट्र कहते हैं जहाँ के सभी लोग किसी एक पद्धति विशेष के शासन के अधीन रहते हैं।'[1] राजनीतिशास्त्री राष्ट्र का अर्थ अंग्रेजी के नेशन शब्द के अनुरूप मानते हैं। भाषाविज्ञान की दृष्टि से नेशन शब्द लैटिन के नेट्स शब्द से बना है जिसका अर्थ है ऐसी जाति या जन्म जिसमें प्रजाति सम्बन्धी समानता विद्यमान है। अतः राष्ट्र का अर्थ ऐसा मानवपुंज है जो जन्म, जाति एवं प्रजाति की दृष्टि से परस्पर ए ता की अटूट भावना समाहित किये हो। राष्ट्र के तत्त्वों में जनसमुदाय, सांस्कृतिक एकता, धार्मिक एकता, राजनीतिक आकांक्षा प्रमुख तथा जातीय एकता, भौगोलिक एकता, आत्मीयता एवं बाह्य उत्पीड़न जन्य एकता व भाषा गौण हैं।

राष्ट्रे भवः राष्ट्रिय (राष्ट्र+घ) राज्य में रहने वाला, राज्य से सम्बन्ध रखने वाला, राज्य का शासक ! बृहद् हिन्दी कोश में राष्ट्रियता का अर्थ राष्ट्र का नागरिक होने का भाव राष्ट्र-प्रेम तथा देश-भक्ति है। राजनीतिशास्त्रियों द्वारा प्रतिपादित राष्ट्रियता की व्याख्याएँ राष्ट्र के अर्थ के ही पोषक हैं। किसी निश्चित भूभाग पर बसने वाला समाज युगानुरूप अपने जीवन, जीवन शैली और सोच के द्वारा अपनी एक पहचान पैदा करता है। उसकी विशिष्ट जीवन शैली एवं आचार व्यवहार ही उसकी संस्कृति और इतिहास का रूप ग्रहण करता है जो उसकी विरासत है। एक

---

१. वाचस्पत्यम् एवं शब्दकल्पद्रुम।

रूप विरासत वाला समाज उस भूभाग के साथ अपनी विशिष्ट पहचान से एक राष्ट्र का निर्माण करता है।

पृथिवी, जन और संस्कृति का नाम राष्ट्र हैं। पृथिवी की भौतिक सम्पत्ति का विकास, जन का विकास एवं उच्च संस्कृति का विकास क्रमशः अधम, मध्यम एवं उत्कृष्ट राष्ट्र के प्रतीक हैं। इसीलिये ऋषि कहता है 'उत्तम राष्ट्र की भूमि बल और तेज देने वाली हो।'[1] वस्तुतः पृथिवी राष्ट्र का शरीर, पृथिवी पुत्र प्राण और संस्कृति उसका मानस है। 'मन, प्राण तथा वाक् (भूमि) के सम्यक् विकास से ही राष्ट्र की आत्मा श्रेष्ठ होती है।'[2]

पृथिवी सूक्त के प्रथम मन्त्र में ही राष्ट्र को धारण करने या मातृ-भूमि की रक्षा का उल्लेख है 'सत्यव्रत, सरलता, उग्रता, दक्षता, तप, ज्ञान, यज्ञ (आत्म समर्पण) ये गुण राष्ट्र रक्षक में होने चाहिये।'[3] जिनमें ये गुण नहीं वे मातृभूमि की रक्षा नहीं कर सकते। भूमि को मातृभूमि कहकर माँ के समान माना गया है—'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः (अथर्व० १२।१।१२) वस्तुतः पृथिवी सूक्त के इस मन्त्र में राष्ट्रियता के तीनों तत्त्व, भूमि, जन (पुत्र) तथा संस्कृति का समावेश है। हम सभी एक ही माँ की सन्तान हैं। इसीलिये मातृभूमि से सभी प्रकार के कल्याण की कामना की गई है।[4]

मातृ-भूमि हमें अपूर्व पेय पदार्थ देवे।[5] वह हमें गायें और अन्न देवे।[6] वह हमें अत्यधिक दूध देवे।[7] वह हमारा संवर्धन करे।[8] वह हमारी

---

१. सा नो भूमिस्त्विषिं बलं राष्ट्रे दधातूत्तमे। (अथर्व० १२।१।८)
२. अथर्ववेद १२।१।५८
३. सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति। अथर्व० १२।१।१
४. भूमे मातर्निधेहि मा भद्रया सुप्रतिष्ठितम्। (अथर्व० १२।१।६३)
५. सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु। अथर्व० १२।१।३
६ सा नो भूमिर्गोष्वप्यन्ने दधातु। अथर्व० १२।१।४
७. सा नो भूमिर्भूरिधारा पयो दुहाम्। अथर्व० १२।१।६
८. सा नो भूमिर्वर्धयद् वर्धमाना। अथर्व० १२।१।१३

इच्छानुसार धन देवे ।[1] वह हमें शत्रुरहित करे ।[2] पृथिवी माँ की तरह क्षमाशील है ।[3] अतः स्पष्ट है कि पृथिवी हमारे लिए माता के समान है। भूमि के प्रति यही भाव राष्ट्रियता को सुदृढ़ करता है।

पृथिवीपुत्रों को विश्वकर्मा कहा गया, वे सुन्दर महानगरों या पुरियों के निर्माता हैं।[4] राष्ट्र वस्तुतः महामानव पयोधि है। अनेक भाषा-भाषी और धर्मावलम्बी भी राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बँधकर पृथिवीपुत्र कहलाते हैं।[5] वे लोग आपस में द्वेष न करें।[6] ऋषि सभी लोगों के निर्बाध होकर रहने की कामना करते हैं।[7]

मानव चिन्तनशील प्राणी है उससे मातृभूमि अपेक्षा रखती है कि यदि कोई दुराचारी शासक उसकी सीमा या मर्यादा को खण्डित करना चाहता है तो उसके साथ प्रतिवाद करके माँ की रक्षा करे। मातृभूमि की रक्षा के लिए सचेत रहना ही राष्ट्रियता को सुदृढ़ बनाना है।

किसी युग की संस्कृति की श्रेष्ठता का ज्ञापन चाँदी या लोहे की चमक से नहीं होता अपितु पृथिवी के हिरण्य संदर्शन से स्वर्ण युग आता है।[8] इसीलिये भूमि के पार्थिव रूप की श्री देखने के लिये ऋषि सौ वर्ष तक नेत्र ज्योति बढ़ने की कामना करता है।[9] पृथिवी सूक्त में हमारी संस्कृति का पूर्ण विवेचन प्राप्त होता है। ऋषि सब तरह से स्वस्थ रहने की कामना करता है ।[10] इन्द्रियों एवं बुद्धि के सम्यक् सामर्थ्य की कामना

---

१. अथर्व० १२।१।४०
२. अथर्व० १२।१।४१
३. क्षमां भूमिम् । अथर्व० १२।१।२९
४. अथर्व० १२।१।४३
५. अथर्व० १२।१।४५
६. अथर्व० १२।२।२४-२५
७. असंबाधं बध्यतो मानवानाम् । अथर्व० १२।१।२
८. सा नो भूमे प्ररोचय हिरण्यस्येव संदृशि । अथर्व० १२।२।१८
९. अथर्व० १२।१।३३
१०. अथर्व० १२।१।११

करता है।[1] अध्यात्म ज्ञान एवं ब्रह्म ज्ञान का विवेचन हमें त्याग का उपदेश देता है।

वैदिक काल में राष्ट्रनायक के विशिष्ट गुण निर्धारित थे। राजा ऐसा हो जिसे सभी अपना स्वामी समझें।[2] वैदिक संविधान विद्वान्, धार्मिक, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ और रणनीतिज्ञ व्यक्ति को राजा बनाने की अनुमति देता है। अयोग्य और अशिक्षित को नहीं।[3]

शासन-व्यवस्था को सुचारू-रूप से संचालित करने के लिए नैतिक गुण, ब्रह्मचर्य, संयम, योग की आवश्यकता है। ब्रह्मचारी और तपस्वी राजा का राष्ट्र सुरक्षित रहता है।[4] शरीर में जो स्थान राजा को प्राप्त है, वही स्थान राष्ट्र और शासन व्यवस्था में राजा को प्राप्त है।[5]

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि हम राष्ट्रियता पर विचार करें तो हमें तीनों प्रमुख तत्त्व भूमि, जन, संस्कृति का एक विकृत रूप दिखता है। हमारा राष्ट्र भारत आसेतु हिमालय अपने प्राचीन इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर से एक ऐसे समर्थ और जीवन्त राष्ट्र का निर्माण किया था जिसके लिए राज्य सत्ता अनिवार्य नहीं थी। विदेशी शासन में भी राष्ट्र और राष्ट्रियता की सांस्कृतिक धारा निर्बाध रूप से प्रवाहित रही। भाषा, बोलियों, धर्मों, रीति-रिवाजों की भिन्नता के बाद भी वैचारिक एवं सांस्कृतिक एकत्व तथा समरसता की धारा उद्दीप्त रही। किन्तु आज वह धारा विच्छिन्न हो रही है। इसका कारण राष्ट्रिय मूल्यों का ह्रास है।

वस्तुतः राष्ट्र और देश दोनों में अन्तर है। हर राष्ट्र देश तो कहा जा सकता है पर हर देश या राज्य राष्ट्र नहीं हो सकता। राष्ट्रियता के साथ जो प्रजा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का भाव जुड़ा है, वह देश के साथ नहीं है। पाकिस्तान और बांग्लादेश आज देश या

---

१. अथर्व० १२।१।३३
२. अथर्व० ३।४।१
३. अथर्व० ६।९८।१
४. ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं विरक्षति। अथर्व० १२।५।१७
५. अथर्व० ७।१११।१

राज्य तो हैं पर राष्ट्र की शर्तें नहीं पूरी करते। धार्मिक भिन्नता के बाद भी उनकी मूल भाव धारा और उसको प्रकट करने की भाषा भारतीय मूल से बँधी है। इसी कारण ये देश खाड़ी देशों और उनकी संस्कृति के साथ बँधने का प्रयास करते हैं। इस वैकल्पिक राष्ट्रिय बोध को प्रतिष्ठापित करना इनकी राजनीतिक मजबूरी है।

स्वतन्त्रता के बाद भारत का राष्ट्रबोध शासकों के लिए राजनीतिक उलझन का कारण बन गया। राष्ट्रिय अवधारणा पर हमले का माध्यम संविधान बना संविधान का प्रथम अनुच्छेद 'इण्डिया जो भारत है, राज्यों का एक संघ होगा' राष्ट्र या राष्ट्रियता को नकार रहा है। संविधान निर्माताओं ने देश के नाम इण्डिया को प्रमुखता देकर भारत और उसके नाम से जुड़े इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को गौण स्थान देने का कार्य किया। संविधान में राष्ट्र या राष्ट्रियता को परिभाषित नहीं किया गया। देश के एकत्व और राष्ट्रीय बोध को प्रेरित करने के लिये संविधान में नये आदर्शों की स्थापना की गई—समाजवाद, धर्म-निर्पेक्षता और लोक-तन्त्र। राज्य और उसकी सत्ता को सर्वव्यापी बनाया गया और राष्ट्र को पीछे ढकेला गया। राष्ट्र रूपी भारत और उसके संविधान में यही विसंगति है, समग्र राष्ट्रियता का ह्रास और क्षेत्रीयता का विकास इसी का परिणाम है। समाजवाद, धर्म-निर्पेक्षता और लोकतन्त्र आज शब्द मात्र हैं। धर्म-निरपेक्षता तो अपने अर्थबोध के लिये आज शासकों के द्वार-द्वार भीख सा माँग रही है। हमारे शासकों की थोड़ी सी भूल आज भारतीय राष्ट्रियता के मस्तक पर क्षेत्रवाद, भाषावाद, कश्मीर, झारखण्ड आदि समस्या के रूप में भस्मासुर बनकर नृत्य कर रही हैं। हिन्दू समाज की सांस्कृतिक राष्ट्र और राष्ट्रियता की भावना जब प्रबल होती है तो इसे साम्प्रदायिकता, जातीय कट्टरवाद का नाम दिया जाता है। राष्ट्रियता का दूसरा अवरोधक तत्त्व इस्लाम भी है। धर्म के रूप में उसे देश और राज्य की सत्ता स्वीकार है पर सांस्कृतिक राष्ट्र एवं राष्ट्रियता की आस्था उसे मान्य नहीं। वे इस्लाम के भारत आने के पूर्व की हमारी वैदिक सांस्कृतिक धरोहर को नकारते हैं। इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से

पूर्ण मातृ-भूमि के रूप में राष्ट्र को मानने वाला 'वंदेमातरम्' उन्हें स्वीकार नहीं है।

विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि शासन विचारों ने किया हथियारों ने नहीं। वैदिक वाङ्मय में वर्णित राष्ट्रियता विचार-प्रधान है। गाँधी, चर्चिल विचार प्रधान थे अतः पूज्य हुए। माता भूमिः का भाव आज लुप्त सा है। कोई भी शासक वैदिक कसौटी में खरा नहीं अपितु तत्कालीन अवगुण अब गुण हो गये हैं।

अन्ततः भारत राष्ट्र और हमारी राष्ट्रियता का आज उतना खतरा बाह्य शक्तियों से नहीं है जितना कि राष्ट्र के नीति निर्धारक एवं शासक इन 'इण्डियन्स' (तथाकथित भारतीय) से है जिनका अर्धांग विदेशी, काया भारतीय विचार परदेशी, भारत में शासन विदेशों में राशन, (सम्पत्ति), कहना कुछ करना कुछ।

वैदिक राष्ट्रियता का भाव आज भी किसी भी राष्ट्र का मार्ग दर्शन करने में समर्थ है। **'राष्ट्रदेवो भव'** मन्त्र समस्त मानवता का पथावलोक करने वाला है।

प्रवक्ता—संस्कृत
मेरठ कालेज, मेरठ (उ० प्र०)

मातृभूमि का वैदिक राष्ट्र गीत

डा० सत्यप्रिय शास्त्री

वेद प्रभु की अमरवाणी है जिसके आदेशों, उपदेशों एवं निर्देशों को भली-भाँति आत्मसात् करके भू-मन्डल के आद्यशासक महाराज मनु ने वेद के सम्बन्ध में घोषणा की है—

चातुर्वर्ण्यतं त्रयो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक् ।
भूम् भव्यं भविष्यञ्च सर्वम् वेदात् प्रसिद्ध्यति ।।

पृथक्-पृथक् चारों वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वेश्य और शूद्र । तीन लोक—स्वर्ग लोग, भू-लोक, एवं पाताल लोक, चारों आश्रम - ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एव संन्यास और भूत, भविष्य तथा वर्तमान में जो राष्ट्र में क्रिया-कलाप होता है वह सब वेद से सिद्ध होता है ।

राष्ट्रभक्त शासक की आवश्यकता

राष्ट्रभक्त शासक नहीं होगा तो वह विदेशों में ऋण लेकर स्वयं विलासी जीवन बिताकर राष्ट्र को विदेशी ऋणों के बोझ से दबा देगा, उसके राज्य के कर्मचारी गोपनीय दस्तावेजों को शत्रुओं के हाथ में धन की लालसा से सौंप देंगे, जिससे राष्ट्र की स्वरक्षा खतरे में पड़ जायेगी । उसके यहाँ के व्यापारी वर्ग देश के संकट का ध्यान न रखते हुए देश की खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं को विदेशियों के हाथ अधिक धन के लोभ में बेच देगा जिससे देश कंगालों के कगार पर पहुंच जायेगा । अतएव शासक वर्ग राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत हो तभी राष्ट्र नाना प्रकार की विसंगतियों से बच सकता है ।

वेदों में मातृभूमि, राष्ट्र, स्वराज्य आदि शब्दों से राष्ट्रीय भावना का वर्णन हुआ है । जिसको मैं 'मातृभूमि का राष्ट्रगीत' नामक शीर्षक से प्रस्तुत कर रहा हूँ ।

वेदों में मातृभूमि का प्रेरणाप्रद, आह्लादित करने वाला, मनमोहक चित्रण पदे-पदे उपलब्ध होता है यथा .

१. माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः । अथर्व० १२-१-१२

मेरी माता भूमि है और मैं मातृभूमि का पुत्र हूँ।

२. **सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु।** अथर्व० १२-१-३

वह हमारी मातृभूमि हमें अपूर्व पेय पदार्थ प्रदान करे।

३. **सा नो भूमिर्गोष्वप्यन्ने दधातु।** अथर्व० १२-१-४

वह हमारी मातृभूमि हमें गायें और खाद्य पदार्थ देवे।

४. **सा नो भूमिर्भूरिधारा पयो दुहाम्।** अथर्व० १२-१-९

वह हमारी मातृभूमि हमें भरपूर दूध प्रदान करे।

५. **सा नो भूमिर्वर्धयद्वर्धमाना।** अथर्व० ५२-१-१३

वह हमारी मातृभूमि वृद्धि को प्राप्त होती हुई हमारा सम्वर्धन करे।

६. **सा नो भूमिरादिशतु यद्धनं कामयामहे।** अथर्व० १२-१-४०

वह हमारी मातृभूमि हमारी इच्छानुसार हमें धन दे।

७. **सा नो भूमिः प्रणुदतां सपत्नान्।** अथर्व० १२-१-४१

वह हमारी मातृभूमि हमारे शत्रुओं को दूर करे।

८. **सा नो भूमिर्विसृजतां माता पुत्राय मे पयः।** अथर्व० १२-१-१०

जैसे लोक में पुत्र माता से याचना करता है वैसे हम सब पुत्र रूप होकर मातृभूमि से याचना करते हैं -वह हमारी मातृभूमि हम सब पुत्रों के लिए दूध प्रदान करे।

मातृभूमि से अपने उत्तम राष्ट्र में तेज और बल की कामना करते हुए कहा है—

९. **सा नो भूमिस्त्विर्षि बलं राष्ट्रं दधातूत्तमे।** अथर्व० १२-१-८

वह हमारी मातृभूमि हमारे उत्तम राष्ट्र में तेज और बल की वृद्धि करे।

मातृभूमि के धारक गुण

मातृभूमि को धारण करने वाले कौन-कौन से गुण हो सकते हैं इस सम्बन्ध में अथर्ववेद में कहा गया है—**सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।** अथर्व० १२-१-१

सत्यम् – सर्वप्रथम राष्ट्रीय गुण सत्य है, जिनमें सत्य के प्रति प्रेम, सत्यपालन में आत्मसमर्पण का भाव है वे ही महामानव राष्ट्र का उद्धार कर सकते हैं।

ऋतम्—ऋतम् का अर्थ है सीधापन या शाश्वत् नियमों का यथावत्

पालन करना, एक शासक को प्रकृति के जो शाश्वत नियम हैं उनका स्वयं यथावत् पालन करना एवं प्रजावर्ग से भी पूर्ण रूप से पालन करवाना भी आवश्यक है। जिससे प्रकृति का सन्तुलन न बिगड़ने पावे।

उग्रम्—उग्रता शूरवीरों का गुण है। शूरवीर ही अपने राष्ट्र का गौरव बढ़ा सकता है।

दीक्षा—दक्षता भी पृथिवी के धारक गुणों में गिना गया है। यह गुण मानव के दाक्षिण्य को बतलाता है जो प्रत्येक कार्य के लिए आवश्यक है। दक्षता के बिना किसी भी कार्य में यश प्राप्त नहीं हो सकता यह बात सर्वविदित है।

तपः—यह गुण भी राष्ट्रीय महत्त्व का है अपने राष्ट्र का कार्य करने में हानि-लाभ, मान-अपमान, शीत-उष्ण आदि द्वन्द्वों को सहन करना ही पड़ता है। अतएव इस गुण को राष्ट्रीय गुणों में रखा गया है।

ब्रह्म (ज्ञान)—राष्ट्रीय नेताओं को सभी प्रकार का भौतिक ज्ञान होना चाहिये, तभी राष्ट्र भौतिक सम्पदा से समृद्ध हो सकता है।

यज्ञ—यज्ञ का अर्थ है आत्मसमर्पण, आत्मसमर्पण के बिना राष्ट्र की उन्नति सम्भव नहीं है। यही वे गुण हैं जिससे राष्ट्र धारित एवं पोषित होता है।

राष्ट्रभक्तों को कार्यक्षेत्र की आकांक्षा

राष्ट्रभक्त मातृभूमि के उपासक होते हैं। उनके सब कार्य मातृभूमि के लिए ही होते हैं। उनके भूत, भविष्य एवं वर्तमान का नियमन करने वाली आराध्य देवी मातृभूमि ही रहेगी। भूतकाल में उन्होंने मातृभूमि की जैसी सेवा की होगी वैसी ही उनकी वर्तमान की स्थिति होगी और वर्तमान में उनका जैसा क्रिया-कलाप होगा भविष्य में उनकी वैसी स्थिति होगी। अतएव राष्ट्रभक्तों को सदैव मातृभूमि की सेवा उत्तम रीति से करनी चाहिये। जैसा कि कहा गया है—

सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं पृथिवी नः कृणोतु।

अथर्व० १२-१-१

वह हमारे भूत, भविष्यत् और वर्तमान की स्थिति का पालन करने वाली हमारी मातृभूमि हमको कार्य करने के लिए विस्तृत स्थान प्रदान करे।

राष्ट्र में विविध बोलियाँ एवं नाना कर्म

राष्ट्र की प्रगति तभी सम्भव है जब विविध भाषा-भाषी अनेक धर्मों को स्वीकारने वाले एवं अनेक प्रकार के रीति-रिवाजों को मानने वाले जैसे एक घर में शान्ति से रहते हैं वैसे ही राष्ट्र में रहें । इस सम्बन्ध में अथर्ववेद में वर्णन किया गया है—

जनं बिभ्रती बहुधा विवाचसं नाना धर्माणं पृथिवी यथौकसम् ।
सहस्रधारा द्रविणस्य मे दुहां ध्रुवेव धेनुरनपस्फुरन्ती ।।

अथर्व० १२-१-४५

अनेक बोलियों को बोलने वाले तथा विभिन्न कर्मों (बौद्धिक, शारीरिक, मानसिक) को करने वाले जैसे एक ही घर में रहते हैं उसी प्रकार धारण करने वाली मातृभूमि ऐश्वर्य की हजारों धाराओं से हमें धन दे जिस प्रकार सीधी गाय दूध प्रदान करती है ।

एक ही घर में लोग कुछ छोटे, कुछ बड़े, कुछ मध्यम, कुछ गोरे, कुछ सांवले, कुछ जवान, कुछ बूढ़े, कुछ बच्चे, कुछ स्त्रियाँ, कुछ पुरुष रहते हैं। यदि वे विवाद करेंगे तो घर अशान्त होकर उजड़ जायेगा । यदि वे विवाद न करके शान्ति से निवास करेंगे और यदि कुछ हानि भी हो रही हो तो उस पर ध्यान नहीं देंगे तो घर का आनन्द ले सकेंगे । ऐसे ही राष्ट्र में भी सभी प्रकार के लोग अपनी थोड़ी स्वार्थ हानि को भी सहन कर लेंगे तो राष्ट्र में शान्ति होगी । इसी पवित्र भावना को उजागर करते हुए अथर्ववेद में कहा गया है—

असंबाधं सध्यतो मानवानां यस्या उद्वतः प्रवतः समं बहु ।
नानावीर्या ओषधीर्या बिभर्ति पृथिवी नः प्रथतां राध्यताम् ।।

अथर्व० १२-१-२

जिस मातृभूमि के मनुष्यों में उच्चता, अकुलीनता और समता के सम्बन्ध में कोई विवाद नहीं है, जो नाना गुणों से युक्त औषधी उत्पन्न करती है, वह मातृभूमि हमारी कीर्ति बढ़ावे । क्योंकि इससे उत्पन्न हुई औषधियों से यश प्राप्त होने पर वह यश एक प्रकार से मातृभूमि के भक्तों का ही होता है ।

राष्ट्र में सभी मानव ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए समान रूप से सहभागी हैं । इस सम्बन्ध में ऋग्वेद की ऋचायें दर्शनीय हैं—

ते अज्येष्ठा अकनिष्ठास उद्भिदो मध्यमासो महसा विवावृधुः।
सुजातासो जनुषा पृश्निमातरो दिवो मर्या आ नो अच्छाजिगातन॥

ऋग्वेद ५-५६-६

अजेष्ठासो अकनिष्ठास एते संभ्रातरो वावृधुः सौभगाय।

ऋग्वेद ५-६०-५

सम्पूर्ण (पृश्निमातरः) मातृभूमि को माता मानने वाले सब (मर्या) मनुष्य सच्चे कुलीन हैं। उनमें न कोई (ज्येष्ठ) श्रेष्ठ है और न कोई कनिष्ठ। उन सबकी श्रेणी समान है। वे सब (उद्भिदः) ऊपर के दबाव को भेद कर ऊपर उठने वाले हैं। सबके विचार एक समान हैं। वे (भ्रातरः) सहभागी बन्धु हैं। वे अपने (सौभाग्य) ऐश्वर्य बढ़ाने के लिए (संवावृधुः) मिलकर प्रयत्न करते हैं।

ऋग्वेद की इन ऋचाओं में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जो (पृश्निमातरः) भूमि को माता मानने वाले पुरुष हैं वे भूमिभक्त एक विचार वाले होते हैं। उनका उद्देश्य मातृभूमि की सेवा करना होता है। इसलिये विचारों की समानता स्वाभाविक है और वे ही सौभाग्य को बढ़ाने का प्रयत्न करते हैं।

राष्ट्र को सुखी करने वाली देवियाँ

वेद में एक स्थान पर मातृभूमि, मातृ संस्कृति, मातृ भाषा के प्रति आदर प्रकट किया गया है। इन्हीं देवियों को महनीय स्थान प्रदान किया गया है और कामना की गयी है कि ये सुख देने वाली देवियाँ हमारे मन-मन्दिर के आसन पर सदा विराजें। कभी भी इनकी आभा क्षीण न हो—

इडा सरस्वती मही तिस्रो देवी मयोभुवः।
बर्हि सीदन्त्वस्रिधः। ऋग्वेद १-१३-९

यह हमारी मातृभूमि ऋषि-भूमि

हमारे देश का इतिहास बनाने वाले तपस्वी ऋषिगण थे, यह निश्चय जब देशभक्त को हो जाता है तब वह उसके लिए सर्वस्व निछावर करने के लिए तत्पर हो जाता है। अथर्ववेद में इस सम्बन्ध में उल्लेख किया गया है—

यस्यां पूर्वेभूतकृत ऋषयो गाः उदानृचुः।
सप्त सत्रेण वेधसो यज्ञेन तपसा सह॥ अथर्व० १२-१-३९

जिस भूमि में देश का भूतकालिक इतिहास बनाने वाले ऋषि

(सत्र) लगातार देवाराधान और संगठित होकर एक-दूसरे की भलाई करने में लगे रहे एवं तप करके सात भूमियों को उद्धार किया वही हमारी श्रेष्ठ मातृभूमि है। मन्त्र में **भूतकृतः ऋषयः** शब्द आया है जिसका अर्थ है भूतकाल बनाने वाले ऋषिगण । जिन्होंने हमारे देश का गौरवमय इतिहास का निर्माण किया है। ऐसे ऋषि देश के लिए के नमन का विधान करते हुए कहा गया है—

भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदस्तपो दीक्षामुपनिषेदुरग्रे ।
ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातं तदस्मै देवा उपसंनमन्तु ।।

अथर्व० १९-४१-१

(भद्रम् इच्छन्तः स्वर्विदः ऋषयः) कल्याण की इच्छा करने वाले आत्मज्ञानी ऋषिगण (अग्रे तपः दीक्षाम् उपसेदुः) आरम्भ में तप और दीक्षा का आचरण करने लगे। (ततः राष्ट्रं बलम् ओजश्च जातम्) उससे राष्ट्र तथा बल और सामर्थ्य भी उत्पन्न हुआ। (तद् अस्मै) इसलिये इसके सामने (देवाः उप सं नमन्तु) ज्ञानी पुरुष विनम्र हों।

हमारी मातृभूमि देवों की भी कर्मस्थली

यह हमारी मातृभूमि हमारी ही कार्यस्थली नही है अपितु देवों की भी कार्यस्थली है। यहाँ पर हमारे पूर्वजों ने अपना पराक्रम दिखाया है और देवों ने भी असुरों को यहाँ से मार भगाया है। जिससे सभी प्राणी सुख की श्वांस ले सकें। जिसका उल्लेख करते हुए कहा गया है

यस्यां पूर्वेपूर्बजना विचक्रिरे यस्यां देवा असुरानभ्यवर्तयन् ।
गवामश्वानां वयसश्च विष्ठा भगं वर्चः पृथिवी नो दधातु ।।

अथर्व० १२-१-५

हमारी जिस मातृभूमि पर हमारे प्राचीन पूर्वजों ने पराक्रम किया और जिस पर देवों ने असुरों को मार भगाया जो गौओं, घोड़ों और पक्षियों को अच्छा स्थान देती है. वह हमारी मातृभूमि हमें ऐश्वर्य और तेज प्रदान करे। देवों के क्रिया-कलाप के सम्बन्ध में एक अन्य स्थान पर कहा गया है –

यामश्विनावमिमातां विष्णुर्यस्यां विचक्रमे ।
इन्द्रो यां चक्र आत्मनेऽनमित्रां शचीपतिः ।
सानो भूमिर्विसृजताँ माता पुत्राय मे पयः ।। अथर्व० १२-१-१०

जिस मातृभूमि का नाप अश्विनी कुमारों ने किया, जिस पर भगवान विष्णु ने पराक्रम किया, शक्तिशाली इन्द्र ने जिसे अपने लिए शत्रु रहित किया, वही हमारी मातृभूमि जिस प्रकार माता अपने पुत्र को दूध देती है वैसे ही हमें उपभोग पदार्थ प्रदान करे।

यां रक्षन्त्यस्वप्ना विश्वदानीं देवा भूमिं पृथिवीमप्रमादम्।
सा नो मधुप्रिय दुहामथो उक्षतु वर्चसा॥ अथर्व० १२-१-७

जिस सर्व पदार्थ दात्री विस्तृत मातृभूमि की रक्षा देवगण निरालस्य होकर एवं त्रुटिरहित होकर करते हैं, वह मातृभूमि हम लोगों को तेज और मधुर पदार्थों को प्रदान करे।

इस मन्त्र से यह निर्विवाद रूप से स्पष्ट है कि मातृभूमि की रक्षा वे ही देशभक्त कर सकते हैं जो आलस्य में पड़े हुए दिवास्वप्न नहीं लेते। लेकिन पूर्ण दक्षता से मातृभूमि की रक्षा करने में कटिबद्ध रहते हैं एवं मधुरता युक्त पदार्थों का अपने तेज से सेवन करते हैं।

मनीषी वैज्ञानिक लोग अथाह समुद्र से भी पृथिवी का उद्धार करते हैं और उत्तम राष्ट्र में समृद्धि एवं बल तेज उत्पन्न करते हैं।

यार्णवेधि सलिलमग्र आसीद् यां मायाभिरन्वचरन् मनीषिणः।
सानो भूमिस्त्विंषि बलं राष्ट्रे दधातूत्तमे॥ अथर्व० १२-१-८

हमारी मातृभूमि आरम्भ में समुद्र के गर्भ में थी और जिसको ऊपर लाने में मननशील विद्वानों, वैज्ञानिकों ने अपने अनेक प्रकार के कौशल कार्य करके प्राणियों के निवास योग्य बनाया। वह हमारी मातृभूमि हमारे उत्तम राष्ट्र से तेज और बल प्रदान करे।

इस मन्त्र का (यां मायाभिः अन्वचरन् मनीषिणः) यह भाग प्रस्तुत लेख के प्रतिपाद्य विषय की दृष्टि से अतिशय महत्त्व रखता है। इसमें आया हुआ 'माया' शब्द का अर्थ अद्वैतवाद का मायावाद नहीं है। माया शब्द के कई अर्थ हैं—

१ कार्य की कुशलता अर्थात् कौशल से किया गया कार्य।

२. कपट, दाँव-पेंच, जिनकी आवश्यकता राजनीति में होती है, जैसे राजनीति के कपट सिद्धान्त को महाराज युधिष्ठिर को महारानी द्रौपदी ने समझाते हुए कहा है—

व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं।
भवन्ति मायाविषु ये न मायिनः॥ किरातार्जुनीयम् सर्ग १-३०

वे विवेकशून्य मूढ़जन पराजय को प्राप्त होते हैं, जो कपट का आचरण करने वाले लोगों के विषय में कपटपूर्ण व्यवहार करने वाले नहीं होते। इन्हीं दोनों अर्थों में माया शब्द आया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि ऋषि, देव एवं अन्य विद्वानों ने हमारी मातृभूमि की सेवा की है। जो मार्ग ऋषियों, देवों और अन्य बड़े जनों ने हमें दिखाया है इसी मार्ग से हमें अनुसरण करते रहना चाहिये।

हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य ऋषियों ने आरम्भ किया। देवों ने उसकी पुष्टि की और अन्य विद्वानों ने उसे आगे बढ़ाया। इसो त्रिवेणी संगम से हमारे पास आया है। अतएव उसे सुचारू रूप से सम्पन्न करना हमारा परम कर्त्तव्य है।

हमारा राष्ट्रीय कार्य करने का प्रयत्न संगठित हो

मातृभूमि सम्बन्धी जितने भी क्रिया-कलाप हों वे सब संगठित रूप से हों जिससे निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सकें। इस सम्बन्ध में ऋग्वेद के अन्तिम सूक्त में बहुत ही हृदयग्राही वर्णन हुआ है—

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवाभागं यथापूर्वे सं जानानामुपासते ॥

मिलकर चलो, मिलकर बातचीत करो, जिस प्रकार विद्वान्, ज्ञानी जनप्रापणीय भाग को जानते हुए प्राप्त करते हैं वैसे ही तुम लोग भी प्राप्त करो। देशभक्तों के लिए वेदवाणी में प्रभु का आदेश है—

समानी मन्त्रः समितिः समानी समानंमनः सहचित्तमेषाम्।
समानं मन्त्रमभि मन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि ॥

तुम्हारे विचार समान हों, समिति सभा समान हों, मन समान हों, चित्त एक समान उद्देश्य वाले हों, तुम्हें समान खान-पान से युक्त करता हूँ।

समानी वः आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ॥ ऋ० १०-१९-१,२,३,४

हे देशभक्तो! तुम्हारे संकल्प समान हों, तुम्हारे हृदय समान हों, तुम्हारे मन समान हों, जिससे तुम लोग देश का कार्य कर सको।

मातृभूमि में सर्वस्व की भावना

ईश्वरभक्त के लिए ईश्वर ही सर्वस्व होता है। अतएव वह कहता है—

त्वमेव माता च पिता त्वमेव,
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव
त्वमेव सर्वम् मम देव देव॥

इसी प्रकार मातृभूमि भक्त अथर्ववेद में कहता है—

अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः।
विश्वेदेवा अदितिः पञ्चजना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम्॥
महीमुषु मातरं सुव्रतानामृतस्य पत्नीमवसे हवामहे।
तुविक्षत्रामजरन्तीमुरूचीं सुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम्॥
सुत्रामाणं पृथिवीं द्यामनेहसंसुशर्माणमदितिं सुप्रणीतिम्।
दैवीं नावं स्वरित्रामनागसो अस्रवन्तीमा रुहेमा स्वस्तये॥
वाजस्य नु प्रसवे मातरं महीमदितिं नाम वचसा करामहे।
यस्या उपस्थ उर्वन्तरिक्षं सा नः शर्म त्रिवरूथं नियच्छात्॥

अथर्व० ७-६-१, २, ३, ४

हम मातृभूमि को ही स्वर्ग एवं अन्तरिक्ष मानते हैं, माता और पिता मानते हैं, देवता समझते हैं, समाज के पाँचों जनों में अपनी मातृभूमि का ही रूप देखते हैं और उसे ही अतीत एवं भविष्य मानते हैं। हम इसके प्रति कृतज्ञ होकर इसका गुणगान करते हैं क्योंकि यह हमारी कल्याण करने वाली माता है। पवित्र नियमों का पालन करने वाली है। विपुलशक्ति दायिनी है। नित्य नूतन है, विशाल है, सुखद योगक्षेमकारिणी है और भोजनदायिनी है। जिस प्रकार लोग सुरक्षित नौका पर चढ़ कर दुर्गम नदी को पार कर लेते हैं, उसी प्रकार हम भी अपनी सर्वसुख देने वाली मातृभूमि में रहकर अपनी जीवन सरिता को आराम से पार कर लेंगे। हम अपनी मातृभूमि से भोज्य पदार्थों की आशा करते हैं और उसका यशोगान करते हैं। वह हमारी मातृभूमि हमें त्रिगुणित सुख दे।

कई विद्वान् यजुर्वेद के २२ वें अध्याय के २२ वें मन्त्र को भी वैदिक राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार करते हैं और उसका उद्घोष करते हैं—

आब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्; आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम्; दोग्ध्रीर्धेनुर्वोढानड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णूरथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्; निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम् ॥ यजु० २२-२२

हे परमब्रह्म ! हमारे राष्ट्र में ब्राह्मण ब्रह्मवर्चस् ज्ञान से सम्पन्न हों, राष्ट्ररक्षक क्षत्रिय शूरवीर शस्त्रास्त्र-कला कुशल, शत्रुनाशक एवं महारथी हों, गौएँ दूध देने वाली हों, बैल बली हों, अश्व द्रुतगामी हों, स्त्रियाँ सर्वगुण सम्पन्न हों, रथी योद्धाओं में विजय प्राप्त करने की इच्छा बलवती हो, युवक निर्भीक तथा सुशील हों, मेघ आवश्यकतानुसार वृष्टि करें औषधियाँ फूलें-फलें, अभीष्ट वस्तुओं की प्राप्ति होती रहे और प्राप्त वस्तुयें सुरक्षित बनी रहें।

हमारे देश का उद्धार तभी सम्भव है जब शासक वर्ग राष्ट्रिय भावना से ओतप्रोत हों ओर उसके चिन्तन का स्रोत ईश्वरीयवाणी वेद हों, तभी देश में चरित्रवान् शासक होंगे। उसके अधीनस्थ कर्मचारीजन एवं प्रजा वर्ग अपने शासक से प्रेरणा लेकर राष्ट्रिय चरित्र का निर्माण अपने जीवन में कर सकेंगे और 'यथा राजा तथा प्रजा, की उक्ति को चरितार्थ कर सकेंगे।

अध्यक्ष—संस्कृत विभाग
जगदीश शरण हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अमरोहा (मुरादाबाद)

द्वितीय स्तबक

वैदिक संहिताओं में अस्त्र-शस्त्र विज्ञान

इन्द्रलोक के उद्घाटन के अवसर पर

उद्घाटन भाषण

डा० धर्मपाल*

पूज्यपाद स्वामी विवेकानन्द सरस्वती जी महाराज, प्रोफेसर शेरसिंह जी, श्री सुभाष जी विद्यालंकार, डॉ० निरूपण जी विद्यालंकार, विद्वज्जन एवं भाइयो-बहनो !

स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में समय-समय पर सम्मिलित होने का मुझे भी अवसर मिलता रहा है। निमन्त्रण पत्र में शोध संस्थान के आठ अंगभूत लोक बताए गए हैं, जिनके माध्यम से वेद की विभिन्न विद्याओं का प्रचार-प्रसार किया जाना प्रस्तावित है। स्वामी समर्पणानन्द जी महाराज, पूर्वनाम पं० बुद्धदेव विद्यालंकार ने इस आश्रम की स्थापना के प्रारंभिक चरण में सुप्रभात नाम की एक पत्रिका का सम्पादन प्रकाशन किया था। मुझे पिछले दिनों दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के मुखपत्र आर्य सन्देश के विशेषांक 'पं० समर्पणानन्द सरस्वती अंक' के लिए सामग्री चयन के समय युवाविद्वान और इसी गुरुकुल के स्नातक पं० वाचस्पति मिश्र के सौजन्य से इस पत्रिका के कुछ अंक पढ़ने का सुअवसर मिला। इस पत्रिका के लेखों को निम्न आठ लोकों में विभाजित किया गया है। संभवतः सभी अंकों से प्रकाश्य सामग्री का वर्गीकरण इसी प्रकार किया जाता रहा होगा—

अग्निलोक —वेद विद्या केन्द्र

अदिति लोक —भौतिक विज्ञान केन्द्र

---

*प्रवाचक, हिन्दी विभाग, जाकिर हुसैन कॉलिज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।

सोमलोक —साहित्य, संगीत आदि ललित कलाओं का केन्द्र

मृत्युञ्जय लोक—आयुर्वेद का केन्द्र

वरुण लोक —मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र आदि जीवन संबन्धी विद्याओं का केन्द्र

गोलोक —कृषि, गौरक्षा, वाणिज्य का केन्द्र

इन्द्रलोक —राजनीति, धनुर्वेद आदि शास्त्र विद्याओं का केन्द्र

ब्रह्मलोक —अध्यात्म विद्याओं का केन्द्र

अभी तक संस्थान की जिन गतिविधियों ने मूर्त रूप लिया है, वे सभी 'अग्निलोक' के अन्तर्गत आती हैं। इस वर्ष १३ जनवरी ९३ को इस संस्थान के द्वितीय अंगभूत 'इन्द्रलोक' की स्थापना की जा रही है। इस 'इन्द्रलोक' में राजनैतिक सिद्धान्तों का अध्ययन तथा वैदिक वाङ्मय में उपलब्ध धनुर्वेदादि अस्त्र-शस्त्र आदि विषयक ज्ञान-विज्ञान की गवेषणा मुख्य रूप से की जायेगी। 'इन्द्रलोक' की स्थापना तथा उद्घाटन का गौरव आपने मुझे प्रदान किया, मैं इसके लिए संस्थान के संचालकों का कृतज्ञ हूँ।

'वैदिक संहिताओं में अस्त्र-शस्त्र विज्ञान' विषय पर इस बार शोध संगोष्ठी आयोजित की गई है। निश्चय ही इस गोष्ठी के माध्यम से 'इन्द्रलोक' का स्वरूप भी स्पष्ट होगा और आर्य जगत् तथा आर्य विद्वानों का ध्यान भी आकृष्ट होगा। विषय के सुष्ठु चयन के लिए आपको हार्दिक बधाई।

मानव चेतना के तीन पक्ष हैं—भाव, ज्ञान और क्रिया। (Conation, Cognition. Willing), Conation का अर्थ है—संकल्प, संकल्प-शक्ति, प्रयत्न, क्रिया, Cognition का अर्थ है—ज्ञान, बोध, संज्ञान, प्रज्ञान, और Willing का अर्थ तो स्पष्ट है—भावना, इच्छा, कामना, अभिलाषा, मनोरथ। इस इच्छा में उत्सुकता, तत्परता, सहयोग शीलता भी सम्मिलित है। भाव और ज्ञान भीतर बैठे रहते हैं, कर्म

बाहर दिखाई देता है, कर्म का प्रेरक ज्ञान है या भाव इस विषय में दो मत हैं। कुछ ज्ञान को प्रेरक मानते हैं, कुछ भाव को। ज्ञान के प्रकाश में कर्म करना स्वाधीन होने का लक्षण है; परन्तु यहाँ प्रकाश प्ररक नहीं है, यह तो मात्र उपयुक्त क्षेत्र तैयार करने वाला है। फिर कर्म का प्रेरक कौन है ? वह है भाव। यदि इच्छा शक्ति, काम शक्ति नष्ट हो जाए, तो कर्म ही समाप्त हो जाएगा। अतः भाव आवश्यक है। भाव होगा तो कर्म होगा। कर्म तो कर्म-विकर्म दोनों हो सकता है, इसके लिए ऊपर कही बात को दुहराना आवश्यक है—'ज्ञान के प्रकाश में कर्म करना स्वाधीन होने का लक्षण है।'

ज्ञान और भाव में भाव निःसन्देह पूर्ववर्ती है। भाव ही हमें ज्ञान की ओर ले जाता है। ऋषियों ने रचना विज्ञान से पूर्व भाव को स्थान दिया है। इस भाव को संज्ञा 'काम' है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में 'कामस्तदग्रेसऽमवर्तताधि' मन्त्र पद काम की सृष्टि का आदि कारण कहता है, यह मन का बीज है। अर्थात् ज्ञान का प्रेरक है। ज्ञान तप है जो भाव के उपरान्त ही आता है। भाव ज्ञान को पाकर वर्धमान होता है। भाव की प्रेरणा ज्ञान से प्रकाशवती बनती है। अतः भाव के सहायक रूप में ज्ञान का महत्त्व स्वयंसिद्ध है। भाव 'अग्निलोक' के माध्यम से ज्ञान संपुष्ट होकर 'इन्द्रलोक' में प्रविष्ट होकर अब कर्म की ओर प्रवृत्त हो रहा है। 'इन्द्र' राजा है. इन्द्र सेनापति है, इन्द्र कर्म का पर्याय है।

राज्याभिषेक के समय सबके सन्मुख राष्ट्रपति प्रतिज्ञा करता है : सवित्रा प्रसवित्रा, सरस्वत्या वाचा, त्वष्ट्रा रूपैः, पूष्णा पशुभिः इन्द्रेणास्मे, बृहस्पतिना ब्रह्मणा, वरुणेनौजसा, अग्निना तेजसा, सोमेन राज्ञा, विष्णुना दशम्या देवतया प्रसूतः प्रसर्पामि ॥

—यजु० १०-३०

हे राष्ट्र के योग्यतम प्रतिनिधियों, आज आप सबने एक होकर राष्ट्रपति का यह गौरवपूर्ण पद देकर मुझे जो सम्मान दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार मानता हूँ। आज मैं आपके सम्मुख उन सब देवों का स्मरण करता हूँ क्योंकि सच्चे अर्थों में मुझे 'देवों का अंश' बनना चाहिए।

मैं सविता, सरस्वती, त्वष्टा, पूषा, इन्द्र, बृहस्पति, वरुण, अग्नि, सोम, विष्णु—इन दस देवों से प्रेरणा ग्रहण करता हुआ, अपनी प्रतिज्ञा पर स्थिर रहने के लिए परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ।

जैसे मैं आज राष्ट्रपति बना हूँ, वैसे ही 'इन्द्र' देवों का राष्ट्रपति है। वह 'विशौजा' है। मैं भी विशौजा बनूँगा, प्रजा को ही अपना ओज, अपना बल समझूँगा, उसे अपना वध्य, शिकार नहीं समझूँगा। 'इन्द्र' वीरता का भी देव है। उसकी वीरता का वेदों में बहुत वर्णन हुआ है। वह वृत्र, अहि, शम्बर, शुष्ण नमुचि आदि अनेक असुरों का संहारक है। वह आर्यों का रक्षक है। मैं अपने देश के नर-नारियों को भी वीर बनाऊँगा और उनके लिए सैनिक शिक्षा का प्रबंध करूँगा। इन्द्र ऐश्वर्य का अधिपति व ऐश्वर्य-प्रदाता भी है। वैसे ही मैं ऐश्वर्याधिपति बनूँगा और राष्ट्र को समृद्धि व ऐश्वर्य के शिखर पर पहुंचाने के लिए यत्नवान् रहूँगा।

एक प्रसिद्ध वेद मंत्र है, जिसे हम अनेक बार बोलते हैं—

इन्द्रं वर्धन्तो अप्तुरः कृण्वन्तो विश्वमार्यम्।
अपघ्नन्तोऽराव्णः॥ ऋ० ९.६३.५

हे सत्कर्मों में निपुण सज्जनों! परमैश्वर्यशालियों को बढ़ाते हुए, पापियों का नाश करते हुए, संपूर्ण संसार को आर्य बनाओ। यहाँ पर भी इन्द्र से तात्पर्य ऐश्वर्यशाली से है। इन्द्र को परमैश्वर्य का भण्डार माना गया है।

इन्द्र के सम्बन्ध में वेदों में अनेक मंत्र आये हैं। निम्न वेदमंत्र में सेनापति के नौ गुण बताए गए हैं—

अभि गोत्राणि सहसा गाहमानोऽदयो वीरः शतमन्युरिन्द्रः।
दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुध्योऽस्माकं सेना अवतु प्रयुत्सु॥
यजु० १७-३९

शीघ्र तथा शत्रु पराजयकारी बल से शत्रुओं के कुलों पर आक्रमण करता हुआ, दया रहित, वीर सैंकड़ों प्रकार से शत्रु पर कोप प्रकट करने में समर्थ, शत्रु से विचलित न होने वाला, शत्रु सेनाओं से युद्ध करने में समर्थ, युद्ध में शत्रुओं से अजेय, इन्द्र (सेनापति), संग्रामों में और योद्धाओं के बीच में

हमारी सेनाओं की उत्तम प्रकार से रक्षा करें। सेनापति में पहला गुण 'इन्द्र' परमवीरता के ऐश्वर्य से संपन्न होना चाहिए।

ऋग्वेद में एक सूक्त—'इन्द्रसूक्त' है जिसमें इन्द्र की विशिष्टताओं का वर्णन है। जब यह कहा गया है कि इन्द्र को सब प्रकार से रक्षा करने वाला होना चाहिए, तो यह स्पष्ट ही है कि उसमें भाव हो, ज्ञान हो और कर्म हो। वह सशक्त हो, बलशाली हो, ऐश्वर्य संपन्न हो, विशाल सेना वाला हो, तथा अस्त्र-शस्त्र से सज्जित हो।

वैदिक संहिताओं में अस्त्र-शस्त्र विज्ञान का सम्यक् वर्णन उपलब्ध है।

वेद में सैनिकों के लिए 'मरुत्' शब्द का प्रयोग अनेक स्थानों पर हुआ है। मरुतों के वर्णन में उनके 'ऋष्टि' नाम के एक विशेष आयुध का वर्णन भी हुआ है। 'ऋष्टि' का सामान्य अर्थ दुधारी तलवार है। ऋष्टि का स्वरूप तलवार से भिन्न है क्योंकि इसे कन्धे पर रखा जाता है, इसमें विद्युत् का प्रयोग होता है, इसके चलने के समय तेज आवाज होती है और प्रकाश भी निकलता है। इस वर्णन से स्पष्ट है कि यह तलवार नहीं है, बल्कि 'बन्दूक जैसा आयुध है। ऋग्वेद के मंत्र १.३७.२, १.६४.८, १.१६८.५, ५.५२.१३, ५ ५२.६ आदि मंत्रों में इस 'ऋष्टि' नामक आयुध का वर्णन है।

अथर्ववेद (१.१६ ४) में एक मंत्र आया है जिसमें शीश द्वारा शत्रु को बींधने का वर्णन हैं। बींधने का कार्य तीर या गोली से किया जा सकता है। 'शीशे' का तीर बनाना संभव नहीं है; हाँ, नोक पर अवश्य शीशा लगाया जा सकता है। 'शीशे' की गोली भी बन सकती है। इस मंत्र में स्पष्ट ही गोली बनाने का निर्देश है। 'जो तेरे अथितियों को मारता है, जो तेरी गायों को मारता है, उसे तू शीशे से बींध दे।' शत्रु और आतंकवादी से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया गया है। 'गोली' के निर्माण के साथ-साथ 'नालीक' या 'बन्दूक' के निर्माण की बात भी स्वतः स्पष्ट है।

वेद में 'वज्र' नामक अस्त्र का भी अनेक स्थानों पर वर्णन आया है। सैनिक और सेनापतियों का तो यह सज्जा का उपकरण है। इन्द्र का तो

नाम ही वज्री या वज्रभृत् पड़ गया है। वज्र को महासंहारकारी बताया गया है। उसे 'सहस्रभृष्टि' (ऋग्वेद १.८० १३) कहा गया है। सहस्र भृष्टि का अर्थ है जो एक बार में हजारों शत्रुओं को भून डाले। यह भी कहा गया है कि वह लोहे की प्राचीर वाली नगरियों (ऋग्वेद २.२०.८) को भी नष्ट कर सकता है। निश्चय ही यह अस्त्र 'बम्ब' जैसा पदार्थ होना चाहिए।

वेद में वज्र को 'आयसः' (ऋग्वेद १.८०.१२) कहा गया है। इसका अर्थ है लोहे से बनने वाला अस्त्र। वज्र को 'हिरण्ययः' (ऋग्वेद १.५७.२) भी कहा गया है। इससे स्पष्ट है कि यह सोने जैसा चमकीला अथवा तेजस्वी अस्त्र होता होगा, अथवा इसके चलाये जाने पर सोने जैसी प्रकाश किरणें निकलती होंगी अथवा इसके निर्माण में स्वर्ण का प्रयोग होता होगा। इसकी आकृति ऐसी 'तेजोमयी' होती होगी, जिससे देखकर ही शत्रु भयभीत हो जाए।

'हिरण्य' का अर्थ हितकारी भी है। इस अस्त्र का प्रयोग हितकारी होना चाहिए। यह कहा जाता है कि Science is a good servant but a bad master. इसका अर्थ है कि वैज्ञानिक उपकरणों को नियंत्रण में रखना चाहिए। इसे अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। वैज्ञानिक उपकरणों का प्रयोग मानवता के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। जहाँ तक संभव हो इन उपकरणों की आकृति भी रमणीय होनी चाहिए। यह अर्थ साम्य कितना तर्कसंगत है, इस पर सुधी विद्वान विचार करें।

वेद में वज्र के अवयवों या अंगों (ऋग्वेद १.५७.२) का भी उल्लेख मिलता है। यह ऐसा शस्त्र प्रतीत होता है जिसमें १०० नलिकाएँ लगी होती है। यह नलिकाएँ सभी दिशाओं में प्रहार करती हैं। आधुनिक मोरटर, गनें, तोप, टैंक, मशीनगनें संभवतः इसी 'वज्र' नामक आयुध का प्रतिरूप हैं। सौ मुखों से गोले फेंकने वाले आयुध अभी तक नहीं बने हैं। वज्र से अनेक प्रकार के अस्त्र निकलकर शत्रु पर प्रहार करें तथा वे लोहे की प्राचीरों को भी तोड़ दें—इस प्रकार के वर्णन वेद में प्राप्य है। वेदों में ऐसे वज्रों का भी उल्लेख है जिससे भूमि खोदी जा सके तथा शिलाएँ काटी जा सकें।

आचार्य प्रियव्रत वेद वाचस्पति ने 'वेदों के राजनैतिक सिद्धान्त' नामक ग्रंथ में 'वज्र' के संबन्ध में विस्तार से विचार किया है।

वेद में वज्र 'पुरुधा' अर्थात् अनेक प्रकार से बनाया जाने वाला आयुध है। अयं यो वज्रः पुरुधा विवृत्तः—ऋग्वेद १०.२७.२१। इससे तात्पर्य है कि वज्र छोटे बड़े अनेक प्रकार के होते हैं।

वैदिक संहिताओं मे अस्त्र-शस्त्र विज्ञान का सम्यक् विवेचन उपलब्ध है। मुझे विश्वास है कि संस्थान की अंगभूत नवीन प्रवृत्ति—'इन्द्रलोक' के अन्तर्गत सुधी विद्वान् इस विषय में गंभीर गवेषणा करके मानव जाति को उपकृत करेंगे।

एक बार पुनः आयोजकों को बधाई तथा 'इन्द्रलोक' के उद्घाटन का मुझे गौरव प्रदान करने के लिए हार्दिक धन्यवाद।

'स्वाध्यायान्मा प्रमद'

श्रद्धेय स्वामी समर्पणानन्द जी महाराज

के ग्रन्थों का अपूर्व संग्रह

वैदिक आलोक

के अन्तर्गत

प्रथम रश्मि :

* पंच यज्ञ प्रकाश *

जीवन में 'पञ्च महायज्ञों' की महत्ता एवं उनकी मार्मिक व्याख्या।

द्वितीय रश्मि :

* दाम्पत्य-सूक्त *

(अथर्ववेद के चौदहवें काण्ड का सरल भाष्य)

मानव समाज की सामाजिक व्यवस्था के मूलाधार दाम्पत्य जीवन को सुखदायी बनाने में सहायक।

तृतीय रश्मि :

* कायाकल्प *

(वर्णाश्रम व्यवस्था का तुलनात्मक अध्ययन)

पूंजीवाद एवं साम्यवाद के चक्कों में पिसती विश्व मानवता के पुनरुद्धार एवं कायाकल्प की नई आशा किरण।

चतुर्थ रश्मि :

* शतपथ में एकपथ *

(सामर्पण शतपथ भाष्य की भूमिका)

यजुर्वेद के व्याख्यान ग्रन्थ शतपथ ब्राह्मण के मर्म को जानने हेतु।

पृष्ठ ४००+१६ डिमाई सजिल्द डीलक्स मूल्य : २५०.००

प्रकाशक :

स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान

गुरुकुल प्रभात आश्रम (टीकरी) भोला, मेरठ (उ० प्र०) २५०५०१

१. सामस्वस्त्रशस्त्रम्

त्रिपाठी डॉ० सुधाकराचार्यः*

अध्यक्षपीठचर मध्यस्थवादसरः सन्ध्यासुभास्वरमुने
सुध्यातनैगमिक वन्ध्याप्रसूतिरिपुविध्यादरार्थसरणे।
अध्याहुतिप्रसृमराध्यान संसरिदुदध्याकुलार्थनिगमे
बुद्ध्याप्तसामसु मुदाध्यामसु प्रकृतवध्यायुधानि घटये॥ १॥

अग्निर्गीर्जलमरुतोऽस्थीषुकशावज्रपाशशृङ्गाणि।
भानुः परशुः शक्तिर्बाहुश्चात्रास्त्रमथ शस्त्रम्॥ २॥

इद्धोऽग्निरत्ति[1] पशु युद्धे जगत्सकलमृद्धं स्वभावदहनः[2]
सिद्धः सदा भवति शुद्धं च शोचिषमनिद्धोऽपि[4] लब्धुमनलः।
रुद्धोऽथ[5] धग्धगितिनद्धो नु तिग्मशरविद्धां[6] हिनस्ति पृतनां
बुद्धाऽद्य सा सरणिरद्धा बमादिमयमिद्धा[7] धरा न रमते॥ ३॥

बन्धेन[8] वार्भवति सन्धानभाजनमबन्धून् रुरुत्सति रिपून्
रुन्धे च फेनशरसन्धानकृत्तशिर[9] इन्धान इन्द्र उदधौ।
अन्धं जगत्सलिलगन्धप्रयोगविधिबन्धूरयुक्तमधुना
सिन्धोः सदूर्मियबन्धोस्तुरीयजगदन्धो[10] बिभेति पुरुषः॥ ४॥

सन्दर्भा :— सर्वे सामवेदतः। अतः संख्या दीयते। (१) इति पूर्वार्चिकम्।
(२) इति उत्तरार्चिकम्।

(1) १.१.१.१.४. (2) २.६.१.१०.३.
(3) २.६.१.१८.२. (4) २.६.१.१०.१.
(5) १.१.१.१.६. (6) २.६.२.११.२.
(7) बम–Atom bomb etc. बाण इत्येव।
(8) १.३.१.४.६; १.३.२.५.१; १.४.१.३.३.
(9) १.३.१.२.८. (10) २.५.१.१.३.

---

*उपाचार्य, संस्कृतस्य मेरठ विश्वविद्यालये मेरठनगरे।

स्निग्धो मरुच्चरति[11] दुग्धा च गीः[12] सरति दिग्धौ तु शृङ्ग[13]कुलिशौ[14]
सग्धिः क[15]शा[16]स्थि[17]शर[18]जग्धैश्चरन्ति युधि मुग्धौ च पाश[19]परशू[20] ।
धिग्धामबाहुरपि[21] दिग्धोऽङ्कुशः[22] सपदि दुग्धा च शक्तिपटली[23]
धग्धानभानवः[24] उशिग्धामबाण[25] इति दुग्धोऽस्त्रशस्त्रनिवहः ॥ ५ ॥

अधुना यद्यपि सर्वे, निशिता दीप्ताश्चरन्ति युद्धि भिल्लाः ।
आयुधजातं सकलं, न हि वैदिकमद्य समवाप्तम् ॥ ६ ॥

॥ इति शम् ॥

(11) १.१.१.२.६; १.१.१.५.४.
(12) १.५.२.१.१०.
(13) २.८.२.१८.२.
(14) १.२.१.४.६.
(15) १.२.१.५.१.
(16) २.३.१.८.१.
(17) २.६.३.५.३.
(18) २.६.३.६.५.
(19) १.३.२.१.४.
(20) २.६.१.१८.३.
(21) २.६.३.५.२.
(22) २.४.१.१६.२.
(23) २.४.१.१६.२.
(24) २.८.३.१३.१.
(25) २.६.३.६.३.

वैदिक संहिताओं में अस्त्र-शस्त्र विज्ञान

मनोहर विद्यालंकार*

आश्चर्य का विषय है कि ऋग्वेद में अस्त्र या शस्त्र दोनों शब्दों का एक बार भी प्रयोग नहीं किया गया है। यजुर्वेद में अस्त्र का प्रयोग कतई नहीं है, शस्त्र का प्रयोग केवल एक बार 'प्रणवैः शस्त्राणां रूपमाप्नोति' यजुः १९.२५ में हुआ है। इसके साथ ही यह शास्त्र के विभिन्न अर्थ 'वैदिकस्तुतिवाक्य' का द्योतक भी है। अथर्ववेद में शस्त्र शब्द का प्रयोग नहीं हुआ है, किन्तु अस्त्र शब्द केवल एक बार 'आदित्य अस्त्रमेषां नाशयतु' अथर्व ११.१२.१६ में प्रयुक्त हुआ है।

इतना होने पर भी वैदिक सहिताओं में, निघण्टु द्वारा संकलित १८ वज्र नामों के द्वारा बड़े उन्नत अस्त्र-शस्त्रों की चर्चा की गई है। जो आधुनिक युग के संहारक अस्त्रों से किसी हालत में अल्पशक्ति वाले प्रतीत नहीं होते।

वज्र नाम वाले आयुधों को चार श्रेणियों में बांटा जा सकता है।

१. **अस्त्र**—असुक्षेपणे धातु से बनता है। जो शत्रु पर फेंक कर प्रहार करता है। बाण, भाला, गोली बम इत्यादि। इस श्रेणी के आयुधों में—

दिद्युत्—अस्तुर्न दिद्युत्त्वेषप्रतीका। ऋक् १.६७.७

हेतिः—ब्रह्मद्विषे तपुषिं हेतिमस्य। उद्वृहरक्षः सहमूलमिन्द्र। ऋक् ३.३०.१७

सायकः—न सायकस्य चिकिते जनासः। ऋक् ३.५३.२३

वज्र नामों में पठित हैं। इनके अतिरिक्त इषु पर्यायवाची शब्द

*५१५, ईश्वर भवन, खारी बावली, दिल्ली-७।

शरव्या, ओषधि, पक्षिणी हेति, उलूक, शश आदि अस्त्रों की भी वेद संहिताओं में चर्चा की गई है।

२. **शस्त्र** शब्द के ४ भेद हैं। पाणिमुक्त, यन्त्रमुक्त, मुक्तामुक्त तथा अमुक्त। पाणिमुक्त में बल्लम, भाला, पाषाण आदि; यन्त्रमुक्त में इषु, गोली, बम इत्यादि; मुक्तामुक्त में बरछी, गदा, तलवार इत्यादि; अमुक्त में तलवार तथा अर्क से अभिहित। इस भेद में वज्रवाची सभी शब्द तथा उनसे अभिहित शस्त्रों तथा अस्त्रों का ग्रहण किया जा सकता है।

३. शीत युद्ध में प्रयुक्त आयुध—यथा अर्कः—अन्न, स्तुति, पूजा, उत्कोच

'इन्द्रः पूर्भिदातिर दासमर्कैः विदद्वसुर्दयमानो विशत्रून्'।

ऋक् ३.३४.१

'यदा वलस्य पीयतो जसुं भेद् बृहस्पतिरग्नितपोभिरर्कैः'।

ऋक् १०.६८.६

बृहस्पतिर्हन्त्यमित्रमर्कैः। ऋक् ६.६३.३

अन्तःराष्ट्रीय क्षेत्र में प्रयुक्त उपाय— कुत्सा, निन्दा, बदनामी

सद्यो दस्यून्प्रभृण कुत्स्येन। ऋक् ४.१६.१२

ब्रह्मद्विषः सूर्याद्यावयस्व। ऋक् ५.४२.९

त्वं कुत्सेनाभि शुष्णमिन्द्राशुषं युध्य। ऋक् ६.३१.३

इस उपाय का पाकिस्तान प्रचुर प्रयोग करता है। हम इस दृष्टि से बहुत पीछे हैं।

४. ओषधि तथा रासायनिक द्रव्य और रोग कीटाणुओं द्वारा शत्रु के जलवायु को प्रदूषित करके उनमें रोग फैलाकर, प्रजा और सेना को आत्म समर्पण के लिये लाचार कर देना। इस उपाय को अन्तःराष्ट्रीय दृष्टि से घृणित माना जाता है। इसका प्रयोग निषिद्ध तथा दण्डनीय है।

अथर्ववेद के १९वें काण्ड के २८, २९ सूक्त

इन दोनों सूक्तों का देवता दर्भमणि है। दर्भ शब्द दृ विदारणे से बना है। मणि शब्द शिरोमणि मुकुटमणि की तरह यहाँ शत्रुओं का विदारण करने वाली सेनापतियों में शिरोमणि रूप मुख्य सेनापति (कमाण्डर इन चीफ़) के लिये प्रयुक्त हुआ है। नमूने के लिये एक मन्त्र प्रस्तुत है—

सपत्न क्षयकामो ब्रह्मा। दर्भमणियः। अनुष्टुप्।

जहि दर्भं सपत्नान्मे जहि मे पृतनायतः।

जहि मे सर्वान्दुर्हार्दो जहि मे द्विषतो मणे। अथर्व १९.२९.९

इन मन्त्रों में दर्भमणि (मुख्य सेनापति) को, अपने प्रति दुर्भावना रखने वाले शत्रुओं तथा सेना लेकर आक्रमण करने वाले शत्रुओं का नाश करने के लिये, ब्रह्मा (राष्ट्र के प्रमुख) द्वारा १५ प्रकार के उपायों का अवलम्बन करने का आदेश दिया गया है। इससे निष्कर्ष निकलता है कि शत्रुओं को समाप्त करने के लिये कम से कम १५ प्रकार के अस्त्र-शस्त्र तो अवश्य होने चाहियें।

ऋग्वेद के ६.७५ तथा १०.१०३ सूक्त

ऋग्वेद के षष्ठ मण्डल के ७५वें सूक्त में युद्ध में प्रयुक्त होने वाले बर्म, आर्त्नी, इषुधिः, सारथिः रथः, अश्वाः, धनुः, ज्या, अभीशुः, हस्तघ्न, बाण, इत्यादि सभी उपकरणों की चर्चा की गई है।

ऋग्वेद के दशम मण्डल का १०३ वां सूक्त १३ मन्त्रों का है। इसमें शत्रु के सर्वनाश करने तक का आदेश दिया है। इस सूक्त के ये मन्त्र; अथर्ववेद के १९-१३ में यजुर्वेद के १७वें अध्याय में और सामवेद के अन्तिम २१वें अध्याय में न केवल आए हैं, अपितु कुछ वृद्धि हुई है। जिससे स्पष्ट है कि वेद में शत्रु के साथ किसी प्रकार की रियायत की संभावना नहीं है; इसके विपरीत उनके प्रमुख व्यक्तियों को चुन-चुन कर मारने द्वारा उनके सर्वनाश का संकेत है।

वेद संहिताओं में अस्त्र-शस्त्रों की चर्चा

१. **वाशीमेको बिभर्ति हस्त आयसीमन्तर्देवेषु निध्रुविः ।**
वज्रमेको बिभर्ति हस्त आहितं तेन वृत्राणि जिघ्नते ।
तिग्ममेको बिभर्ति हस्त आयुधं शुचिरुग्रो जलाषभेषजः ।

ऋक् ८.२९.३, ४, ५

इन मन्त्रों में वाशी, वज्र, तेज धार वाले हथियार की चर्चा है।

२. **विपर्वशश्चकर्त गामिवासिः ।** ऋक् १०.७९.६

इस मन्त्र में उपमा दी है कि जैसे तलवार गौ के टुकड़े कर देती है, ऐसे ही तू शत्रु के टुकड़े-टुकड़े कर दे। यहाँ गौ को काटने की चर्चा भी ध्यान देने योग्य है।

३. **एषामंसेषु रम्भिणीव रारभे हस्तेषु खादिश्च कृतिश्च संदधे ।**

ऋक् १.१६८.३

इन मरुतों के द्वारा कन्धों पर शक्ति नामक आयुध अथवा पाश तथा हाथों में दस्ताना, कर्तनी और तलवार धारण किये गए हैं।

४. **वाशीमन्त ऋष्टिमन्तो मनीषिणः सुधन्वान इषुमन्तो निषङ्गिणः ।**
स्वश्वाःस्थ सुरथाः पृश्निमातर स्वायुध मरुतो याथना शुभम् ॥

ऋक् ५.५७.२

इस मन्त्र में वाशी, छुरिका, धनुष-बाण तरकस, अश्वारोही और रथी सैनिकों की चर्चा हुई है।

५. **इन्द्रो यातूनामभवत्पराशरो हविर्मथीनामभ्याविवासताम् ।**
अभीदु शक्रः परशुर्यथा वनं पात्रेव भिन्दन्त्सत एति रक्षसः ॥

ऋक् ७.१०४.२१

इस मन्त्र में परशु जैसे वन को काट गिराता है, वैसे ही इन्द्र को शत्रु सेना को काट गिराने वाला बताया गया है।

६, स हि दोद्यानो भवति परशुर्न द्रुहंतरः । ऋक् १.१२७.३

सृकं संशाय पविमिन्द्र तिग्मं वि शत्रून् तालिह वि मृधो नुदस्व ।

ऋक् १०.१८०.२

मरण शोल तीक्ष्ण वज्र को सम्यक् तीक्ष्ण करके शत्रुओं की ताड़ना करके उन्हें परे धकेल दे। इस मन्त्र में पविनामक वज्र की चर्चा है।

७. तव वज्रश्चिकिते बाह्वोर्हितोवृश्चा शत्रोरव विश्वानिवृष्ण्या ।

ऋक् १.५१.७

अपने हाथों में वज्र लेकर शत्रु के सभी बलों को छिन्न-भिन्न कर दे।

८. अदेवेन मनसा यो रिषण्यति शासामुग्रो मन्यमानो जिघांसति ।

बृहस्पते मा प्रणक् तस्य नो वधो निकर्म मन्युंदुरेवस्य शर्धतः ।।

ऋक् २.२३.१२

हे बृहस्पते ! ऐसी कृपा करो कि दुर्मना अभिमानी का वधकारी आयुध हम तक न पहुँचे। दुष्ट बलशालो के क्रोध का हम निराकरण कर सकें।

९. वृश्चामि तं कुलिशेनेव वृक्षं यो अस्माकं मन इदं हिनस्ति ।

अथर्व २.१२.३

पाशे स बद्धो दुरिते नियुज्यतां यो अस्माकं मन इदं हिनस्ति ।

अथर्व २.१२.२

इन मन्त्रों में कुलिश और पाश का वर्णन है।

१०. यदि नो गां हंसि यद्यश्वं यदि पूरुषम् ।

तं त्वा सीसेन विध्यामो यथा नोऽसोऽवीरहा ।। अथर्व १.१६.४

वेद संहिताओं में संहारक अस्त्रों का संकेत

अब तक संहिताओं में वर्णित सामान्य आयुधों की चर्चा हुई है। अब बड़े-बड़े संहारक और दूरमारक भयंकर अस्त्रों का वर्णन देखिये।

अणुबम के समकक्ष अस्त्र

१. **अवसृष्टा परापत शरव्ये ब्रह्मसंशिते ।**
गच्छामित्रान्प्रपद्यस्व मामीषां कञ्चनोच्छिषः ॥ साम १८६३
धनुः शत्रोरपकामं कृणोति धन्वना सर्वाः आशा जयेम ।

ऋक् ६.७५.२

ऐसा धनुष (अस्त्र प्रक्षेपक यन्त्र) जिससे शत्रु की विजय कामना समाप्त हो जायें और हम सब दिशाओं को जीत लें—अणु बम को फेंकने वाला बमवर्षक अथवा स्टेनगन ही हो सकते हैं।

ऐसी शरसंतति, जिससे शत्रुओं का एक भी मनुष्य न बचने पावे—स्टेनगन की गोलियां अथवा अणुबम के विस्फोट से निकली हुई गैस ही हो सकती है।

२. **कपोतोलूकाभ्यामपदं तदस्तु ।** अथर्व ६.२९.२

यहाँ कहा गया है कि हमारा राष्ट्र शत्रुओं के कपोत और उलूक से बचा रहे। कपोत का अर्थ है पानी तथा हवा के जहाज, क्योंकि क का अर्थ जल (नि०) तथा वायु (नाममाला) दोनों होते हैं।

उलूक का अर्थ पनडुब्बी है—वलते असौ इति उलूकः। उणादि वल संवरणे संचलने च, A large snake मोनियर विलियम्स।

इन दोनों को मिलाकर देखें—सांप की तरह पानी में छिपकर चलने वाला कोई यन्त्रयान।

३. **अग्निर्हि विप्रो जुषतां हविर्नः, परि हेतिः पक्षिणी नो वृणक्तु ।**

अथर्व ६.२७.२

परराष्ट्र का विद्वान् नेता या मन्त्री हमारे द्वारा प्रदत्त कर तथा आश्वासन को प्रीति पूर्वक सेवन करे। उसके पंखों वाले प्रक्षेपास्त्र हमें छोड़ दे। हमारे राष्ट्र पर न गिरे। ये 'पृथ्वी' जैसे प्रक्षेपास्त्र हैं।

४. **शशः क्षुरं प्रत्यञ्चं जगाराद्रिं लोगेन व्यभेदमारात् ।**

ऋक् १०.२८.९

शश की तरह प्लुतगति से चलने वाला प्रक्षेपास्त्र, हिंसक तथा तीव्र पञ्जों वाले टैंक को निगल जाता है। यहाँ सायण द्वारा कृत भाष्य कि खरगोश सिंह को निगल जाता है; प्रकृति विरुद्ध होने से त्याज्य है। इसी प्रकार पर्वत तुल्य (पैटन) टैंक को छोटी सी गोली से (नेट विमान द्वारा प्रक्षिप्त) बड़ी दूर से छिन्न-भिन्न कर दूँगा।

टैंक का स्पष्ट वर्णन

मृगो न भीमो कुचरो गिरिष्ठाः परावत आ जगन्था परस्याः।
सृकं संशाय पविमिन्द्र तिग्मं विशत्रूँ ताढि विमृधो नुदस्व ॥

साम १८७३

भयंकर सिंह के समान पृथ्वी पर और ऊबर खाबड़ गिरि पर्वतों पर चलने वाला अर्थात् टैंक जो कि दूर दूर तक आता जाता है—

रुद्रस्येषुश्चरति देवहेतिस्तस्यै नमो यतमस्यां दिशीतः।

अथर्व ११.२.१२

यह हमारे सेनापति का दिव्यास्त्र सभी दिशाओं में आगे पीछे चलने में समर्थ है। यह जिधर भी जाता है उधर ही हम इसे नमः=वज्र मुहैय्या करते हैं।

इषुः—इष्यति गच्छति। नमः वज्रनामसु। यहाँ वज्र गोला है। इस बारूद वाले गोले का प्रमाण देखिये। इसके साथ ही बिछाई हूई बारूदी सुरंगों की छान बीन करने वाले खोजी दस्ते, इधर उधर घूम कर शत्रुओं की गतिविधि को जानने वाले उड़न दस्ते तथा शत्रु संघातक दस्तों की चर्चा भी देखिये।

बम तथा बिछी हुई सुरंगों के खोजी दस्ते

सुपर्णस्त्वाऽन्व विन्दत् सूकरस्त्वाखनन्नसा।
दिप्सौषधे त्वं दिप्सन्तम्, अवकृत्याकृतं जहि ॥

अथर्व ५.१४.१

ओष-दाहक पदार्थ (बारूद) को धारण करने वाला ओषधि बम है।

इस प्रकार के बमों को रखने और प्रयोग की आज्ञा देने वाला सेनापति भी ओषधि है।

शत्रुओं द्वारा बिछाई गई सुरंगों की खोज करने वाला—(सुपर्ण:या कश्यप:) उड़नदस्ता इन सुरंगों की जानकारी देता है। तदनन्तर नाक से सूंघकर जानने वाला (सूकर:) खोजी दस्ता इन सुरंगों को उखाड़ फेंकता है। इसके बाद अपने बारूदी दस्ते के प्रमुख-ओषधि से प्रार्थना या उसे आदेश है कि तू (दिप्सन्तं कृत्याकृतम्) दम्भपूर्वक हिंसा के प्रयोग द्वारा अनिष्ट करने वाले को (दिप्स तथा अवजहि) समाप्त कर दे।

मोहनास्त्र (बेहोश करने वाली गैस) का प्रयोग

अमीषां चित्तं प्रतिलोभयन्ती गृहाणाङ्गानि-अप्वे परेहि।
अभि प्रेहि निर्दह हृत्सु शोकैरन्धेनामित्रास्तमसा सचन्ताम्॥

साम १८६१

यहाँ शत्रुओं के चित्तों को विलुब्ध करने वाली, अंग प्रत्यंग को जकड़ने वाली, हृदयों में जलन उत्पन्न कर, निराशा द्वारा उन्हें अन्धकारावृत बेहोशी उत्पन्न करने वाली अप्वा प्रदूषण से उत्पन्न तथा प्रदूषण को उत्पन्न करने वाली पाप देवता को अपने से दूर भगाकर शत्रुओं को प्राप्त कराने की चर्चा है। यह परिस्थिति गैस के प्रयोग से ही संभव है।

जलवायु प्रदूषक ओषधि--रासायनिक शस्त्र

ओषधि का अर्थ ऊपर बम (दाहक पदार्थ धारक) किया है। किन्तु कुछ विषैली ओषधियों को अथवा ओषधि निर्मित रासानिक द्रव्यों को भी जल तथा वायु के प्रदूषण द्वारा शत्रु को नष्ट करने के लिये अस्त्र शस्त्र रूप में प्रयुक्त किया जाता है।

अथो यो अस्मान्दिप्सति तमुत्वं जह्योषधे। अथर्व ५.१४.२
पुनः कृत्यां कृत्याकृते प्रतिहरणेन हरामसि॥ अथर्व ५.१४.८

किन्तु वेद के अनुसार, कृत्या जलवायु प्रदूषक ओषधि तथा रासायनिक शस्त्र प्रयोग का विधान तभी है जब शत्रु इनका उपयोग करे। यदि शत्रु

इनका उपयोग न करे तो नैतिक आधार पर इनका प्रयोग निषिद्ध है।

कृतव्यधनि विध्य तं यश्चकार तमिज्जहि।
न त्वामचक्रुषे वयं वधाय संशिशोमहि॥ अथर्व ५.१४.६
कृत्या कर्तारमृच्छतु। अथर्व ५.१४.११

ये कृत्या या अभिचार क्रियायें—जिनका शत्रु प्रयोग कर रहे हैं, उन्हें ही नष्ट करें, क्योंकि हम भी इनका प्रयोग जानते हैं, और खुलकर इनका प्रयोग करने का हमें अधिकार मिल गया है।

शत्रु द्वारा प्रयुक्त इन प्रयोगों का हम प्रतिकार करके इनको निस्तेज और व्यर्थ कर देंगे।

ये अपीषन् ये अदिहन् य आस्यन् ये अवासृजन्।
सर्वे ते वध्रयः कृता वध्रिर्विषगिरिः कृतः॥ अथर्व ४.६.७
अवकादानभिशोचानप्सु ज्योतय मामकान्।
पिशाचान्त्सर्वानोषधे प्रमृणीहि सहस्व च॥ अथर्व ४.३७.१०
त्वया वयमप्सरसो गन्धर्वांश्चातयामहे।
अजशृंङ्ग्यज रक्षः सर्वान् गन्धेन नाशय॥ अथर्व ४.३७.२

यहाँ शत्रु द्वारा प्रयुक्त प्रदूषणकारी प्रयोगास्त्रों का अजशृंगी आदि ओषधियों तथा उनकी गन्ध द्वारा इन्हें व्यर्थ करके नष्ट करने का आदेश है। इस प्रकार हमने देखा कि वेद संहिताओं में छोटे, बड़े, भयंकर, नरसंहारक दिव्य, आसुर और निषिद्ध सभी प्रकार के अस्त्र शस्त्रों का वर्णन उनके प्रयोग और शत्रु द्वारा प्रयुक्त होने पर उनके प्रतिकार के उपायों की भी चर्चा हुई है।

□

३. वैदिक अस्त्र विज्ञान—एक विवेचन

डा० सोमदेव शतांशु*

किसी भी राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने के लिए शास्त्रास्त्रों की आवश्यकता अपरिहार्य है। जिस देश की सेना जितनी अधिक शक्तिशाली एवं संहारक अस्त्रशस्त्रों से सुसज्जित हो वह देश उतना ही अधिक बलवान माना जाता है। वैदिक संहिताओं एवं तत्सम्बन्धी साहित्य में विविध शस्त्र, अस्त्र एवं दिव्यास्त्रों का वर्णन उपलब्ध होता है। इस लेख में इस विषय पर संक्षेप से विवेचन किया जा रहा है।

ऋग्वेद में कहा गया है कि—हे सैनिकों तुम्हारे पास शत्रुओं के संहार एवं उनके आक्रमण को रोकने के लिए कठोर एवं दृढ़ शस्त्रास्त्र होने चाहियें।[1] वेदों में बाण, इषुधि, धनुष्, असि, वाशी, परशु, सीसे की गोली, ऋष्टि, विद्युत् चालित शस्त्रास्त्र, वज्र, पर्जन्यास्त्र, तामसास्त्र, सम्मोहनास्त्र, वायव्यास्त्र, बह्मास्त्र, ब्रह्मदण्ड, ब्रह्मशिर, पाशुपतास्त्र, आग्नेयास्त्र, विविध कवच, भय संभ्रमजनक युद्धवाद्यों का स्पष्टतः वर्णन उपलब्ध होता है।

वाण—ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेदों के अनेक मन्त्रों में वाण, इषु या सायकों का वर्णन उपलब्ध होता है।[2] अथर्ववेद में अयोमुख, सूचीमुख, विकंकत पेड़ की शाखा सदृश अनेक कण्टकों से युक्त मुख वाले,

१. स्थिरा वः सन्त्वायुधा पराणुदे वीड़ु उत प्रतिष्कम्भे। ऋक् १.३९.२

२. अस्तार इषुम्। ऋक् १.६४.१०, धमन्तो वाणम्। ऋक् १.८५.१०, विभर्षि सायकानि। ऋक् २.३३.१०, यत्र वाणाः संपतन्ति। यजु १७.४८ या इषवस्ता जयन्तु। अथर्व १९.१३.११, तीक्ष्णेषवः। अथर्व ३.१९.७ इत्यादि।

*प्रवाचक (रीडर) संस्कृत, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उ० प्र०)।

क्रव्याद—मांस भक्षक तथा वायु के सदृश वेग वाले (वातरंहसः) वाणों का वर्णन उपलब्ध होता है।[1] इसी प्रकार ऋगवेद के एक मन्त्र में विष लिप्त रुरु मृग के शिर के अग्र भाग के तुल्य लोहे के मुख वाले एवं बादल के समान वीर्य वाले वाणों का वर्णन हैं।[2]

अथर्ववेद में मार्गरहित अन्तरिक्ष से भी शत्रु के आक्रमण की सम्भावना की गयी है।[3] यह अन्तरिक्ष युद्ध या विमान युद्ध का परोक्ष संकेत है। इसी प्रकार आकाश से होने वाले आक्रमण का भी वर्णन उपलब्ध होता है।[4] अथर्ववेद में शत्रु सेना के ऊपर जाल बनाने का भी उल्लेख है, जो शत्रु के लाखों करोड़ों सैनिकों का संहार करता है।[5] संभवतः यह किसी आयुध द्वारा बनाया गया ऐसा जाल था जो अन्धकार और घुटन उत्पन्न करता था तथा अन्धकार रूप उस जाल से शत्रुओं का दमन करता था।[6]

अथर्ववेद में सामूहिक संहार करने वाले मृत्युपाश नामक अस्त्र का भी उल्लेख प्राप्त होता है, जो हजारों की संख्या में सेना का संहार कर सकता है।[7]

---

१. अयोमुखाः सूचीमुखा अथो विकङ्कतीमुखाः क्रव्यादो वातरंहसः।
अथर्व ११.१०.३

२. आलाक्ता या रुरुशीर्ष्ण्यथो यस्या अयोमुखम्।
इदं पर्जन्यरेतस इष्वै देव्यै बृहन्नमः। ऋक् ६.७५.१५

३. ये पुरस्ताज्जुह्वति जातवेदः प्राच्या दिशोऽभिदासन्त्यस्मान्'।
अग्निमृत्वा ते पराञ्चो व्यथन्तां प्रत्यगेनान् प्रतिशरेण हन्मि॥ अथर्व ४.४०.१

४. येऽन्तरिक्षाज्जुह्वति जातवेदो व्यध्वाया दिशः। अथर्व ४.४०.६

५. अन्तरिक्षं जालमासीज्जालदण्डा दिशोमहीः।
तेनाभिधाय दस्यूनां शक्रः सेनामपावपत्। अथर्व ८.८.५

६. (क) बृहत्ते जालं बृहत इन्द्र शूर सहस्रार्धस्य शतवीर्यस्य।
तेन शतं सहस्रमयुतं न्यर्बुदं जघान शक्रो दस्यूनामभिधाय सेनया। अथर्व ८.८.७
(ख) तेनाहम् इन्द्र जालेनाभूंस्तमसाभिदधामि सर्वान्। अथर्व ८.८.८

७- इमा उप्ता मृत्युपाशा यानाक्रम्य न मुच्यसे।
अमुष्या हन्तु सेनाया इदं कूटं सहस्रशः। अथर्व ८.८.१६

युद्ध में शत्रुओं को पराभूत करने के लिए विशेष प्रकार के अस्त्रों द्वारा अनेक स्थानों पर होम के समान अग्नि प्रज्वलित कर उनके द्वारा शत्रुओं का नष्ट करने का भी वर्णन है।[1] एक मन्त्र में सम्मोहन विद्या में कुशल विद्वान द्वारा शत्रु सेना को सम्मोहित कर उसे निःशस्त्र करने का वर्णन प्राप्त होता है।[2]

शत्रु सेना का उत्साह भंग करने के लिए दुन्दुभि का तुमुल घोष करना भी एक उपाय है। मन्त्र में कहा गया है कि नगाड़े के तुमुल घोष द्वारा विजयी होने वाले सिंह के समान शत्रुओं को वशीभूत करके परास्त किया जा सकता है।[3]

अथर्व ५.२०, उच्चैघोष दुन्दुभिः तथा ५.२१ इन सूक्तों का उच्चारण कर दुन्दुभि आदि का वादन करने से शत्रु सेना विद्वेषित, सम्मोहित हो परास्त हो जाती है।[4] अथर्व मन्त्रों में स्पष्टतया वर्णित है—

वृषेव यूथे सहसा विदानो गव्यन्नभि रुव संधनाजित्।
शुचा विध्य हृदयं परेषां हित्वा ग्रामान् प्रच्युता यन्तु शत्रवः॥
५.२०.३

विहृदयं वैमनस्यं वदामित्रेषु दुन्दुभे।
विद्वेषं कश्मशं भयममित्रेषु नि दध्मस्यवैनान् दुन्दुभे जहि। ५.२१.१
उद्वेपमाना मनास चक्षुषा हृदयेन च।
धावन्तु बिभ्यतोऽमित्राः प्रत्रासेनाज्ये हुते। ५.२१.२

---

१. धर्मः समिद्धो अग्निवायं होमः सहस्रशः।
भवश्च पृश्निबाहुश्च शर्व सेनाममूं हतम्। अथर्व ८.८.१७
२. अग्निर्नः शत्रून् प्रत्येतु विद्वान् प्रतिदहन्नभिशस्तिमरातिम्।
स सेनां मोहयतु परेषां निर्हस्तांश्च कृणवज्जातवेदाः। अथर्व ३.१.१
३. उच्चैर्घोषो दुन्दुभिः सत्वनायन्वानस्पत्यः संभृतं उस्त्रियाभिः।
वाचं क्षुणुवानो दमयन्त्सपत्नान् सिंह इव जेष्यन्नभि तंस्तनीहि। अथर्व ५.२०.१
४. (क) कर्मजभवदैवी चिकित्सा। पृ० ५७१-७२
(ख) इस तथ्य को प्रमाणित करने के लिए मध्य प्रदेश में व्यवित विशेष द्वारा प्रदर्शित शंखवादन पर्याप्त होगा, जिसने केवल शंख ध्वनि बजाकर सबको सम्मोहित कर दिया था।

यथा मृगाः संविजन्त आरण्याः पुरुषादधि ।
एवात्वं दुन्दुभेऽभिमित्रानभिक्रन्द प्रत्रासयाथो चिन्तानि मोहय ।
५.२१.४

आगे के मन्त्रों में कहा गया है कि जैसे भेड़ बकरी भेड़िये से तथा पक्षी बाज से डर कर भागते हैं या सिह गर्जन सुनकर त्रसित रहते हैं उसी प्रकार शत्रु सेना भयाकुल हो मोहित हो जाय ।[1]

शत्रु सेना के संत्रासन एवं सम्मोहन के लिए बजाया गया दुन्दुभि घोष कैसा हो । इस सन्दर्भ में अथर्व वेद कहता है—

अन्तरेमे नभसी घोषोऽस्तु पृथक् तेध्वनयो यन्तु शीभम् ।
अभिक्रन्द स्तनयोत्पिपानः श्लोककृन्मित्र तूर्याय स्पर्धी ॥ ५.२०.७

अथात्—तेरा उद्घोष द्यौ और पृथ्वी के अन्तराल में व्याप्त हो। तेरा विजय घोष तत्परता से सभी दिशाओं को अच्छादित कर डाले, प्रगति परायण, यशस्विनी, मित्र हितैषिणी सेना विजय घोष के साथ गर्जना करे ।

दुन्दुभि मन्त्र

इसी प्रकार अथर्व वेद के ६.१२६ में भी इस सम्मोहक अस्त्र का वर्णन प्राप्त होता है । यथा—

उप श्वासय पृथ्वीमुतद्यां पुरुत्रा ते वन्वतां विष्ठितं जगत् ।
स दुन्दुभे सजूरिन्द्रेण देवैर्दुरा दणीयोऽपसेध शत्रुन् ।

हे दुन्दुभे ! तू पृथिवी से द्युलोक पर्यन्त अपने उद्घोष से संजीवन भरती है, इसी कारण संग्रामरत महाभटों के मनोबल स्फूर्ति सम्वर्धन करने वाली दुन्दुभि में इन्द्रादि देवों के दिव्य पराक्रम समाविष्ट है, अतः तू शत्रुओं को दूर से भगा देने में समर्थ है ॥

यजुर्वेद के उपवेद धनुर्वेदसंहिता (महर्षि वशिष्ठ कृत) में धनुर्विद्या का साङ्गोपाङ्ग वर्णन मिलता है । वहाँ वाणों के—फल आरामुख, क्षुरप्र, गोपुच्छ, अर्द्धचन्द्रक, सूचीमुख, भल्ल, वत्सदन्त, द्विभल्लक, कर्णिक एवं

१. अथर्व ५.२१.५, ६

काकतुण्ड—ये दस प्रकार के बताये गये हैं। इनके अतिरिक्त देशभेद से अन्य अनेक प्रकार के विविध फलों का निर्माण किया जा सकता है।[1] वाण के इन फलों का चित्र अध्याय के अन्त में है। इसी प्रसग में इन फलों के कार्य का वर्णन करते हुए कहा है—कि आरामुख नाम के फल से चर्मनिर्मित ढाल का बेध, क्षुरप्र नामक फल से धनुष-छेदन, वाण-छेदन एव बाहु-कर्त्तन किया जाता है। गोपुच्छ-फल युक्त वाण से लक्ष्यसाधन, अर्धचन्द्र नामक वाण से मस्तक, मर्दन और धनुष आदि का छेदन, सूची मुख वाले वाण से कवच-भेदन, भल्ल नामक वाण से हृदय-बेधन, वत्सदन्त-वाण से गुण को नष्ट, द्विभल्ल वाण से वाण को रोकने का काम, कर्णिक वाण से लोहमय वाणों का छेदन और काकतुण्ड वाण से बेधने योग्य वस्तु का बेध किया जाता है। गोपुच्छ नामक वाण से वाण संचालन का अभ्यास किया जाता है।[2]

ऋग्वेद में जो आलाक्त वाणों का संकेत प्राप्त होता है, इस सन्दर्भ में धनुर्वेद संहिता, तथा कौटिलीय अर्थशास्त्र के चतुर्दश अधिकरण, एक सौ सतहत्तरवें प्रकरण के परघात प्रयोग विषय में पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। निदर्शन के रूप में कुछ प्रयोग प्रस्तुत हैं।

वाण के फल के ऊपर शरवंश-सरकंडे के मूल को पीस कर और उसका लेप करके उस वाण के मारने से जो घाव होता है वह असाध्य होता है। जिस शरवंश के समूह पर वर्षाकाल में स्वाति नक्षत्र का जल गिरता है वह पीले रंग का हो जाता है। उसकी जड़ में विष पैदा हो जाता है।

---

१. आरामुखं क्षुरप्रञ्च गौपुच्छं चार्द्धचन्द्रकम्।
सूचीमुखञ्च भल्लञ्च वत्सदन्तं द्विभल्लकम्।
कर्णिकं काकतुण्डं च यथान्यान्यप्यनेकशः।
फलानि देशभेदेन भवन्ति बहुरूपतः॥ धनुर्वेद संहिता ६४, ६५, पृ० १४

२. आरामुखेन चर्म्मछेदनम्, क्षुरप्रेण वाणकर्त्तनम्, वा बाहुकर्त्तनम्, गोपुच्छेन लक्ष्यसाधनम्, अर्द्धचन्द्रेण ग्रीवामस्तकधनुरादीनां छेदनं, सूचीमुखेन कवच भेदनम्, भल्लेन हृदयभेदनम्, वत्सदन्तेन गुणचर्व्वणम्, द्विभल्लेन वाणावरोधनम्, कर्णिकेन लोहमय वाणानां छेदनम्, काकतुण्डेन वेध्यानां वेधं कुर्यात्।
वही—६६, पृ० १४-१५

वह बिना हवा के भी काँपता रहता है। यही उसकी पहचान है। इसी शरवंश की जड़ को खोद कर प्रयोग करना चाहिए।[1]

आगे दिव्य औषधि से विलेपित वाण का वर्णन करते हुए कहा गया है कि इसके द्वारा दुर्भेद्य लौह वर्म को भी वृक्ष के पत्ते की भाँति बेधा जा सकता है।[2] पिप्पली, सेंधा नमक, कूठ इन तीनों द्रव्यों को गोमूत्र से पीस लें। फिर उसको वाण के फल या अन्य किसी अभीष्ट शस्त्र पर लेप करें। इसके बाद उसको अग्नि में तपा लें। तप्त होने से औषधि मयूर कण्ठ सदृश नील वर्ण का हो जाये तब उसे स्वच्छ जल से ठण्डा करें। इस प्रकार वाण विषाक्त हो जाता है।[3] इसी प्रकार औषधि प्रकरण में शस्त्रास्त्रों के प्रहार से बचने के लिए अनेक औषधियों का वर्णन है।[4]

यहाँ असि, ऋष्टि गदा भल्ल आदि शस्त्रों के वर्णन के विस्तार में न जाकर वेदोक्त कुछ विशिष्ट दिव्यास्त्रों का विवेचन किया जा रहा है।

वज्र - वैदिक संहिताओं में वर्णित अस्त्रों में वज्र एक अन्यतम अस्त्र है, जिसका वेदों में भूरिशः वर्णन प्राप्त होता है। यह इन्द्र का प्रमुख आयुध है। ऋग्वेद ८.७.२२, ३२; २.१६.६, २.३३.३, १.८५.६, १०.९६.४। अथर्ववेद के २०.७२, ७३, ७५, १९.४१, २०.१८.२, २०.३०.३.४, २०.३१.१, २०.३६.९, २.१२, ६.६, ६.१३४, ६.१३५ आदि सूक्तों में वज्र का वर्णन प्राप्त होता है।

---

१. इषु फले शरवंशमूललेपनाद् भवति, तच्चिह्नमेतत्।
यस्मिन् शरवंशसमूहे स्वातिविन्दुर्निपतति स पीतवर्णो भवति।
तस्य मूले विषम् उत्पद्यते, तन्मूलं ग्राह्यम्।
स च सर्वदा पवनाभावेऽपि कम्पते, इदम् एव तल्लक्ष्मेति।
धनुर्वेद संहिता ६९ पृ० १५

२. फलस्य पावनं वक्ष्ये दिव्यौषधिविलेपनैः।
ये न दुर्भेद्यवर्म्माणि भेदयेत्तरुपर्णवत्। ७० वही, पृ० १५

३. पिप्पली सैन्धवं कुष्टं गौमूत्रे तु सुपेषयेत्।
अनेन लेपयेच्छस्त्रं लिप्तं चाग्नौ प्रतापयेत्॥
शिखीग्रीवानुवर्णाभं तप्तपीतं तथौषधम्।
ततस्तु विमलं तोयं पाययेच्छस्त्रमुत्तमम्॥ ७१-७२, पृ० १६

४. धनुर्वेद संहिता पृ० ४४-४६।

अथर्ववेद के १३४वें सूक्त में कहा गया है कि यह वज्र सत्य का अस्त्र है। यह शत्रुभूत राष्ट्र का संहारक, राष्ट्रद्रोही का नाश करने वाला तथा शत्रु के जीवन को भी नष्ट करने वाला है। जैसे इन्द्र शत्रुओं का विनाश करते हैं वैसे ही यह शत्रुओं के गर्दनों एवं धमनियों को काटने वाला है।[1] इससे उद्धत शत्रु अधः पतन को प्राप्त होवें पृथिवी से नीचे पाताल लोक में पड़े रहें तथा वज्राहत होकर मरे पड़े रहें।[2] इस वज्रास्त्र के विषय में कहा गया है कि यह जो क्षति पहुँचाने वाले हैं, जो कष्ट पहुँचाने वाले हैं उनको ढूढ़ निकालकर मार गिराता है उनके सिरों को नीचे गिरा देता है।[3] यह दुराचारी को, जो सद्धर्म परायण व्यक्ति को अधीनस्थ करना चाहता है ऐसे व्यक्ति को वज्रास्त्र चूर-चूर कर ध्वंस कर देता है।[4] वज्र को सहस्र भृष्टि कहा गया है।[5] यह लोहे की नगरियों को तथा असंख्य नगरियों को नष्ट करने वाला है।[6]

इस प्रकार वज्र एक अत्यन्त संहारक, हजारों पुरुषों को भून डालने वाला तथा लौह नगरियों को भी तोड़ गिराने वाला है।

वेदों के अध्ययन से विदित होता है कि यह अयस्[7] तथा हिरण्य-सुवर्ण से निर्मित होता था। हिरण्य शब्द उसके हिरण्य सदृश भास्वर वर्ण

---

१. अयं वज्रस्तर्पयतामृतस्यावस्य राष्ट्रमपहन्तु जीवितम्।
श्रृणातु ग्रीवाः प्रश्रृणातूष्णिहा वृत्रस्येव शचीपतिः ।। ६.१३४.१

२. अधरोऽधरः उत्तरेभ्यो गूढः पृथिव्या मोत्सृपत्।
वज्रेणावहतः शयाम्। ६.१३४.२

३. यो जिनाति तज्ञन्विच्छ यो जिनाति तमिज्जहि।
जिनतो वज्र त्वं सीमन्तमन्वञ्चमनुपातय ।। ६.१३४.३

४. यो नः सोम सुशंसिनो दुःशंस आदिदेशति।
वज्रेणास्य सुखे जहि स संपिष्टो अपायति। ६.६.१

५. वज्र सहस्रभृष्टिः ऋक्० १.८०.१२, तथा ऋक्० १.८५.६, ६.१७.१०

६. (क) ऋक्० १.८५.६।
(ख) भिनत् पुरो नवतिमिन्द्रेण। ऋक्० १.१३०.७

७. (क) वज्र आयसः। ऋग्० १.८०.१२
(ख) मह्यं त्वष्टा वज्रमतक्षदायसम्। ऋग्० १०.४८.३

को द्योतित करता है।[1] ये वज्र अत्यन्त[2] दर्शनीय, सौ पर्वयुक्त[3] तथा चारों ओर से संहार करने वाले होते हैं।[4] ऋग्वेद के एक मन्त्र में कहा गया है कि वज्र का निर्माण अनेक प्रकार[5] से होता है। इसके विषय में कहा है कि वज्र समुद्र के अन्दर पड़ा रहता है।[6] यहाँ समुद्र से अन्तरिक्षस्थ समुद्र मेघगत या जलगत विद्युत् शक्ति पर आश्रित होती है ऐसा प्रतीत होता है।

उक्त वज्र के प्रयोग एवं निर्माण प्रक्रिया के विषय में वैदिक साहित्य में यत्र तत्र किञ्चत् वर्णन उपलब्ध होता है। यह दो परस्पर विरोधी गुण युक्त मेघों के संघर्षण से उत्पन्न शक्ति है तथा मेघों में सूर्य द्वारा संस्थापित प्रचण्ड शक्ति है। "अथर्ववेदीय कर्मज भवव्याधि दैवी चिकित्सा" ग्रन्थ में इसका निर्माण प्रकार इस प्रकार वर्णित है—

मेघों में सूर्य द्वारा संस्थापित प्रचण्ड शक्ति रूप वज्र को प्राप्त करने के लिए एकान्त स्थान में एक गहन गर्त्त खुदवायें। उसमें गोबर के उपले संग्रह कर भर दें। उस पर एक चौड़ा कांस्य पात्र रख कर उसके ऊपर पर्याप्त ऊँचाई तक गोमय भर लें। वर्षाकाल या जब भी मेघों की परस्पर उन्मत्तता या परस्पर विरोधी महावत के वेगों के झोकों से प्रेरित होकर टक्कर होती है, उससे उत्पन्न मेघों में संस्थापित सूयं की तेजोमयी दिव्य विद्युत् सोधी विद्युताकर्षण गुण सम्पन्न ताम्रमिश्रित कांस्य पात्र में पड़ेगी। वह भूमि की गहराई तक चीरती हुई सीधी जायेगी। उस देवी प्रचण्ड अग्नि को, गोमय में निहित दूसरी महान् अग्नि, अपने प्रभाव से गोमय को लांघकर नीचे पाताल की ओर भूमि में जाने से रोक लेती है। मेघों की विद्युत मे यह विशेषता है कि वह किसी भी पदार्थ पर पड़कर

---

१. वज्र हिरण्ययः। ऋग्० १.५७.२ तथा १.८५.६
२. वज्र दर्शतः। ऋग्० ८.७०.२
३, वज्रेण शतपर्वणा। यजु० ३३.६६
४. वज्रम् चतुर्भृष्टिम्। अथर्व० १०.५.५०
५. अयं यो वज्रः पुरुधा विवृत्तः। १०.२७.२१
६. समुद्रे अन्तः शयत उद्ना वज्रो अभीवृतः। ऋक्० ८.१००.६

उसका भेदन कर वापिस आकाश में चली जाती है। इस उपर्युक्त कांस्य-पात्र के ऊपर की गोमय की शक्ति उसे वापिस नहीं होने देती अपितु उसे ठण्डा कर देती है। इस प्रक्रिया से उसकी एक लम्बी फौलादी लौह जैसी तीक्ष्ण शलाका उस गोमय पिण्ड में बन जाती है। उसी का शक्ति, अग्नि तीक्ष्णवाण या तलवार बनाकर आग्नेयास्त्र, ब्रह्मास्त्र तथा वज्र मन्त्रों का उच्चारण कर प्रयोग करना चाहिए।[1]

पर्जन्यास्त्र—ऋग्वेद में पर्जन्यास्त्र का वर्णन उपलब्ध होता है। एक मन्त्र में कहा गया है कि सैनिक मरुभूमि में भी वर्षा कर देते हैं किन्तु इस वर्षा के लिये सामान्य वायु की सहायता नहीं ली जाती।[2]

ये मरुत रूप सैनिक दिन में भी जल से भरे बादल से पर्जन्य से अन्धेरा कर देते हैं।[3]

तामसास्त्र—इसी प्रकार यजुर्वेद के अधोलिखित मन्त्र में तामसास्त्र का स्पष्टतः वर्णन प्राप्त होता है—

असौ या सेना मरुतः परेषामभ्यैति न ओजसा स्पर्धमाना।
ता गूहत तमसाऽपव्रतेन यथाऽमो अन्योऽन्यं न जानन्।।[4]

यहाँ सैनिकों से कहा गया है कि हे सैनिकों! शत्रुओं की वह सेना जो अपने ओज से हमारी स्पर्धा करती हुई तुम पर आक्रमण कर रही है उसे अन्धकार से बींध दो, जिससे उन्हें कुछ न समझ मे आये तथा एक दूसरे को पहचान भी न पायें। ऋग्वेद एव अथर्ववेद में तामसास्त्र का स्पष्ट संकेत मिलता है।[5]

ऐसा प्रतीत होता है कि तमोयोग पदार्थों द्वारा अन्धकार उत्पन्न

---

१. अथर्ववेदीय कर्मजभव व्याधि दैवी चिकित्सा। पृ० ६०६–६१०
२. धन्वञ्चिदा रुद्रियासः मिहं कृण्वन्त्यवाताम्। ऋग्० १.३८.७
३. दिवा चित् तमः कृण्वन्ति पर्जन्येनोदवाहेन। यत् पृथिवीं व्युन्दन्ति। ऋग्० १.३८.६
४. यजु० १७.४७
५. ऋग्० १०.१५२.४, अथर्व० ११.६.१६, ११.१०.१६, ११.१०.७ इत्यादि।

करने की क्रिया तामशास्त्र के द्वारा होती है। जिसकी पुष्टि अथर्ववेद के निम्न मन्त्र से ही होती है—

धूमाक्षी सं पततु कृधुकर्णी च क्रोशतु ।[1]

शत्रु सेना धूम्र व्याकुल नेत्र होकर गिर जाये एवं मन्दकर्ण होकर चिल्लावे।

पूतिरज्जु रूपमहमानी पूतिं सेनां कृणोत्वमूम् ।
धूममग्निं परादृश्यामित्रा हृत्स्वा दधतां भयम् ॥[2]

जलती हुई दुर्गन्धजनक रज्जु शत्रु सेना को दुर्गन्ध से भय धारण करा भगा देवे। इस प्रकार के कुछ योगों का वर्णन कौटिलीय अर्थशास्त्र में प्राप्त होता है।[3] इस विषय में परीक्षणात्मक अध्ययन की आवश्यकता है।

सम्मोहनास्त्र—अथर्व वेद के ३.१.१,५,६; ३ २ १,२,३,४; ६ ६७, ११.६.१३, ११.१०.२०, ३.२.५. ऋग्वेद के १०.१०३.१२ इत्यादि स्थलों में सम्मोहनास्त्र के विषय में वर्णन प्राप्त होता है। यथा—

१—स सेनां मोहयतु परेषां निर्हस्तांश्च कृणवज्जातवेदः ।
अथर्व० ३.१.१

२—मुह्यन्त्वाद्यामूः सेना अमित्राणां परस्तराम् । अथर्व० ६.६७.१

१—वह अग्नि शत्रु सेना को मूर्छित कर देवे फिर उनके अस्त्र छीनकर उनको खाली हाथ कर देवे। २—शत्रु सेना मूर्च्छित हो जावे। किन्हीं विद्वानों के मन में किसी मूर्च्छा-उत्पादक विषाक्त गैस का प्रयोग है जो शत्रुओं को मूर्च्छित कर देता है।[4]

दिव्यास्त्र

धनुर्वेद संहिता के अस्त्र प्रकरण में ब्रह्मास्त्र, ब्रह्मदण्ड, ब्रह्मशिर,

---

१. अथर्व० ११.१०.७
२. वही० ८.८.२
३. कौटिलीय अर्थशास्त्र, चतुर्दश अधिकरण, १७७वां प्रकरण का परघात प्रयोग। पृ० १७३–१७४
४. वेदों के राजनैतिक सिद्धान्त।

पाशुपत, वायव्यास्त्र एवं आग्नेयास्त्र का प्रयोग वर्णित है।[1] यहाँ ब्रह्मास्त्र, ब्रह्मदण्ड, ब्रह्मशिर एवं पाशुपत शस्त्रों के प्रयोग के लिए विविध पाठक्रम से गायत्री मन्त्र विनियुक्त है। यथा—ब्रह्मास्त्र का वर्णन करते हुए लिखा है—

दादिदान्ताञ्च सावित्रीं जपेत् सुधीः।
जप्त्वा पूर्वां निखर्वञ्च त्वभिमन्त्र्य विधवञ्चरम्। ८३, पृ० ३९

अर्थात्—

ओं देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् तत्सवितुर्वरेण्यम् भर्गोदे।

इस प्रकार निखर्व संख्यात्मक जपकर विधिपूर्वक वाण प्रहार करना चाहिए।

इसका प्रभाव वर्णन करते हुए लिखा है—इसके प्रहार से सब जातियाँ नष्ट हो जाती हैं। बालक, वृद्ध, या जो लोग भी युद्ध करने के लिए आये हुए हैं वे सभी नष्ट हो जाते हैं।[2]

इसके संहार के लिये उक्त क्रम से विपरीत क्रम से मन्त्र का प्रयोग करना चाहिए।[3]

ब्रह्मदण्ड—इसी प्रकार ब्रह्मदण्ड के लिए :—

ओं प्रचोदयात् नो यो धियः धीमहि देवस्य भर्गो वरेण्यं
सवितुः तत् अमुकशत्रुं हन हन हुं फट्।

का दो लक्ष जप कर प्रयोग का विधान है तथा इससे यम तुल्य शत्रु का भी विनाश सुनिश्चित बताया गया है।[4]

---

१. पृ० ३८–४४

२. च्छत्रुषु सहसा नश्यन्ति सर्वजातयः।
बाला वृद्धाश्च ये च योद्धुम् समागताः। ८३, पृ० ३८

३. यथातथं दादिदान्तं जपेत् संहार सिद्धये। ८४, पृ० ३८

४. धनुर्वेद संहिता ८५–८७

ब्रह्मशिर—इस अस्त्र की सिद्धि के लिये :—

ओं धियो यो नः प्रचोदयात् भर्गो देवस्य धीमहि
तत्सवितुर्वरेण्यं शत्रुन्मे हन हन हुं फट् ।

मन्त्र का तीन लक्ष जप का विधान तथा सभी देव असुरों का नाश वर्णित हैं ।[1]

पाशुपतास्त्र—के प्रयोग के लिए :—

ओं देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् तत्सवितुर्वरेण्यम्
भर्गोदे ओं श्लीं पशु हुं फट् अमुकं शत्रुं हन हन हूं फट् ।

इसका दो लक्ष वार जप का विधान है ।[2]

इसी प्रकार वायव्य एवं आग्नेयास्त्र के प्रयोग के लिए मन्त्रों का विनियोग किया गया है ।[3]

इस दिशा में प्रयोगात्मक अध्ययन की महती आवश्यकता है। तथापि वेद सम्बन्धी एवं परवर्ती आगम ग्रन्थों में इस तथ्य को प्रमाणित करने वाले हजारों[4] स्थल हैं । इन सबको अप्रामाणिक या व्यर्थ कहने का दुस्साहस नहीं किया जा सकता है । शब्दों एवं मन्त्रों के ध्वन्यात्मक प्रभाव के क्षेत्र में आज आधुनिक वैज्ञानिक दिशा में भी अनेक कार्य हो रहे हैं जो धीरे-धीरे हमें उक्त तथ्यों की ओर अग्रसर करा रहे हैं । दीपक, मल्हार आदि संगीत के राग, शृङ्गार, करुण, वीर रस के गीतों का प्रत्यक्ष प्रभाव हम लोग प्रतिदिन अनुभव करते हैं । जो यह सिद्ध करते हैं केवल बुद्धियुक्त मनुष्य ही नहीं अपितु समस्त स्थावर जंगम भी इससे प्रभावित होते हैं ।

---

१. धनुर्वेद संहिता ८८–९०
२. धनुर्वेद संहिता श्लोक ९१–९३
३. (क) **वायव्यास्त्र**—'ओं वायव्यया या वायव्ययान्योर्वायिया वा अमुकं मे शत्रुं हन हन हुं फट्' का दो नियुतवार जप ।
   (ख) **आग्नेयास्त्र**—ओं अग्निस्त्यता हृद्भूं शिवं वनाश्विणि च । हगादशंरुपनः सदा वा हादति तोयति राममसो हित्वा वात् सुसेद देवयाऽमुकं शत्रुं मे हन हन हुं फट् का दो नियुतवार जप ।
४. (क) तथा—गायत्री महाविज्ञान (भाग २), पृ० २०४–२०८ (आचार्य श्रीराम शर्मा)
   (ख) शारदा तिलक तन्त्र के गायत्री पटल ।

परास्वन ध्वनि प्रकम्पनों के द्वारा आज विज्ञान के क्षेत्र में अनेक चमत्कारिक प्रयोग हो रहे हैं।[1] यह भी तथ्य निर्विवाद है कि प्राचीन वैदिक विज्ञान यान्त्रिक भी था साथ ही मानस शक्ति या संकल्प पर भी निश्चितरूपेण आधृत था।[2]

अथर्ववेद के ब्रह्मगवी सूक्त के अधोलिखित मन्त्र तपोजन्य मन्त्र या शब्द शक्ति महिमा का स्पष्टरूपेण उद्घोषणा कर रहे हैं—

जिह्वा ज्या भवति कुल्मलं वाङ् नाडिका दन्तास्तपसाभिदग्धाः।
तेभिर्ब्रह्मा विध्यति देवपीयून् हृदबलैर्धनुर्भिर्देवजुतै ॥
तीक्ष्णेषवो ब्राह्मणा हेतिमन्तो यामस्यन्ति शरण्यां न सा मृषा।
अनुहाय तपसा मन्युना चोत दूरादव भिन्दन्त्येनम् ॥

अथर्व० ५.१८.७,८

वेद के इतने स्पष्ट प्रमाण रहते—मन्त्रशक्ति को नहीं नकारा जा सकता है। ब्रह्मास्त्र आदि के प्रयोग में गायत्री मन्त्र के जो विविध क्रम दिये गये हैं तथा प्रातिशाख्य ग्रन्थों में मन्त्रों के जटा, माला आदि जो दश विकृति पाठ हैं उनका क्या प्रयोजन है? यह गवेषणीय है। केवल मन्त्र रक्षार्थ इतने कठोर श्रम का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता। वैसे अग्नि पुराण एवं प्रातिशाख्य ग्रन्थों में भिन्न-भिन्न पाठों का भिन्न-भिन्न फल बताया गया है। अतः इस दिशा में गहन शोध की आवश्यकता है।

इस प्रकार वैदिक संहिताओं में विविध अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग उपलब्ध होता है, जो यन्त्र विज्ञान, ओषधि विज्ञान तथा मन्त्र विज्ञान पर आधृत थे।

---

१. जैसे—(१) पथरी की शल्य क्रिया के लिए अतिस्वन (Ultra Sonic) ध्वनि प्रकम्पनों का प्रयोग सफलतापूर्वक हो रहा है।
(२) अतिस्वन ध्वनि प्रकम्पनों से सैनिक तथा टेंक आदि की भेदन की विधि भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा आविष्कृत करली गयी थी। किन्तु उसका प्रभाव क्षेत्र अति व्यापक एवं उससे आत्म-रक्षा का कोई उपाय न होने से उसका प्रयोग नहीं हो सका।

२. (अ) जन्मौषधिमन्त्रतपः समाधिजाः सिद्धयः। योगदर्शन ४/१
(ख) द्रष्टव्य-गायत्री महाविज्ञान—आचार्य श्रीराम शर्मा

५. यजुर्वेद में अस्त्र-शस्त्र विज्ञान

डॉ० दुर्गा प्रसाद मिश्र*

वेद सर्वज्ञानमय है,[1] परमपिता परमात्मा ने सृष्टि के आदि जीवन की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु ऐहिक और परलौकिक सुख की कल्याण-भावना के लिए वेद प्रदान किया है। वेदों में आत्मरक्षार्थ तथा शौर्य प्राप्त्यर्थ विविध अस्त्रों-शस्त्रों का वर्णन प्राप्त होता है।

अस्त्र-अस्यते क्षिप्यते (Weapons for striking and throwing) तथा शस्त्र (Weapons, Arms) अर्थ के वाचक हैं। Random House Dictionary में शस्त्र का अर्थ है— 'शस्त्र वह उपकरण अथवा युक्ति है जो लड़ाई में आक्रमण अथवा रक्षा के लिए युक्त की जाए।' Oxford Dictionary में 'शस्त्र वह भौतिक वस्तु है जिसके द्वारा शारीरिक चोट पहुँचाई जा सकती है।'

वैदिक अस्त्र-शस्त्रों में कुछ आक्रामक थे, कुछ रक्षात्मक और कुछ आक्रामक तथा रक्षात्मक दोनों। जिन शस्त्रों का प्रयोग हाथ में लेकर किया जाता था वे प्रघाती शस्त्र कहलाए जैसे—तलवार, भाला आदि। अन्य अस्त्र प्रक्षेपणीय कहलाए यथा धनुष-वाण।

वैदिक संहिताओं में हमें अनेक अस्त्र-शस्त्रों का परिचय मिलता है। प्रस्तुत लेख में यजुर्वेद में वर्णित अस्त्र-शस्त्र विज्ञान का विवेचन किया गया है। वैसे तो यजुर्वेद का मुख्य प्रतिपाद्य यज्ञीय कृत्यों का सम्पादन है किन्तु आत्मकल्याण एवं रक्षा के लिए अनेक अस्त्र-शस्त्रों का उल्लेख आया है।

१. सर्वज्ञानमयो हि सः। मनु० २.७

*प्रवक्ता (संस्कृत), मेरठ कॉलिज, मेरठ।

शासन रूपी प्रासाद का स्तम्भ राजा है। इसीलिए अथर्वा ऋषि राजा से प्रेरित एवं अनुप्राणित राष्ट्र के लिए प्रार्थना करते हैं। वेदों में इन्द्र शब्द से राजा के गुणों को स्पष्ट किया गया है। जब राज्य का निर्माण हुआ तो इन्द्र उसका अधिपति बना।[1]

शत्रुओं को जीतने या उनसे आत्मरक्षा हेतु अस्त्र-शस्त्रों की आवश्यकता होती है, इन्हें आयुध भी कहा जाता है। राजा और सेनापति तथा अस्त्र-चालन में निपुण वीरों को विविध प्रकार के आयुधों से शत्रुच्छेद करने, कराने के संकेत अनेक मंत्रों में मिलते हैं। कहीं अग्नि, कहीं इन्द्र, कहीं रुद्र आदि सम्बोधनों से ऐसे वर्णन वेदों में भरे पड़े हैं। यथा—

उद्धर्षय मघवन्नायुधान्युत्सत्वनां मामकानां मनांसि।
उद्वृत्रहन् वाजिनां वाजिनान्युद्रथानां जयतां यन्तु घोषाः।
अस्माकमिन्द्र समृतेषु ध्वेजेष्वस्माकं याऽइषवस्ता जयन्तु।
अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्त्वस्माँ उ देवा अवता हवेषु॥

यजु० १७.४२,४३

या ते हेतिर्मीढुष्टम हस्ते बभूव ते धनुः।
तयास्मान्विक्ष्वतस्त्वमयक्ष्मया परिभुज॥ यजु० १६.२१

यजुर्वेद संहिता के बाइसवें अध्याय के बाइसवें मंत्र में एक राष्ट्र का जो स्वरूप चित्रित है—

आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्। आ राष्ट्रे राजन्यः
शूरऽइषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम् ......।

उसमें अस्त्र-शस्त्र, सेना, सहायक आदि सभी का चित्रण पाया जाता है।

अध्याय सोलह में रुद्र का चित्रण एक सेनापति के रूप में किया गया है तथा उसे अनेक अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित दिखाकर अस्त्र-शस्त्र विज्ञान का सम्यक् दिग्दर्शन कराया गया है। सेनापति को चाहिए कि राजा के समान पूर्णबल से युक्त होकर, अनेक दुःखदायी शस्त्रों से शत्रु

---

१. क्षत्रमसृज्यतेन्द्रोऽधिपतिरासीत्। यजु० १४.२९।

को बाँधकर बाण से ताड़ना दे ।[1] अस्त्र रूप में उल्का[2] का प्रयोग करे। शत्रुओं को सूखे काष्ठ के समान जलाने में अग्नि[3] का शस्त्र रूप में प्रयोग है। सेनापति के आयुध धनुष-वाण[4] हैं वे दृढ़ हैं, वाण तीव्रगामी हैं। यह चर्म निर्मित रक्षा-कवच[5] धारण करने वाला तथा शस्त्रास्त्र प्रयोग में निपुण है।[6] वह सहस्राक्ष अर्थात् हजारों गुप्तचरों की सहायता से सब जगह का वृत्तान्त जानने वाला है।[7] वह खड्ग एवं तूणीर से भूषित है।[8] वह सैकड़ों धनुष-वाण वाला है।[9] उसके पास शिरस्त्राण, लौह कवच एवं दुन्दुभियाँ भी हैं।[10] उसके पास सहस्र प्रकार के अस्त्र-शस्त्र हैं।[11]

मंत्रों द्वारा तीक्ष्ण किये गये शत्रु का सम्पूर्ण विनाश करने वाले बाण को ब्रह्मास्त्र[12] रूप में माना गया है। मर्म स्थल की रक्षा के लिए कवच[13] का प्रयोग किया गया है। इन्द्र के तीक्ष्ण वज्र[14] से शत्रुओं को ताड़ित किया जाता था। वज्रधारी इन्द्र[15] से रक्षा की कामना की गई है। शत्रु सेना के द्वारा चारों तरफ से आक्रमण करने पर मरुद्गणों से उसे अन्धकार[16] से आच्छादित करने की प्रार्थना की गई है। जिससे वह परस्पर न पहचान कर आपस में शस्त्रास्त्र प्रयोग कर नष्ट हो जाए।

इसके साथ ही तक्षा, लौहार, हस्तिपाल, किरात आदि का उल्लेख भी महत्वपूर्ण है जिनका सम्बन्ध अस्त्र-शस्त्र निर्माण या रक्षा कार्य से अवश्य रहा है। उक्त सेनापति के शस्त्रास्त्र वर्णन में यजुर्वेदीय अस्त्र-शस्त्र विज्ञान की एक झलक मात्र है।

केवल सैन्य-बल या अस्त्र-शस्त्र से ही राष्ट्र की पवित्रता एवं सार्वभौमिक रक्षा सम्भव नहीं है। अतः क्षात्रतेज एवं ब्रह्मतेज अर्थात्

---

१. यजु० १३.९ । २. यजु० १३.१० । ३. यजु० १३.१२ ।
४. यजु० १६.९ । ५. अवततधन्वा पिनाकावासः कृतिवासाः । यजु० ३.६१ ।
६. यजु० १६.१४ । ७. सहस्राक्ष शतेषुधे । १६.१३ ।
८. निषङ्गिण इषुधिमते । यजु० १३.२१ । ९. यजु० १६.२९ ।
१०. यजु० १६.३५ । ११. यास्ते सहस्र हेतयः । १६.५२ ।
१२. यजु० १७.४५ । १३. यजु० १७.४९ । १४. यजु० १८.७१ ।
१५. यजु० २०.४९ । १६. यजु० १७.४७ ।

मानवमात्र का तेजस्वी होना ही राष्ट्र रक्षा में अपरिहार्य माना गया है।[1] यजुर्वेद ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों को ही गुरुत्वेन वरणीय मानता है। ज्ञान के लिए ब्राह्मण तथा शौर्य के लिए क्षत्रिय को प्राप्त करो।[2]

आज हमारा भारत विभा-रत न होकर दिनो-दिन विभारत होता जा रहा है, शायद **'विशि राजा प्रतिष्ठितः'** (यजु० २०.९) का सिद्धान्त डगमगा रहा है। ओजस्वी सेना[3] की परिकल्पना शास्त्रास्त्र क्रय-विक्रय के दुश्चक्र में फँसकर आज कल्पना मात्र न रह जाए इसके लिए हमें अपने अतीत के वैदिक अस्त्र-शस्त्र विज्ञान एवं उन योद्धाओं की ओर देखना होगा, जिन्होंने समुपलब्ध साधनों से गौरवमय राष्ट्र का निर्माण किया। वेद हमें अहिंसात्सक मार्ग पर चलने का उपदेश देते हैं तथा परस्पर मित्रवत् रहने का सन्देश—

मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ।। यजु० ३६.१८

---

१. यत्र ब्रह्म च क्षत्रञ्च सम्यञ्चौ चरतः सह। तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषम्। यजु० २०.२५
२. ब्रह्मणे ब्राह्मणं क्षत्राय राजन्यम्। यजु० ३०.५। ३. यजु० १७.४७।

६. वैदिक युद्धनीति और आयुध

डा० कृष्णकुमार*

परम प्रभु परमात्मा ने सृष्टि उत्पन्न कर मानव के लिये सुख-शान्ति से रहने और निःश्रेयस एवं अभ्युदय का कल्याणकारी उपदेश वैदिक संहिताओं के माध्यम से दिया था। परन्तु मानव स्वभाव अद्भुत और विरोधाभासी है। एक ओर कुछ मनुष्य शान्ति और सद्भावना का प्रसार करते हैं, दूसरी ओर अनेक दुष्ट और अत्याचारी स्वभाव के मनुष्य अन्य मनुष्यों को उत्पीड़ित कर अपने अधिकार में सारे विश्व को रखना चाहते हैं। अपने विश्वासों के अनुसार सबको चलाने का प्रयत्न करते हैं, और इसके लिये निर्दयता से संहार करते हैं।

भारतीय राजनीति का मूल रहा था कि अन्य सभी उपायों के असफल हो जाने पर युद्ध को अपरिहार्य मान लेना चाहिये। शत्रुओं का विनाश करने का अन्तिम उपाय युद्ध ही है। शत्रु की उपेक्षा नहीं की जा सकती। इस अवस्था में युद्ध करके शस्त्रों का प्रहार करने के अतिरिक्त गति ही क्या रह जाती है।

वैदिक संहिताओं में इन्द्र को राजा एवं सेनापति के रूप में तथा मरुतों को सैनिकों के रूप में वर्णित किया गया है। इन्द्र से कहा गया है कि वह प्रथम तो शत्रुओं के मनों को उनके दुष्कर्म से दूर करने का प्रयत्न करके शान्ति को स्थापित करे—

अपेन्द्र द्विषतो मनोऽप जिज्यासतो वधम्।
वि महच्छर्म यच्छ वरीयो यावया वधम्॥

ऋग्वेद १०.१५२.५, अथर्ववेद १.२१.४

*हरिद्वार।

हे इन्द्र ! शत्रुता करने वाले शत्रु के मन से उसके दुष्कर्म को दूर कीजिये। इस प्रकार शत्रु से होने वाले वध को हमसे दूर कीजिये एवं हमें कल्याण प्रदान कीजिये। वध को हमसे दूर भगा दीजिये।

परन्तु यदि शत्रु शान्ति के उपाय को नहीं मानता तो उसको नष्ट कर देना ही श्रेयस्कर हैं। अन्तिम उपाय के रूप में दण्ड और युद्ध हैं। इनके लिये आयुधों की आवश्यकता है। वैदिक संहिताओं में विभिन्न प्रकार के उच्च कोटि के आयुधों का वर्णन प्राप्त होता है।

प्राचीन भारतीय सैन्य विज्ञान में चतुरङ्गिणी सेना का वर्णन है—पदातिसेना, अश्वसेना, गजसेना और रथसेना। परन्तु वेदों में तीन प्रकार की सेना का ही उल्लेख है—पदातिसेना, अश्वसेना और रथसेना। सम्भवतः गजसेना को युद्धों में अधिक उपयोगी नहीं समझा गया था। इसके साथ ही क्षेत्र की दृष्टि से भी सेना के तीन वर्ग थे—स्थलसेना, जलसेना और वायुसेना। वेदों में इन सेनाओं के विशद वर्णन प्राप्त होते हैं, जिनका विस्तार से स्वरूप वर्णन किसी अन्य लेख में किया जा सकता है। परन्तु उनके लिये विविध आयुधों का प्रबन्ध होना अनिवार्य है।

जैसा कि ऊपर कहा गया है, वेदों ने इन्द्र को सेनापति और मरुतों को सैनिक बताया है। अनेक स्थलों पर रुद्र को सेनापति कहा गया है। वस्तुतः इन्द्र और रुद्र के सेनापतित्व में कोई विरोध नहीं है। इन्द्र सम्राट् भी है और सेना का सर्वोच्च अधिकारी है। उसके अधीन अनेक सेनानी जो कि रुद्र कहलाते हैं, तथा सैनिक, जो मरुत् कहलाते हैं, युद्धों में भाग लेते हैं। अतः जब इन्द्र युद्ध करता है, तो अपने सेनापतियों (रुद्रों) और सैनिकों-(मरुतों) की सहायता से युद्ध करता है।

युद्ध की कला का वैदिक युग में चरम विकास हुआ था, सेनाओं का संगठन, सैनिकों की भर्ती, युद्धों और शस्त्रों का अभ्यास, शत्रुओं पर आक्रमण, युद्धों में कपट और नीति का प्रयोग, शत्रुओं को समूल नष्ट कर देना, व्यूह-रचना आदि के विस्तृत वर्णन वेदों में हैं। यहाँ हम केवल आयुधों का ही वर्णन कर रहे हैं।

आयुधों का प्रबन्ध

युद्धों में विविध प्रकार के भयानक और अति भयानक आयुधों का प्रयोग करके विजय प्राप्त की जाती है। अतः आयुधों का प्रबन्ध प्रचुर संख्या में करना चाहिये। ऐसा न हो कि आयुधों की कमी पड़ जाने के कारण अपने पक्ष की विजय में सन्देह उत्पन्न हो जावे। अतः सेनाओं के साथ भरपूर मात्रा में शस्त्रास्त्र रहने चाहियें। ये आयुध, कवच तथा अन्य सामग्रियाँ (हविः) रथों पर लाद कर युद्धक्षेत्र में लाई जाती हैं—

रथवाहनं हविरस्य नाम यत्रायुधं निहितमस्य वर्म।

ऋग्वेद ६.७५.८

अन्य स्थानों पर रथों द्वारा आयुधों को ले जाने का वर्णन मरुतों (सैनिकों) के साथ किया गया है कि तुम्हारे आयुध रथों पर हैं—

आप्रधा रथेषु वः। ऋग्वेद ५.५७.६

सेनापति अपने साथ सैकड़ों धनुषों को लेकर चलता है—

शतधन्वने। यजुर्वेद १६.२९

वैदिक साहित्य में जिन आयुधों का उल्लेख हुआ है, साधारणतः वे निम्न हैं—

वज्र, पर्जन्यास्त्र, तामसास्त्र, संमोहनास्त्र, वायव्यास्त्र, पूतिकास्त्र, धनुष-वाण, इषुधि, ऋष्टि, असि, वाशी, परशु और सीसक।

इसके अतिरिक्त रक्षा के साधन कवच हैं। सैनिकों को उत्साहित करने के लिये, युद्धवाद्यों का प्रयोग वर्णित है। इन सबके विवरण निम्न हैं:

१. वज्र—

वैदिक साहित्य में वज्र को इन्द्र का विशेष आयुध माना गया है। वज्र नामक आयुध को धारण करने के कारण ही इन्द्र को वज्री, वज्रभृत्, वज्रवाहु आदि कहा गया। अशनि, पवि, कुलिश आदि पद वज्र के पर्याय हैं। न केवल इन्द्र अपितु अन्य सैनिक (मरुत्) और सेनापति भी वज्र को

धारण करते थे। **हिरण्येभिः पविभिः** (ऋग्० १.६४.११), **वज्रहस्तैः** (ऋग्० ८.७.३२), **वज्रबाहो** (ऋग्० २.३३.३), **वज्रबाहुम्** (ऋग्० १०.१०३.६, यजु० १७.३८, अथर्व० १९.१३.६) आदि वाक्य इस तथ्य की पुष्टि करते हैं।

वज्र अति भीषण और संहारक आयुध था। यह हजारों शत्रुओं को भूनने की शक्ति रखता था (**सहस्रभृष्टिः** ऋग्० १.८०.१२)। इन्द्र ने वज्र से शत्रुओं के निन्यानवे नगरों को नष्ट कर दिया था (**भिनत् पुरो नवतिमिन्द्रवज्रेण** ऋग्० १.१३०.७)।

वज्र सामान्यतः लोहे का बना होता था। अनेक मन्त्रों में वज्र के लोह (अयस्) धातु से बने होने का वर्णन है (**वज्र आयसः** ऋग्० १.८०.१२, **हरिशिप्र स आयसः** ऋ० १०.९६.१२, **मह्यं त्वष्टा वज्रमतक्षदायसम्** ऋग्० १०.४८.३)। अनेक स्थलों पर हिरण्यय (स्वर्ण या चमकीली धातु से बना) वज्र का भी उल्लेख है (**हिरण्येभिः पविभिः** ऋग्० १.६४.११, **वज्रः हिरण्ययः** ऋग्० १.५७.२)।

वज्र के स्वरूप के सम्बन्ध में विविध वर्णन मिलते हैं। प्रोफेसर विलसन का कथन है कि वज्र का संचालन किसी बारूद सदृश पदार्थ से होता था।[1] अर्थशास्त्र में वज्र को एक डण्डे के रूप में कहा गया है।[2] दास महोदय का विचार है कि पहले वज्र पत्थर का होता था। बाद में इसको अस्थियों का बनाया जाने लगा।[3] महाभारत में वज्र को आठ चक्रों वाला महाभयानक आयुध कहा गया है। इसको रुद्र ने बनाया था।[4] रामायण में वज्रधारी सैनिकों का वर्णन है।[5]

ऋग्वेद में विविध प्रकार के छोटे-बड़े वज्रों का उल्लेख है।[6] इसमें

१. विल्सन्स एसेज। भाग २, पृ० ३०३
२. अर्थशास्त्र अधिकरण-२। अध्याय १८
३. ऋग्वैदिक कल्चर। पृ० ५१
४. अष्टचक्रां महाघोरामशर्निं रुद्रनिर्मिताम्। महाभारत ७.१३५.९६
५. शक्तिवृक्षायुधांश्चैव पट्टिशाशनिधारिणः। रामायण-सुन्दरकाण्ड ४.२१
६. अयं यो वज्रः पुरुधा विवृत्तः। ऋग्० १०.२७.२१

सौ अश्रि (नलिकायें)[1] या पर्व[2] होते थे। इनमें से छुरे[3] या बाण[4] निकल कर शत्रुओं का संहार करते थे।

२. पर्जन्यास्त्र या वरुणास्त्र

वेदों में जल से सम्बन्धित आयुध पर्जन्यास्त्र और वरुणास्त्र का वर्णन है। इस आयुध के प्रयोग से आकाश के मेघाच्छादित होने पर वर्षा हो सकती है और पृथिवी के गर्भ से जल निकाला जा सकता है। मरुत् (सैनिक) पर्जन्यास्त्र का प्रयोग कर जल से भरे पर्जन्य को उत्पन्न कर दिन में भी अन्धकार करते हैं और पृथिवी को जल से भिगो देते हैं।[5]

३. तामसास्त्र—

वेदों में इस प्रकार के आयुधों का भी वर्णन है, जो अन्धकार उत्पन्न करके शत्रुओं की सेना की गति में अवरोध उत्पन्न कर सकते हैं। इससे शत्रु सैनिक कोई काम नहीं कर पाते और एक दूसरे को भी नहीं जान पाते।[6]

वातावरण में इस अन्धकार का प्रसार गाढ़ा धुआं उत्पन्न करने वाले पदार्थों के प्रक्षेपण से होता है।[7] इसमें अग्नि की ज्वालायें उत्पन्न होती हैं और धुआं फैल जाता है।[8]

४. संमोहनास्त्र—

वेदों में इस प्रकार के आयुधों का भी वर्णन है। जिनके प्रयोग से

---

१. वज्रं शताश्रिम्। ऋग्० ६.१७.१०
२. वज्रेण शतपर्वणा। ऋग्० १.८०.६, यजु० ३३.९६
३. पविषु सुराअधि। ऋग्० १.१६६.१०
४. हरिरा गभस्त्योः सुशिप्रो हरिमन्युसायक। ऋग्० १०.९६.३
५. दिवा चित् तमः कृण्वन्ति पर्जन्येनोदवाहेन।
यत् पृथिवीं व्युन्दन्ति ॥ ऋग्० १.३८.९
६. असौ या सेना मरुतः परेषामभ्यैति न ओजसा स्पर्धमाना।
तां गूहत तसमाऽपव्रतेन यथाऽमी अन्यो अन्यं न जानन्। यजु० १७.४७
७. धूमाक्षी संपततु कृधुकर्णी च क्रोशतु। अथर्व० १७.१०.७
८. अग्निजिह्वा धूमशिखा जयन्तीर्यन्तुसेनया। अथर्व० ११.९.१९

शत्रु मूर्छित हो जाते हैं। इन आयुधों को संमोहनास्त्र कहा जा सकता है। अग्नि देवता इस आयुध के प्रयोग से शत्रुओं के हृदय की चेतनता को मूर्छित कर देता है और अपने स्थान से भगा देता है।[1] मूर्छा को उत्पन्न करने वाला संमोहनास्त्र, शरीर के अंगों में व्याप्त होने वाले किसी पदार्थ से बनता है।[2] आधुनिक समय में युद्धों में विषैली गैसों का प्रयोग हुआ है। महाभारत आदि ग्रन्थों में संमोहनास्त्र का बहुधा वर्णन है। विराट युद्ध में अर्जुन ने इसका प्रयोग कर कौरव सेनापतियों के वस्त्र उतार लिये थे। रघुवंश में कालिदास ने संमोहनास्त्र का वर्णन किया है।[3]

५. वायव्यास्त्र—

वायव्यास्त्र के प्रयोग से तेज आंधी चल कर शत्रु सेना को अस्त-व्यस्त कर देती है। इसमें अग्नि का प्रयोग भी होता है। ऋग्वेद में इन्द्र से प्रार्थना की गई है कि वह अग्नि और वायु के प्रयोग से शत्रुओं को विविध दिशाओं में भगा दें।[4]

६. पूतिकास्त्र –

वेदों में इस प्रकार के आयुध का भी वर्णन है, जिससे सब दिशाओं में दुर्गन्ध फैल कर वातावरण विषाक्त हो जावे और शत्रु सेना का खड़ा रहना भी असम्भव हो जाये। इस आयुध को पूतिकास्त्र कह सकते हैं।

दुर्गन्ध युक्त पदार्थ को जल सकने योग्य रस्सी सा बना कर उसको धनुष पर बाण के समान चढ़ा कर शत्रु सेना पर फेंक देते थे। उसमें से

---

१. अयमग्निरमूमुहद् यानि चित्तानि नो हृदि।
विवोधमत्वोकसः प्र वो धमतु सर्वतः ॥ अथर्व० ३.२.२

२. अमीषां चित्तानि प्रतिमोहयन्ती गृहाणाङ्गान्यप्वे परेहि।
अभिप्रेहि निर्दह हृत्सु शोकैर्ग्राह्यामित्रांस्तमसा विध्यशत्रून् ॥ अथर्व० ३.२.५

३. संमोहनं नाम सखे मयास्त्रं प्रयोगसंहारविभक्तमन्त्रम्।
गान्धर्वमादत्स्व यतः प्रयोक्तुर्न चारिहिंसा विजयश्च हस्ते ॥ रघुवंश ५.१७

४. अग्नेर्व्रातस्य ध्राज्या तान्विषूचो विनाशय ॥ अथर्व० ३.१.५

निकलने वाला दुर्गन्धयुक्त धूम शत्रुओं को भयभीत कर भगा देता है।[1]

७ धनुष-बाण-इषुधि—

प्राचीन समय में भारतीय आयुधों में धनुष-वाण का प्रमुख स्थान रहा। आयुधों में धनुष की प्रधानता के कारण युद्ध की विद्या को धनुर्वेद कहा गया। धनुर्धारी योद्धा को सर्वश्रेष्ठ समझा जाता था, जो अपने धनुष द्वारा दूर से भी फेंके गये बाणों के प्रहारों से शत्रुओं को समूल नष्ट करने का सामर्थ्य रखता था। इस आयुध में तीन प्रमुख भाग हैं—धनुर्दण्ड, ज्या और बाण।

धनुर्दण्ड की रचना एक लम्बे लचीले दण्ड से, प्रायः बांस से की जाती थी। दोनों किनारों (कोटि) को दण्ड की लम्बाई से कुछ कम लम्बाई की डोरी बांध कर इस दण्ड को अर्धगोलाकार कर लेते थे। डोरी सोधी रहती थी। दण्ड की लम्बाई प्रयोक्ता के सामर्थ्य पर निर्भर करती थी। डोरी का निर्माण मूर्वा, अर्क, शण, गवेधु, वेणु और स्नायु से होता था। डोरी को ज्या कहा गया है।

बाण के लिये वेदों में तीन पदों का अधिक प्रयोग है—बाण, इषु और सायक। इनमें भी इषु पद का प्रयोग अधिक है। **तीक्ष्णेषवः** (अथर्ववेद १०.८४.१), **यत्र वाणाः संपतन्ति** (ऋग्० ६ ७५.१७, यजु० १७.४८) और **बिभर्षि सायकानि** (ऋग्० २ २३.१०) में इन पदों का प्रयोग हुआ है।

विविध प्रकार के बाणों का उल्लेख वेदों में है। लोहे के मुख वाले, सुई के समान नोक वाले, अनेक कांटों से युक्त मुख वाले, मांस खा जाने वाले, वायु के समान वेगशाली,[2] विष से लिप्त मुख वाले, रुरु मृग के के समान अग्र भाग वाले, लोहे के मुख वाले और मेघों के समान पराक्रमशाली[3] बाण होते हैं।

---

१. पूतिरज्जुरूपध्मानी पूतिं सेनां कृणोत्वमूम्।
धूममग्निं परादृश्यामित्रा हृत्स्वा दधतां भयम्। अथर्व० ८.८.२

२. अयोमुखाः सूचीमुखा अथो विकङ्कतीमुखाः क्रव्यादो वातरंहसः।
अथर्व० ११.१०.३

३. आलाक्ता या रुरुशीर्ष्ण्यथोयस्या अयोमुखम्।
इदं पर्जन्यरेतस इष्वै देव्यै बृहन्नमः॥ ऋग्० ६.७५.१५

८. ऋष्टि—

वेदों में ऋष्टि नामक आयुध का विशेष वर्णन है। ऋष्टि आयुध क्या था, यह विचारणीय है। संस्कृत में सामान्यत: ऋष्टि पद का अर्थ दुधारी तलवार है। सायण इसका अर्थ छुरी करते हैं। परन्तु आचार्य प्रियव्रत जी ऋष्टि पद का अर्थ करते हैं कि यह कोई भारी आयुध है, जो बन्दूक के ढंग का है तथा विद्युत् से संचालित होता है। इसके लिये कुछ वेद मन्त्रों के आधार पर[1] निम्न युक्तियां देते हैं[2] :—

१. ऋष्टियां कन्धे पर रखी जाती हैं।

२. इनके चलने पर महान् शब्द होता है।

३. इनमें विद्युत् का प्रयोग होता है।

४. चलने के समय इनमें विद्युत् शब्द करती है और प्रकाश निकलता है।

९. असि—

वेदों में असि नामक आयुध का प्रयोग प्रदर्शित है। यह तलवार का पर्याय है। असि आयुधों के निर्माण का आदेश वेद देते हैं।[3]

१०. वाशी—

वेदों में, विशेष रूप से ऋग्वेद में वाशी नामक आयुध का वर्णन हुआ है। सायण का कथन है कि यह शरीर को छील डालने वाला आयुध

---

१. अंसेषु वः ऋष्टयः। ऋग्० ५.५४.११
पृषतीभिर्ऋष्टिभिः समित् सबाधः। ऋग्० १.६४.८
ऋष्टिविद्युतः। ऋग्० १.१६८.५, ५.५२.१३
नर ऋष्या ऋष्टीरसृक्षत अन्वेनाँ अह विद्यतो मरुतो
जज्झतीरिव भानुरर्तत्मना दिवः। ऋग्० ५.५२.६
दिवश्चित् सानुरेजत स्वने वः यत्
क्रीडथ मरुत ऋष्टिमन्तः। ऋग्० ५.६०.३

२. वेदों के राजनीतिक सिद्धान्त। भाग ३, पृ० १६२

३. असीन् आयुधम्। अथर्व० ११.९.१

(तक्षणसाधनमायुधम्) है। सम्भवतः यह वसूले के समान चौड़े अग्रभाग वाला और तेज धार वाला भारी आयुध होगा। **ये साकं वाशीभिः** (ऋग्वेद १.३७ २), **वाशीमन्तः** (ऋग्वेद १.८७ ६), **ये वाशीषु श्रायाः** (ऋग्वेद ५ ३३.४) आदि में वाशी पद का प्रयोग हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि वाशी आयुध काफी प्रचलित रहा था।

११. परशु—

लकड़ी काटने का औजार परशु (कुल्हाड़ा) है। समीप की लड़ाई में यह अधिक उपयोगी हो सकता है। अथर्ववेद में परशु को आयुध बनाने का वर्णन है।[1] अर्थशास्त्र में इसकी गणना सुरकल्प आयुध में की गई है। प्राचीन साहित्य में परशुराम का प्रमुख आयुध परशु रहा था।

१२. सीसक—

वेदों में सीसक द्वारा शत्रु का वेधन करने का वर्णन है। शत्रु को सम्बोधित करते हैं—यदि तुम हमारी गौओं को मारते हो, घोड़े को मारते हो, पुरुष को मारते हो, तो हम तुम्हारा सीसक से वेधन करते हैं, जिससे तुम हमारे वीरों को न मार सको।[2]

वर्तमान समय में सीसे का प्रयोग बन्दूक की गोली बनाने में किया जाता है। इससे प्रतीत होता है कि वैदिक युग में बन्दूक का प्रयोग किया जाता था।

१३. कवच एवं अन्य रक्षात्मक आवरण—

युद्धों में शत्रुओं के आयुधों के प्रहारों को रोकने के लिये विविध रक्षात्मक आवरणों के प्रयोग का उपदेश भी वेदों में है। सम्पूर्ण शरीर की रक्षा के लिये कवच होता था और विभिन्न अङ्गों की रक्षा के लिये आवरण

---

१. परशून् आयुधम्। अथर्व० ११.६.१

२. यदि नो गां हंसि यद्यश्वं यदि पुरुषम्।
तं त्वा सीसेन विध्यामो यथा नोऽसो अवीरहा ॥ अथर्व० १.१६.४

होते थे। इन आवरणों के लिये खादि नाम का भी प्रयोग है। इनके उदाहरण निम्न हैं,—

कवच—सम्पूर्ण शरीर की रक्षा के लिये कवच का प्रयोग होता था। कवच को धारण करने वाले सैनिक को कवची और न धारण करने वाले को अकवच कहा गया है।[1]

वर्म—मर्मस्थलों को वर्म से ढका जाने का वर्णन है।[2]

खादि—विभिन्न अङ्गों को खादि नामक रक्षात्मक आवरण से आच्छादित करने के वर्णन हैं। उसके स्वरूप को ठीक प्रकार से नहीं कहा जा सकता, कंधों पर[3], पैरों में[4], हाथों में[5], टखनों[6] में खादि का वर्णन हुआ है।

हस्तघ्न—हाथ की रक्षा करने के लिये हस्तघ्न आवरण का उपयोग निर्दिष्ट है।[7]

बिल्म—यह सिर की रक्षा करने वाला आवरण है। ब्रिल्म धारण करने वाले, कवच धारण करने वाले और वर्म धारण करने वाले सैनिक को नमस्कार है।[8]

१४ युद्ध वाद्य—

युद्ध वाद्यों में दुन्दुभि का विशेष वर्णन है। इसके दो प्रयोजन हैं—

---

१. यश्च रुवची यश्चकवचः। अथर्व० ११.१०.२२
२. मर्माणि ते वर्मणा छादयामि। ऋग्० ६.७५.१०, अथर्व० ७.११८.१, यजु० १७.४९
३. अंसेष्वामरुतः खादयो वः। ऋग्० ७.५६.३
४. वः पत्सु खादयः। ऋग्० ५.५४.११
५. हस्तेषु खादिश्च। ऋग्० १.१६८.३
६. वः प्रपदेषु खादयः। ऋग्० १.१६६.९
७. हस्तघ्नः पुमासं परिपातु। ऋग्० ६.७५.१४; यजु० २९.५१
८. नमो बिल्मिने च कवचिने च······वर्मिणे च। यजु० १६.३५

एक तो अपने सैनिकों को उत्साहित करना और दूसरे शत्रु सैनिकों के मनों में भय उत्पन्न करना। दुन्दुभि को सम्बोधित किया गया है—हे दुन्दुभि! तुम शब्द करके शत्रुओं के हृदयों और मनों को उदास कर दो। तुमको बजा कर हम शत्रुओं को भयभीत करते हैं।[1] हे दुन्दुभि! तुम शत्रुओं को दूर से दूर भगा दो।[2]

दुन्दुभि अपने पक्ष के सैनिकों में उत्साह का संचार करती है। हे दुन्दुभि! तुम हमारे वीरों को और आयुधों को हर्षित करो।[3] तुम शोर मचाकर हमारे अन्दर बल और ओज को भर दो।[4]

ऊपर के विवरणों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन ऋषि यदि जीवन में शान्तिवादी और अहिंसा के व्रत का पालन करने वाले थे, तथापि देश की, समाज की और राष्ट्र की रक्षा करने के लिये युद्ध को अनिवार्य मान कर उन्होंने युद्ध-विज्ञान का विकास किया था। बिना अच्छे आयुधों के युद्ध जीता नहीं जा सकता। अतः वेदों में उपदिष्ट आयुधों का प्राचीन ऋषियों ने और क्षत्रियों ने अच्छा विकास किया था। शत्रु की अपेक्षा अपने आयुधों के हीन कोटि के होने पर युद्ध जीतना और राष्ट्र की रक्षा करना सम्भव नहीं। यह स्थिति भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में देखी जा सकती है। वर्तमान में भी यही स्थिति है।

अतः यदि अपने भारत राष्ट्र की, देश और समाज की रक्षा करनी है, तो युद्ध विद्या का अध्ययन करने के साथ-साथ सम्पूर्ण समर्थ प्रजाजनों के लिये आयुधों का धारण करना और उसके संचालन का अभ्यास करना आवश्यक है। प्राचीन समय में समाज के सभी समर्थ जन आयुधों को धारण करते थे और बचपन से ही उनको शस्त्रास्त्रों के संचालन का

---

१. विहृदयं वैमनस्य वदामित्रे दुदुम्भे······
भयममित्रेषु ते नि दध्मसि॥ अथर्व० ५.२१.१
२. दुन्दुभे दूराद्दवीयो अपसेध शत्रून्। अथर्व० ६.१२१.१
३. उद्धर्षय सत्त्वनामायुधानि। अथर्व० ५.२०.८
४. आक्रन्दयं बलमोजो न आधाः। यजु० २९.५६

अभ्यास कराया जाता था। अतः उनमें भय नहीं होता था। वे अपनी, समाज की, धर्म की और राष्ट्र की रक्षा करने के लिये सदा सन्नद्ध रहते थे। हमारे समाज के नेताओं, प्रजाजनों और शासकों को इस वैदिक आदर्श से शिक्षा लेनी चाहिये। कम से कम स्कूलों और कालेजों में सैनिक शिक्षा के प्रारम्भिक ज्ञान का निश्चय रूप से प्रबन्ध होना चाहिये।

□

७. वैदिक संहिताओं में शस्त्रास्त्र-विज्ञान

डॉ० जगदीश प्रसाद*

"बिना शस्त्र के शास्त्र पछताते हैं रोते हैं,
विश्वामित्र यज्ञ सफल तब होता है
जब पहरे पर धनुर्धर राम-लक्ष्मण होते हैं।"

इसी को किसी संस्कृत कवि ने कहा है –

शस्त्रेण रक्षिते देशे शास्त्र चर्चा प्रवर्त्तते।

मानव को सुखी सुरक्षित तथा सफल जीवन-यापन के लिए, आदि-सृष्टि में ही, अग्नि-वायु-आदित्य-अंगिरा नामक ऋषियों के द्वारा ऋग्-यजु-साम-अथर्व नामक वेदज्ञान को प्रदान किया गया था। वेदानुयायियों की यह भी मान्यता है कि 'वेद सब सत्य विद्याओं के पुस्तक हैं।' अस्त्र-शस्त्र बनाना तथा उन्हें अपने तथा अन्य की रक्षा के लिए प्रयुक्त करना एक सत्य विद्या है। अतः शस्त्रास्त्र विद्या का बीज वेद में विद्यमान होना चाहिए। इस दृष्टि से मैंने जब वेद की ओर देखा तो सर्वप्रथम मैंने ऋग्वेद के पृष्ठ उलटने आरम्भ किए। ऋग्वेद में मुझे शस्त्रास्त्रों की इतनी अधिक सामग्री मिली है कि उसे इस गोष्ठी की समय की सीमा का पालन करते हुए, केवल संक्षेप में ही प्रस्तुत किया जा सकता है। अन्य वेदों के विषय में अन्य विद्वान् जानें—वास्तविकता यह है कि मैं उनका स्पर्श भी नहीं कर पाया हूँ।

'शस्त्र' और 'अस्त्र' शब्द किन धातुओं से निष्पन्न हैं? और इनका अर्थ क्या हैं? इसका वर्णन पूर्व विद्वान् लेखकों ने कर दिया है। अतः इनका—पिष्टपेषण न कर सीधे अपने विवेच्य विषय को प्रस्तुत करता हूँ।

---

*सेवानिवृत्त प्रवाचक (रसायन), ११५, कृष्णपुरी, मेरठ–२५०००२।

वज्र—ऋग्वेद में 'वज्र' नामक शस्त्र का अनेक स्थानों पर विशद् वर्णन मिलता है, जो संक्षेप में यहाँ प्रस्तुत है।

ऋग्वेद में इन्द्र की महिमा का बखान हुआ है। इन्द्र का प्रमुख शस्त्र है 'वज्र'। ऋग्वेद में रुद्र (ऋ० २.३३.३), मरुत् (ऋ० ८.७.३२) तथा मन्यु (ऋ० १०.८३.६) को भी इस शस्त्र को धारण करने वाला बताया गया है। इस भयानक शस्त्र को पत्थर (ऋ० ७.१०४.५) या हड्डी (ऋ० १.८४.१३) या लोहे (ऋ० १.५२.८) या सोने (ऋ० १.५७.२) से बनाने का विधान है। आलंकारिक शब्द 'दधीचः' (ऋ० १.८४.१३) के आधार पर, कुछ विद्वानों ने एक कल्पित कथा घड़ ली कि वज्र को दधीचि नामक ऋषि की हड्डियों से 'त्वष्टास्मै' (ऋ० १.३२.२) या 'उशना' (ऋ० १.१२१.१२) ने बनाया था। विद्वानों की कल्पना की यह ऊँची उड़ान मुझ जैसे सामान्य बुद्धि के व्यक्ति की समझ से परे है। मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि वेद ने प्राकृतिक घटनाओं का आलंकारिक वर्णन प्रस्तुत किया है।

जहाँ तक वज्र के आकार का प्रश्न है, ऋग्वेद में इसको चतुष्कोणीय ('चतुरश्रिम्', ऋ० ४.२२.२) या सहस्रकोणीय (सहस्रभृष्टि', ऋ० १.८०.१२) या सौ कोटि वाला ('शत पर्वणा', ऋ० ८.६.६) या सहस्र नोकों वाला (ऋ० १.८०.१२ तथा ६.१७.१०) बताया गया है। इसका रंग हरे तीव्र प्रकाश जैसा चमकदार (ऋ० १०.९६.३) वर्णित है और यह अंतरिक्ष से छोड़ा जाने वाला बहुत भयंकर शस्त्र (ऋ० ७.१०४ ५) माना गया है। इसको मुख्य रूप से इन्द्र धारण करता है और इसीलिए इन्द्र को 'वज्रिन्' नाम दिया गया है। इसी शस्त्र की सहायता से इन्द्र वृत्र नामक असुर को मारने में सफल होता है। इन्द्र, वज्र तथा वृत्र आदि आलंकारिक शब्दों के अर्थ क्या हैं? इनका विद्वान् लोग, वैदिक आधार पर अनुसन्धान करके, निर्णय करें।

परशु—दैविक शस्त्रों के रूप में 'परशु' का उल्लेख भी मिलता है। यह कुल्हाड़ी के आकार का, पैनी धार वाला शस्त्र है। इसी शस्त्र को धारण करने के कारण त्रेतायुग में जमदग्नि पुत्र परशुराम नाम से विख्यात हुए थे। परशु का एक नाम 'वाशी' भी मिलता है। मरुत् (ऋ० १.३७.२),

त्वष्टा (ऋ० १०.५३ ९) तथा अग्नि (ऋ० १०.२०.६) के हाथों में वाशी नामक शस्त्र का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद (१०.२८.८) में सभी शक्तिशाली लोगों के हाथों में शस्त्र धारण करना और शत्रुओं से लड़ना अनिवार्य बताया गया है। परशु देवताओं के शिल्पी त्वष्टा का शस्त्र माना गया है। ऋग्वेद (७.८३.१) में एक स्थान पर हृष्ट-पृष्ट वीरों ('पृथुपर्शवः') को शत्रुओं के विरुद्ध एकत्र होने की शिक्षा दी गई है। वसूली (ऋ० १०.१०१.१०) को पत्थर का बना होना बताया गया है। ऋग्वेद (१०.५३.९) में परशु (कुठार) को तीक्ष्ण करने का निर्देश है।

ऋष्टि—यह भाला या शूल के आकार का एक शस्त्र है। ऋष्टि के लिए कभी 'सक्ति' या 'स्रक्ति' शब्द भी प्रयुक्त हुए हैं। ऋग्वेद (६.१८.१०) में भाले के लिए एक और शब्द 'हेति' भी मिलता है। ऋग्वेद में मरुत (ऋ० ५.५७.२) तथा अग्नि (ऋ० १०.८७.२३) ऋष्टि को धारण करने वाले देवता हैं। 'सृक' शब्द को भी कभी-कभी वज्र या भाले के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है।

असि—ऋग्वेद (१०.८६.१८) में इन्द्र के हाथ में असि होने का भी उल्लेख है। किन्तु चाकू या छुरिका सदृश असि नामक शस्त्र का इन्द्र कहाँ प्रयोग करता है, इसका कोई उल्लेख उपलब्ध नहीं है। पवीर (ऋ० ८.५१.९ तथा १०.६०.३) नामक शस्त्र भी एक प्रकार की तलवार ही है।

ऋग्वेद (१०.१०२.९) में 'द्रुघन' नामक शस्त्र को युद्ध में प्रयुक्त करने का निर्देश है।

धनुष-बाण—यद्यपि आयुध शस्त्रों के लिए प्रयुक्त होने वाला, विस्तृत अर्थ वाला, एक सामान्य शब्द है, तथापि ऋग्वेद (१.३९.२ तथा १.६१.१३) में अधिकांशतः इसका प्रयोग धनुष-बाण के अर्थ में हुआ है। मरुत् (ऋ० ५.५७.२), अग्नि (ऋ० १०.११५.६) तथा ब्रह्मणस्पति (ऋ० २.२३.९) आदि को इस आयुध को धारण करने का उपदेश है। आलंकारिक रूप में, वाणी की देवी वाक् द्वारा ऋग्वेद (१०.११५.६) में धनुष को युद्ध में खींचने का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

धनुष का लकड़ी का तथा उसकी डोरी-प्रत्यञ्चा का पशुओं की खाल (आँत) का बना होने का ऋग्वेद (६.७५.११) में उल्लेख मिलता है। तीर के 'इषु', 'बाण' (ऋ० ६.७५.१७), 'शर्वा' (ऋ० १.१००.१८) या 'शर्य्या' (ऋ० ६.११९.१० तथा १.१४८.४) आदि कई नाम मिलते हैं। बाण का अग्र भाग लोहे का (ऋ० ६.७५.१५) बनाने का वर्णन है। इस अग्रभाग को विषैला बनाए जाने का उल्लेख भी ऋग्वेद (६.७५.१५) में मिलता है।

धनुष-बाण का प्रयोग द्वापर युग तक खूब मिलता है। अर्जुन का गाण्डीव नामक धनुष महाभारत में प्रसिद्ध है। कलियुग में सिंधु नदी को, रात्रि में, नाव से पार करते हुए सिकन्दर के सैनिकों को, भारतीय सीमारक्षक सैनिकों ने, शब्द-वेधी बाण से ही मौत के घाट उतारा था।

चक्र—ऋग्वेद (८.९६.९) में चक्र का वर्णन इन्द्र तथा मरुतों के आयुध के रूप में मिलता है। ऋग्वेद (५.६३.४) के अनुसार, सूर्य भी चक्र के समान एक आयुध है। द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को अपने सुदर्शन-चक्र से ही मारा था। इसके बाद के काल में किसी के द्वारा इस अस्त्र के प्रयोग का इतिहास में वर्णन नहीं मिलता है।

पाश – शत्रुओं को बाँधने के लिए जो जाल या रस्सियों का समूह प्रयुक्त होता है, ऋग्वेद में उसे 'पाश' की संज्ञा दी गई है। पाश का अधिष्ठाता मुख्यतः वरुण (ऋ० १०.८५.२४) को बताया गया है। देवताओं के ये नाम, सेना के अन्य विभागों की भाँति, इस विभाग के इन्चार्ज के प्रतीक हैं।

माया – वास्तव में कोई शस्त्रास्त्र नहीं है। यह केवल असामान्य शक्ति है, जिसका युद्ध में प्रयोग करके अभीष्ट फल प्राप्त किया जाता है। यह वरुण (ऋ० ६.४८.१४), इन्द्र (ऋ० १.११.७) तथा अग्नि (ऋ० ८.२३.१५) के पास अवश्य होनी चाहिए।

"बौद्ध मत के उत्थान के बाद वैराग्य का जो ढकोसला विकसित हुआ—सिद्धों-नाथों-संतों की वाणियों से वैराग्य का जो प्रचार हुआ, 'माया महाठगिन हम जानी', का स्वर गूँजा, उससे देश के पराक्रम, गृहस्थ-जीवन

की महिमा धूमिल हुई। संघर्ष की शक्ति के क्षय होने के कारण हम पराधीन हुए'' (डा० प्रमोद कुमार दुबे, 'पाञ्चजन्य'–साप्ताहिक, २५ अक्तूबर, १९९२, पृष्ठ ६१)।

वेदोक्त प्रत्येक देवी-देवता शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित हैं। अत: हमें भी शक्ति की उपासना करनी होगी। तभी हम अपने राष्ट्र की आततायियों के विविध आक्रमणों से रक्षा कर सकते हैं। मैक्समूलर-मैकडोनल आदि पाश्चात्य विद्वानों का तो एक निहित स्वार्थ था कि वे वेदों की श्रेष्ठता को नकारकर उन्हें 'गडरियों के गीत' सिद्ध करके भारत तथा संसार को वेदों से विमुख करना चाहते थे। 'भारत में आर्य बाहर से आए' सिद्ध करने के लिए, कुतर्क देकर, वे भारत में अपने स्थायी शासन का मार्ग प्रशस्त करना चाहते थे। किन्तु भारतीय वैदिक विद्वान् उन स्वार्थी-ढोंगी तथाकथित विद्वानों की जूठन खाकर— उनके मार्ग पर चलकर, पता नहीं क्यों भारतीय मनीषा को कलंक लगा रहे हैं? राजनीतिक दृष्टि से पैंतालीस वर्ष पूर्व भारत को पाश्चात्य दासता से मुक्ति मिल चुकी है, किन्तु, मैकाले के मानस पुत्रों— काले अंग्रेजों का विदेशी मानसिक दासता से मुक्त होना अभी शेष है। इस विद्वद्-गोष्ठी में उपस्थित सभी विद्वानों से मैं प्रार्थना करता हूँ कि वेदों में वर्णित भौतिक शस्त्रास्त्रों को वे क्षत्रिय-वर्ण के प्रतीक राजशक्ति के लिए छोड़ दें; ब्राह्मण-वर्ण के प्रतीक विद्वान-मनीषी होने के नाते वे भारत को विदेशी बौद्धिक आक्रमणों से बचाने के लिए वेदों में से ऐसे नवीन शस्त्रास्त्रों की खोज करें कि आज जैसी वैदिक गोष्ठियाँ 'प्रभात आश्रम' जैसे गुरुकुलों में सतत् होती रहें, क्योंकि वैदिक ज्ञान के सूर्य के प्रकाश का वृत्र नामक असुर के साथ पर्याप्त समय से जो युद्ध चल रहा है, वह अब निर्णायक दौर में पहुँचने वाला है। एक कवि के शब्दों में—

''यह संसृति जग में प्रभु की थाती है।
इसे मिटाना पाप कृत्य सर्वविधि है॥
नर पशु वे मिट जायेंगे, जो इसे मिटाने पर उतरेंगे।
पुनरपि हो यह पुण्य पुरातन, परिवर्तन संसृति के कणकण में॥''

□

८. वैदिक संहिताओं में 'वज्र' एक विवेचन

डा० विजेन्द्र कुमार तोमर*

वैदिक संहिताओं में विवेचित अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों में 'वज्र' अपनी प्रमुखता रखता है। गीता में भी इस शस्त्र को प्रमुख माना गया है, यथा—'आयुधानामहं वज्रम्'[1] शोध-संगोष्ठी की सीमा के अन्तर्गत केवल वैदिक संहिताओं में उपलब्ध 'वज्र' के स्वरूप पर ही यहाँ प्रमुखता से विचार किया गया है। आवश्यकतानुसार शब्दकोषों और परवर्ती वैदिक वाङ्मय से भी सहायता ली गयी है।

संहिताओं में प्राप्त विवेचन से पूर्व 'वज्र' शब्द के निर्वचन और शब्दकोशीय अर्थों पर दृष्टिपात करना भी उपयोगी होगा। अतः सर्वप्रथम 'निघण्टु' और 'निरुक्त' के प्रसंग में इसे देखा जाना चाहिए। निघण्टुकोष में वज्र के अठारह नाम गिनाये गये हैं।[2] निरुक्त में 'वज्र' का निर्वचन करते हुए कहा गया है—'वज्रः कस्मात् ! वर्जयतीति सतः'—अर्थात् वज्र कैसे ? रहित करता है इस कारण से। अभिप्राय यह हुआ—वह शस्त्र जो प्राणी को प्राणों से रहित करे, नष्ट करे, वज्र हुआ। इस पर निरुक्त-सम्मर्शकार की व्याख्या है—'यतो वज्रेणैव वधकर्म भवति। वज्रो वर्जयति वियोजयति प्राणैरात्मानम्। वृजी वर्जने (भ्वादि० रुधादि० चुरादि०) ततः उणा० २.२७ इत्यनेन 'रन्' प्रत्ययान्तो निपात्यते 'वज्र' शब्दः,[3] अर्थात्

१. गीता १०.२८।

२. दिद्युत्। नेमिः। हेतिः। नमः। पविः। सृकः। वृकः। बधः। वज्रः। अर्कः। कुत्सः। कुलिशः। तुजः (तुञ्जः)। तिग्मम्। मेनिः। स्वधितिः। सायकः। परशुः। इत्यष्टादशवज्रनामानि। २.२०।

३. निरुक्त सम्मर्शः—पं० ब्रह्ममुनिः, पृ० १५४।

*प्रवक्ता, संस्कृत-विभाग, कृषक डिग्री कालेज, मवाना (मेरठ)।

क्योंकि वज्र से ही वध कर्म होता है। वज्र प्राणों से आत्मा को वियुक्त कर देता है। भ्वादि, रुधादि और चुरादि गणों में उपलब्ध वृज् वर्जनार्थक धातु से उणा० २.२७ के अनुसार 'रन्' प्रत्यय लगाकर निपातन से 'वज्र' शब्द सिद्ध होता है। 'स्वामी दयानन्द' ने 'वज्र' शब्द को वज् गतौ और वृजी वर्जने दोनों से 'रन्' प्रत्ययान्त निपातन से निष्पन्न माना है।[1] 'शब्द कल्पद्रुम कोष' में इसे पुंल्लिग, नपुंसक लिंग में प्रयुक्त, वज् गतौ से निष्पन्न करते हुए इसका अर्थ 'इन्द्र का अस्त्र विशेष' माना है।[2] 'वैदिक पदानुक्रमकोष' में इसका अर्थ 'इन्द्रायुध', 'मुद्गर' प्रभृति लिया गया है। विभिन्न विद्वानों के मतानुसार इसे वज्, भज्, भञ्ज्, वृज्, वृध् धातुओं से निष्पन्न माना है।[3] 'माधव' ने अपनी 'नामानुक्रमणी' में इसे सामान्य आयुध माना है।[4] 'स्कन्दस्वामी' भी इसे आयुध मानते हैं।[5] 'दयानन्द वैदिक कोष' में इसके अर्थ—शस्त्रास्त्र, विद्युत्‌रूप, छेदकशस्त्र, तापसमूह, किरणसमूह, शस्त्रसमूह, शस्त्र के समान अज्ञानछेदक उपदेशक, स्वकिरणजन्य विद्युत्, तीव्रशस्त्र, प्रकाशसमूह, मेघ, दुष्टों को वज्र के समान दण्ड देने वाला परमेश्वर, शत्रुओं के बल का छेदक आग्नेयादि शस्त्रास्त्र समूह, प्रहार विज्ञापक राजा और वज्र के समान शत्रु छेदक वीर सेनापति लिये गये हैं।[6] इसी कोष में ब्राह्मण और आरण्यकों में प्रयुक्त 'वज्र' के पर्याय शब्दों को भी दिया गया है, यथा—अभ्रिः, परशुः, शासः, त्रिवृत्, आपः, पञ्चदश (स्तोमः), भान्तः, स्फ्यः, शरः, यूपः, यूपशकलः, रथः, विकङ्कतः, पशवः, अश्वः, चक्रम्, ग्रावा, आज्यम्, त्रिष्टुप्, वाक्, वषट्कारः, हिंकारः, महानाम्न्यः, सामिधेन्यः (ऋचः), वैश्वानरीयम् (सूक्तम्) यौधाजयम् (साम), शाक्वरः, उपसदः, त्रिणवः (स्तोभः), षोडशी (शस्त्रम्), संवत्सरः, वीर्यम्, ओजः, अष्टाश्रिः आदि।[7] इनमें से कुछ यज्ञीय सामग्री है। कुछ मन्त्र हैं। कुछ आलंकारिक,

१. दयानन्द वैदिक कोषः—राजवीरः शास्त्री, पृ० ८१२।
२. पृ० २४७–४८।
३. सहिता भाग, पृ० २७२६, विश्वबन्धु।
४. निरुक्त के पाँच अध्याय—पं० शिवनारायण, पृ० ३३६।
५. वही, पृ० ३३६।
६. दयानन्द वैदिक कोषः, पृ० ८१२।
७. वही, पृ० ८१२।

लाक्षणिक और विशेषण शब्दों के प्रयोग हैं। कुछ 'शर' 'परशु' आदि शस्त्र भी हैं। इस विवेचन से स्पष्ट है कि वैदिक संहिताओं और ब्राह्मण तथा आरण्यकों में 'वज्र' शब्द सामान्य 'शस्त्रास्त्र' और 'शस्त्र विशेष' दोनों अर्थों में प्रयुक्त हुआ है।

वैदिक संहिताओं मे 'वज्र' शब्द अपने विभक्तिक, सामासिक और कृदन्त रूपों में कुल मिलाकर १०४७ बार प्रयुक्त हुआ है।[1] इसके कुल बारह विभक्तिक रूपों—वज्र, वज्रः, वज्रम्, वज्रस्य, वज्रात्, वज्राय, वज्रासः, वज्रे, वज्रेण, वज्रेभ्यः, वज्रैः और वज्रौ में से 'वज्रः', 'वज्रम्' और 'वज्रेण' रूप ही अधिक प्रयुक्त हुए हैं। सामासिक रूपों में 'वज्रदक्षिण', 'वज्रबाहु', 'वज्रभृत्, 'वज्रवाह' और 'वज्रहस्त' रूप प्रयुक्त हुए हैं। कृदन्त रूपों में 'वज्रिन्', 'वज्रिणी', और 'वज्रिवत्' रूप प्रयुक्त हुए हैं। दो अन्य रूप 'वज्रापवसाध्यः' और 'वज्र एव साध्वीयः' विचारणीय है।[2] संहितागत इन प्रयुक्त रूपों में 'वज्र' के विभक्तिक रूपों से 'वज्र' शस्त्र के मौलिक स्वरूप पर कुछ प्रकाश पड़ता है। अतः इन्हीं का विवेचन अधिक आवश्यक है। कृदन्त और सामासिक रूपों में प्रत्यक्ष और परोक्ष वृत्ति से इतना प्रकाश पड़ता है कि 'वज्र' की गिनती अन्य आधिदैविक, आध्यात्मिक और आधिभौतिक अर्थों के अतिरिक्त 'शस्त्रों' में भी होती है। अतः ऐसे रूपों पर ही स्वल्प विचार किया गया है। संहिताओं के जिन मंत्रों में 'वज्र' शब्द 'शस्त्रास्त्र' अर्थ में प्रयुक्त है उन्हीं पर यहाँ प्रमुखता से विचार किया गया है क्योंकि प्रतिपाद्य भी यही है। अन्य अर्थों वाले मन्त्र छोड़ दिये गये हैं। संहिताओं में ऋक्संहिता, शुक्लयजुर्वेद माध्यन्दिन वाजसनेयसंहिता, तैत्तिरीय कृष्णयजुर्वेद, कौथुमीय सामवेद संहिता, शौनकीय अथर्वसहिता और वैदिकखिल सूक्तों से ही विवेचन संभव हो पाया है। कपिष्ठल, काठक, काण्व, जैमिनीय, मैत्रायणी और पैप्लाद संहिताओं से 'वज्र' के स्वरूप पर विचार संभव नहीं हो पाया है।

ऋक्संहिता में 'वज्र' शब्द 'सामान्य शस्त्र' और 'वज्र विशेष' अर्थ

---

१. वैदिकपदानुक्रम कोषः, पृ० २७२६–२६।
२. वही, पृ० २७२६–२६।

में कई बार प्रयुक्त हुआ है। ऋ० १.५१.७ में 'तव बाह्वोः हितः वज्रः' से भुजाओं में धारण किया शस्त्र स्पष्ट है। ऋ० १.५७.२ में 'हिरण्ययः वज्रः' का अर्थ 'ज्योतिः स्वरूप विद्युत्रूप शस्त्रसमूह' परिलक्षित होता है। ऋ० १.५२.१० में कहा है—

द्योश्चिदस्यामवाँ अहेः स्वनादयोयवीद् भीयसा वज्र इन्द्र ते।
वृत्रस्य यद्बद्बधानस्य रोदसी मदे सुतस्य शवसाभिनच्छिरः॥

अर्थात् 'हे सेनापति ! जिस आपका, जैसे इस सूर्य का प्रकाश रोकने वाले मेघ के उत्पन्न हुए आवरणकारक जल के अवयवों को मिलाता या पृथक् करता है, वैसे बलवान् वज्र, जिसके भय से और बल से, तथा शब्द से शत्रु लोग भागते हैं, आकाश और पृथ्वी के समान महान् मदरूप व्यवहार में वर्तमान शत्रु का शिर काटता है, सो आप हम लोगों का पालन कीजिए।' इस मंत्र से पता चलता है कि 'वज्र' एक ऐसा शस्त्र है जो बड़ा शक्तिशाली भयानक और भयप्रद ध्वनि उत्पन्न करता है।

ऋ० १.८०.१२ में आये मन्त्रांश 'सहस्रभृष्टिः आयसः वज्रः' से स्पष्ट है कि वज्र सहस्रों प्रकार से दाहक, तेजोमय लौहरूप और व्यापक प्रकाश समूह वाला होता है। 'स्वामी दयानन्द' ने यहाँ 'वज्र' का अर्थ 'वज्र रूप किरणसमूह' किया है।[1] इसमें भी परोक्ष से ही सही वज्र के प्रकाशक गुण पर तो प्रकाश पड़ता ही है।

ऋ० १.८० १३ में कहा गया है—**'यद् वृत्रं तव चाशनिं वज्रेण समयोधयः। अहिमिन्द्र जिघांसतो दिवि तेबद्बधे शवोऽर्चन्ननु स्वराज्यम्'** अर्थात् 'हे सेनापति ! अपने राज्य का सत्कार करता हुआ तू, जैसे आकाश में सूर्य विद्युत् का प्रहार करके कुटिल मेघ का हनन करता है, वैसे शस्त्रास्त्रों के सहित अपनी सेनाओं को शत्रुओं के साथ युद्ध करा, शत्रुओं को मारने वाले आपकी सेना की विजय हो, इससे आपका यश बढ़ेगा'। इस मन्त्र पर 'स्वामी दयानन्द' का भावार्थ उचित जान पड़ता है। वे लिखते हैं—'जैसे सूर्य अपने बहुत से किरणों से बिजुली और मेघ का

---

१. ऋग्वेदभाष्यम् पृ० २६८, सम्पा० यु० मीमांसक।

परस्पर युद्ध कराता है वैसे ही सेनापति आग्नेयादि अस्त्र युक्त सेना का शत्रु सेना के साथ युद्ध करावे। इस प्रकार के सेनापति का कभी पराजय नहीं हो सकता।' इस प्रकार यहां 'वज्र का अर्थ स्पष्ट रूप से 'आग्नेय अस्त्र' लिया गया है। 'वज्र' निश्चय ही ऐसा अस्त्र होता है जिसमें अग्नि प्रयुक्त होती है। वह सूर्य के समान दाहक शक्ति वाला शक्तिशाली अस्त्र होता है।

ऋ० १.५२.८ में सेनापति द्वारा भुजाओं में लोहे का वज्र धारण करना कहा गया है, यथा—'**बाह्वोर्वज्रमायसमधारयः**'। इससे पता चलता है कि 'वज्र' में लौह धातु का प्रयोग होता है। ऋ० १.८.३ में 'वज्र' शब्द का अर्थ 'स्वामी दयानन्द' ने 'शत्रुओं के बल को नाश करने का हेतु आग्नेयास्त्रादि' लिया है।[1] ऋ० १.६१.१२ में टेढ़ी गति वाले 'वज्र' से शत्रु के अंग काटने का वर्णन किया गया है। 'वज्र' में विद्युत् का भी उपयोग होता है, यथा—ऋ० २.१६.२ में कहा गया है—'हे मनुष्यो! जिस बड़े विद्युदग्नि के बिना कुछ भी नहीं है, इसके उदर में समस्त वे पदार्थ जो वीर शत्रुओं पर फेंकने योग्य हैं; अच्छे प्रकार भरे हैं; जो अपने शरीर में सब ओर से ओषधि अन्न को और बल को तथा हाथ में बड़े (वज्र) शस्त्र को और सिर के बीच उत्तम बुद्धि को अधिकता से धारण करता है, वह विद्युदग्नि सबका यथावत् अच्छे प्रकार काम में लाने योग्य है'। ऋ० ८.७.२२ में 'वज्र' विद्युत् शक्ति के पर्याय के रूप में प्रयुक्त हुआ है। कठोर स्थलों को तोड़ने हेतु वज्र आवश्यक है, यथा—कहा गया है—'वे योद्धागण महान् जलों की थाह लेते हैं, पृथ्वी की थाह लेते हैं, सूर्य का संधान करते हैं और कठोर स्थलों को तोड़ने हेतु (वज्रम्) विद्युत् शक्ति का संधान करते हैं।' इस प्रकार स्पष्ट है कि शस्त्रों में विद्युत् का प्रयोग उनकी मारक क्षमता को बढ़ा देता है। ऋ० १०.१०५.७ में इन्द्र के 'वज्र' का उल्लेख हुआ है, यथा—'**वज्रं यश्चक्रे सुहनाय दस्यवे हिरीमशो हिरीमान् अरुतहनुरद्भुतं न रजः**। अर्थात् 'जो इन्द्र दीप्तियुक्त तेज से पूर्ण है, शक्तियों का स्वामी है, दस्यु के मारने के लिए वज्र को तैयार करता है,

१. ऋग्वेदभाष्यम् प्रथमो भागः पृ० ५४८।

जिसकी दण्ड शक्ति कभी नहीं रुकती, तेज भी मानो अद्‌भुत है, यह प्रकृति की रचना भी अद्‌भुत है।' इस प्रकार दस्यु के विनाश के लिए दीप्तिमान् 'वज्र' का निर्माण किया जाता है, यह स्पष्ट है। ऋ० ५.३२.४ में सेनापति को उत्तम वज्र धारण कर शत्रुओं को नष्ट करने के लिए कहा गया है, यथा—'**दानवस्य भामं वज्रेण वज्री निजघान शुष्मणम्**' अर्थात् 'हे सेनापति उत्तम अस्त्र और शस्त्रों से युक्त होते हुए तीव्र शस्त्र से दुष्ट जन के सुखाने वाले बलवान् क्रोध को निरन्तर नष्ट कीजिए।' ऋ० ७.१८.१८ में शत्रु पर तीक्ष्ण वज्र से प्रहार करने के लिए कहा गया है, यथा—'**तिग्मं तस्मिन्निजहि वज्रमिन्द्र**'। हाथों में आयस वज्र धारण का उल्लेख तो कई मन्त्रों में हुआ है, यथा—'**हस्तयोवज्रमायसम्**' ऋ० १.८१.४ आदि।

'यजुर्वेद माध्यन्दिन वाजसनेय संहिता' में 'वज्र' शब्द अपने विभक्तिक रूपों में कुल ७ बार प्रयुक्त हुआ है, जहाँ वज्र का अर्थ 'शस्त्र' या 'वज्र के समान' लिया गया है।[1]

'सामवेद की' कौथुम शाखा में 'वज्र' शब्द अपने विभक्तिक रूपों सहित कुल १४ बार प्रयुक्त हुआ है, जहाँ इसके अर्थ-वर्जन करने वाले (१.५५६), निवारण (२.४६), पराक्रम (२.११२३), पञ्चदलस्तोम साम (२.३५६), जल (२.८०९), किरण (२.१००२), और शस्त्र (२ ९९५) आदि लिये हैं। १.२५७ में सैंकड़ों धार वाले 'वज्र' का वर्णन हुआ है, यथा—'**प्र व इन्द्राय बृहते मरुतो ब्रह्मार्चत। वृत्रं हनति वृत्रहा शतक्रतुर्वज्रेण शतपर्वणा।**' १.४२३ में राजा को हाथों में लोहे का 'वज्र' धारण करने के लिए कहा गया है, यथा—'**दधे हस्तयोवज्रमायसम्**'।

'तैत्तिरीय संहिता' में 'वज्र' शब्द अपने विभक्तिक रूपों में अनेकों बार प्रयुक्त हुआ है। अन्य अर्थों यज्ञ (१.६.७.४), शक्वरी (२.२.८.५), तप (२.४.१२.२), वषट्कार (२.६.२.५), त्रिवृत् (६.६.४.१) आदि के अतिरिक्त 'शस्त्र' के वाचक के रूप में कई बार प्रयुक्त हुआ है।[2]

---

१. यजु० ८.५३, ६.५, १०.२१, १०.२८, २६.५३, २६.५४, ३३.६३।
२. तै० १.८.१२३, १.८.१५.१, २.१.३.५ आदि।

'ऋग्वेद' के 'खिल सूक्तों' में 'वज्र' शब्द अपने विभक्तिक रूपों में कुल तीन बार प्रयुक्त हुआ है। खिल १.२.१४ में 'वज्र' का उल्लेख हुआ है। खिल २.१४.११ में 'वज्र' के द्वारा असुरों के निवारण की इन्द्र से प्रार्थना की गयी है तथा खिल ५.५.३ में इन्द्र को 'वज्रस्य भर्ता' कहा गया है।

'शौनकीय अथर्व संहिता' में 'वज्र' के स्वरूप पर कुछ अधिक स्पष्ट रूप से प्रकाश डाला गया है। अथर्व० ६.१३४.१ में कहा गया है—'यह वज्र सत्य पर आश्रित राष्ट्र को तृप्त करे, शत्रु के राष्ट्र को नष्ट करे, इसके जीवन को नष्ट करे। शत्रु की ग्रीवा की अस्थियों को काट दे, रक्तस्नात नाड़ियों को काट दे, जैसे इन्द्र (विद्युत्) अन्तरिक्ष को घेरे हुए मेघ के अवयवों को काटता है।' अथर्व० १९.६६.१ में सहस्रों धार वाले वज्र से असुरों के विनाश के लिए कहा गया है, यथा—'**सहस्रऋष्टिः सपत्नान् प्रमृणन् पाहि वज्रः**'। वज्र की सहस्र धारों का उल्लेख पूर्व में 'ऋग्वेद' में भी आ चुका है। आयस निर्मित 'वज्र' का वर्णन अथर्व० २०.३०.३ में भी हुआ है, यथा—'**सो अस्य वज्रो हरितो य आयसो**......। अथर्व० २०.३०.४ में आध्यात्मिक अर्थ के साथ-साथ परोक्ष रूप से भौतिक 'वज्र' का भी वर्णन हुआ है, यथा—'**दिवि न केतुरधि धायि हर्यतो विव्यचद् वज्रो हरितो न रंह्या।**

अथर्व० २०.७०.१९ में भी युद्ध में वज्र' और 'घन' आदि शस्त्रास्त्र धारण करना कहा गया है, यथा—'**इन्द्र त्वोतास आ वयं वज्रं घना ददीमहि। जयेम सं युधि स्पृधः।**' वज्र प्रहार और अयोमुख बाणों की चर्चा अथर्व० ११.१०.३,२८ में भी हुई है। अथर्व० १२.५.६६ में 'वज्र' के स्वरूप और उसकी कई विशेषताओं को संक्षेप में बताया गया है, यथा—**वज्रेण शतपर्वणःतीक्ष्णेण क्षुरभृष्टिना**' अर्थात् '१. सौ जोड़ों वाले, २. पैने', ३. प्रतप्त छुरे के समान भूनने वाले वज्र द्वारा (शत्रुओं को नष्ट करे)। अथर्व० २०.१५.६ में 'वज्र' प्रहार से पर्वत तोड़कर जल बहाने का वर्णन हुआ है,

यथा—**त्वं तमिन्द्र पर्वतं महागुरुम् वज्रेण पर्वशश्चकर्तिथ।**
अवासृजो निहृताः सर्तवा अपाः सत्रा विश्वं दधिषे केवलं सहः।

अर्थात्—हे वज्रधारी प्रतापी राजन् ! तूने उस बड़े चौड़े पर्वत को वज्र से टुकड़े-टुकड़े करके काट डाला है और रोके हुए जलों को बहने के लिए छोड़ दिया है। सत्य रूप से सम्पूर्ण असाधारण बल को तूने धारण किया है। 'प्रो० विश्वनाथ विद्यालंकार' ने यहां 'वज्र' का अर्थ 'विद्युत् रूपी वज्र'[1] किया है। पर्वत विद्युत् शक्ति सम्पन्न वज्र से ही तोड़ा जा सकता है। अथर्व० २०.३५.१०–१२ में भी 'विद्युत्-वज्र' से पृथिवी और शत्रु पर प्रहार का वर्णन हुआ है।

इस समस्त विवेचन से यह निष्कर्ष निकलता है कि संहिताओं में 'वज्र' शब्द का अन्य अर्थों के अतिरिक्त 'शस्त्रास्त्र' अर्थ भी है। वज्र अनेकों 'सामान्य शस्त्रों के लिए भी प्रयुक्त हुआ है तथा वह 'वज्र' नामक विशेष शस्त्र भी है जिसके कई प्रकार हैं। वह विद्युत् शक्ति सम्पन्न, अति मारक क्षमता वाला, शक्तिशाली शस्त्र है। यह केवल मिथक नहीं है। इसकी गुणवत्ता के कारण आलंकारिक मिथक इसके साथ जुड़ गये हैं। यदि संहिताओं के अतिरिक्त परवर्ती वैदिक वाङ्मय, लौकिक संस्कृत और अन्य साहित्य में भी इस पर व्यापक शोध किया जाये तो इसके वास्तविक स्वरूप पर विशद प्रकाश पड़ सकता है। □

---

१. अथर्ववेद भाष्यम्, बीसवां काण्ड, पृष्ठ ३१।

९. अथर्ववेद में वज्र-विवेचन

डॉ० सुखनन्दन त्यागी

वेद अनन्त ज्ञान-राशि का अक्षय भण्डार है जो ऋषियों के द्वारा परिलक्षित एवं परिष्कृत होकर विविध मन्त्रों और विधानों के संग्रह रूप से प्रस्फुटित हुआ है। वैदिक वाङ्मय में अस्त्र-शस्त्रों का प्रचुर मात्रा में निदर्शन हुआ है। वैदिक-संहिताओं में वज्र शब्द की अत्यधिक बहुलता विद्यमान है। अथर्ववेद में वज्र कुल्हाड़े, दुधारु तलवार, दण्ड, सेनापति, शासन, विद्युत रूपी शस्त्र, शस्त्र-समूह और जनकल्याण हेतु प्रयोग किये जाने वाले हथियार के रूप में प्रयुक्त हुआ है। वेदत्रयी (ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद) में तो वज्र का स्वरूप कहीं पर हिरण्यमयवर्ण वाले शस्त्र के रूप में प्रयुक्त हुआ है तो कहीं पर चाँदी के रूप में और कहीं पर सहस्रमुखी शस्त्र के रूप में विवेचित है। अतः इन्द्र के शस्त्र वज्र को नाना रूपों के माध्यम से वेदों में प्रस्तुत किया गया है। वज्र— एक प्रकार के लोहे द्वारा निर्मित हथियार (जिसमें दोनों तरफ धार होती है उसे आमभाषा में 'खुफरी' कहते हैं) को इन्द्र के शस्त्र के रूप में वर्णित किया गया है।

अथर्ववेद में वज्र का पर्याप्त विवेचन मिलता है। इसके नाना-स्वरूपों को इस प्रकार से देखा जा सकता है—

वज्र-कुल्हाड़े के रूप में—

'हे अग्नि ! तू दृढ़ बाँधे हुए दुःखदायी राक्षसों को यहाँ ला और वायु के कुल्हाड़े से इनके मस्तकों को काट डाल।'[1] अतः अथर्ववेद में वज्र का प्रयोग कुल्हाड़े के रूप में हुआ। अथर्ववेद में ही वज्र का विवेचन दण्ड के रूप में भी है जैसे—'हे परम-ऐश्वर्य वाले राजन् ! उत्तम गति अथवा मार्ग में हण और दान के साथ तेरा चलाया हुआ वज्र अर्थात् दण्ड शत्रुओं

१. अथर्ववेद १.७.७।

को पीड़ा देता हुआ आगे चले और तिरस्कार करके चलते हुए शत्रुओं को पीड़ा देता हुआ नष्ट कर दे तथा इन शत्रुओं के चित को सब प्रकार से सत्पुरुषों का हितकारी बना दे।'[1]

वज्र-सेनापति और शासन के रूप में—

'सब लोकों (के दृश्यमान-पदार्थों) की विजय चाहने वालों ने इसे आहुति (बली या भेंट) से सर्वथा जीता है। विद्वानों के शिष्य बृहस्पति ने जिस असुरनाशक शस्त्र वज्र रूप **सेनापति** को सींचा है अथवा बढ़ाया है।'[2] इतना ही नहीं, वज्र को शासन के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है जैसे—'हे साहसी शूरपुरुष! बल के स्वामी, तूने कर्म के रोकने वाले अन्धकार को मार फेंका हैं; सचेत भूमि ने तेरे वज्र अर्थात् **शासन** को अच्छे प्रकार माना है और तूने समुद्र के योग्य बहते हुए जलों को आगे को चलाया है।'[3]

वज्र-कल्याण के रूप में—

अथर्ववेद में वज्र का विवेचन कल्याणकारी सम्बोधन के रूप में हुआ है। यथा—'हे अग्नि! जलती हुई, भस्म कर देती हुई तू (वेद निन्दक के लिये) ब्रह्म (परमेश्वर) का वज्ररूप है।'[4] अतः शत्रुओं का अन्त करने वाले 'हे वज्ररूप! विभूति के साथ-साथ उत्पन्न होने वाले तू अधिक उत्तम बल धारण करता है; बहुत से आह्वान किये हुए क्रोध! बड़े धन प्राप्त कराने वाले संग्राम के भिड़ जाने पर बुद्धि के साथ हमारा स्नेही बन।'[5]

वज्र-विद्युत्रूपी शस्त्र के रूप में—

'वे वीर, परसे से अधिक तीक्ष्ण, अग्नि से अधिक तीक्ष्ण और (इन्द्र) मेघ के (वज्र) बिजली से अधिक तीक्ष्ण है जिनका मैं पुरोहित या मुखिया हूँ।'[6] इतना ही नहीं, अथर्ववेद में वज्र के स्वरूप को और भी व्यापक देखा

---

१. वही० ३.१.४, ६.१३४.१, २०.७२.२, २०.७३.४, २०.७५.१, २०.९२.१७, २०.१०५.५, २०.१०६,१।

२. वही० ११.१०.१२, ११.१०.१३।

३. वही० २०.७७.७।

४. वही० १२.५.५४।

५. वही० ४.३१.६।

६. वही० ३.१९.४।

गया है। 'इस (संसार) के हित के लिये ही विचारपूर्वक सूक्ष्म करने वाले (सूक्ष्मदर्शी विश्वकर्मा सभापति) ने अत्यन्त सुन्दर रीति से काम सिद्ध करने वाला, सुख देने वाला वज्र (बिजली आदि शस्त्र) रण जीतने को तीक्ष्ण किया है।'[1]

वज्र-शस्त्र समूह के रूप में—

हे परस्पर सहायक मित्रों! इस वीर सेनापति के साथ हर्ष करो। अपने शरीर, बुद्धि और सैन्यबल से शत्रुओं के समूह को जीतने वाले, अपनी भुजाओं में शस्त्र रखने वाले, संग्राम को विजय करने वाले वैरियों को मार डालने वाले, तेजस्वी, महाप्रतापी सेनाध्यक्ष के साथ होकर अच्छे प्रकार से युद्ध आरम्भ करो।[2]

अथर्ववेद में इन्द्र के वज्र को अतिभयंकर एवं घातक शस्त्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है। 'सूक्ष्मदर्शी पुरुष ने बादल में अथवा पर्वत पर ठहरे हुए सर्परूप अथवा मेघरूप का वध किया—इसके लिये पीड़ाप्रद **वज्र** उसने तीक्ष्ण किया। रंभाती हुई गौओं के समान वेग से बहते हुए जल (रूपी प्रजागण) समुद्र में (राजा के पास) उतरकर पहुंच गये।'[3] इसका प्रयोजन यह है कि जैसे तपस्वी, धैर्यवान् शूरवीर पुरुषों ने जितेन्द्रिय वशिष्ठ होकर अपने आत्मिक. कायिक और सामाजिक शत्रु कुक्रोध आदि को मारा। उन्होंने ही संसार की वृद्धि, पालन और नाश के कारण को खोजा और वे त्रिविध–आत्मिक, कायिक और सामाजिक उन्नति कर अमर हुए।'[4] इस प्रकार उक्त दोनों ऋचाओं में इन्द्र के द्वारा वज्र से अहि को मारने का प्रसंग और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने का वर्णन है। इतना ही नहीं, न्याय, सत्य एवं प्राणियों का रक्षक और परम ऐश्वर्य वाला पुरुष (इन्द्र) सदा चिल्लाने वाली (निर्धनताओं की पीड़ाओं) को यहाँ से भगा दे और वही हमारे घर की जड़ में बैठी हुई उन (पीड़ाओं) को **वज्र** से वश में

---

१. वही० २०.३५.६, २०.३५.१०, २०.३५.११-१२, २०.७०.१९, २०.१३७.१४।
२. वही० ६.९७.३, १९.१३.६, २०.३०.३, २०.३०.४, २०.३४.१३, २०.३६.५, २०.३६.९, ६.१२५.२, २०.१५.२, २०.१५.६, २०.३७.५, २०.६६.३ और २०.९४.३।
३. वही० २.६.६। ४. वही० २.६.७।

करे।[1] साथ ही, यदि कोई चोर आवे तो चूर-चूर किया हुआ वह हट जावे और विनाश के मार्गों से चला जावे अर्थात् इन्द्र उसको वज्र से मार डाले।[2]

हे ज्वर! हे सर्प! हे धूर्त! हे कुरूप! तू बोल। बहुत दूर जा और निर्लज्ज दासी (नीच स्त्री) को ढूँढ़ और उसको अपने वज्र से मार गिरा।[3] फिर, जल और उष्णता धारण करने वाली अन्नादि ओषधियाँ हमारे लिये शान्तिकारक ओर मंगलदायक होवें। अतः इन्द्र का वज्र राक्षस का हनन् कर डाले और राक्षसों के छोड़े हुए बाण दूर जा गिरें।[4] इसी प्रकार से वज्र (हथियार) को अथर्ववेद में नाना स्वरूपों में प्रस्तुत किया गया है।[5]

सम्प्रति, हम जब वैदिक अस्त्र-शस्त्रों की ओर दृष्टिपात करते हैं तो पता चलता है कि वे सभी अस्त्र-शस्त्र विकराल प्रलयकारी और विनाशकारी नहीं थे। परन्तु, आज के सभी अस्त्र-शस्त्र चारों तरफ हा-हाकार मचा देने वाले अर्थात् प्रकृति का ताण्डव-नृत्य उपस्थित कर देने वाले, विनाशलीला प्रस्तुत करने वाले हैं। हीरोशिमा और नागासाकी पर बरसाये गये बम इनके ज्वलन्त प्रमाण हैं।

अथर्ववेद में वज्र सर्वथा अहिंसा हेतु प्रयुक्त है। अपनी सुरक्षा-मात्र के लिये अनेक देवी-देवताओं की स्तुति अथवा प्रार्थनाएँ की गयी हैं। अतः अथर्ववेद में वज्र हिंसा के रूप में प्रयुक्त नहीं हुआ है।

आज आवश्यकता है कि इस समाज को प्राचीन साहित्य के ज्ञान से आलोकित किया जाए और इसकी उन्नति के मार्ग को प्रशस्त किया जाए जिससे देश में चारों ओर शान्तिप्रद वातावरण और मंगलमयी भावना विकसित हो सके। यह सब कुछ वैदिक वाङ्मय के ज्ञान-प्रसार से ही सम्भव है—इससे सन्देह नहीं।

□

---

१. वही० २.१४.४। २. वही० ४.३.५ और ४.२४.६।
३. वही० ५.२२.६, ५.२९.१०, ६.२.३। ४. वही० २.३.६।
५. वही० ६.६.२, ६.१३४.२-३, ६.१३५.१, ८.५.१५, १०.९.१, ११.१०.३, ११.१०.२७, १२.२.९, १२.५.६६, १३.१.३०, १९.६६.१, २०.९३.७, २०.९८.२, २०.१०७.३, २०.१०९.२ और २०.१३७.११।

ओ३म्

पावमानीः पुनन्तु नः

पावमानी ही क्यों पढ़ें ?

- ❋ वेदों पर विविध आक्षेपों के समाधान हेतु
- ❋ वेदों में निहित गूढ़ विद्याओं के ज्ञान के लिए
- ❋ भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के मर्म को समझने के लिए
- ❋ वैदिक परम्पराओं एवं मान्यताओं के वैज्ञानिक विवेचन हेतु
- ❋ भारतीय इतिहास एवं खगोल शास्त्र के वास्तविक बोध के लिए
- ❋ दर्शन एवं भाषा विज्ञान के गम्भीर अध्ययन के लिए
- ❋ पुरातन एवं नवीनतम भौतिक विज्ञान की जानकारी के लिए
- ❋ आयुर्विज्ञान एवं धनुर्विज्ञान के स्वाध्याय के लिए
- ❋ स्थापत्य कला एवं ज्योतिष-विद्या के सतही परिचय के लिए
- ❋ वैदिक आध्यात्मिक, आर्थिक, सामाजिक स्वरूप जानने के लिए
- ❋ सामपंण शतपथ धारा में अवगाहन के लिए

भक्ति रस एवं राष्ट्रिय विचारधारा की सामग्री
के अद्भुत सङ्कलन के साथ
पढ़िये

प्रत्येक बुद्धिजीवी द्वारा संग्रहणीय
त्रैमासिक शोध पत्रिका

पावमानी

आध्यात्मिक उत्थान, सामाजिक चेतना, वैचारिक क्रान्ति
के इच्छुक आज ही सम्पर्क करें :

स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान

(भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के पुनर्वैभव हेतु कृतसंङ्कल्प)

गुरुकुल प्रभात आश्रम, भोला झाल, मेरठ

ओ३म्

स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान
एक परिचय

विज्ञप्ति

वैदिक संस्कृति सभ्यता समस्त मानवता की स्रोत रही है। ज्ञान-विज्ञान की प्रत्येक लहर की उत्पत्ति-स्थल अगाध ज्ञान-राशि वेद ही रहे हैं। आज हम इस पवित्र वेद-ज्ञान के उत्तराधिकारी होते हुए भी अपनी महानता को भूलकर वेद ज्ञान की उपेक्षा कर रहे हैं। इसमें जहाँ विदेशी शासकों की वैदिकी सभ्यता को नीचा दिखाने की कूटनीति कारण रही है, वहीं हमारी उदासीनता एवं अकर्मण्यता भी उत्तरदायी है। कालक्रम से लुप्तप्राय पवित्र ज्ञानराशि वेदों का उद्धार करने वाले महर्षि दयानन्द जैसे अनेकों विद्वान् भारत-भूमि में उत्पन्न हुए। इसी परम्परा में **पं० बुद्धदेव विद्यालंकार** (स्वामी समर्पणानन्द) जी का नाम भी अग्रगण्य है, जिनकी वेद विषयक सूझबूझ से समस्त विद्वत्-मण्डल एवं आर्य जनता परिचित है। उनका सम्पूर्ण जीवन वैदिक सिद्धान्तों के प्रचार-प्रसार में व्यतीत हुआ। वेदों में निहित गूढ़ विद्याओं के प्रचार-प्रसार हेतु उन्होंने **गुरुकुल प्रभात आश्रम** (टीकरी) भोला झाल, मेरठ की स्थापना की थी। विगत चौदह वर्षों से पण्डित जी के सुयोग्य शिष्य पूज्य **स्वामी विवेकानन्द जी सरस्वती** के आचार्यत्व में गुरुकुल ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पण्डित जी की हार्दिक इच्छा यह थी कि प्रभात आश्रम में एक वैदिक शोध-संस्थान की स्थापना हो, जहाँ आठ लोकों (विभागों) के माध्यम से वेद-ज्ञान का चिन्तन-मनन एवं प्रचार-प्रसार हो। इस कार्य की महत्ता को देखते हुए **प्रभात आश्रम** में उनकी पुण्य स्मृति में १४-१-८५ को विधिवत् **स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध-संस्थान** की स्थापना की गयी। वेद की विविध विद्याओं के प्रचार-प्रसार के लिए पण्डित जी ने जिन

आठ लोकों की कल्पना की थी उनके नाम क्रमशः ये हैं—१. अग्निलोक २. अदिति लोक ३.सोम लोक ४. मृत्युञ्जय लोक ५. वरुण लोक ६. गो लोक ७. इन्द्रलोक ब्रह्मलोक। इनका परिचय, उद्देश्य एवं आवश्यकतायें आगे उल्लिखित हैं—

१. अग्निलोक—(वेद विद्या केन्द्र)

वैदिक वाङ्मय के विशुद्ध स्वरूप को प्रकाशित एवं प्रचारित करना इस विभाग को उद्देश्य होगा।

इस लोक के अन्तर्गत दुर्लभ ग्रन्थों को सम्पादित एवं प्रकाशित किया जायेगा। वेद मन्त्रों के वास्तविक अर्थों का विवेचन करना, वैदिक वाङ्मय के सम्बन्ध में प्रचलित भ्रान्त धारणाओं का निराकरण करना, चिन्तन, मनन, एवं विविध प्रयोगों द्वारा वैदिक साहित्य के गूढ़ रहस्यों का आविष्कार करना आदि इस विभाग की शोध दिशा होगी।

२. अदिति लोक—(भौतिक विज्ञान केन्द्र)

वेदों में समस्त विद्यायें निहित हैं, आज तक यह एक पारम्परिक दृष्टिकोण ही बना हुआ था। किन्तु अब आधुनिक वैज्ञानिक भी इस निष्कर्ष पर पहुँच रहे हैं कि वेदों में भौतिक विज्ञान के सूत्र हैं। वेदों में निहित वैज्ञानिक रहस्यों का उद्‌घाटन करना इस विभाग का कार्यक्षेत्र होगा। वैदिक विज्ञान का स्वरूप निर्धारण करना, प्रयोगों द्वारा उनको क्रियात्मकता प्रदान करना आदि इस विभाग के मुख्य ध्येय होंगे।

३. सोमलोक—(साहित्य, संगीत आदि ललित कलाओं का केन्द्र)

ललित कलायें और साहित्य मनुष्य जीवन के अभिन्न अंग हैं। इसके बिना मनुष्य की गणना पशु कोटि में की जाती है। ललित कलायें एवं साहित्य मनुष्य को सहृदय बनाती हैं, और सहृदय व्यक्तियों से समस्त संसार को एक परिवार बनाने की कल्पना साकार की जा सकती है।

संगीत का मानव, पशु, पक्षी, वनस्पति एवं वातावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है इस विषय में बहुत कुछ खोजा जा चुका है और अभी बहुत कुछ गवेषणीय है। साहित्य के क्षेत्र में विशेष अध्ययन, ललित कलाओं का अध्ययन और विशेषतः संगीत के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन इस लोक का कार्य-क्षेत्र होगा।

४. मृत्युञ्जय लोक—(आयुर्वेद विज्ञान केन्द्र)

स्वस्थ शरीर ही सुख एवं आनन्द का आधार है। आज जहाँ हमने अद्यतन विज्ञान की प्रगति से अनेक घातक रोगों से मुक्ति पायी है वहाँ अनेक घातक रोगों को उत्पन्न भी किया है। आज की विषम परिस्थिति में चिकित्सा की सुविधा सामान्य जनता के लिए दुष्प्राप्य हो गयी है। स्वास्थ्य एवं रोग मुक्ति के लिए वैदिक वाङ्मय में अनेक चिकित्सा पद्धतियाँ वर्णित हैं। उन सब पद्धतियों का अध्ययन एवं प्रयोग द्वारा कार्यरूप में परिणत कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ कराना मृत्युञ्जय लोक का मुख्य उद्देश्य होगा।

५. वरुण लोक—(मनोविज्ञान शिक्षा एवं जीवन सम्बन्धी विद्याओं का केन्द्र)

इस विभाग के अन्तर्गत मनोविज्ञान शिक्षा आदि के क्षेत्र में अन्वेषण कार्य होगा। भारतीय मनीषियों का कथन है कि मन ही मनुष्य के बन्धन एवं मोक्ष का कारण है। मन भूत, वर्तमान और भविष्य के सर्वविध ज्ञान का आधार है। मन में निहित इन शक्तियों की विकासपद्धति एवं मनोविज्ञान सम्बन्धीं वैदिक ज्ञान का अन्वेषण तथा प्रकाशन कर उनको प्रायोगिकता प्रदान करना इसका कार्यक्षेत्र होगा। इसी प्रकार शिक्षणविधि शिक्षाशास्त्र के सम्बन्ध में भी वैदिक वाङ्मय के परिप्रेक्ष्य में गवेषणात्मक अध्ययन इस विभाग के अन्तर्गत किया जायेगा।

६. गो लोक—(कृषि, गोरक्षा, एवं वाणिज्य केन्द्र)

अर्थव्यवस्था का मूलाधार कृषि है। कृषि सम्बन्धी अर्थव्यवस्था का मूलाधार गौ है। कृषि, वाणिज्य और गोधन के संवर्धन एवं विकास हेतु गवेषणात्मक अध्ययन को क्रियात्मक रूप देना इस विभाग का कार्यक्षेत्र होगा। अर्थव्यवस्था को सन्तुलित रखने के उपायों का एवं प्रतिव्यक्ति आय में विषमता आदि समस्याओं का समाधान खोजना भी इस विभाग का लक्ष्य होगा।

७. इन्द्र लोक—(राजनीति, धनुर्वेदादि शास्त्रों में वर्णित विद्याओं का केन्द्र)

वैदिक वाङ्मय में वर्णित राजनैतिक सिद्धान्तों का अध्ययन तथा धनुर्वेदादि शास्त्रों में वर्णित शस्त्रास्त्र विद्या आदि विविध प्राचीन विद्याओं का अन्वेषण इस विभाग का कार्यक्षेत्र होगा। वर्तमान विश्व में प्रचलित विभिन्न शासन व्यवस्थाओं एवं वैदिक राज्यव्यवस्था का अध्ययन कर श्रेष्ठ शासन प्रणाली की खोजकर प्रत्येक

राष्ट्र को सुरक्षित एवं एक सूत्र में ग्रथित करने के उपायों का अन्वेषण करना इन्द्रलोक का ध्येय होगा।

८. ब्रह्मलोक—(अध्यात्म विद्या केन्द्र)

आज विश्व भौतिकवाद की ओर जितना अग्रसर होता जा रहा है उतना ही वह आन्तरिक क्लेशों से अशान्त होता जा रहा है। इससे मुक्ति का एकमात्र उपाय है कि हम सुख-शान्ति के केन्द्रबिन्दु आत्मतत्त्व को वेदविहित ध्यान उपासना आदि से प्राप्त करें। वेदविहित ध्यान उपासना विधि से मनुष्य को सर्वतोपूर्ण बनाना ही इस लोक का उद्देश्य होगा।

ध्यान योग द्वारा पूर्ण विकास, सामूहिक ध्यान प्रयोगों द्वारा विश्व की नैतिक, मानसिक और आत्मिक उन्नति करना, वेद के ध्यानोपासना सम्बन्धी सैद्धान्तिक तथ्यों के विश्लेषण के साथ-साथ उनको प्रयोग से सिद्ध कर उनका प्रचार-प्रचार आदि करना इस विभाग का लक्ष्य होगा।

निवेदन

आज की इस दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति में जबकि हमारे देश के महान् कर्णधार एवं देशवासी अपना अस्तित्व भुलाकर दूसरों की प्रशंसा करने में आत्मगौरव अनुभव कर रहे हैं और उधर विदेशी हमारी वैदिक ज्ञान-विज्ञान की गरिमा को धूमिल करने में सतत सचेष्ट हैं, क्या ऐसी परिस्थिति में भी अपनी गौरवमयी सांस्कृतिक धरानिधि के प्रति और उसके प्राणभूत वेदों के प्रति हमारा कोई कर्त्तव्य नहीं ? विचारें..................

लार्ड मैकाले ने वैदिक ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति-सभ्यता में त्रुटियाँ निकालने के लिये ही आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में **बोडन चेयर** नाम से एक पीठ की स्थापना की थी। उसके निराकरण के लिये हम क्या कर रहे हैं ? विचारें.............

इस समय वैदिक ज्ञान के अन्वेषण, प्रचार-प्रसार की कितनी महती आवश्यकता है, इसे हम सहजतया समझ सकते हैं। इस महान् कार्य को सम्पन्न करने के लिये, वेद ज्ञान से जन-जन को लाभान्वित करने के लिये **स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान** के माध्यम से हम अग्रसर हुये हैं।

आपके उदार सहयोग की आशा में

संस्थान सचिव

वाचस्पति मिश्र